अत्रोपपत्तिः—पञ्चाङ्गे यस्मिन् समये साधितो ग्रहो भवति, तस्मिन्नेव समये यदि वर्षप्रवेशस्तदा साधित एव ग्रह इष्टः। अथ पञ्चाङ्गे यस्मिन् समये ग्रहः साधितोऽस्ति, स कालः पङ्क्तिकालः, मिश्रकालश्च कथ्यते गणकैः, बहुत्र मिश्रमानकाले ग्रहस्य साधितत्वात्। अत्रेष्टकाले ग्रहराश्यादिसाधनार्थमिष्टसमयात्पूर्वं परस्ताद्वा यः पङ्क्तिकालो निकटवर्त्ती, तस्य इष्टकालस्य च मध्ये यावान् कालः, स मिश्रेष्टान्तरकालः स तयोरन्तरेण कृतेन भवति। तत्कालसम्बन्धिग्रहचलनफलज्ञानार्थमनुपातः—$\frac{\text{ग्रग} \times \text{मिश्रेष्टान्तरदिनादि}}{\text{१ दि०}}$ = चा० फ०। यदि ग्रहो मार्गी तदा पूर्वदिनग्रहात्परदिनग्रहस्याधिकत्वात् पङ्क्तिकालादिष्टकालस्याग्रिमत्वे तच्चालनफलं पङ्क्तिस्थग्रहे योजितं सदिष्टकालिकग्रहः स्यात्। यदि च पङ्क्तिकालात्पूर्वमिष्टदिनं तदा पङ्क्तिग्रहादिष्टग्रहस्य न्यूनत्वात् पङ्क्तिग्रहे तच्चालनफलं विशोधितं सदिष्टदिनग्रहो भवेत्। यदि ग्रहो वक्री तदा वर्त्तमानसमयग्रहात्पूर्वसमयग्रहस्याधिकत्वादृणमिश्रेष्टान्तरे चालनफलं धनं कार्यम्। तथा वर्त्तमानसमयग्रहादग्रिमसमयग्रहस्याल्पत्वाद्धनमिश्रेष्टान्तरे चालनफलमृणं कार्यम्, तदेष्टसमये ग्रहो भवतीति स्पष्टम्। अत्रैकरूपया गत्याऽनेकदिनेषु ग्रहस्य चालनात् किञ्चित् स्थूलत्वं स्पष्टम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तथा चोक्तं केनापि—'पङ्क्तिः स्वेष्टाद्भवेदग्रे पंक्त्यामिष्टं विशोधयेत् ॥
तच्चालनमृणं ज्ञेयं व्यत्ययाद्व्यत्ययं विदुः' ॥ १८ ॥

भाषा—ग्रहों की गति को गत या ऐष्य (आगामी) जो दिवसादि अर्थात् पंक्ति तथा इष्ट-समय का अन्तर (मिश्रेष्टान्तर) उससे गोमूत्रिका प्रकार से गुणा करे, साठ से भाग दे, तब अंशादिक (अंश-कला-विकला) जो फल होगा सो ऋण मिश्रेष्टान्तर रहने से पंक्तिकालिक ग्रहों में घटाना, यदि पंक्ति से आगे इष्ट समय हो तो मिश्रेष्टान्तर धन होने के कारण जोड़ना, तो इष्ट समय के ग्रह होते हैं। यदि ग्रह मार्गी हो तो इस प्रकार, यदि ग्रह वक्री हो, तो गतदिवसादि में धन करना, ऐष्य-दिवसादि रहने पर ऋण करना। इतनी विशेषता ध्यान रखना। रवि चन्द्रमा सदैव मार्गी, राहु केतु सदैव वक्री, शेष मङ्गल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि ये पांच ग्रह वक्री-मार्गी दोनों समय पर होते हैं। पूर्व पंक्ति के ग्रह से अगिली पंक्ति के ग्रह यदि अधिक हों तो मार्गी, यदि पूर्व पंक्ति के ग्रह से अगिली पंक्ति के ग्रह न्यून हों तो वक्री समझना। कभी २ दो पंक्तियों के बीच-बीच में भी वक्रतारंभ होती है, यह ठीक २ देख समझ कर धनचालन ऋणचालन करना ॥ १८ ॥

यहां वैशाखशुक्ल पञ्चमी शुक्रवार को घ० १८ प० २ इष्ट पर वर्ष प्रवेश हुआ है। इसलिये दिनादि इष्ट ६।१८।२ यह हुआ। और उसी रोज मिश्रमान काल के ग्रह सब बनाये हुए हैं, इसलिये दिनादि मिश्रमान ६।४६।५४ यह हुआ। इन दोनों का अन्तर किया ६ । ४६ । ५४ तो मिश्रेष्टान्तर दिनादि ००।२८।५२ हुआ।

६ । १८ । ०२

००। २८ । ५२

यहाँ एक ही रोज में इष्ट और पंक्ति भी पड़ी है, इस लिये दिनस्थान में शून्य हुआ। जहाँ १,२,३ दिनों का अन्तर रहता है, वहाँ दिनस्थान में भी अङ्क आवेगा। जैसे रविवार में किसी का २५।४० इष्ट है तो दिनादि इष्ट १।२५।४० पंक्ति शुक्र ही रोज का है। वही मिश्रमान भी है। तो मिश्रेष्टान्तर बनाने में १ में ६ यहीं घटता, यहाँ १ में ७ जोड़ दिया तो जिस रविवार से शुक्र छै होते हैं, उसी से दूसरा रविवार ८ हुआ, अब अन्तर किया तो दिनादि मिश्रेष्टान्तर हुआ २।७।३८। यदि पंक्ति और इष्ट के अन्तर ८।२५।४० दिनादि ३।३० के आसन्न हो तो स्वल्पान्तर से इष्ट से पूर्व तथा

६।१८।०२

०२।०७।३८

अग्रिम पंक्तिस्थ के ग्रहों के अन्तर को आधा करके पंक्तिस्थ ग्रहों में वक्री मार्गी और धनचालन ऋणचालन विचार कर जोड़ना या घटाना तो स्वल्पान्तर से ग्रह विना प्रयास के बन जायँगे ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब यहां इष्ट काल १८।०२ यह है, इससे अधिक मिश्रमान है, इसलिये मिश्रेष्टान्तर यहां ऋण हुआ। जहां मिश्रमान से अधिक इष्टकाल होगा, वहां मिश्रेष्टान्तर धन होगा। अब यहां सूर्य की गति ५८।१४ है, इसको मिश्रेष्टान्तर से गोमूत्रिका निवेश प्रकार से गुणन करना होगा, जैसे

००	५८।१४
२८	५८।१४
५२	५८।१४

हर एक पङ्क्ति में मिश्रेष्टान्तर के हरएक खण्डसे गुणा किया, और

००।००
१६२४।३९२

यथाक्रम से योग किया ३०१६।७२४
००।१६२४।३४०८।७२४

और ७२४ इसको साठ से भाग दिया शेष ४ को अपने ही स्थान पर रखा, क्योंकि वहीं का है, लब्धि १२ उससे पूर्वखण्ड की जात की हुई, इसलिये ३४०८ इसमें लब्धि १२ को मिलाया, तो ३४२० हुआ। इसमें फिर से साठ से भाग दिया तो लब्धि ५७ आई, शेष शून्य हुआ, यहां लब्धिको १६२४ इस पूर्वखण्ड में जोड़ा तो १६८१ हुआ, इसमें साठसे भाग दिया तो लब्धि २८ शेप १ बचा, शेषको यथा स्थानमें रखा, लब्धिको पीछेके खण्ड शून्य तुल्यमें मिलाया इस प्रकार चालन फल कलादिक २८।०१।०० यह हुआ। यहां मिश्रेष्टान्तर ऋण होनेके कारण चालन फल भी ऋण ही हुआ। इसको पङ्क्तिके सूर्यमें घटाया तो इष्टकालिक सूर्य हुआ=

००।६३।२५।५१
००।२८।०१
००।१२।५७।५०

इसके बाद चन्द्रमाका साधन क्रमप्राप्त है। लेकिन उनकी गति बहुत अधिक होती है, इसलिये उनके साधनका प्रकार आगे अलग आवेगा। अभी कुजादि ग्रह जो पङ्क्तिमें दिये हुए हैं, उनको चालित करते हैं।

जैसे कुजगति २९।४६ इसको ००।२८।५२ मिश्रेष्टान्तरसे गोमूत्रिका विधिसे गुणाकर अन्तसे सठिआय कर चालन फल—साधन करना है। यहाँ रविके चालन फलमें गतिही को गोमूत्रिका प्रकार लिखकर मिश्रेष्टान्तरसे गुणा किया है। यहां यदि मिश्रेष्टान्तरको ही गोमूत्रिकासे दो पङ्क्तिमें लिखकर गतिहीसे गुणा करे तो एकही बात हुई, कुछ यहां लिखनेमें लाघव इसलिये वैसा करते हैं—

२९ (००।२८।५२)
४६ (००।२८।५२)

गुणने पर ००।१०९२।२०२८
००।१२८८।२३९२

जोड़ने पर ००।१०९२।३३१६।२३९२

सठियाने पर ००।१०९२।३३१६।२२९२

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१९ ५५ ३९ | ६०

| ११४७ | ३३५५ ५२ शे.

६० | ६०

७शे. ५५शे.

अब लब्धि शेषको एक क्रमसे लिखने पर कलादिक फल १९'।०७'।५५" यहां प्रतिविकला स्थानमें ५५ हैं, इसलिये अर्धाधिक होनेसे ७ को ८ माना १९।८।०० इसको पङ्क्तिस्थ मङ्गलमें घटाया, क्योंकि मिश्रेष्टान्तर ऋण है, गति मार्गी है—इसलिये

पं० कुजः १।२२।३३।१

ऋण चालन फल—००।००।१९।८

वर्ष कालिककुज १।२२।१३।५३

ऐसे प्रत्येक ग्रहोंके चालन फल ले आकर पङ्क्तिके तत्तद्ग्रहों में संस्कार करने से और ग्रह बनेंगे। ग्रन्थके विस्तार भयसे नहीं लिखे—

सिर्फ बने हुए ही सब ग्रह लिखते हैं

यहां कुछ कहना आवश्यक रहा कि राहु, सदा वक्री होता है, इसलिये उसमें चालन फल यहां धन करना, ऐसे, राहु बनाकर उसके राशिमें छै जोड़नेसे केतु हो जाते हैं। क्योंकि राहुसे छै राशिपर केतु भ्रमण करते हैं। इसलिये केतुका अलग बनाना व्यर्थ है।

सूर्य	०।१२।५७।५०"	गति	५८।१४"	
कुज	०१।२२।१३।५३	गति	३९।४६	
बुध	०१।१२३।५९।९	गति	१०२।३७	
गुरु	००।०२।४९।८	गति	१४।२६	
शुक्र	०१।२८।१९।१७	गति	५३।२७	
शनि	००।१०।५५।१२	गति	७।५४	
राहु	०६।००। ५।५०	गति	३।११	वक्री
केतु	००।००। ५।५०	गति	३।११	वक्री

चन्द्रमाकी गति अधिक होनेसे उसका साधन चालनसे नहीं, प्रत्युत अलग है। वह आगे "खषड्घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत्" इस श्लोकके उदाहरणमें चन्द्रमा का साधन देखिये।

अथ वर्षकुण्डलीचक्रम्।



Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि मिश्रकाल और इष्टकालके मध्यही में ग्रह वक्री हो जाय, तो मिश्रमान कालसे वक्रारम्भ तक मिश्रेष्टान्तर बनाकर उस परसे चालन फल 'गतैष्य दिव-साद्येन' इत्यादि प्रकारसे बनाकर पङ्क्तिसे इष्टकाल पश्चात् रहनेसे जोड़ना। पीछे रहनेसे घटाना। और वक्रारम्भसे इष्टकाल तकका मिश्रेष्टान्तर बनाकर उसपरसे चालनफल ले आकर वक्रारम्भ कालिक सिद्ध ग्रहमें घटाना, यदि इष्टकाल पङ्क्तिसे अधिक होय तो। विलोममें विलोम समझना। यदि पहलेहीसे वक्री हुआ ग्रह पङ्क्ति और इष्टके बीचहीमें मार्गी हो जाय तो पङ्क्तिसे मार्गारम्भ तक मिश्रेष्टान्तर बनाकर उसपरसे चालनफल जो हो, उसको पङ्क्तिस्थ ग्रहमें घटाना, तो मार्गारम्भ कालका ग्रह हुआ। उसके बाद मार्गारम्भ समयसे इष्टकाल पर्यन्तका फिर मिश्रेष्टान्तर बनाकर उसपरसे जो चालनफल आवे, उसको मार्गारम्भ कालिक ग्रहमें जोड़ना तो इष्टकालका ग्रह होता है। अथवा लाघवार्थ पङ्क्तिकालसे मार्गारम्भ पर्यन्त, तथा मार्गारम्भसे इष्टकाल तकका दो मिश्रेष्टान्तर बनावे उन दोनोंका अन्तर करे, उसपरसे चालनफल साधन कर पङ्क्तिस्थ ग्रहमें वक्ष्यमाण रीतिसे धन ऋण करे—जैसे, पङ्क्तिकालसे इष्टकाल अग्रिम है। इसी बीचमें ग्रह-मार्गी है। यहाँ उक्तरीतिसे जो दो मिश्रेष्टान्तर होंगे, उनमें पङ्क्तिसे मार्गारम्भ तक वक्र (ऋण) मिश्रेष्टान्तर हुआ। और मार्गारम्भसे इष्टकालपर्यन्त धनमिश्रेष्टान्तर होगा इन दोनोंमें जो अधिक हो अर्थात् वक्र मिश्रेष्टान्तर यदि अधिक हो तो दोनों मिश्रेष्टान्तरके अन्तरपरसे जो चालन उसको ऋण समझना। यदि धन मिश्रेष्टान्तर अधिक हो तो वहाँ मिश्रेष्टान्तरों के अन्तर परसे चालन फलको धन समझना।

यदि इष्टकालके बाद पङ्क्तिकाल हो तो ये उक्त संस्थायें उलटी समझनी चाहिये। यदि पङ्क्ति और इष्टकालके ठीक बीचमें (अर्धस्थल) में वक्रारम्भ या मार्गारम्भ हो तो पङ्क्तिस्थ ही ग्रह इष्टकालका समझना। क्योंकि वहां धन ऋण चालन दोनों तुल्य होनेसे कट गये। यदि पङ्क्ति और इष्टकालके बीचमें ग्रहके राशिसञ्चार हो तो सञ्चार कालसे ही इष्टकाल तकका मिश्रेष्टान्तर बनाना उस-परसे चालन देनेमें लाघव होगा। सञ्चारकालमें ग्रह पूर्ण २ राशि मात्रही होते हैं। सूर्यके लिये तो मिश्रेष्टान्तरसे चालन देना गौरव होगा। क्योंकि प्रत्येक दिनका मिश्रमान कालिक या उदयकालिक सूर्य पञ्चाङ्गमें बना रहता ही है। उसीकालसे इष्टकाल पर्यन्त मिश्रेष्टान्तर बनाना, उसपरसे चालन फल ले आकर मिश्रमानकालिक या उदयकालिक सूर्यमें संस्कार करना, यहाँ भी इष्टकालसे जो नजदीक उदयकाल, या मिश्रकाल पड़े, उससे मिश्रेष्टान्तर बनाकर चालन देना॥ ये सब बातें मन्दबुद्धियोंके लिये लिखा है।

वर्षप्रवेश कालिक सूर्य जन्म कालिक सूर्यके बराबर होना चाहिये, आगे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लिखा भी है—

तत्कालेऽर्को जन्मकालरविणा स्याद्यदा समः।
तदैवाब्दप्रवेशः स्यात्तिथ्यादेर्नियमो न तु॥

लेकिन यदि वर्षप्रवेश कालिक सूर्य जन्मकालिक सूर्यके समान नहीं हो तो दोनों सूर्य के अन्तरको विकला बनाकर साठसे गुणा करे, गतिकलाको भी विकला बनाकरके उससे भागदे, तो लब्धि आयेगी वह घटी, शेषको साठसे गुणा करके फिर गतिविकलासे भागदे तो पल आयेगा, यह घटी पल वर्षवारादिमें धन ऋण करना, अर्थात् वर्षकालिक सूर्यसे जन्मकालिक सूर्य ज्यादे होनेसे जोड़ना, और वर्षकालिक सूर्य न्यून होनेसे घटाना, तो पूर्वविज्ञया सूक्ष्म वर्षवारादि हुआ, अर्थात् इसकाल में दोनों सूर्य समान होंगे। यह विषय ताजिकसारमें तथा ताजिकभूषणमें भी लिखा है—

ताजिकसार का श्लोक—

सूर्यो वर्षसमुद्भवो नहि भवेज्जन्मार्कतुल्यो यदा
तद्भुक्त्या विहृतं तयोस्तु विवरं लब्धं च हीनान्वितम्।
वर्षावेशघटीपलेषु सततं वर्षार्कहीनाधिके
जन्मोत्थे द्युमणौ हि वर्षसमयस्त्वेवं भवेत् प्रस्फुटः॥

ऐसे ही ताजिक भूषण में लिखा है—

जन्मकालनलिनीविलासिना नैव याति तुलनां कलासु चेत्।
वर्षकालनलिनीपतिस्तयोरन्तरं गतिहृतं युतोनितम्॥
कार्यं वर्षध्रुवे तस्मादसौ स्पष्टः प्रजायते॥ इति।

अर्थ स्पष्ट है। यहां सोचना चाहिये कि यदि किसी एकदेशहीके प्रचलित सारिणीसे जन्मकालिक सूर्य वर्षकालिक सूर्यभी बने होंय तो ठीक है—

अन्यथा जन्मपत्री के सूर्य जिस सारिणी जिस देशके पञ्चाङ्ग से बने हैं; उससे भिन्न सारिणी और भिन्नपञ्चाङ्ग से जो वर्षकालिक सूर्य बनेगा, वह अवश्य भिन्न होगा। वहां अन्तर पड़ना जरूरी है। क्योंकि एक आधारसे नहीं बने हुए हैं। सो भी मिश्रेष्टान्तर पर से एकवेग से चालन देकर बनाये हुए हैं। स्पष्टग्रह की गति प्रतिक्षण में विलक्षण होती है। इसलिये यथार्थमें चालित स्पष्टग्रह न तो स्पष्टग्रह यथार्थ रहै, न तो यथार्थ मध्यम, इस हालतमें व्यवहार काम लाघवसे चलानेके लिये सब ज्यौतिषी वैसे रहने देते हैं।

यदि जन्मकालिक सूर्य ठीक २ जन्मकालका बनाया होय, चालित न होय, और जिस देशके अनुसार बनाया होय। उसी देशके अनुसार वर्षप्रवेश कालिक भी सूर्य बनाया जाय। उन दोनोंमें यदि अन्तर पड़े तो उपर्युक्त संस्कार करना चाहिये। अन्यथा नहीं। क्योंकि जन्मकालका भी तो स्थूल ही है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यही सब बखेड़ा जानबूझ कर नीलकण्ठाचार्य प्रायः यह संस्कार नहीं लिखे। यह अनुमान करता हूँ।

अथ पञ्चाङ्गस्थनक्षत्रा च्चन्द्रानयनमाह—

खषड ६०घ्नं भयातं भभोगोद्धृतं तत्
खतर्कघ्नधिष्ण्येषु युक्तं द्विनिघ्नम्।
नवाप्तं शशी भागपूर्वस्तु भुक्तिः
खखाभ्राष्टवेदा ४८००० भभोगेन भक्ताः ॥ १९ ॥

भयातम् = इष्टनक्षत्रगतघट्यादिमानं, खषड्घ्नं = षष्टिगुणं, भभोगोद्धृतं = तदिष्टनक्षत्रसकलभोगमानेन भक्तं, सत् यल्लब्धं, तत् खतर्कघ्नधिष्ण्येषु = षष्टिगुणाश्विन्यादिगतनक्षत्रसंख्याङ्केषु युक्तं, ततः, द्विनिघ्नं द्विगुणं, नवाप्तं = नवभिर्भक्तं, तदा भागपूर्वः = अंशादिकः, शशी = चन्द्रमाः, भवति। अंशस्थाने त्रिंशद्भक्ते राश्यादिको भवतीति किं चित्रम्। अथ खखाभ्राष्टवेदाः = शून्यशून्यशून्याष्टचत्वारिंशत्संख्यका अङ्काः = ४८००० भभोगेन = इष्टनक्षत्रसम्पूर्णमानेन, भक्ताः = विभाजिताः, तदा भुक्तिः = गतिः (चन्द्रस्येत्यर्थः) भवति ॥ १९ ॥

अत्रोपपत्तिः—

तत्र तावद्भयातभभोगयोः साधनार्थं तयोः स्वरूपमुच्यते—

यस्मिन्नक्षत्रे जन्म, वा वर्षारम्भो वा प्रश्नकृत इष्टकालस्तस्य नक्षत्रस्य प्रारम्भसमयादिष्टसमयावधिकः खण्डकालो भयातसञ्ज्ञः, भस्य नक्षत्रस्य यातोगतोऽवयवो भयात इत्यर्थसिद्धः। अथ तस्यैव नक्षत्रस्य भोगः सम्पूर्णमानात्मको भभोगसञ्ज्ञ उच्यते। तत्रेष्टदण्डाधिके नक्षत्रमाने—भयातभभोगसाधनार्थं कस्यचित्पद्यम्—

गतर्क्षनाड़ी खरसेषु शुद्धा सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ता।
भयातसञ्ज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाड़ीसहिता भभोगः॥ अस्यार्थः—

गतर्क्षनाड़ी = गतनक्षत्रघट्यादिमितिः, खरसेषु = षष्टिषु, शुद्धा = विशोधिता, या भवति, सा (वर्तमानदिने) सूर्योदयात् = रव्युदयादितः, गतासु इष्टघटीषु युक्ता कार्या, तदा भयातसञ्ज्ञा भवति। अथ इह = षष्टिशुद्धगतनक्षत्रमितौ, निजर्क्षनाड़ीसहिता = वर्तमाननक्षत्रघट्यादिमानयुक्ता, तदा भभोगः भवति।

यदि इष्टदण्डाल्पं वर्तमानदिने नक्षत्रमानं भवेत्तदोक्तपद्येन भयातभभोगौ न

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सिद्ध्यतः । अत एव जातकक्रोडे तत्स्थले तयोर्ज्ञानाय पद्यमुपन्यस्तम्—

'यदाऽभीष्टमानं-गतर्क्षाधिकं-स्यात्तदाऽभीष्टमानाद्विशोध्यं भमानम् ।
भयातं तदैवं गतर्क्षोनषष्टियुताऽभीष्टनक्षत्रमानैर्भभोगः ॥'

अथ क्षयनक्षत्रावसरे, वृद्धिनक्षत्रावसरे च भभोगभयातसाधनं प्रदर्श्यते—

बु. रेवती ५।५० बृ. अश्विनी २।२५ शु. कृत्तिका ५८।४०	—अस्मिन्नेव दिने भरणी ५४ ।	अत्र बृहस्पतिदिने यदीष्टम् १।३०, अर्थादश्विनीमानाल्पं किमपि तदा गतर्क्षनाडीत्यादिनैव तयोः साधनं स्पष्टम् ।

तद्यत्र इ=५।४० तदाऽश्विनीमतिक्रम्य भरण्यां जन्म, वा वर्षारम्भः, तत्राश्विन्यन्ताद्भरण्या इष्टसमयावधिमानं तु इष्टघटीषु अश्विनीमानं विशोध्यैव भवति भयातम्=३।१५, भभोगः साधित एव = ५४। . . ।

यदि तस्मिन्नेव दिने इष्टम् = ५८।३०, तदाश्विनीभरण्योर्योगात् ५६।२५ अस्मादपि इष्टमधिकं, तत्र (५८।३०)—(५६।२५) = २। . ५ = भयातम् ।

६०–(५८।३०) = १।३० = शे, शे + ५८।४०=(१।३०)+(५८।४०) =६०।१०=भभोगः ।

अथवृद्धिस्थले	सू० । रो० ५८।१० चं० । मृ० ६०। . . मं० । मृ० ३।२५	अत्र रविवारे यदीष्टम्=५९।१५, तदा मृगशिरसि जन्म जातम्, तदा (५९।१५)-(५८।१०)=१।०५=भयातम् ।

(१।५०)+(६०।००)+(३।२५)=६५। .५=भभोगः ।

यदि चन्द्रवासरे इष्टं यत् किमपि कल्प्यताम्=५०।४०, तत्र मृगशिरसः किञ्चिन्मानं रविवारे, किञ्चिद्भौमवारेऽपि वर्त्तते, तदा सकलावयवयोगेन भभोगः स्याद्यथा रविदिने मृगशिरोमानम्—६०—(५८।१०) = १।५०, चन्द्रदिने ६०। . . कुजदिने ३।२५ सर्वेषां योगः = ६५।१५ = भभोगः । तत्र भयातम्=
(१।५०)+(५०।४०)=५२।३० ।

यदि कुजदिने इष्टम् = २।४०, तदा भयातम्=(१।५०)+(६०। . .)+ (२।४०)=६४।३० भभोगः=६५।१५, पूर्वसाधित एवेति विज्ञेयम् ।

भाषा—भयात को साठ ६० से गुणा कर भभोगसे भागदेने पर जो लब्धि हो, अर्थात् भयात भभोगमें भी दण्ड और पल ये दो अवयव रहते हैं, अतः भभोग घटीको साठसे गुणाकर पल जोड़नेसे पलात्मक भभोग हुआ। ऐसे भयातके घटीको साठसे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

गुणाकर पल जोड़नेसे पलात्मक एक जातीय भयात हुआ। अब एक जातीय भयातको साठसे गुणाकरे, एक जातीय भभोगसे भागदेने पर लब्धिको अलग रखे, फिर शेषको साठसे गुणाकर एक जातीय भभोगसे भागदे, इस लब्धिको पूर्व लब्धिके आगे रखे। फिर शेषको साठसे गुणाकर एक जातीय भभोगसे भागदे, इस लब्धिको दूसरे लब्धिके भी आगे रखे, इस प्रकार जो तीन जातकी तीन लब्धियां बनी, इसको साठसे गुणा किये हुए गत नक्षत्र संख्यामें जोड़े अर्थात् उन तीन लब्धियोंमें जो पहले स्थान वाली है, उसको जोड़े। और दो को उसके आगे रक्खे। अब भी तीन खण्ड जो निष्पन्न अङ्क हुए उन सबों को दो से गुणाकरे, नौ से भाग-दे, प्रथम लब्धि अंश हुआ। शेषको साठसे गुणाकर फिर नौ से भागदे, यह दूसरी लब्धि कला हुई। यहां भी जो शेष हो उसको साठसे गुणाकरके फिर नौ से भागदे, यह तीसरी लब्धि विकला हुई। अब यहां पहली जो अंशात्मक लब्धि है। उसको ३० से भागदेने पर जो लब्धि हो वह प्रथम लब्धिके भी प्रथम स्थान अर्थात् राशि स्थानमें जायगी, यों राश्यादिक चन्द्रमा बन जायगा॥ २९॥

उदाहरण—यहां भयात २५।३९ भभोग ६०।२६ है। घटीको साठसे गुणाकर पल जोड़कर एक जातीय बनानेसे भभोग ३६२६, भयात १५३९ हुआ। अब भयातको साठसे गुणा किया तो १५३९×६०=९२३४०। ३६२६) १२३४० (२५।२७।५८ भभोगसे भाग दिया, तो प्रथम लब्धि २५ आयी, शेष १६९० को फिर साठसे गुणा किया १०१४०० हुआ भभोगसे भाग दिया, तो दूसरी लब्धि २७ आयी, शेष बचा ३४९८ इसको साठसे गुणा किया तो २०९८८० हुआ, इसमें फिर भभोगसे भागदेने पर लब्धि ५८ आयी। यहां पूरी लब्धि ५७ आती थी, लेकिन अर्धाधिक लेने पर ५८ आया। अब क्रमसे सब एकत्र लब्धि २५।२७।५८ अब यहां गत नक्षत्र है ज्येष्ठा, इसको अश्विनीसे गिना १८ हुआ, इसको साठसे गुणा किया तो १०८० इतने हुए। इसमें उस लब्धिको जोड़ना, यहां उसके जो प्रथम स्थान में २५ हैं, उसको १०८० इसमें जोड़ना चाहिये जैसे

१०८०।००।००
२५।२७।५८
योगफल = ११०५।२७।५८

अब इसको दो से गुणा किया तो २२१०।५५।५६, इसको ९ नौसे भाग दिया तो पूर्ववत् करनेसे लब्धि २४५°।२९'।३३" अंशादिक आया। अंश २४५° स्थानको तीससे भागदेने पर राश्यादिक चन्द्रमा बना ८°।५।२९।३३"

अब इसकी गति बनानी है—४८०००, इसको भभोग याने भभोग घटीसे भाग

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देना है, यहां हर भाज्यको साठसे गुणने पर भाज्य = ४८००० × ६० = २८८००००
और भाजकमें भभोगका एक जातीय पलात्मक होगया = भाजक = ३६२६

अब भाज्य २८८०००० को भाजकसे भागदेने पर प्रथम लब्धि ७९४ शेष बचा ९५६ इसको साठसे गुणाकरके ।५७३६० भभोग ३६२६ से भाग दिया तो लब्धि २ आयी, तब पूरी लब्धि ७९४ । ०२' यही चन्द्रमाकी गति हुई । यह भी स्थूल है । तथा 'अकर्णान्मन्दकर्णोपि श्रेयान्' इस न्यायसे ठीक है ।

अब यहां प्रसङ्गसे भयात, भभोग बनाने का नियम बताता हूं, जिसमें प्रायः बहुत लोग भूलकर बैठते हैं। असल में भयात उसीको कहते हैं कि जिस किसी नक्षत्रमें जन्म, या वर्ष प्रवेश, या इष्ट हो, उसके प्रारम्भ कालसे इष्ट काल पर्यन्त जो खण्ड काल हो, वही भयात है । और उस नक्षत्र के सम्पूर्ण मानको भभोग कहते हैं। वहां यदि इष्ट कालसे वर्त्तमान नक्षत्रका मान अधिक हो, तो भयात भभोग का साधन निम्न लिखित प्राचीन श्लोकके अनुसार करना—जैसे श्लोक—

गतर्क्षनाड़ी खरसेषु शुद्धा सूर्योदयादिष्टघटीषु युक्ता ।
भयातसञ्ज्ञा भवतीह तस्य निजर्क्षनाड़ीसहिता भभोगः ॥

अर्थ—जिस रोज भयात बनाना है, उसके गत दिनके जो नक्षत्रके घटी पल हों उसको साठमें घटावें, क्योंकि गत दिनके उदयसे वर्त्तमान दिनके उदय तक साठ घटी है उसमें गत दिनके नक्षत्रको घटाने पर जो शेष रहा, वह गत दिनमें वर्त्तमान नक्षत्रही का गत खण्ड हुआ । उसको वर्त्तमान दिनके सूर्योदयसे जो इष्ट घटी हो उसमें जोड़ दिया तो, वर्त्तमान नक्षत्रका प्रारम्भसे इष्ट काल पर्यन्त खण्ड हुआ, इसको भयात कहते हैं। और गत दिनके जो गत खण्ड, उसमें वर्त्तमान दिनके नक्षत्रका जो घटी पल मानहो उसको जोड़ने पर भभोग होगा । अर्थात् गत नक्षत्रान्त से वर्त्तमान नक्षत्रान्त पर्यन्त बन गया, पूरा नक्षत्रका मान होगया इसीलिये इसका नाम भभोग हुआ ॥

यदि वर्त्तमान दिनमें इष्ट कालसे नक्षत्रका मान न्यून हो तो पूर्वोक्त नियमसे भयात भभोग नहीं सिद्ध होगा । इसलिये दूसरा श्लोक वहाँके लिए है—

यथा—यदाऽभीष्टमानं गतर्क्षाधिकं स्यात्तदाऽभीष्टमानाद्विशोध्यं भमानम् ।
भयातं तदैवं गतर्क्षोनषष्टियुताऽभीष्टनक्षत्रमानैर्भभोगः ॥

अर्थ—यदि इष्ट मान नक्षत्र मानसे अधिक हो, तो इष्ट कालही में नक्षत्र मानको घटावें, शेष भयात होगा, और गत नक्षत्रको साठमें घटाने पर जो बाकी रहै, उसमें इष्ट नक्षत्रके (अगले दिनका) जो मान वह जोड़े तो भभोग होगा ।

इसका उदाहरण—जैसे मान लीजिये कि—उसी वर्ष प्रवेशहीके दिन इष्ट काल नक्षत्र मानसे अधिक है, तो इष्ट कालहीमें नक्षत्र मानको घटाने पर भयात ३।०५

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हुआ। क्योंकि इष्ट कालमें मूल नक्षत्र नहीं रहा, पूर्वाषाढ़ होगया, अब पूर्वाषाढ़ का कितना गत हुआ है, यह जाननेके लिये मूल नक्षत्रान्तसे इष्ट काल पर्यन्त खण्ड बनाया, यही उस वर्त्तमान पूर्वाषाढ़ नक्षत्रका गत हुआ, यही भयात है। और मूलके ५२।४९ मानको साठमें घटाया तो मूलके आखिरीसे अग्रिम सूर्योदय पर्यन्त पूर्वाषाढ़का मान हुआ। ७।११ इसमें अगिले दिनके पूर्वाषाढ़का जो ५४।२३ मान है, इसको जोड़ा तो ६१।३४ यही पूर्वाषाढ़का सम्पूर्ण मान भभोग हुआ।

और भी इसका नियम दिखाता हूँ—ध्यान से पाठक समझें—

उदाहरण—
७ सू० ५४ । ५५ उ० ५७ । २५
८ चं० ५७ । २१ श्र० ६० । ०६
९ मं० ६० । ०० श्र० १ । २७
९ बु० ० । ५६ ध० ३ । ४१

यदि वैशाख वदि सप्तमी रविवारको इष्टकाल ५८।५० है, तो अभी जो 'यदाऽभीष्टमानं गतर्क्षाधिकं स्यात्।' इसी नियमसे भयात १।२५ हुआ, भभोग जरा विचारनेसे होगा, जैसे उत्तराषाढ़का मान ५७।२५ को साठमें घटाया शेष श्रवणाका इतना २।३५ बाकी रहा, इसमें सोमवारका श्रवणाका मान ६०।०० और मङ्गल वारका श्रवणाका मान १।२७ इन सबोंको मिलाने पर भभोग ६४।०२ इतना हुआ। यहाँ तीन दिन तक श्रवणा नक्षत्र मानका सम्बन्ध आया है, पूरा मानका नाम भभोग है। इसलिये तीनों दिनके मानको जोड़ने पर भभोग बना।

यदि मङ्गलवारको इष्टकाल १।१० है, तो भयात बनाना? गतर्क्ष नाड़ी 'खरसेषु शुद्धा' इससे नहीं तथा 'यदाऽभीष्टमानं गतार्क्षाधिकं स्यात्' इससे भी नहीं होगा—क्या करना चाहिये? तो रविवारका श्रवणाका मान २।३५ सोमवारका ६०।०० इन दोनोंके योग ६२।३५ में इष्टकाल १।१० को जोड़ा ६३।४५ तो यही भयात हुआ। भभोग तो तीनों दिनके मान जोड़ने से ६४।०२ हुआ ही है।

यदि वैशाख वदि अष्टमी सोमवारको इष्टकाल कुछ भी मान लीजिये २५।३० है, तो भयात "गतर्क्षनाड़ी खरसेषु शुद्धा" इसी प्रकारसे सिद्ध हुआ = २८।०५ भभोग बनानेमें "निजर्क्षनाड़ीसहिता" का अर्थ सोमवारका ६०।०० मङ्गलवारका १।२७ ये दोनों जोड़ने पर भभोग हुआ ६४।०२ यह विशेष कठिन नहीं है।

उदाहरण—
६ मं० ४२।२५ श्ले० २।३० मघा० ५६।२९
७ बु० २६।३४ पू० फ० ५५।०२

यदि ज्येष्ठ शुदि ६ षष्ठी मङ्गलवारको इष्टकाल १०।२५ है, तो यहाँ पहलेके जो 'गतर्क्ष नाड़ी खरसेषु शुद्धा' यह नियम नहीं लगेगा, यहाँ 'यदाऽभीष्टमानंगतर्क्षाधिकं स्यात्' इस नियमसे इष्टकाल १०।२५ में उस दिनके जो आश्लेषाका २।३० मान

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है, उसको घटानेसे मघाका ७।५५ भयात हुआ। भभोग तो मघाका बनाही हुआ पञ्चाङ्गमें लिखा है जैसे ५६।२९ भभोग हुआ॥

यदि उसी दिन इष्टकाल ५९।५० है। तो "गतर्क्ष नाड़ी खरसेषु शुद्धा" तथा "यदाऽभीष्टमानं गतर्क्षाधिकं स्यात्" ये दोनों भी नियम नहीं लगेंगे। करना क्या होगा ?, तो आश्लेषाका २।३० मघाका ५६।२९ दोनोंके योग हुआ ५८।५९ इसको इष्टकाल ५९।५० में घटाया ००।५१ तो इतना भयात हुआ। क्योंकि सूर्योदयसे २।३० आश्लेषा थी, उसके बाद मघा ५६।२९ इसलिये दोनोंके योग कर इष्टकाल घटानेसे पूर्वफल्गुनीका गत मान हुआ, वह पूर्व फल्गुनीका भयात हुआ। यहाँ दोनोंके मान योग ५८।५९ को साठमें घटाने पर मङ्गलवारका पूर्व फल्गुनीका गत मान हुआ १।०१ इसमें बुधवारके पूर्व फल्गुनीके ५५।०२ मानको जोड़ा, तो भभोग ५६।३ इतना हुआ॥

अत्रोपपत्तिः—

चन्द्रभिन्ना ग्रहाः "गतैष्यदिवसाद्येन गतिर्निघ्नी"—त्यनेन मिश्रेष्टान्तरवशात् प्रचाल्य पूर्वं प्रसाधिताः। चन्द्रस्य तु सकलग्रहापेक्षयाऽधिकगतित्वादन्यथा साधन-प्रकारः आचार्यैर्यतितः स सोच्यते—यदि वर्त्तमाननक्षत्रस्य सम्पूर्णमानेन भभोग-सञ्ज्ञकेन एकं नक्षत्रं लभ्यते तदा वर्त्तमाननक्षत्रस्य गतदण्डात्मकभयातसञ्ज्ञकेन किमिति त्रैराशिकेन लब्धं वर्त्तमाननक्षत्रस्य भयातसम्बन्धिगतावयवमानम्=

$$= \frac{१ \times \text{भयात}}{\text{भभोग}},$$ इदमश्विन्यादिगतनक्षत्रसंख्यायां योजितं तदाऽश्विन्यादिसा-वयवगतनक्षत्रमानं जातम् $= \text{गन} + \frac{\text{भयात}}{\text{भभोग}},$ ततोऽङ्शात्मककरणार्थमन्योऽनु-पातः—यदि सप्तविंशतिनक्षत्रैर्भांशा लभ्यन्ते तदा चन्द्रभुक्तैरश्विन्यादिसावयव-गतनक्षत्रैः किमित्यनेनागता इष्टचन्द्रभुक्तांशाः

$$= \frac{३६०\left(\text{गन} + \frac{\text{भयात}}{\text{भभोग}}\right)}{२७}$$

त्रिभिरपवर्त्तिताः $= \dfrac{१२०\left(\text{गत} + \frac{\text{भयात}}{\text{भभोग}}\right)}{९}$, अत्र भाज्यस्थद्वादशानां

६० × २ एतत् खण्डयुगं प्रकल्प्योत्थाप्य महता ६० खण्डेन पृथक् सङ्गुण्य जातम्

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

$$= \frac{२\left(६० \text{ गत} + ६० \frac{\text{भयात}}{\text{भभोग}}\right)}{९}$$ =अंशादिकश्चन्द्रः । अंशस्थाने त्रिंशदधिके त्रिंशत्तष्टिते जातो राश्यादिकश्चन्द्रः । अथास्य गतेरानयनं क्रियते । यदि भभोगघटीभिरष्टशतकला लभ्यन्ते तदा षष्टिघटोभिः का ? इति तात्कालिकी क्रियासम्पादिका चन्द्रगतिः = $\frac{८०० \times ६०}{\text{भभोग}} = \frac{४८००}{\text{भभोग}}$, इत्युपपन्नं सर्वम् ॥

अथ दशमलग्नसाधनार्थं नतकालसाधनमाह—

पूर्वं नतं स्याद्दिनरात्रिखण्डं दिवानिशोरिष्टघटीविहीनम् ।
दिवानिशोरिष्टघटीषु शुद्धं द्युरात्रिखण्डं त्वपरं गतं स्यात् ॥२०॥

दिवानिशोः=दिनरात्र्योः, दिनरात्रिखण्डं=दिनार्धरात्र्यर्धमानं, इष्टघटीविहीनं=सत् पूर्वं नतं भवति । एतदुक्तं भवति-दिनार्धादल्पे इष्टे दिनार्धादिष्टं विशोधितं सत् पूर्वनतं स्यादेवं सूर्यास्तानन्तरं रात्र्यर्धमानादल्पे इष्टे रात्र्यर्धमानादिष्टं विशोधितं, तदाऽपि रात्रौ पूर्वं नतं भवति । अथ दिने दिनार्धाधिके इष्टमाने इष्टघटीषु दिनार्धमानं शुद्धं तदा दिने परं नतम् । रात्रौ मध्यरात्रितोऽधिके इष्टेऽर्थात् सूर्यास्ताद्रात्र्यर्धाधिके इष्टे इष्टघटीषु रात्रिदलं विशोधितं, तदा रात्रौ परनतं भवति ॥ २० ॥

अत्रोपपत्तिः—

यथा केशवीयजातकादौ याम्योत्तरवृत्तखण्डितगोलस्य प्राक्परकपालत्वं प्रतिपादितं, नह्यत्र ग्रन्थे तथा कपालकल्पनक्रमः । अत्र तूदयक्षितिजादूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधि पूर्वकपालः । दिनस्य पूर्वभागत्वात् । ऊर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तादस्तक्षितिजावधि पश्चिमकपालः दिनस्य परभागत्वात् । अस्तक्षितिजादधोयाम्योत्तरवृत्तावधि रात्रेः पूर्वभागत्वात्पूर्वकपालो रात्रौ, एवमधोयाम्योत्तरवृत्तादुदयक्षितिजावधि रात्रेः परभागत्वात्परकपालसंज्ञेति कपालकल्पनयुक्तिः । तत्र रव्युपरिगताहोरात्रवृत्ते रवितऊर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधि नतकालो दिवा भवति । रात्रौ तु रवितोऽधोयाम्योत्तरवृत्तावधि तदहोरात्रवृत्ते नतकालः । तत्र पूर्वाण्हे उदयक्षितिजादूर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तावधिके दिनार्धमाने उदयक्षितिजाद्रविकेन्द्रावधिकाहोरात्रवृत्तखण्डस्येष्टकालसंज्ञत्वात् रविकेन्द्रयाम्योत्तरवृत्तान्तरीयाहोरात्रवृत्तखण्डस्य नतकालत्वात् पूर्वाण्हे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिनार्धे इष्टकालशोधनेन पूर्वनतकाल एवावशिष्यते । एवमपराण्हे दिनार्धाधिकेष्टमानाद्दिनार्धं विशोधितं सत्परकपालीयं नतं भवति । पूर्वरात्रौ त्वस्तसमयान्निशीथावधिकरात्र्यर्धमानादस्तक्षितिजाधोयाम्योत्तरवृत्तान्तर्गताहोरात्रवृत्तखण्डादस्तक्षितिजसूर्यावधिकाराहोत्रवृत्तखण्डरूपं रात्रिगतघटीमानं यदि विशोध्यते तदा सूर्यबिम्बकेन्द्रादधोयाम्योत्तरवृत्तावधि तदहोरात्रवृत्तेः रात्रौ पूर्वनतमवशिष्यते । एवं निशीथानन्तरं पररात्राविष्टकालस्तदेष्टकालादात्र्यर्धशोधनेन रात्रौ रवियाम्योत्तरवृत्तयोरन्तरे तदहोरात्रवृत्ते परनतमानमवशिष्यते इत्युपपन्नं सर्वम् ।

भाषा—दिनार्ध में यदि दिनगतघटी (इष्टकाल) घट जाय, तो शेष, दिन में पूर्वनत होता है। राज्यर्ध में यदि रात्रिगतघटी घट जाय, तो शेषमान रात्रि में पूर्वनत होता है। और यदि दिनगतघटी 'ही में दिनार्ध घट जाय तो दिन में परनत, तथा रात्रिगतघटी में राज्यर्ध ही घट जाय तो रात्रि में परनत होता है ॥२०॥

अथ लग्नानयनमाह—

तत्काले सायनार्कस्य भुक्तभोग्यां शसङ्गुणात् ।
स्वोदयात्खाग्नि ३० लब्धं यद् भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत् ॥ २१ ॥
इष्टनाडीपलेभ्यश्च गतगम्यान्निजोदयात् ।
शेषं खघ्न्या ३० हतं भक्तमशुद्धेन लवादिकम् ॥ २२ ॥
अशुद्धशुद्धभे हीनयुक्तनुर्व्ययनांशकम् ॥ $\frac{1}{2}$ ॥

तत्काले = इष्टकाले, सायनार्कस्य = अयनांशयुक्तार्कस्य, भुक्तभोग्यांशसंगुणात्, स्वोदयात् = सायनार्काधिष्ठितराशिस्वदेशीयोदयमानात्, खाग्निलब्धम् = त्रिंशद्भक्ताद्यल्लब्धं तत् क्रमेण, रवेः = सायनरवेः, भुक्तं, भोग्यं भवति अर्थात् सायनार्कभुक्तांशैर्यदि स्वोदया गुण्यन्ते, त्रिंशद्भिर्विभज्यन्ते, तदा सूर्यस्य भुक्तासवो लभ्यन्ते । यदि च भोग्यांशैः स्वोदया गुण्यन्ते त्रिंशद्भिर्विभज्यन्ते, तदा तस्य भोग्यासवो लभ्यन्ते इति भावः । तत्, भुक्तं भोग्यम्, इष्टनाडीपलेभ्यः=पलीकृतेष्टघटीभ्यः, त्यजेत् = विशोधयेत्, शेषं यत्तस्मात्, निजोदयान् = गतगम्यान् = राश्युदयान्, त्यजेत् यावच्छुद्ध्येत्तावदिति शेषः । यस्योदया न शुद्ध्यन्ति, सएवाशुद्धसंज्ञकः । अथ शेषं यत् तत् खघ्न्याहतं = त्रिंशद्गुणं, अशुद्धेन भक्तं = विभाजितं, तदा लब्धं लवादिकं भवेत्, तल्लवादिकम्, अशुद्धशुद्धभे हीनयुक्, यदि भुक्तप्रकारेण क्रिया कृता, तदा अशुद्धभे हीनं, यदि भोग्यप्रकारेण क्रिया क्रियते, तदा शुद्धभे युक्तं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कार्यं, तत् व्ययनांशकं = अयनांशहीनं, कार्यम्, तदा तनुः = प्रथमलग्नं भवेत् ॥ ॥ २१ ॥ २२ + ½ ॥

अत्रोपपत्तिः—

"यत्र लग्नमपमण्डलं कुजे तद्गृहाद्यमिह लग्नमुच्यते। प्राचि पश्चिमकुजेऽस्तलग्नकं मध्यलग्नमिह दक्षिगोत्तरे ॥" इति भास्करोक्त्या पूर्वक्षितिजे क्रान्तिवृत्तस्य यः प्रदेशो यस्मिन् समये लगति, तदेव तदा लग्नं प्रथमसंज्ञकम्, लगतीति लग्नमिति व्युत्पत्या घटितम्।

तस्य साधनमत्र क्रियते, तत्र रविरिष्ट कालोऽयनांशाश्चैते ज्ञाताः सन्ति। अत्र सायनमेषादित एवोदयमानक्षेत्रसिद्धया गणितसिद्धे निरयणसूर्ये अयनांशयोजनेन गोलसन्धेः (सायनमेषादितः) सूर्यो जातः। तथा चोक्तं भास्करीयगणिताध्याये– 'युक्तायनांशादपमः प्रसाध्यः कालौ च खेटात् खलु भुक्तभोग्यौ' तत्र रविबिम्बकेन्द्रिकाहोरात्रवृत्ते प्रागगर्भक्षितिजाद्रविबिम्बकेन्द्रपर्यन्तं सावनेष्टकालः। अर्थात् प्रथमलग्नसूर्यान्तरेक्रान्तिवृत्ते योंऽशास्तत्सम्बन्धी एव कालोरविबिम्बकेन्द्रिकाहोरात्रवृत्ते प्रागगर्भकुजरविबिम्बकेन्द्रान्तश्चापखण्डे विद्यते, परन्त्वत्र तच्चापखण्डाधोभागे समप्रोतस्य (क्षितिजवृत्तस्य) लग्नत्वान्न निरक्षोदयात्मकोऽपितु स्वोदयात्मकः। ध्रुवप्रोतवृत्तेन कालविभाजकत्वाभावात्। तत्र राशीनां पूर्वाभिमुखक्रमघटनदर्शनात् क्रान्तिवृत्ते रविकेन्द्रात्पूर्वतोरव्यधिष्ठितराश्यन्तावधि रवेर्भोग्यांशाः। तदग्रे (तत्पूर्वभागे) पूर्तिपूर्त्तिराशिमानानि। तत्पूर्वभागे क्षितिजासन्ने लग्नस्य भुक्तांशाः। लग्नावयवस्योत्तरोत्तरं प्रवहगत्याऽधस्तात्कुजोर्ध्वगमनात् लग्नतोऽधोभागवर्त्तिक्रान्तिवृत्तावयवस्य क्षितिजे संलग्नाभावादग्रिमक्षणसंलग्नसम्भवाद् भोग्यत्वम्। कुजोर्ध्वस्य भागस्य क्षितिजसंघर्षणेन भुक्तत्वाद्भुक्तत्वमिति स्पष्टम्। अतः पूर्त्तिपूर्त्तिराश्यनन्तरं त्वपूर्णराश्यवयवा लग्नभुक्तांशा एव। अत एव रविकेन्द्रोपरिगताहोरात्रवृत्ते रविकेन्द्रात् पूर्वस्यां दिशि रविभोग्यासवः। ततः पूर्णपूर्णराशिमानासवः। लग्नभुक्तासवश्च वर्त्तन्ते। एतेषां योग इष्टकालः। तत्रानुपातेन भोग्यासवः $= \frac{\text{राउअ} \times \text{भोग्रं}}{३०}$, एवं भुक्तासवः $= \frac{\text{राउअ} \times \text{भुअं}}{३०}$, तत्रेष्टघटीं पलात्मिकां

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विधाय, तस्यां भोग्यपलानि विशोध्य ततः पूर्णपूर्णराशिस्वोदयपलानि विशोध्य, यदा शेषे शुद्धाग्रिमराशिस्वोदयपलानि न शुद्धयन्ति तदा स राशिः सायनलग्नमशुद्धसंज्ञम्। तत्र शेषश्च सायनलग्नस्य भुक्तपलानि, अत एतत्सम्बन्धीयभागज्ञानायानुपातः

$$= \frac{३० \times \text{शेष}}{\text{अ०रा०उ०}} = \text{ल० भु० प०}$$ यदीदं शुद्धराशिसंख्यायां योज्यते तदा सायन-

लग्नं भवेत्तत्रायनांशशोधनेन निरयणमेषादितः प्रथमलग्नं सिद्धम्। अथ यदि रविभुक्तांशवशाल्लग्नज्ञानमभीष्टम्? तदेष्टघटीं षष्ठितोहीनां कृत्वा शेषतुल्यमिष्टकालं मत्वा ततः क्रिया कार्या। दिवा भोग्यप्रकारेण लाघवम्। रात्रौ भुक्तप्रकारेण लाघवम्। भुक्तप्रकारे षष्टिशुद्धेष्टकालपलेषु रविभुक्तपलानि, तत् पृष्ठतः पूर्णपूर्णराशिमानानि विशोधितानि कृत्वा शेषं लग्नभोग्यपलानि। ततः पूर्ववदनुपातेन लग्नभोग्यांशाः

$$= \frac{३० \times \text{शे}}{\text{अ०रा०उ०}}$$ । एते यदि अशुद्धराशिसंख्यायां विशोध्यन्ते, तदाऽपि सायनलग्न-

ज्ञानं ततोऽयनांशहीनं कृतं सन्निरयणप्रथमलग्नमिति तत्रोदयसमये रविरेव लग्नम्। दिनार्धसमे इष्टे रविरेव दशमलग्नम्। दिनमानसम इष्टे सषड्भसूर्यतुल्यं लग्नम्। मध्यरात्रिसम इष्टे चतुर्थलग्नं रविसममेवेति बालावबोधार्थमुक्तम्।

भाषा—जिस समय का लग्न बनाना हो, उस समय के अयनांश जोड़े हुए रवि के भुक्तांश, और भोग्यांश से गुणा किये हुए, सायनसूर्य राशिके जो स्वोदयमान, उसमें तीससे भाग देनेपर क्रमसे भुक्त भोग्य होंगे। अर्थात् सूर्य में अयनांश जोड़ने पर जिस राशि में हों, उस राशि के अपने देश का जो उदयमान, उसको सायन-सूर्य के भुक्तांशसे गुणा करके तीस से भाग दे, तो सायनसूर्य का भुक्तफल होंगे। इसी तरह भुक्तांश के स्थान में भोग्यांश रखने से भोग्य भी होगा। अब यदि भोग्यप्रकार से लग्नानयन करना है तो इष्टदण्ड के पल बनाकर उसमें भोग्यपल घटाकर, अग्रिम राशि के उदयमान घटाना चाहिये, एवं आगे घटाते २ जो नहीं घटे, वही अशुद्धोदय होगा। वही राशि अशुद्धराशि भी होगा। यदि भुक्तप्रकारसे लग्नानयन करना हो, तो इष्टदण्डके पलमें रवि भुक्तपल घटाकर गत राशि का उदयमान घटाना, एवं उसके गत को इसी प्रकार गत उपगत राशियोंके उदयमान घटाते घटाते शेषमें जब जिस पूरे राशि का उदयमान नहीं घटेगा, तब वही अशुद्ध राशि, उसीका उदय अशुद्धोदय होगा। भुक्तप्रकार तथा भोग्यप्रकार दोनोंसे एक ही अशुद्ध राशि होगा। अशुद्ध राशि ही सायन लग्न होता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब आखिर का जो शेष पल मान रहे, उसको तीससे गुणाकर अशुद्धोदयसे भाग दे तो लब्धि लग्नके भुक्तांश, वा भोग्यांश होंगे यदि भुक्तांश हो तो अशुद्ध-राशि संख्या में घटावे, यदि लग्न के भोग्यांश हो, तो उसको शुद्ध राशि संख्यामें जोड़ना, यह सायनलग्न हुआ, इसमें अयनांश घटावें, तब निरयणलग्न होगा ॥२१-२२॥

उदाहरण सूर्य०।०।१।२।५७।५०" इसमें ग्रहलाघव मत से अयनांश २३।३८।०० को जोड़ने से सायन सूर्य १।६।३५।५० इतना हुआ। अर्थात् एक राशि पूरा होकर, दूसरे राशि का ६ अंश भुक्त होकर सातवें अंश का ३५ कलायें भुक्त होकर, ३६ कला की ५० विकला भुक्त हुई। अर्थात् वृष राशि का ६।३५।५० इतने अंशादि भुक्त हुआ, उसको तीस ३० अंशमें घटाया तो २३।२४।१० इतने वृष का भोग्य अंश हुए। क्योंकि हर एक राशि में ३० अंश होते हैं, इसलिये भुक्तांश को तीस अंश में घटानेसे भोग्यांश शेष रहते हैं।

यहां काशीके उदयमान का प्रमाण—
चन्द्राक्षिपक्षाः २२१, गुणबाणपक्षाः २५३, वेदाभ्र-रामाः ३०४, नयनाब्धिरामाः ३४२ ॥
बाणाब्धिरामाः ३४५, शररामरामाः ३३५
क्रमोत्क्रमान्मेषतुलादिमानम् ॥ इसके अनुसार

काशी का उदयमान—

मे०	२२१	मी०
वृष	२५३	कु०
मि०	३०४	म०
कर्क	३४२	ध०
सिं०	३४५	वृ०
क०	३३५	तु०

अब यहां इष्टकाल १८।०२ है, इतने ही पर वर्षप्रवेश हुआ है। यह दिनमान से न्यून है, इसलिये भोग्यप्रकार ही लाघव होगा।

इसलिये यहां सायनसूर्य के भोग्यांशादि (२३।२४।१०) से वृषके उदयमान को गुणा करना चाहिये, भोग्यांशादि तीन खण्ड है, अतः उदयमान ही को तीन स्थानमें प्रत्येकखण्डसे गुणा करने पर हुए

२५३	२५३	२५३
२३	२४	१०
७५९	१०१२	२५३०
५०६	५०६	
५८१९	६०७२	

अर्थात् तीनों जगह के गुणनफल ५८१९। ६०७२। २५३०, यहां तीसरे खण्डको साठसे भाग देकर लब्धिको दूसरेमें जोड़ना। शेषको अपने स्थान ही पर रखना।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फिर उस लब्धि युक्त द्वितीय खण्डको साठ से भाग देकर लब्धि को प्रथम स्थानमें जोड़ना, शेषको अपने ही स्थान पर रखना, जैसे—

५८१९	६०७२	२५३०
१०१	४२	६०
५९२०	६११४	१०शे०
	६०	
	५४ शे०	

अर्थात् ५९२०।५४।१० इतने हुए। अब इसको तीस से भाग देना चाहिए तो पहले स्थान

५९२० में ३० से भाग दिया, लब्धि १९७ आई, शेष बचा १० इसको साठ से गुणा किया ६०० द्वितीय खण्ड के शेष को जोड़ा तो ६५४ इसमें फिर तीस से भाग दिया तो लब्धि २१ आई, शेष बचा २४, इसको साठ से गुणा किया १४४० तृतीय स्थान के शेष १० जोड़ा तो १४५० इतने हुए, इसमें फिर तीस से भाग देने पर लब्धि ४८ हुई, शेष १० बचा, यहां शेष का प्रयोजन नहीं, केवल क्रमसे तीनों लब्धियां १९७।२१।४८ ये योग्य पल, विपल, प्रतिविपल हैं। अब इसको इष्टघड़ी के पल में घटाना है, यहां इष्ट घटी १८।२, घटी को साठ से गुणा कर १०८०, पल २ जोड़ कर पलात्मक इष्ट काल १०८२ हुआ, इसमें भोग्य पल, विपल, प्रतिविपल को घटाया तो शेष बचा १०८२।००।००

१०८२।००।००	
१९७।२१।४८	
८८४।३८।१२	

अब इसमें सायन सूर्य के अग्रिम राशियों के उदय मान घटाना चाहिये।

सो यहां मिथुन का ३०४, कर्क का ३४२ घटाया तो शेष २३८।३८।१२ यह रहा। इस के आगे सिंह का उदय नहीं घटता, इस लिये सिंह ही अशुद्ध हुआ। यहां अशुद्ध का अर्थ गलत नहीं समझना, अर्थात् 'नहीं जो शुद्ध हो अर्थात् नहीं जो घट सके, वह अशुद्ध हुआ। अब याद के लिये सिंह के उदय के सामने 'अ' लिखिये।

अब शेष २३८।३८।१२ को तीससें गुणा किया इतने हुये ७१४०।११४०।३६० यहां साठ से जादे पल, विपल नहीं होते हैं, इसलिये तीसरे खण्ड को साठ से भाग देने पर लब्धि ६ को दूसरे में जोड़ा तो दूसरा खण्ड ११४६ हुआ, इसमें भी साठ से भाग दिया तो लब्धि १९ इतने को प्रथमखण्डमें जोड़ा, शेष ६ को यथा स्थान ही पर रखा, तो क्रम से ७१५९।६।०० इतने हुये। अब इसको अशुद्धोदय ३४५ से भाग दिया तो लब्धि २० आई, शेष बचा २५९, इसको साठ से गुणा किया और द्वितीय शेष ६ को जोड़ा तो १५५४६ इतने हुये, इसमें उसी अशुद्धोदय ३४५ से भाग दिया तो दूसरी लब्धि (४५) आई, शेष बचा २१ इसको फिर साठसे गुणा किया १२६० आगे तीसरे स्थानमें शेष नहीं है जो जोड़ेंगे, इसलिये १२६० इसीमें फिर अशुद्धोदय से भाग दिया तो तीसरी लब्धि ३, यहां अर्धाधिक ग्रहणसे लब्धि ४, अब क्रमसे सब

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लब्धियां २०।४५।०३ हुई, ये अंशादिक हैं, इसको शुद्ध राशि संख्या ४ में जोड़ने पर ४।२०।४५।४ इतने हुए, इसमें अयनांश २३।३८ घटाया तो निरयण लग्नमान राश्यादि हुआ।

४।२०।४५।०४
२३।३८।००
प्र० लग्नम् ३।२७।०७।०४

२३।३८।००
अव भुक्त प्रकारसे भी लग्नानयन दिखाता हूं— सू० ००।१२।५७।५०
१।०६।३५।५०

यहां भुक्तांश ६।३५।५० हुआ। इससे वृषके उदयमान २५३ को गुणा किया तो १५१८।८८५५।१२६५०, अन्तसे सठि आया तो १६६९।०५।५०, इसमें ३० से भाग देने पर लब्धि ५५।३८।१२ यह भुक्त पलादिक हुआ। यह शुद्ध है या नहीं, यह जांचके लिये भोग्य पलादिक १९७।२१।४८ जोड़ने पर २५३ वृष के सम्पूर्ण उदय मानके बराबर हुआ, इसलिये भुक्त पलादिक शुद्ध ही हैं। यहां इष्ट १८।०२ को साठमें घटाकर बांकी ४१।५८ इष्टकाल माना। इसको पलात्मक किया २५१८ इसमें भुक्त पलादिक को घटाया तो शेष २४६२।२१।४८ इसमें वृषसे पूर्व राशियों के उदयमानों को घटाया तो कन्या तक का २३५६ योग घट गया, सिंह नहीं घटा, इसलिये सिंह ही अशुद्ध हुआ। भुक्त भोग्य दोनों प्रकारसे एकही अशुद्धोदय होता है। यह ध्यान देना चाहिये। यदि भिन्न हो जाय तो गलत समझना।

अव यहां शेष बचा १०६।२१।४८, इसको तीस ३० से गुणा करने पर इतने हुए ३१८०।६३०।१४४० सठियाने पर ३१९०।५४।०० इतने हुए। 'इसको अशुद्धोदय ३४५ से भाग देने पर अंशादिक लब्धि ९।१४।५६ इतनी हुई, इसको अशुद्धराशि संख्या

५ में घटाया तो
५।००।००।००
९।१४।५६
४।२०।४५।०४

शेष ४।२०।४५।४ इसमें अयनांश २३।३८।.. घटाया तो शेष ३।२७।०७।४ यह प्रथम लग्न हुआ। इतने ही भोग्य प्रकार से सिद्ध हुआ। इसलिये प्रथम लग्न शुद्ध (ठीक) हुआ, यह विश्वास हुआ। जहां फरक पड़े, वहां गलत समझना, कौन गलत है ?, यह ठीक नहीं कह सकते, इसलिये बार बार बनाकर एक ही आवे, तब समझना शुद्ध है। एकही दफे लग्न बनाकर नहीं छोड़ना।

एक बात कहना आवश्यक रह गया है सो यह है कि "शेषं खत्र्याहतम्" अर्थात् इष्ट नाड़ी पल में जो भोग्यपल घटाकर शेष को तीस से गुणा करके बाद सठियाते हैं, वहां सिर्फ प्रथम स्थान ही को तीससे गुणा करे उसमें अगिले खण्ड का आधा जोड़ दे, यदि अगिले खण्ड विषम अङ्क हो तो वहां आधा करने

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पर पूर्णाङ्क ही पूर्व खण्डमें जोड़ना, शेष स्थान में ३० रखना। ऐसे तीसरे खण्ड का आधा उस द्वितीय स्थान के ३० में जोड़ना।

जैसे भुक्तांशसे स्वोदय को गुणाकर १८।१८।८८५५।१२६५० इसको सठियाकर १६६९।५।५० ऐसा बना है, यहां सिर्फ पहले स्थान १६६९ में ३० से भाग दिया तो प्रथम लब्धि ५५, शेष १९ को दूना किया ३८, इसमें त्रिंशद्भक्त द्वितीय शेष ५, कुछ भी नहीं हुआ, यदि कुछ होता तो ३८ में जोड़ देना यहां वैसे रहा। अब, द्वितीय शेष को दूना करके तृतीय शेष को तीस से भाग देने पर जो लब्धि अर्धाधिक लेकर २ हुई, सो उसमें जोड़ दिया तो १२ हुआ, अतः क्रमसे ५५।३८।१२ इतने बन गये। इसमें थोड़ा प्रयास है।

उदाहरण---देखिये ऊपर भुक्त प्रकार के लग्नानयनमें और इष्ट घडीकेपल २५१८ में भुक्तपलादि ५५।३८।१२ और मेषसे विलोम क्रमसे कन्या तक उदयमान का योग २३५६ घटानेसे जो शेष १०६।२१।४८ बचा, यहां तक उदयमान का योग २३५६ घटानेसे जो शेष १०६।२१।४८ बचा, यहां केवल १०६ इसीको ३० से गुणा किया ३१८० और मध्यखण्डके आधा १० जोड़ा तो ३१९० प्रथमखण्ड हुआ। दूसरा ३० हुआ, और अन्त्य खण्ड ४८ का आधा २४ उसमें जोड़ा तो द्वितीयखण्ड ५४ हुआ। तृतीयखण्ड ० हो गया, क्योंकि ४८ सम अंक था, इसलिये ठीक आधा २४ हो गया, यदि विषम होता जैसे ४९ होता, तो २४ को द्वितीय खण्डमें देना, तृतीय खण्डमें ३० रहता।

इन दोनों प्रकार की युक्ति—

प्रथमस्थानके शेषको साठसे गुणा करके द्वितीयस्थानकेशेषको जोड़ने पर तीससे भाग देना है तो द्वितीय लब्धि होती है, फिर द्वितीय शेषको साठसे गुणा करके तृतीय शेषको जोड़े और तीससे भाग दे तो तृतीय लब्धि होती है। यहां उक्तरीतिसे

$$\text{लब्धि} = \frac{\text{प्रशे } ६० + \text{द्विशे}}{३०} = २\,\text{प्रशे} + \frac{\text{द्विशे}}{३०}, \text{ तथा } \frac{६०\,\text{द्विशे} + \text{तृशे}}{३०} = २\text{द्विशे} + \frac{\text{तृशे}}{३०}$$

इससे प्रथमविधान उपपन्न हुआ।

अब भुक्तांश या भोग्यांश साधन में युक्ति दिखाता हूं—

जैसे शेष = घ। प। वि, इस को तीससे गुणा किया तो ३० शे = ३० घ ३० प।

$$३०\ \text{वि अन्तसे सठिआया तो } \frac{३०\ \text{शे}}{=} = ३०\,\text{घ} + \frac{३०\ \text{प}}{६०} + \frac{३०\ \text{वि}}{६०} = ३०\,\text{घ} + ५।$$

$$\frac{\text{विप}}{२} = ३०\,\text{घ} + \text{ल} + \frac{\text{पशे}}{२} + \text{ल} + \frac{\text{विशे}}{२}$$,इससे लिखी हुई वपत सिद्ध होगई। इति।

अब उतने ही १८। २ इष्टकालमें उसी सूर्य परसे लग्नानयन दिखाता हूं इसमें

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अन्तर यही कि पलभा भेदसे मिथिलाका उदयमान भिन्न है। जैसे मिथिला देशीय उदयमान का प्रमाण—

अष्टेन्दुपक्षाः शशिबाणपक्षा गुणाभ्ररामा गुणवेदरामाः।
शैलाब्धिरामा वसुरामरामाः क्रमोत्क्रमान्मेषतुलादिमानम्॥

इसके अनुसार मे०उ० = २१८, वृ०उ० = २५१, मि०उ० = ३०३, कर्क उ० = ३४३ सिंह उ० = ३४७, कन्याउ० = ३९८, तु०उ० = ३३८, वृश्चिकउ० = ३४७, ध०उ० = ३४३ म०उ० = ३०३, कु०उ० = २५१, मी०उ० = २१८,

अयनांश मिथिलादेशीय काशीसे भिन्न हैं—मिथिलादेशीय अयनांश साधन प्रकार—

शाकमेकाक्षिवेदोनं द्विः कृत्वा दशभिर्हरेत्।
लब्धं हीनं च तत्रैव सायनांशाः कलाः स्मृताः॥

अर्थ—जिस शाके में बनाना हो, उसमें ४२१ इतनेको घटाकर, दो जगह लिखना, एक स्थानमें दश से भाग देकर लब्धिको दूसरे स्थानमें घटाना, शेष तुल्य अयनांशकी कला होगी। उदाहरण—जैसे शाके १८६२ इसमें ४२१ घटाया, शेष १४४१ को दो जगह लिखा, फिर १४४१ इसमें दशसे भाग दिया तो १४४ लब्धि आई, शेष १ बचा इसको साठसे गुणा किया फिर दशसे भाग दिया तो लब्धि ६ आई, अतः सावयव लब्धि १४४।६ को प्रथम स्थानके १४४१ में घटाया १४४१।००।०० यह कलात्मक अयनांश, इस को प्रथमस्थान में साठसे भाग दिया तो १४४।०६ अंशादिक अयनांश २१°।३६'।५४' हुआ। लेकिन यह सौरवर्षादि का १२९६।५४।०० हुआ। अब इष्टदिन का कैसे साधन किया जाय? उसका प्रकार।

अर्को लवीकृतस्त्रिघ्नो नखाप्तो हि कला मताः।
ता वर्षाद्ययनांशैस्तु युक्ता इष्टदिने स्मृताः॥

अर्थ—इष्ट दिनके सूर्य का अंश बनाना, अर्थात् राशिको तीससे गुणा करके अंश जोड़े, उसको तीनसे गुणा करके २० से भाग दे, लब्धि कला, विकला अयनांश होगा, उसको शकादिके अयनांश में जोड़ना तो इष्ट दिन का अयनांश हो जायगा।

उदाहरण—यथा सूर्य ००।१२।५०।५७, यहां राशि शून्य ही है। इसलिये अंशादिक १२।५०।५७ यही हुआ, तीनसे गुणा किया ३६।१५०।१७१ सठिआया ३८।३२।५१, इसमें २० से भाग दिया तो लब्धि १'।५५"।२८‴।३३⁗ इसको शकादि के अयनांश २१°।३६'।५४' में यथा स्थानमें जोड़ने पर २१°।३६'।५५"।५५‴।२८⁗।३३ इसमें विकला पर्यन्त ही का गणितमें उपयोग होता है। इसलिये इष्टदिन का अयनांश २१°।३६'५५" हुआ। और देशों के अयनांश स्थूल हैं। सालभर स्वल्पान्तर से एक ही अयनांशसे काम चलाते हैं। जो कुछ,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अब मिथिला देशानुसार लग्नसाधन दिखाता हूँ—

सूर्य ०।१२।५७।५० इसमें अयनांश २१।२६।५५ जोड़ दिया १।४।२४।४५ यहां वृषराशि का ४।२४।४५ भुक्तांश हुआ। इसको तीसमें घटानेसे भोग्यांश यहां वृषराशि का ४।२४।४५ भुक्तांश हुआ। इसको तीसमें घटानेसे भोग्यांश २५।२५।१५ इससे वृषमें उदयमान २५१ को गुणा किया ६२२५।६९७५।३७६५ सठिआया ६३९७।१७।४५, इसमें तीस से भाग दिया तो लब्धि—भोग्यपलादिक आई २१३।०४।३५ इसको इष्ट नाड़ी पल १०८२ में घटाया, शेष ८६८।५५।२५ इसमें मिथुन ३०२ कर्क ३४३ के उदयमानों ६४३ को घटाया तो बाकी बचा २२२।५५।२५, इसको तीस से गुणा कर सठिया करके हुआ ६६८७।४२।३० इसमें अशुद्ध सिंहके उदय ३४७ से भाग देने पर लब्धि ०।१९।१६।२२ इसको शुद्धराशि संख्या ४ में जोड़ा तो ४।१९।१६।२२ इसमें अयनांश २१।६६।५५ को घटाया बाकी प्रथम लग्न हुआ ६।२७।२९।२७।।

उदाहरण—सूर्य ००।१३।४०।४० अयनांश २३।२८ इष्ट ०२।१० यहां सूर्य ००।१३°।४०'।४०" में अयनांश २३°।२८' जोड़ा १।७।१८।४० अंशादि ७।१८।४० को ३० तीसमें घटाया तो भोग्यांश ०।२२।४१।२०, यहां सायन सूर्यको वृषराशिमें रहनेसे वृषके उदयमान को तीन स्थान में रखकर भोग्यांशके २२।४१।२० तीनों खण्डोंसे गुणा करने पर ५५६६।१०३७३।५०६० अन्तसे सठियानेसे ५७४०।१७।२० तीससे भाग देने पर १९१।२०।३४ यह भोग्य पल हुआ।

मे० उ० २२१ मी०	
वृष० उ० २५३ कु०	

इसको इष्ट नाड़ीपल १३० में घटाने को जाता तो घटता ही नहीं। क्योंकि १९१ इससे १३० यह थोड़ा है इस लिये यहां "भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत्।" यह क्रिया नहीं लगती है, इस हालतमें 'भुक्तंभोग्यंस्वेष्टकालान्न शुद्धयेत्" इस श्लोक का अवसर आया।

यहां इष्ट नाड़ीपल १३० को ३० से गुणा किया ३९०० इसमें वृषके उदय २५३ से भाग देने पर लब्धि १५°।२४।५४" यह लवादिक फलको सूर्यमें जोड़ा (००।१३°।४०'।४०")+१५°।२४'।५४"=००।२९।०५।६४ यह प्रथम लग्न हुआ। यह उदाहरण केवल यहां ही के लिये समझना।। सर्वत्रके लिये ३।२७।०७।०५ यह प्रथम लग्न लेना।। यहां लवादिक सूर्यको सायन सूर्यमें जोड़ घटाकर बाद अयनांश घटाकर लग्न बनाना यह गौरव है, इसलिये निरयण सूर्य हीमें इष्ट सम्बन्धी अंश भोग्य प्रकारमें जोड़ना। और भुक्तप्रकार सूर्यसें निरयण सूर्यमें घटाना तो लग्न हो जायगा। इति।।

अथ दशमलग्नसाधनमाह—

एवं लङ्कोदयैर्भुक्तं भोग्यं शोध्यं पलीकृतात् ॥ २३ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पूर्वपश्चान्नतादन्यत्प्राग्वत्तद्दशमं भवेत् ॥ २३½ ॥

प्रथमलग्नसाधने स्वोदयैः सायनार्कस्य भुक्तं भोग्यं च साधितम् , अत्र तु लङ्कोदयैर्भुक्तं भोग्यं साध्यम् । अत्रेष्टघटीस्थाने नतघटी ज्ञेया ततस्तत्काले सायनार्कस्येत्यादिना क्रिया कार्या, तदा दशमं लग्नं भवेत् (अर्थाद्यदि पूर्वान्त घटी, तथा भोग्यप्रकारेण, यदि च परनतघटी, तदा भुक्तप्रकारेणेति शेषः ॥ २३ ॥

अत्रोपपत्तिः—

इष्टकाले क्रान्तिवृत्तोर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तयोः सम्पातो दशमलग्नसंज्ञः । तत्र रव्युपरिगतध्रुवप्रोतवृत्तनाडीवृत्तयोः सम्पातान्निरक्षखमध्यावधि नाडीवृत्ते नतघटी, वा रव्युपरिगताहोरात्रवृत्ते रविकेन्द्राद्याम्योत्तरवृत्तावधिका नतघटी । अत्र याम्योत्तरवृत्तमेव क्षितिजं कल्प्यं, रविस्तु रविः । तत्रेष्टकालो नतघट्येव । यदि परनतं तद रविभोग्यप्रकारेण, यदि पूर्वनतं तदा रात्रिशेषेष्टकालवत् भुक्तप्रकारेण दशमलग्नं साध्यम् अत्र क्षितिजस्य ध्रुवप्रोतत्वान्निरक्षोदयमानात्तत्साधनम् । रवेर्भुक्तभोग्यासुसाधनवासना प्रथमलग्नवदेव—

भाषा—जैसे प्रथम लग्न साधन किया है, वैसे ही दशमलग्न भी, लेकिन स्वोदयके जगह यहां निरक्षोदय लेना चाहिये । इष्टघटीके जगह नतघटी लेनी चाहिये । यदि पूर्वनत हो तो भुक्तप्रकार से, परनत हो तो भोग्यप्रकार से क्रिया करनी चाहिये और सब प्रथमलग्नवत् ही विधि समझना । तब दशमलग्न होता है ॥ २३ ॥

उदाहरण—सूर्य०।१२।५७।५०। अयनांश २३।२८ जोड़ने पर सायनार्क १।६।३५।५० यहाँ भुक्तांश ६।३५।५०″ इसको ३० अंश में घटाने पर भोग्यांश २३।२४।१० हुआ । यहाँ निरक्षोदय का प्रयोजन होता है—इसलिए निरक्षोदयमान का प्रमाण 'लङ्कोदया विघटिका गजभानि गोङ्कदस्रास्त्रिपक्षदहनाः क्रमगोत्क्रमस्थाः ।' इसके अनुसार मेषादि राशियों के निरक्षोदयमान ।

मेष	२७८	मी०
वृष	२९९	कुं०
मि०	३२३	म०
कर्क	३२३	ध०
सिं०	२९९	वृ०
कन्या	२७८	तु०

यहाँ इष्टकाल नतघटी ही होती है । सो परनत ११७ इतना है । अब सायनार्क के राशि वृष है, इसलिए वृष के निरक्षोदय २९९ को अलग-अलग भोग्यांश २३।२४।१० खण्डों से गुणा किया, तो ६८७७।७१७६।२९९० इतने हुए । अब अन्त से सठि आया, तो ६९९७।२।५० हुए । इसको तीस से भाग देने पर पलादिक लब्धि २३३।१४।५१ इसको नतघटी के पलात्मक ११७ में घटाया, तो नहीं घटता, इसलिए यहाँ अब "तत्काले सायनार्कस्य" इस प्रकार से क्रिया नहीं बनती । इसलिए 'भुक्तं भोग्यं स्वेष्टकालान्न शुद्धयेत् त्रि-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शनिघ्नात्स्वोदयाप्तं लवाद्यम्। हीनं युक्तं भास्करे तत्तनुः स्याद्रात्रौ लग्नं भार्धयुक्ताद्रवेस्तु ॥" इस श्लोक के अनुसार क्रिया करनी पड़ेगी। यहां इष्टकाल ११७ को ३० से गुणा किया तो ३५१०, इसमें वृषके निरक्षोदय से भाग दिया तो, लब्धि ११।४४।२१ यह अंशादिक हुई, इसको यदि सायन सूर्य में जोड़ा तो १।१६।१९।६ इतने हुए, इसमें अयनांश २३।३८ को घटाया तो ००।१४।४२।११ हुआ। यहां सायन सूर्य में जोड़ने से पीछे अयनांश घटाना गौरव क्रिया होती है। इस लिये निरयण ही सूर्य ००।१२।५७।५० में उस अंशादिक लब्धि को जोड़ दिया तो सीधे ही दशमलग्न आगया ००।२४।४२।११ ॥ "भुक्तं भोग्यं" का यह भी उदाहरण हो गया ॥

दशम लग्न पर और कुछ ज्ञातव्य विषय लिखना आवश्यक है—यदि दिनार्ध के तुल्य इष्ट काल हो तो सूर्य समान ही दशम लग्न समझना। यदि मिश्रमान तुल्य इष्ट काल हो तो सूर्य में छै राशि जोड़ने से दशम लग्न, सूर्य के तुल्य चतुर्थ लग्न होता है।

यदि मिश्रमान के नजदीक पूर्व या पश्चात् इष्ट काल हो तो, चतुर्थ लग्न ही का साधन जल्दी होगा, उसमें छै राशि जोड़ने पर दशम लग्न होगा। मेषादि छै राशि में प्रथम लग्न होने से दशम लग्न से प्रथम लग्न तीन राशि से अधिक अन्तरित होता है। तुलादि छै राशि प्रथम लग्न होने से दशम लग्न से प्रथम लग्न तीन राशि के अन्दर में होता है। यह साधारणतया अन्दाजा शुद्धाशुद्ध समझने के लिये लिखा है।

सिर्फ सायन मेषादि, सायन तुलादि लग्न होने से लग्न से १ राशि पर धन भाव, २ राशि पर सहज भाव, ३ राशि पर चतुर्थ भाव, ऐसे एक-एक राशि अन्तर सब भावों का होगा। और समय में ऐसा नहीं। कोई २ ज्यौतिषी लग्नांश के समान ही सदा सब भावों को माना है, यह गोल युक्ति से बहिर्भूत मालूम पड़ता है।

यदि नत काल विना ही दशम लग्न साधन करना इष्ट हो तो प्रथम लग्न में छै राशि जोड़ कर सप्तम लग्न जाना गया इसी को सूर्य मान कर दिनार्ध का साधन किया, उसी को इष्ट काल माना, सप्तम लग्न को ही सूर्य माना उस पर से और निरक्षोदय पर से क्रमलग्नानयन विधि से जो लग्न होगा वही दशम लग्न होगा॥ इसका श्लोक—सप्तमलग्नमिनं परिकल्प्यं साध्यं घस्रदलं तदिहेष्टम्।

व्यक्षोदयवशतो यल्लग्नं भोग्याद् वेद्यं तद्दशमाङ्गम् ॥

अथवा—लग्नं प्रथमं सूर्यं मत्वा रजनीदलमिह साध्यं विज्ञैः।

तत्तुल्येष्टे व्यक्षौ भुक्तैराद्यं लग्नं यद्दशमं तत् ॥ इति।

या प्रथम लग्न ही को सूर्य मान कर उस पर से चर साधन कर रात्रिमान बनाना,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उसके आधे को ही इष्ट काल मान कर भुक्त प्रकार से जो निरक्षोदय पर से प्रथम लग्न होगा, वही दशम लग्न होगा।

अथ ससन्धिशेषभावानयनमाह—

सषड्भे लग्नखे जाया तुर्यौ लग्नोनतुर्यतः ॥ २४ ॥
षष्ठांऽशयुक्तनुःसन्धिरग्रे षष्ठांशयोजनात् ।
त्रयः ससन्धयो भावाः षष्ठांशोनैकयुक्सुखात् ॥ २५ ॥
अग्रे त्रयः षडेवं ते भार्धयुक्ताः परेऽपि षट् ।
खेटे भावसमे पूर्णं फलं सन्धिसमे तु खम् ॥ २६ ॥

लग्नखे = प्रथमलग्न—दशमलग्ने, सषट्भे = षड्राशियुक्ते, तदा जायातुर्यौ = सप्तमचतुर्थभावौ भवतः। (अर्थात् लग्नं षड्राशियुक्तं सप्तमभावः। दशमलग्नं षड्राशियुक्तं तदा चतुर्थभावो भवति)। लग्नोनतुर्यतः = प्रथमलग्नहीनचतुर्थभावात् , षष्ठांशयुक् तनुः = लग्नशोधितचतुर्थभावस्य षष्ठांशेन युक्तं लग्नं, तनुःसन्धिः = लग्नसन्धिः स्यात। ततोऽग्रे षष्ठांशयोजनात ससन्धयः त्रयः = ससन्धिधनसहजसुखभावाः स्युः। अर्थात् लग्ने षष्ठांशयोजनेन लग्नसन्धिः। लग्नसन्धौ षष्ठांशयोजनेन धनभावः। धनभावे तत्षष्ठांशयोजनेन धनसन्धिः। धनसन्धौ तत्षष्ठांशयोजनेन सहजभावः। सहजे षष्ठांशयोजनेन सहजसन्धिः। सहजसन्धौ षष्ठांशयोजनेन सुखभावः। इति। अथ पञ्चमादिभावसाधनमुच्यते—षष्ठांशोनैकयुक्सुखात् = षष्ठांश एकराशौ विशोध्यः, शेषं यत्तेन युक् = युक्तं, सुखं = चतुर्थभावो यो भवति तस्मात , अग्रे = चतुर्थभावात्परे, त्रयः = चतुर्थपञ्चमषष्ठभावाः भवन्ति। एवं लग्नात् षड्भावाः सिद्ध्यन्ति। ते = षट् लग्नादिषष्ठान्तभावाः, भार्धयुक्ताः = षड्राशियुक्ताः, तदा परे = सप्तमादिद्वादशान्ताः, अपि षट् भावा जाताः। भावसमे = ग्रहे, पूर्णं जातकताजिकोक्तफलं समग्रं भवति। सन्धिसमे खेटे खं = शून्यं फलं भवतीति ॥ २४ ॥ २५ ॥ २६ ॥

अत्रोपपत्तिः—

द्वयोर्महद्वृत्तयोः सम्पातौ षड्भान्तरितौ भवत इति युक्त्या प्रथमलग्नात्सप्तमलग्नस्य। अस्तक्षितिजक्रान्तिवृत्तसम्पातरूपस्य षड्भान्तरितत्वात् प्रथमलग्नं सषड्भं सत्सप्तमलग्नं भवत्येवं दशमलग्नादूर्ध्वयाम्योत्तरक्रान्तिवृत्तसम्पातात् चतुर्थलग्नस्य (अधोयाम्योत्तरवृत्तक्रान्तिवृत्तसम्पातस्य षड्भान्तरितत्वाद्दशमलग्नं

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सषड्भं कृतं सच्चतुर्थलग्नं भवतीति बालगम्यमेव। अथ क्षितिजयाम्योत्तरवृत्ताभ्यां क्रान्तिवृत्तस्यासमा ये चत्वारः सम्पातास्ते प्रथमचतुर्थसप्तमदशमभावाः सर्वमतेन सिद्धा एव, तदन्तरालभावानयनार्थं प्राग्गर्भक्षितिजक्रान्तिवृत्तयोः सम्पातादधोयाम्योत्तरक्रान्तिवृत्तसम्पातावधिकचापस्य प्रथमलग्नचतुर्थलग्नान्तरस्य समास्त्रयो विभागाः कृताः सन्तः द्वितीयतृतीयचतुर्थभावास्तत्र सन्धेः सीमाज्ञानाय तदन्तरस्य षट् विभागाः कृताः। लग्ने षष्ठांशयोजनेन लग्नसन्ध्यवसानसीमा, तत्र षष्ठांशयोजनेन धनभावः। एवं स्पष्टम्, तत्र प्रथमलग्नात्सप्तमलग्नावधिं भार्धांशाः। चतुर्थलग्नाद्दशमलग्नावधि भार्धांशाः। तत्र चतुर्थलग्नसप्तमलग्नान्तरमितस्योभयनिष्ठचापखण्डस्य विशोधनेन प्रथमचतुर्थलग्नान्तरसमानमेव सप्तमदशमलग्नान्तरं सिद्धम्। तत्र प्रथमचतुर्थलग्नान्तरचापस्य समविभागत्रयतुल्या एव सप्तमदशमलग्नान्तरचापविभागा अतो 'भार्धयुक्ताः परेऽपि षट्।' इत्युक्तम्। यथा लग्नचतुर्थलग्नयोरन्तस्य समास्त्रयो विभागाः कृतास्तथैव चतुर्थसप्तमलग्नान्तरस्यापि चापस्य समास्त्रयो विभागाः पञ्चमषष्ठसप्तमभावा भवन्ति। तत्रापि भावानां सन्धिज्ञानाय तदन्तरस्य समाः षड्विभागाः कृता एकैकषष्ठांशयोजनेन सन्धयो भावाश्च भवेयुः। तत्र लग्नचतुर्थलग्नान्तरषष्ठांशज्ञानाच्चतुर्थसप्तमलग्नान्तरचापषष्ठांशज्ञानं क्रियते अत उपपन्नं सर्वम्, अथ प्रथमचतुर्थलग्नान्तरचापोनाः षड्राशयश्चतुर्थसप्तमलग्नान्तरचापा भवन्ति ६-(च—प्र) = स—च, अत्र पक्षौ षड्भिर्विभक्तौ तदा

$$१ - \frac{(च - प्र)}{६} = \frac{स - च}{६}$$, अतः षष्ठांशोनैक्युक्सुखादित्युक्तम्।

भाषा—लग्न में छै राशि जोड़नेसे सप्तमभाव होता है। दशम लग्न में छै राशि जोड़नेसे चतुर्थ भाव होता है। अब चतुर्थ भाव में लग्न को घटाकर शेषका षष्ठांश बनाना, उसको लग्नमें जोड़नेसे लग्नकी सन्धि हुई। उसमें फिर षष्ठांश जोड़नेसे धन भाव. धन भावमें वही षष्ठांश जोड़नेसे धनकी सन्धि बनी, फिर उसमें षष्ठांश जोड़नेसे सहजभाव बना, फिर उसमें षष्ठांश जोड़ने से सहजसन्धि होगी। फिर षष्ठांश जोड़नेसे चतुर्थ भाव हुआ। तनु धन सहज ये तीन भाव हुए। चतुर्थ भाव तो ज्ञात ही है।

अब उसी षष्ठांशको एक राशिमें घटाकर शेष को चतुर्थभावमें जोड़ा, तो चतुर्थभावकी सन्धि हुई, फिर उसमें वही शेषको जोड़ा तो पञ्चम (सुत) भाव हुआ। फिर उसमें वही शेषको जोड़ा पञ्चमभावकी सन्धि हुई। फिर उसमें शेषको

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जोड़ा तो षष्ठभाव हुआ। फिर उसमें वही शेषको जोड़ा, तो षष्ठभाव की सन्धि हुई। षष्ठभावकी सन्धि में उसको जोड़ा तो सप्तम भाव बना, यहां सप्तमतो ज्ञातही था, इसलिये ये ५।६।७ तीन भाव बने। यहां यदि शेष जोड़नेसे सप्तमभाव, पूर्वसिद्ध सप्तम के तुल्य हुआ तो ठीक है। नहीं तो अशुद्ध समझिये। तब फिरसे जोड़िये।

इस प्रकार ये छै भावोंमें छै छै राशियां जोड़नेसे शेष छै जाया मृत्यु धर्म कर्म आय व्यय ये भाव हो जायेंगे॥ २४–२६॥

उदाहरण--प्रथमलग्न ३।२७।७।४ इसमें छै राशि जोड़ा, तो सप्तम भाव ९।२७।७।४ हुआ, और दशमलग्न ००।२४।४२।११। में छै राशि जोड़ा तो चतुर्थ भाव ६।२४।४२।११ हुआ।

अब ३।२७।७।४ इस प्रथमलग्नको चतुर्थभाव ६।२४।४२।११ में घटाया तो शेष बचा २।२७।३५।७ इसका षष्ठांश ०।१४।३५।५१ शेष १ रहा,

लग्न	३।२७ ७ ४
जोड़नेसे लग्नसन्धि	४।११।४२।५५
फिर षष्ठांश जोड़नेसे धनभाव	४।२६।१८।४६
एवं षष्ठांश जोड़नेसे धन सन्धि	५।१०।५४।३७
एवं षष्ठांश जोड़ने से सहजभाव	५।२५।३०।२९

षष्ठांशका शेषमें अर्धाधिकग्रहणसे फिर षष्ठांश जोड़ने से सहजसन्धि ६।१०।६।२०

इसमें फिर षष्ठांश जोड़ने पर सुखभाव ६।२४।४२।११

यहां यह जोड़ा हुआ चतुर्थभाव गणितागत चतुर्थभावसे मिल गया, ठीक है। अब उस षष्ठांश ०।१४।३५।५१ को ३० अंशमें घटाया शेष ०।१५।२४।९ यहां एक विकला का षडंश ऋण शेष है, अतः चतुर्थ स्थानमें एक घट जायगा। अर्धाधिक नियमसे इस षष्ठांशको ।०।१५।२४।९

६।२४।४२।११

चतुर्थभावमें जोड़ा, तो सुखभाव की सन्धि हुई ७।१०। ६।२०

फिर उस शेष को जोड़ने से सुतभाव	७।२५।३०।२८
फिर उस शेष को जोड़ने से सुतसन्धि	८।१०।५४।३७
फिर उस शेष को जोड़ने पर रिपुभाव	८।२६।१८।४६
पुनः उस शेष को जोड़ने पर रिपुसन्धि	९।११।४२।५५
फिर उस शेष को जोड़ने पर जायाभाव	९।२७ ७।४

यह सषड्भ लग्न के समान हो गया, इसलिये गणित ठीक है। अब इन छै ससन्धि भावों में छै छै जोड़ने पर शेष छै भाव हो जायँगे।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इस प्रकार ससन्धिद्वादशभावचक्र—

तनु	३	२७	७	४	सन्धि	४	११	४२	५५
धन	४	२६	१८	४६	सन्धि	५	१०	५४	३७
सहज	५	२५	३०	२९	सन्धि	६	१०	६	२०
सुख	६	२४	४२	११	सन्धि	७	१०	६	२०
सुत	७	२५	३०	२८	सन्धि	८	१०	५४	३७
रिपु	८	२६	१८	४६	सन्धि	९	११	४२	५५
जाया	९	२७	७	४	सन्धि	१०	११	४२	५५
मृत्यु	१०	२६	१८	४६	सन्धि	११	१०	५४	३७
धर्म	११	२५	३०	२९	सन्धि	००	१०	६	२०
कर्म	००	२४	४२	११	सन्धि	१	१०	६	२०
आय	१	२५	३०	२८	सन्धि	२	१०	५४	३७
व्यय	२	२६	१८	४६	सन्धि	३	११	४२	५५

अथ भावकुण्डलीचक्रम् ।



Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाव कुण्डलीमें ग्रहनिवेशविचार पहले कुण्डली लिखकर उसमें तनु, धन, सहज, सुख, सुत, रिपु, जाया, मृत्यु, धर्म, कर्म, आय, व्यय ये द्वादश भावोंके नाम लिखकर विचारना कि कौन ग्रह किस खाने में होगा ?—

यथा सूर्य ००।१२।५७।५० है, तो देखिये धर्म भावकी सन्धि ००।१०।६।२० इससे सूर्य अधिक है, और कर्म भाव ००।२४।४२।११ से न्यून है, इसलिये कर्म भाव ही में पड़ा। चन्द्रमा ८।५।२९।२२ है, यहां यह सुत भाव से अधिक, सुतसन्धि से न्यून है, इसलिये सुतसन्धि में पड़ा।

अथ मङ्गल ११२२।१३।५३ है, यह भावचक्र देखनेसे कर्मसन्धि से आगे आय भावके अन्दर पड़ा, इसलिये आय भावमें मङ्गल हुआ।

बुध ११।२३।५९।०९ है, यह मृत्युके सन्धिसे आगे और धर्म भावके अन्दर पड़ा इसलिये धर्मभावमें बुध हुआ।

एवं गुरु ०।०।०२।४९।८ यह धर्म भावसे अधिक, तथा उसकी सन्धिसे न्यून है। इसलिये धर्मकी सन्धि में पड़ा।

शुक्र ०११२८।१९।१७ है, यह आय भाव से अधिक, आयभावकी सन्धि से न्यून है। इसलिये आयकी सन्धि में शुक्र पड़ा।

शनि ००।१०।५५।१२ है, यह धर्मकी सन्धिसे अधिक कर्म भावसे न्यून है। इसलिये कर्मभाव में पड़ा।

राहु ०६।००।५।५० है, यह सहज भावसे अधिक, उसकी सन्धिसे न्यून है इसलिये सहजसन्धिमें लिखा।

केतु ००।००।५।५०, यह धर्मभावसे अधिक, उसकी सन्धिसे न्यून है, अतः सन्धिमें पड़ा। मुथहा ८।५।३४।१२ है, यह सुत सन्धिमें पड़ी॥ इति

अथ सूर्यस्य भुक्तमथवा भोग्यम् उक्तरीत्या चानीतं तद्यदीष्टकालघटीपलेभ्यो न शुद्ध्येत् तदा केनोपायेन लग्नसोधनं कर्तव्यमित्यत आह—

भुक्तं भोग्यं स्वेष्टकालान्न शुध्येत् त्रिश३०न्निघ्नात्स्वोदयाप्तं लवाद्यम्।
हीनं युक्तं भास्करे तत्तनुः स्याद्रात्रौ लग्नं भादूर्ध्वयुक्ताद्रवेस्तु ॥ २७ ॥

रवेः, भुक्तं=भुक्तासुमानं, भोग्यं = भोग्यासुमानं, यदि स्वेष्टकालान्न शुद्ध्येत् अर्थाद्रविभुक्तभोग्यमानादल्प इष्टकालो भवति, तदा त्रिंशन्निघ्नादिष्टकालात् स्वोदयेन = सायनरव्यधिष्ठितराशिस्वदेशीयोदयेन प्रथमलग्नानयने, दशमलग्नानयने तद्राशिनिरक्षोदयेन भक्तात्, यदाप्तं लब्धं तल्लवाद्यं फलं ज्ञेयं तद्भास्करे = सूर्ये हीनं युक्तं च कार्यम्, अर्थात् यदि भुक्तप्रकारेण कर्म कृतं, तदा भास्करे हीनं, भोग्यप्रकारेण कर्म कृतं तदा सूर्ये युक्तं कार्यं, व्ययनाशविधिरत्रापि विज्ञेयः। तदा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तनुः लग्नं स्यात् । रात्रौ यदि लग्नानयनमभीष्टं तदा सूर्योदयादिष्टसमयावधि-तदिष्टकालस्याधिकत्वाद्रवौ भार्द्धं संयोज्य ततः, तथा रात्रिगतेष्टघटीमिष्टघटीं मत्वा भोग्यप्रकारेणैव लग्नं सुखेन सिद्ध्यति । अथवा रात्रौ सूर्योदयाद्यातघटीं षष्टिशुद्धां कृत्वा शेषमितेष्टघटीसु भुक्तप्रकारेण लग्नज्ञानं भवतीति ॥ २७ ॥

अत्रोपपत्तिः—

प्रथमलग्नानयने पूर्वक्षितिजासन्नेऽध ऊर्ध्वं च सति सूर्ये, यदीष्टसमयादधिकं भुक्तं भोग्यं भवेदर्थात् प्राक्क्षितिजाधोवर्त्तिरविबिम्बकेन्द्रगताहोरात्रवृत्ते रविकेन्द्रं प्राक्क्षितिजान्तरालतुल्यरात्रिशेषेष्टकालादधिको रवेर्भुक्तकालस्तथा दशमलग्नानयने ऊर्ध्वयाम्योत्तरवृत्तासन्नस्थे रवौ सति नतकालादधिकं भुक्तं भोग्यं वा भवेत्तदा "भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत् । इष्टनाडीपलेभ्यश्च ।" इति क्रियाया अलग्नत्वात्—स्वल्पेष्टकालादेव त्रैराशिकेन लग्नरव्यन्तरांशज्ञानं कृतं यथा-यदि-सायनरव्यधिष्ठितराशिस्वोदयमानेन त्रिंशदंशाः लभ्यन्ते, तदेष्टकालेन क इति रविलग्नान्तरांशाः । तत्र राशिशेषेष्टकाले रवेर्लग्नाधिकत्वाद्रवौ शोध्याः । दिनगताल्पेष्टकाले-भोग्यप्रकारेण क्रियायाश्चलनात्तयोरन्तरांशाः सूर्ये युक्ताः सन्तः प्रथमलग्नांशाः । सूर्याल्लग्नस्याधिकत्वात् ।

रात्रौ लग्नं भार्धयुक्तादित्यस्य—

क्षितिजाधोभागप्रदेशवर्तिनि सूर्ये रव्युपरिगताहोरात्रवृत्ते रविगतध्रुवप्रोतवृत्ताधोयाम्योत्तरवृत्तान्तरालचापतुल्यनतघटय ऊर्ध्वयाम्योत्तरवृत्त—रविगतध्रुवप्रोतवृत्तयोरन्तरालेऽहोरात्रवृत्तेऽपि भवन्ति, समाना एव । तत्रास्तक्षितिजाद्यावद्घटिकाग्रे रविस्तत्तुल्यघटिकाग्रे एवोदयक्षितिजादूर्ध्वं सषड्भसूर्यः षड्भान्तरे तिष्ठति, तेन रात्रौ दिनमानाधिकेष्टकालाल्लग्नानयनस्य गौरवात्केवलरात्रिगतघटीतुल्ये एवेष्टकाले सषड्भसूर्याल्लाघवेन लग्नानयनमाचार्यैः कृतम् ।

अत्रापि भुक्तप्रकारेण, सूर्योदयादिगतेष्टघटीं षष्टितो विशोध्य शेषमितासु इष्टघटीषु लाघवेनैव लग्नानयनं भवितुमर्हति ।

भाषा—भुक्तं भोग्यं रवेस्त्यजेत् । इष्टनाडीपलेभ्यः'—इस क्रिया में यदि इष्टदण्ड से सूर्यका भुक्तकाल, भोग्यकाल अधिक हो तव इष्टदण्डमें वह नहीं घटेगा । वहांपर इष्टकाल ही को तीस से गुणाकर सायनसूर्यराशिके उदयमान से भागदे जो लब्ध हो, उसको भुक्तक्रियामें सूर्यमें घटावे, भोग्यक्रियामें सूर्यमें जोड़ देवे, तो लग्न हो जायगा ॥ २७॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ भावस्थग्रहफलम्—

खेटे सन्धिद्वयान्तःस्थे फलं तद्भावजं भवेत्।
हीनेऽधिके द्विसन्धिभ्यां भावे पूर्वापरे फलम् ॥ २८ ॥

सन्धिद्वयान्तःस्थे = पूर्वापरसन्धिमानयोर्मध्यस्थिते, ग्रहे सति, तद्भावजं फलं भवेत्। द्विसन्धिभ्यां = पूर्वापरसन्धिभ्यां, हीनेऽधिकेऽर्थात् पूर्वसन्धेरल्पे, वा परसन्धेरधिके ग्रहे सति पूर्वापरे भावे फलं भवेत्। अर्थादारम्भसन्धेरल्पे ग्रहे पूर्वभावफलं ददाति। विरामसन्धेरधिके ग्रहे सति अग्रिमभावे फलंददातीत्यर्थः ॥२८॥

अत्रोपपत्तिः—

पूर्वसन्धिमारभ्य परसन्ध्यन्तं भावमानमत एव सन्धिद्वयमध्ये स्थितस्य भावस्थत्वात्तद्भावफलदानार्हता ग्रहस्य। पूर्वसन्ध्यन्तात्पूर्वं पूर्वभावावयवत्वाद्यो ग्रहः आरम्भसन्धेरूनः सोऽवश्यं पूर्वभावस्थफलदाने समर्थः स्यात्। एवं विरामसन्धेरधिको ग्रहोऽग्रिमभावे वर्त्तते तेन तस्य ग्रहस्याग्रिमभावफलदानार्हत्वं स्फुटमेवेति।

भाषा—आरम्भसन्धि और विरामसन्धि के बीच में ग्रह को रहने से उस भाव का फल देता है। यदि आरम्भसन्धिसे ग्रह कम हो तो पूर्वभावका फल, या विरामसन्धि से अधिक ग्रह हो तो अगले भाव में रहने का फल देता है ॥ २८ ॥

उदाहरण—जैसे-यहां देखिये ससन्धि भाव चक्र को, सूर्य ०।१२।५७।५ है। यह आरम्भ सन्धि (धर्म भाव की सन्धि ०।१०।१०।००) से अधिक है, और विरामसन्धि (कर्मभाव की सन्धि १।१०।१०।००) से न्यून है, इस लिये ठीक २ कर्मभाव में रहने का जो फल है उसको देंगे। यहां शनि आय की सन्धि से न्यून है इस लिये आय भाव का फल देंगे, ऐसे ही बुध मृत्युभाव के सन्धि से अधिक है, इस लिये धर्मभाव के फल देंगे।

अथ ग्रहाणां विंशोपकात्मकभावफलमाह—

ग्रहसन्ध्यन्तरं कार्यं विंशत्या २० गुणितं भजेत्।
भावसन्ध्यन्तरेणाप्तं फलं विंशोपकाः स्मृताः ॥ २९ ॥

ग्रहसन्ध्यन्तरं, ग्रहो यस्य सन्धेरासन्नवर्ती तस्य सन्धेर्ग्रहस्य चान्तरं कार्यं, विंशत्या गुणितं, भावसन्ध्यन्तरेण भजेत्, आप्तं = लब्धं, फलं विंशोपकाः स्मृताः कथिताः ॥ २९ ॥

अत्रोपपत्तिः—

भावस्थे पूर्णं फलं विंशतिसमं स्वीकृतं, सन्धिस्थे ग्रहे फलं शून्यमतोऽवा-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

न्तरस्थिते ग्रहे तत्फलप्रमाणज्ञानाय त्रैराशिकम्-भावसन्ध्यन्तरेण विंशतिसमं पूर्णफलं तदा ग्रहसन्ध्यन्तरेण किमित्येवमिष्टफलम् $= \frac{२० \times (\text{गु} = \text{सं})}{\text{भा० स० अं०}}$ =विंशोपकफलम् ।

भाषा—ग्रह और आसन्नवर्ती सन्धि का अन्तर करके, बीस से गुणा करे भाव-सन्धि के अन्तर से भाग दे, लब्धि विंशोपक फल होगा ॥ २९ ॥

उदाहरण—सूर्य ००।१२।५७।५०, तथा इनके आसन्न सन्धि ००।१०।६।२० इन दोनों के अन्तर ००।२।५१।३० इसको बीस से गुणा किया ००।४०।१०२०।६०० अन्त से सठियाने से ०।५७।१०।०० इतना हुआ, इसकी एक जाति किया तो २०५८०० यह भाज्य बना। अब भाव ००।२४।४२।११ और सन्धि ००।१०।६।२० इन दोनों का अन्तर ००।१४।३५।५१ इसकी एक जाति किया तो ५२५५१ हुआ, यह भाजक हुआ। अब भाज्य २०५८०० को भाजक ५२५५१ से भाग देने पर आयी लब्धि = ३।५४। यह रवि का भावविंशोपक फल हुआ। ऐसे ही सब ग्रहों के विंशोपक बनाना पूरा विंशोपक २० के समान होता है, इसलिये २० में लगभग ४ स्वल्पान्तर से आया तो यह न्यून विंशोपक हुआ। इसलिये रविका भावफल अत्यन्त साधारण होगा। पांच से अल्प निकृष्ट (हीन), ५-१० तक मध्यम, ११-१५ उत्तम, १६-१० उत्तमोत्तम समझना।

अथ राशिशद्रेष्काणेशानाह—

भौमोशनःसौम्यशशीनवित्सितारेज्यार्किमन्दाङ्गिरसो गृहेश्वराः ।
आद्याः कुजाद्या रवितोऽपि मध्यमाः सितात्तृतीयाः क्रियतो दृकाणपाः ३०

भौमोशनःसौम्यशशीनवित्सितारेज्यार्किमन्दाङ्गिरसः = मङ्गलशुक्रबुधचन्द्ररवि-बुधशुक्रमङ्गलबृहस्पतिशनिशनिबृहस्पतयः, ग्रहाः, क्रमेण, गृहेश्वराः = गृहाणां = मेषादिराशीनाम् , ईश्वराः = अधिपतयः स्युः । यथा मेषस्य भौमः, वृषस्य शुक्रः, मिथुनस्य बुधः, कर्कस्य चन्द्रमाः, सिंहस्य रविः, कन्याया वुधः, तुलायाः शुक्रः, वृश्चिकस्य कुजः, धनुषो गुरुः, मकरस्य शनिः, कुम्भस्य शनिः, मीनस्य गुरुः स्वामीति। अथ द्रेष्काणेशान् वर्णयति-तत्र राशित्रिभागो द्रेष्काण उच्यते, यथा राशौ त्रिंशदंशाः भवन्ति, तेषां समत्रिभागो दश दशांशाः एकैकद्रेष्काणः। तत्रैकमंशमारभ्य दशांशान् यावत् प्रथमद्रेष्काणः, एकादशांशतो विंशत्यंशावधि द्वितीयो द्रेष्काणः। एकविंशतिभागादितस्त्रिंशदंशावधि तृतीयो द्रेष्काणः। एवं सर्वेषु राशिषु। तत्र क्रियतः = मेषतः, (मेषमारभ्य मीनान्तावधि द्वादशराशीनां)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आद्याः प्रथमद्रेष्काणेशाः, कुजाद्याः=मङ्गलबुधगुरुसितशनिरविचन्द्रेतिक्रमगता भवन्ति । रवितः = रविमारभ्य, ततः = रविचन्द्रकुजबुधगुरुशुक्रशनीतिक्रमगणिता-ग्रहाः । मध्यमाः=द्वितीयद्रेष्काणेशाः । सितात् = शुक्रात्, शुक्रमारभ्य ततः (शुक्रशनिरविचन्द्रकुजेतिक्रमगता ग्रहाः । तृतीयाः=तृतीयद्रेष्काणेशा भवन्तीति ॥ ३० ॥

यथा राशिस्वामिचक्रम् ।

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
राशीशाः	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.

इदमेवात्र पञ्चवर्गीयबलसाधनाय ग्राह्यम्, पञ्चमनवमैः सहेन्द्राद्या इत्यादिका नेति स्मर्त्तव्यम । द्वादशवर्गीयबलसाधने पञ्चमनवमैः सहेन्द्राद्या इति मतमङ्गीकृतमिति ॥

अथ द्रेष्काणचक्रम् ।

राशयः	मे.	वृष	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
प्र. द्रे. स्वा. १-१०	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	सू.	च.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
द्वि. द्रे. स्वा. ११-२०	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.
तृ. द्रे. स्वा. २१-३०	शु.	श.	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	सू.	चं.	मं.

अत्रोपपत्तिः—

'राजानौ रविशीतगू क्षितिसुतो नेता कुमारो बुधः, सूरिर्दानवपूजितश्च सचिवौ प्रेष्यः सहस्रांशुजः ।' इति प्राचीनकल्पननियमेन राशिषु दुर्दण्डौ कर्कसिंहौ जलचरवनचरौ तेन राज्ञोरधिकारप्राप्तौ, तत्रापि जलचरत्वात् कर्कस्य चन्द्रोऽधिपतिः । सिंहस्य सूर्यः । तत्र कर्कतः प्राग्भगणार्धाधिकारी चन्द्रः । सिंहात् तत्परभगणार्धाधिकारी सूर्यः । अथ राज्ञोऽनन्तरं राजकुमारस्यावसरस्तेन बुधाय चन्द्रो मिथुनं, रविः कन्यां दत्तवान्, ततो मन्त्रिणोरवसरः । अत एव शुक्राय राजनीतिनिपुणतराय रविस्तुलां चन्द्रो वृषं ददौ, ततोऽवसरो नेतुः, तेन कुजाय रविर्वृश्चिकं, चन्द्रो मेषं, ददौ । ततोऽवसरः किङ्करस्य शनेरतस्तस्मै रविर्मकरं, चन्द्रः कुम्भं ददौ ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एवं कुजाद्या द्विद्विराशिस्वामिनः । रविचन्द्रावेकैकराशिपती जातौ । अत्रत्योद्रेष्काणस्वामिनियमो जातकग्रन्थनियमाद्भिन्न एवास्ति जातकेतु 'पञ्चमनवमैः सहेन्द्राद्याः ।' तथा बृहज्जातके 'द्रेष्काणपाः स्वेषुनवर्क्षनाथाः ।' इत्येवमन्यत्रापि वर्त्तते । तत्र प्रत्येकराशौ द्वादशराशेस्तृतीयांशरूपं राशिचतुष्कत्रयं स्वीकृतं, तत्र प्रथमचतुष्कस्य प्रथमराशीशः । द्वितीयचतुष्कस्य पञ्चमाद्यष्टमावधिकस्य पञ्चमराशीशः । तृतीयचतुष्कस्य नवमादिद्वादशान्तस्य नवमराशीशः स्वामीति स्पष्टम् । ताजिकद्रेष्काणेशयुक्तिरुक्ताद्भिन्नाऽस्ति ।

भाषा—मेष से क्रम से बारहो राशियों के मंगल, शुक्र बुध चन्द्रमा सूर्य बुध शुक्र मङ्गल, बृहस्पति शनि शनि बृहस्पति ये स्वामी होते हैं। जैसे मेष का मंगल वृष का शुक्र, मिथुन का बुध, कर्क का चन्द्रमा, सिंह का सूर्य, कन्या, का बुध, तुला का शुक्र, वृश्चिक का मङ्गल, धनु का गुरु, मकर और कुम्भ का शनि मीन का बृहस्पति स्वामी हैं।

हरेक राशि में तीस अंश होते हैं। उसका तीन विभाग करने से दश दश विभाग करने से दश विभाग का एक २ द्रेष्काण कहलाता है, वहाँ मेष से बारहो राशियों के प्रथम द्रेष्काणों के स्वामी मंगल से लेकर मंगल बुध, बृहस्पति शुक्र इस क्रम से होते हैं। द्वितीय द्रेष्काणों के स्वामी सुर्य से लेकर जैसे सूर्य चन्द्र कुज बुध इस क्रम से, तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी शुक्र से लेकर जैसे सूर्य चन्द्र कुज बुध इस क्रम से, तृतीय द्रेष्काणों के स्वामी शुक्र से लेकर जैसे शुक्र, शनि रवि चन्द्र इस क्रम से होते हैं। यह नियम जान के नियम से भिन्न है ॥ ३० ॥

अथ ग्रहाणामुच्चनीचान्याह—

सूर्यादितुङ्गर्क्षमजोक्षनक्रकन्याकुलीरान्त्यतुला लवैः स्युः ।
दिग्भिर्गुणैरष्टयमैः शरैकैर्भूतैर्भसंख्यैर्नखसम्मितैश्च ॥ ३१ ॥

अजोक्षनक्रकन्याकुलीरान्त्यतुलाः = मेषवृषमकरकन्याकर्कमीनतुलाः राशयः, दिग्भिः १० गुणैः, ३ अष्टयमैः २८, शरैकैः १५, भूतैः ५, भसंख्यैः २७, नखसम्मितैः २० लवैः, सूर्यादितुङ्गर्क्ष = सूर्यादिग्रहाणामुच्चस्थानानि स्युः । यथा सूर्यस्य मेषदशमेंऽशे, चन्द्रस्य वृषत्रिमितेंऽशे, कुजस्य मकराष्टाविंशतितमभागे, बुधस्य कन्यार्धे, गुरोः कर्कपञ्चमेंऽशे, शुक्रस्य मीनसप्तविंशतितमेंऽशे, शनेस्तुलाविंशतितमेंऽशे उच्चस्थानमार्षोक्तम् । न तु वर्त्तमानकालिकम् उच्चस्य चलितत्वाद्यथा सूर्यस्य मिथुनाष्टादशभासेऽस्त्युच्चमेवमन्येषाम् ॥ ३१ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथोच्चनीचचक्रम् ।

ग्रहाः	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
उच्च-राशयः	००	१	९	५	३	११	६
अंशाः	१०	३	२८	१५	५	२७	२०
नीच राशयः	६	७	३	११	९	०५	००
अंशाः	१०	३	२८	१५	५	२७	२०

भाषा—मेषके दश अंशमें सूर्यका, वृषके ३ अंशमें चन्द्रमाका, मकरके २८ अंशमें मङ्गलका, कन्याके १५ अंशमें बुधका, कर्कके ५ अंशमें बृहस्पतिका, मीनके २७ अंश में शुक्रका, तुलाके २० अंशमें शनिका उच्च है ॥ ३१ ॥

अथ ग्रहाणां नीचस्थानमुच्चबलानयनं नवांशस्वामिनश्चाह—

तत्सप्तमं नीचमनेन हीनो ग्रहोऽधिकश्चेद्रसभाद्विशोध्यः ।
चक्रात्तदंशाङ्कलवो बलं स्यात् क्रियेणतौलीन्दुभतो नवांशकाः ॥ ३२ ॥

तत्सप्तमं = उच्चात्सप्तमं, ग्रहाणां नीचं स्यात् । अनेन = नीचेन, हीनः=वर्जितः, ग्रहः, यदि रसभात् = षड्राशितः, अधिकः = राशिस्थाने षडङ्काद्विशेषः, स्यात् तदा चक्रात् = द्वादशराशिभ्यः, विशोध्यः = वर्जितः, कार्यः । तदंशाङ्कलवः = तदन्तस्य येंऽशास्तेषामङ्कलवो नवमांशः कार्यः, तदुच्चबलं स्यात् । मेषादिद्वादश-राशीनां त्रिरावृत्त्या क्रियेणतौलीन्दुभतः = मेषमकरतुलकर्केति राशिचतुष्टयस्य पौनः-पुन्येन क्रमतो नवांशा भवन्ति ॥ ३२ ॥

तत्रोच्चबलसाधनोपपत्तिः—

उच्चस्थिते ग्रहे पूर्णं बलं विंशतिः, नीचस्थिते ग्रहे बलं शून्यम् । उच्चनी-चान्तरं राशिषट्कम् । भचक्रे उच्चान्नीचस्य षड्भान्तरितत्वात् । अथेष्टस्थाने स्थितस्य ग्रहस्य बलमानीयते त्रैराशिकेन = उच्चस्थाने स्थितस्य ग्रहस्य नीचेन सह सिद्धेन भार्धांशेन यदि विंशतिर्बलं तदेष्टस्थलस्थितस्य ग्रहस्य नीचेन सह कृतेना-न्तरेण किमिति इष्टस्थलीयबलम् = $\frac{२० (ग्र — नी)}{१८०} = \frac{ग्र - नी}{९}$, इति सिद्धम् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नवांशक्रमोपपत्तिः—

एकराशौ नव नवांशा द्वादशराशौ त्वष्टोत्तरशतं नवांशास्तत्र मेषे मेषादितो नवांशा इत्यत्र स्पष्टैव युक्तिः। भचक्रादौ भचक्रादिनवांशादर्निवेशात्। तत्र मेषराशौ नवसु नवांशेषु मेषादिनवराशयो निवेशिताः सन्तो धनुःपर्यन्तराशयः सिद्धाः। अथ वृषप्रथमनवांशे मकरराशिरेव प्राप्तः। ततो वृषस्य नवसु खण्डेषु मकरादिनव स्थापिता राशयस्तदा वृषान्ते कन्याराशिनवांशः। ततो मिथुनस्य प्रथमनवांशे तुला एवोरनिवेशिता दृश्यते, मिथुनान्तिमनवांशे मिथुननवांश एवातः कर्कादिनवांशे कर्क एव पगतः, तेन नवांशक्रमो युक्तियुक्त एवेति, एवं शेषेषु पौनः-पुन्येन निवेशाद्वासना स्पष्टेति।

भाषा—अपने अपने उच्चसे सातमें राश्यंशमें ग्रहोंके नीच होते हैं। जैसे सूर्यका उच्च मेषके दश अंशमें है, उसमें छः राशि जोड़नेसे तुलाके दश अंशमें सूर्यका नीच होता है। ऐसे सब ग्रहों का समझना। अब उच्च बल बनाते हैं—

जिस ग्रहका उच्च बल बनाना हो, उसके नीचको उस ग्रहके राश्यंशमें घटाना, शेष यदि छःराशिसे अधिक हो तो शेषको बारह राशिमें घटाना, उसका अंश बनाना अर्थात् राशि स्थानको तीससे गुणाकर आगेके अंशको जोड़ना तो अंशादि हो जायगा। अब इसको नौ से भाग देने पर लब्धि उस ग्रहका उच्च बल होता है।

यहाँ विशेष बात यह है कि शेष छः राशिसे अधिक होनेसे बारहमें घटाना यह जो आचार्य का कथन है वह गौरवात्मक है।

वस्तुतः नीच, और ग्रह इन दोनोंमें जिसको जिसमें घटानेसे थोड़ा अनन्तर हो उसीमें उसको घटाना, तब शेष छः राशि से थोड़ा ही होगा। दूसरी बार बारहमें घटाना नहीं पड़ेगा।

उदाहरण—देखिये सूर्य ००।१२।५७।५० है, उसका नीच ६।१० है, अब यहां नीच को सूर्यमें घटाना है किन्तु सूर्य के राशि स्थान शून्य है वहाँ बारह समझना, तब सूर्यमें नीच को घटाया तो ०६।०२।५७।५० हुआ शेष, यह छः राशिसे अधिक है इसलिये फिर बारह राशि में घटाया तो शेष ०५।२७।०२।१० इसका अंशादि १७७।०२।१० इसका नवमांश १९।४०।१४ रविका उच्च बल हुआ।

यहां यदि पहले ही नीचसे सूर्यको थोड़ा देखकर नीचहीमें सूर्यको घटाया तो शेष वह आगया ०५।२७।०२।१० जो बारहमें पूर्व शेषको घटाकर हुआ था।

और भी देखिये मङ्गल १।२२।१२।५४ है, उसका नीच ३।२८ है, यहां मङ्गलमें नीचको घटाने को जाते हैं, तो १ राशिमें ३ राशि नहीं घटता है, यहां १ में १२ जोड़ कर घटाया, तो ९।२४।१२।५४ हुआ, छः राशिसे अधिक है, अतः फिर १२ राशिमें

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

घटाया तो शेष २।०५।४६।०६ बचा, वहां यदि मङ्गल ही को उसके नीच ३।२८ में घटाते हैं, तो शेष २।५।४६।०६ वही आया, जो पूर्व शेषको बारहमें घटाकर हुआ था।

मेषादि राशियोंके क्रमसे मेष, मकर, तुला, कर्क इन राशियोंके तीन आवृत्तिसे नवांशा होती है। जैसे मेषकी नवांशा मेषहीसे, वृषकी नवांशा मकर से, मिथुन की नवांशा तुलासे, कर्ककी कर्कही से, फिर सिंहकी मेषसे, कन्याकी मकरसे, तुलाकी तुलासे, वृश्चिक की नवांशा कर्कसे, धनुकी नवांशा मेषसे, मकरकी नवांशा मकरसे, कुम्भकी नवांशा तुलासे, मीनकी कर्कसे होती है ॥ ३२ ॥

उदाहरण—यथा चन्द्रमा ८।०५।३९।३३ इसमें चन्द्रमाके नीच ७।०३, को घटाया, तो शेष १।०२।३९।३३ यहां राशिको तीससे गुणाकर २ अंश जोड़ा तो अंशादि ३२।३९।३३ इसमें ९ से भाग दिया लब्धि ३ शेष ५ को ६० से गुणाकरके ३९ जोड़ा ३३९ इसमें फिर ९ से भाग दिया तो लब्धि ३७ शेष ६ इसको ६० साठसे गुणा किया ३६०, विकला ३३ जोड़ा, तो ३९३, इसमें फिर ९ से भाग दिया तो लब्धि ४३, अब एकोपक्रमसे लब्धि ३।३७।४३ यह चन्द्रमाका उच्च बल हुआ, ऐसे सब ग्रहोंके उच्च बल बनाकर लिखता हूँ। सू० उ० ब० १९।४०।१४ च० उ० ब० ३।३७।४३, मं० उ० ब० ३।५८।४३, बु० उ० ब० ००।५९।५४, बृ० उ० ब० ९।४५।२७ शु०उ०ब० १३।११।११ श० उ० ब० १।००।२२ इसको पञ्चवर्गी चक्रमें लिखना ॥ इति

अथ नवांशबोधकं चक्रम् ।

खण्डानि	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
३।२'०	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	तु.	क.	प्र० नवांशः
६।४'०	वृ.	कुं.	वृ.	सि.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	द्वि० नवांशः
१०।०'०	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	क.	तृ० नवांशः
१३।२'०	क.	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	तु.	च० नवांशः
१६।४'०	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	प० नवांशः
२०।०'०	क.	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	ष० नवांशः
२३।२'०	तु.	क.	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	तु.	क.	मे.	म.	स० नवांशः
२६।·'०	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	वृ.	सिं.	वृ.	कुं.	अ० नवांशः
३०।०'०	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	ध.	क.	मि.	मी.	न० नवांशः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ षड्भिः श्लोकैर्मेषादिद्वादशराशिषु हद्देशानाह—

मेषेऽङ्गतर्काष्टशरेषुभागा जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम्।
वृषेऽष्टषण्णागशराऽनलांशाः शुक्रज्ञजीवार्किकुजेशहद्दाः॥ ३३॥
युग्मे षडङ्गेषुनगाङ्गभागाः सौम्यास्फुजिज्जीवकुजार्किहद्दाः।
कर्केऽद्रितर्काङ्गनगाब्धिभागाः कुजास्फुजिज्ज्ञेज्यशनैश्चराणाम्॥ ३४॥
सिंहेऽङ्गभूताद्रिरसाङ्गभागा देवेज्यशुक्रार्किबुधारहद्दाः।
स्त्रियां नगाशाब्धिनगाक्षिभागाः सौम्योशनोजीवकुजार्किनाथाः॥ ३५॥
तुले रसाष्टाद्रिनगाक्षिभागाः कोणज्ञजीवास्फुजिदारनाथाः।
कोटे नागाब्ध्यष्टशराङ्गभागा भौमास्फुजिज्ज्ञेज्यशनैश्चराणाम्॥ ३६॥
चापे रवीष्यम्बुधिपञ्चवेदा जीवास्फुजिज्ज्ञारशनैश्चराणाम्।
मृगे नगाद्र्यष्टयुगश्रुतीनां सौम्येज्यशुक्रार्किकुजेशहद्दाः॥ ३७॥
कुम्भे नगाङ्गाद्रिशरेषुभागाः शुक्रज्ञजीयारशनैश्चराणाम्।
मीनेऽर्कवेदानलनन्दपक्षाः सितेज्यसौम्यारशनैश्चराणाम्॥ ३८॥

मेषराशौ—आदितः षडंशावधि जीवः, ततः सप्तमांशाद् द्वादशभागावधि शुक्रः, त्रयोदशांशाद् विंशत्यंशपर्यन्तं बुधः, एकविंशांशा-त्पञ्चविंशत्यंशपर्यन्तं-कुजः, षड्विंशांशात्त्रिंशदंशावधि शनिर्हद्देशो भवतीति। एवं सर्वेषु राशिषु हद्देशा-ज्ञेयाः। हद्दापदं सीमाचरमबोधकम्। अत्र चक्रदर्शनेन झटिति हद्देशज्ञानं भवति॥ ३३॥ ३४॥ ३५॥ ३६॥ ३७॥ ३८॥

हद्देशचक्रम्।

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.
अंशाः	६	८	६	७	६	७	६	७	१२	७	७	१२
ग्रहाः	वृ.	शु.	बु.	मं.	वृ.	बु.	श.	मं.	वृ.	बु.	शु.	शु.
अंशाः	६	६	६	६	९	१०	८	४	५	७	६	४
ग्रहाः	शु.	बु.	शु.	शु.	शु.	शु.	बु.	शु.	शु.	वृ.	वृ.	वृ.
अंशाः	८	८	५	६	७	४	७	८	४	८	७	३
ग्रहाः	बु.	वृ.	वृ.	बु.	श.	वृ.	वृ.	बु.	बु.	श.	बु.	बु.
अंशाः	५	५	७	७	६	७	७	५	५	४	५	९
ग्रहाः	मं.	श.	मं.	मं.	बु.	मं.	श.	वृ.	मं.	श.	मं.	मं.
अंशाः	५	३	६	४	मं.	२	२	६	४	४	५	२
ग्रहाः	श.	मं.	श.	श.	६	श.	मं.	श.	श.	मं.	मं.	श.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—इस हद्देश-वर्णक श्लोकों के अर्थ चक्र देखने से ही जल्दी समझ पड़ता है, इसलिये चक्र ही समझाने के लिये कुछ लिखते हैं। जैसे मेष में १ से ६ अंश तक बृहस्पति हद्देश हैं। ७–१२ तक शुक्र, १३–२० तक बुध, २१–२५ तक मंगल, २५–३० तक शनि हद्देश हैं। ऐसे सब राशियों में चक्र देखकर समझना ॥ ३३ ॥ ३४ ॥ ॥ ३५ ॥ ३६ ॥ ३७ ॥ ३८ ॥

अथ पञ्चवर्गीयबलसाधनार्थं गृहोच्चादिबलविभागानाह—

त्रिंशत्स्वभे विंशतिरात्मतुङ्गे हद्देऽक्षचन्द्रा दशकं दृकाणे ।
मुसल्लहे पञ्चलवाः प्रदिष्टा विंशोपका वेदलवैः प्रकल्प्याः ॥ ३९ ॥

स्वभे = निजगृहे, त्रिंशत् = त्रिंशत्संख्यका अंशा बलम् । आत्मतुङ्गे = स्योच्चे स्थितस्य ग्रहस्य, विंशतिः = विंशत्यंशा बलं, हद्दे = स्वहद्दायां, अक्षचन्द्राः = पञ्चदश, अंशा बलम् । दृकाणे = स्वदृकाणे, दशकं = दशभागा बलम् । मुसल्लहे = स्वनवांशे, पञ्चलवाः = पञ्चमिता अंशा (बलम्) प्रदिष्टाः उक्ताः । एतेषां बलानां वेदलवैः = चतुर्थांशैः, विंशोपकाः = विंशत्यासन्नगता बलाङ्काः प्रकल्प्याः ॥ ३९ ॥

उपपत्तिः ।	स्वगृहे	=	३० अंशाः	अत्र पञ्चवर्गीयबलयोगाङ्काना-
	स्वोच्चे	=	२० अंशाः	मधिकत्त्वात्सर्वेषां ग्रहाणां बलसंख्या
	स्वहद्दायां	=	१५ अंशाः	
	स्वदृक्काणे	=	१० अंशाः	अङ्कलाघवार्थं - चतुर्भिर्भक्ताः कृताः ।
	स्वनवांशे	=	५ अंशाः	
	योगः	=	८०	इत्युपपन्नं सर्वम् ।

भाषा—अपने राशि (गृही) में ग्रह होने से तीस अंश बल, होता है। अपने उच्च में बीस अंश बल, अपनी हद्दा में पन्द्रह अंश, अपने दृक्काण में दश अंश, अपने नवांशा में पांच अंश बल, होता है। किसी ग्रह का गृह–उच्च हद्दा, दृक्काण, नवांश के बलों का योग कर चार से भाग दे लब्धि विंशोपक बल होगा॥३९॥

अथ ग्रहाणां स्वभवनादिभिन्नस्थलेषु बलमाह—

स्वस्वाधिकारोक्तबलं सुहृद्भे पादोनमर्धं समभेऽरिभेऽङ्घ्रिः ।
एवं समानीय बलं तदैक्ये वेदोद्धृते हीनबलः शरोनः ॥ ४० ॥

सुहृद्भे = मित्रगृहे, मित्रहद्दे, मित्रदृक्काणे, मित्रनवांशे, स्वस्वाधिकारोक्तबलं = स्वगृहस्वहद्दास्वद्रेक्काणस्वनवांशप्रोक्तबलम् , पादोनम् = स्वचतुर्थांशोनं,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवति। समभे=समग्रहगृहादौ, स्वगृहादिप्रोक्तबलमर्धं भवति। अरिभे=शत्रुगृहादौ, स्वगृहादिकथितबलमानं, अङ्घ्रिः=चतुर्थांशपरिमितं भवति। एवम् = अनया दिशा ग्रहाणां गृहादिबलं समानीय = चक्रे विलिख्य, तदैक्ये = तद्योगे, वेदोद्धृते=चतुर्भक्ते (सति) बलं भवति। अत्र शरोनः = पञ्चाल्पः, हीनबलः स्यात्। अर्थात् १६=२० = पूर्णबली। ११-१५ = बली। ६-१० = मध्यबली। १-५ = अल्पबली' अतएवोक्तं पुरस्तात्—

पञ्चाल्पो हीनवीर्यः स्यादधिको मध्य उच्यते।
दशाधिको बली प्रोक्तः पञ्चवर्गीबलं त्विदम्॥ ४०॥

अत्रोपपत्तिः—

अत्र स्वगृहापेक्षया मित्रभे स्वतन्त्रताऽल्पत्वात्पादोनं युक्तमेव, ततोऽपि समभे गुणाल्पत्वात्पादमितमेवेति युक्तं कल्पितं स्थानाधिकारबलम्। अत्र पूर्णबलस्य विंशतिसंख्यकत्वात्तच्चतुर्थांशाल्पबलादल्पबलो ग्रहो दुर्बलो भवति। $\frac{२०}{४} = ५$ अतः पञ्चाल्पो हीनवीर्य इत्याद्युक्तम्।

भाषा—अपने गृही, हद्दा, द्रेकाण, नवांशमें जो जो बल कहा गया है, वह सब मित्रके गृही, हद्दा, द्रेकाण, नवांशमें पौने होकर होता है। सम ग्रहके गृही आदि में आधा होता है। शत्रुके गृही आदिमें चौथाई होता है इस प्रकार सब स्थानों के बल ले आकर योग कर चारसे भाग देनेसे बल (विंशोपक बल) होता है। वह यदि पांच से थोड़ा होय तो ग्रह बलहीन होता है॥ ४०॥

स्वगृहे ३०।००	स्वहद्दायां १५।००	स्वद्रेकाणे १०।००	स्वनवांशे ५।००
मित्रगृहे २२।३०	मित्रहद्दे ११।१५	मित्रद्रेकाणे ७।३०	मित्रनवांशे ३।४५
गृहे १५।००	समहद्दे ७।३०	समद्रेकाणे ०५।००	समनवांशे २।३०
शत्रुगृहे ७।३०	शत्रुहद्दे ३।४५	शत्रुद्रेक्के २।४५	शत्रुनवांशे १।१५

स्वगृहे	उच्चे	हद्दे	द्रेकाणे	नवांशे
३०।००	२०।००	१५	१०	५

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ ताजिकमतेन मित्रसमशत्रुनिर्णयः—

अत्र नैसर्गिकं तात्कालिकं च मित्रादिलक्षणं नास्ति, किन्तु स्थानभेदेन मित्रादिलक्षणमुक्तं यथा—पश्यन् मित्रदृशा सुहृद्रिपुदृशा शत्रुः समस्त्वन्यथा ।' मित्रदृष्ट्या (३।५।९।११) एतत्समस्थानस्थितदृष्ट्या ग्रहो मित्रम् । अर्थाद्यस्माद्ग्रहाद्योग्रह एतदुक्तस्थानान्यतमस्थानस्थितः स तस्य मित्रमित्यर्थः । एवं रिपुदृशा (१ । ४ । ७ । १०) यो ग्रहो यस्मात् ग्रहाद्वर्त्तते स तस्य शत्रुः । अन्यथा मित्रशत्रुभिन्नः सम इति स्पष्टमत एवोक्तं केनापि—

"मित्रं त्रिकोणत्रिभवस्थितश्चेद्द्व्यर्यष्टरिष्फेषु समो ग्रहः स्यात् ।
केन्द्रेषु शत्रुः कथितो मुनीन्द्रैर्वर्षादिवेशे फलनिर्णयाय ॥" इति ।

भाषा—जैसे जातकों में मित्र सम शत्रु का निर्णय लिखा है । वैसे ताजिक ग्रन्थों में नहीं, यहां तो जिस ग्रह को जो ग्रह मित्र दृष्टि से देखता है, वह मित्र है, जो शत्रु दृष्टि से देखता हो, वह शत्रु होता है, इन दोनों से भिन्न ग्रह सम होते हैं । वहां ३ । ५ । ९ । ११ स्थानों में वर्त्तमान ग्रह मित्र दृष्टि से देखता है, इस लिये मित्र होता है । १।४।७।१० इतने स्थानों में स्थित ग्रह शत्रु दृष्टि से देखता है, इस लिये शत्रु होते हैं । इनसे भिन्न २।६।८।१२ स्थानों में स्थित ग्रह सम होते हैं । यह निर्णय सिर्फ ताजिक ग्रन्थ में वर्षेश निर्णयार्थ तथा फल विचारार्थ है ।

देखिये वर्ष कुण्डली को ?, यहां पहले स्थानवश से मित्र शत्रु चक्र है ।

उदाहरण—

मित्रस्थानानि	३	५	९	११
समस्थानानि	२	६	८	१२
शत्रुस्थानि	१	४	७	१०

वर्षाङ्गचक्रम्—



Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh .

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ ताजिकमतेन वर्त्तमानोदाहरणे मित्रसमशत्रुचक्रम् ।

ग्रहा	सूर्यः	चन्द्रः	कुजः	बुधः	गुरुः	भृगुः	शनिः
मित्राणि	चं.	सू. बृ. श.	बु.	मं. शु.	चं.	बु.	चं.
समाः	मं. बु. शु.	मं. शु.	सू. बृ. श. च.	सू. बृ. श.	मं. शु. बु.	सू. बृ. श. च.	मं. बु. शु.
शत्रवः	बृ. श.	बु.	शु.	चं.	सू. श.	मं.	सू. बृ.

यहां सूर्य के साथ बृहस्पति, शनि हैं। ये शत्रु हुए। दूसरे स्थान में मङ्गल, शुक्र ये सम हुए। नवम में चन्द्रमा हैं वह मित्र हुए। बारहवें स्थान में बुध है। वह सम हुए। अर्थात् सूर्य को ताजिकमतेन यहां केवल चन्द्रमा ही मित्र हुए। और बुध, कुज, शुक्र सम हुए। और गुरु, शनि शत्रु हुए। ऐसे ही चन्द्रमा से ४ चौथे में बुध शत्रु। पञ्चम में सूर्य, गुरु, शनि, मित्र। षष्ठ में कुज, शुक्र सम हुए। मङ्गल के साथ १ स्थान में शुक्र है, यह शत्रु, अष्टम में चन्द्रमा सम, एकादश में बुध मित्र, बारहवें में रवि, गुरु सम हुए। ऐसे ही और ग्रहों के भी मित्र सम शत्रु समझने चाहिये। यहां जो जो ग्रह एक स्थान में साथ बैठे हैं। उनके मित्र सम एक ही समझना, शत्रु में भी और ग्रह यथावत्। शिर्फ साथ के ग्रहों में परस्पर शत्रु समझना ॥ जैसे रवि का गुरु, गुरु का रवि ॥ इसी मित्र सम शत्रुसे कौन ग्रह मित्रके या समके या शत्रुके स्थान होरा आदिमें है, यह विचारना। तब तक पहले ग्रहोंके चतुर्वर्गेश्वर चक्र विचारना है।

ग्रहाः	सूर्यः	चन्द्रः	कुजः	बुधः	गुरुः	भृगुः	शनिः
गृहेशाः	मं.	बृ.	शु.	बृ.	मं.	शुक्र	मं.
हद्देशाः	बु.	बृ.	श.	मं.	बृ.	मं.	शु.
दृक्काणेशाः	सू.	बु.	श.	मं.	मं.	श.	सू.
नवांशेशाः	चं.	शु.	चं.	श.	मं.	बु.	चं.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यथा सूर्य ००।१२।५७।५० हैं। यहां मेष राशिमें होनेसे, सूर्य का गृहेश मङ्गल हुए। मेषके १२ अंश भोगकर १३वें अंशके ५७ कला भोग किया है, इस लिये मेषके १३वें अंश बुध की हद्दामें पड़ा, अतः सूर्य के हद्देश बुध हुए। और मेष के तेरह अंश दूसरा द्रेष्काण हुआ, उसका स्वामी सूर्य स्वयं हुए। और १३ अंश चतुर्थ नवांश खण्ड में पड़ा मेष में मेषहीसे नवांशगणना होती है, इसलिये मेषसे चतुर्थ कर्कराशि, उसका स्वामी चन्द्रमा नवांशेश (मुसल्लहेश) हुए। ऐसे और ग्रहोंके भी विचार कर ऊर्ध्वलिखित चक्रके कोष्ठ को भरें।

अब विचारना है कि कौन ग्रह मित्रक्षेत्रादिमें पड़ा इत्यादि। सो यहां सूर्य मङ्गलके घरमें पड़ा, मङ्गल उनको सम है, अतः गृहेश सम हुआ। सूर्यका हद्देश बुध हैं, वह उनका सम हैं, अतः सूर्यका हद्देश भी समही हुआ। सूर्यका द्रेष्काणेश सूर्य ही, अतः स्वद्रेष्काणमें सूर्य पड़े। सूर्यका नवांशेश चन्द्रमा हैं, वह सूर्यका मित्र हैं, अतः सूर्यका नवांशेश मित्र हुआ। ऐसेही और ग्रहोंके विचार कर अधोलिखित चक्र लिखे।

ग्रहाः	सूर्यः	चन्द्रः	कुजः	बुधः	गुरुः	भृगुः	शनिः
गृहेशसम्बन्धः	सम	मित्र	शत्रु	सम	सम	स्वभ	सम
हद्देशसं०	सम	मित्र	सम	मित्र	निज	शत्रु	सम
दृक्काणेशसं०	निज	शत्रु	सम	मित्र	सम	सम	शत्रु
नवांशेशसं०	मित्र	सम	सम	सम	सम	मित्र	मित्र

अब 'त्रिंशत् स्वभे विंशतिरात्मतुङ्गे' इत्यादि, तथा "स्वस्वाधिकारोक्तबलं सुहृद्भे" इत्यादि श्लोक के सहायतासे यहां समगृही का बल $\frac{३०}{२}$ = १५।००, समहद्दा का बल $\frac{१५}{२}$=७।३०'। स्वद्रेष्काण का बल '१०'। ००'। मित्रनवांश का बल=३।४५' इतने हुए। ऐसेही सब ग्रहोंके विचार कर बलबोधक चक्र लिखना, यहां चतुर्वर्ग सम्बन्धी बल साधन हुआ है। उच्च बल ३२वें श्लोकमें साधन किया है। वह वहांसे लेना। तब चक्र ठीक हुआ।

तब एक२ ग्रह के गृह, उच्च, हद्दा, द्रेष्काण, नवांशों के बलों के योग कर 'सर्वबलयोगः।' छठे कोष्ठमें लिखना। उसके बाद योगबलका चतुर्थांश करके 'चतुर्भक्तबलम्'

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सातवें कोष्ठमें लिखना। यही बलबोधक संख्या होती है। देखिये नीचे के चक्र को।

अथ पञ्चवर्गीयबलबोधकं चक्रम्।

ग्रहाः	सूर्यः	चन्द्रः	कुजः	बुधः	गुरुः	भृगुः	शनिः
गृहबलम्	१५।००	२२।३०	७।३०	१५।००	१५।००	२०।००	१५।००
उच्चबलम्	१९।४०।१४	३।३७।४३	७।१८।२७	००।५९।५४	९।४५।२७	१३।११।११	०।१००।३२
हद्दाबलम्	७।३०	११।१५	७।३०	११।१५	१५।००	३।४५	०७।१५
द्रेक्काणबलम्	१०।००	२।३०	५।००	७।३०	५।००	५।००	२।३०
नवांशबलम्	३।४५	२।३०	२।३०	२।३०	२।३०	०३।४५	३।४५
सर्वबलयोगः	५५।५५ १४	४२।२२।४३	२९।४८।२७	३७।१४।५४	४७।१५।२७	५५।४१।११	२९।३०।३२
चतुर्भक्तबलम्	१३।५८।४८	१०।३५।४१	७।२७।७	०९।१८।४३	११।४८।५८	१३।५५।१८	०७।२२।३८
बलभेदाः	बली	बली	मध्यबली	मध्यबली	बली	बली	मध्यबली

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहां 'पञ्चाल्पो हीनवीर्यः स्यादधिको मध्य उच्यते। दशाधिको बली प्रोक्तः पञ्चवर्गी बलं त्विदम् ॥' इसके अनुसार कल्पित उदाहरणमें सू, चं. बृ. शु. ये चार बली हैं। और मं० बु० श० मध्यबली हैं। यहां हीन बल कोई नहीं है।

अथ द्वादशवर्गीयबलमाह—

क्षेत्रं होरात्र्यब्धिपञ्चाङ्गसप्तवस्वङ्काशेशार्कभागाः सुधीभिः।
विज्ञातव्या लग्नसंस्थाः शुभानां वर्गाः श्रेष्ठाः पापवर्गास्त्वनिष्टाः ॥४१॥

क्षेत्रं = राशिर्गृहमित्यर्थः। राशिक्षेत्रगृहर्क्षभानि भवनं चैकार्थसम्प्रत्यया इति वराहोक्तत्वात्। होरा=राश्यर्द्धम्। त्र्यब्धिपञ्चाङ्गसप्तवस्वङ्काशेशार्कभागाः=तृतीयांश-चतुर्थांशपञ्चमांशषष्ठांशसप्तमांशाष्टमांशनवमांशदशमांशैकादशांशद्वादशांशाः, लग्न-संस्थाः = लग्नादिभावगता ग्रहगता वा विज्ञातव्याः। तेषु शुभानां = शुभग्रहाणां, वर्गाः = गृहादयः, शुभाः = शुभफलजनकाः, पापानां=पापग्रहाणां, वर्गाः अनेष्टाः= अशुभफलजनकाः। इत्यर्थः।

अत्र शुभग्रहाः शुभग्रहवर्गेषु स्थिताः शुभफलं दिशन्ति। शुभग्रहाः पापग्रह-वर्गेषु स्थिताः मध्यमफलम्, पापग्रहाः शुभग्रहवर्गेषु स्थिता मध्यमफलम्, पाप-ग्रहाः पापग्रहवर्गेषु स्थिताः सर्वथाऽनिष्टफलं दिशन्ति ॥ ४१ ॥

भाषा—गृह, होरा, तृतीयांश, (द्रेष्काण), चतुर्थांश, पञ्चमांश, षष्ठांश, सप्तमांश, अष्टमांश, नवमांश, दशमांश, एकादशांश, द्वादशांश, इतने लग्न आदि भावों में तथा ग्रहोंमें भीसमझना। यहां शुभ ग्रहोंके वर्ग शुभ होते हैं, पाप ग्रहोंके वर्ग अनिष्ट फल देते हैं। यदि सकल वर्गेश शुभग्रह ही हों तो पूर्ण शुभ फल। यदि सकल वर्गेश अशुभ ग्रह ही हों तो पूर्ण अशुभ फल। यदि आधेसे अधिक शुभ वर्ग, तो शुभाधिक्य, आधेसे अधिक पापग्रह वर्ग हो तो अशुभाधिक। बराबर होनेसे न तो शुभ, न तो अशुभ, मामूली फल देते हैं ॥ ४१

अथ होरेशतृतीयांशेशचतुर्थांशेशानाह—

ओजे रवीन्द्वोः सम इन्दुरव्योर्होरे गृहार्धप्रमिते विचिन्त्ये।
द्रेक्काणपाः स्वेषुनवर्क्षनाथास्तुर्यांशपाः स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः ॥ ४२ ॥

ओजे = विषमराशौ, रवीन्द्वोः=सूर्यचन्द्रयोः, गृहार्धप्रमिते=राश्यर्धसंमिते, होरे विचिन्त्ये। अर्थात्, मेषमिथुनसिंहतुलाधनुःकुम्भा विषमराशयः, एतेषु १—१५ पर्यन्तं सूर्यस्य, १६-३० पर्यन्तं चन्द्रस्य होरेति। समे = समराशौ, वृषकर्क-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कन्यावृश्चिकमकरमीनाः समराशयस्तेषु इन्दुरव्योः = चन्द्रसूर्ययोः, होरे भवतः । स्वेषुनवर्क्षनाथाः = प्रथमपञ्चमनवमराशिपतयः, द्रेष्काणपाः = द्रेष्काणस्वामिनः, भवन्ति । अत्र राशेस्त्रिंशदंशात्मकस्य त्रिलवो दशांशरूपोद्रेष्काणः (यथा १-१० पर्यन्तं प्रथमो द्रेष्काणः । ११-२० पर्यन्तं द्वितीयो द्रेष्काणः । २१-३० पर्यन्तं तृतीयो द्रेष्काणः । तत्र यस्मिन्राशौ विचार इष्टस्तस्य पतिरेव प्रथमद्रेष्काणेशः, तद्राशेः पञ्चमराशीशो द्वितीयद्रेष्काणाधिपतिः । तद्राशेर्नवमराशीशस्तृतीयद्रेष्काणाधिपतिः । जातकग्रन्थनियमवदत्रापि एष नियमो वर्त्तते । एतद्भिन्नत्रिराशीशविचारः स एव वर्षेश्वरनिर्णये उपयुज्यते । अथ स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः = स्वराशितः प्रथमचतुर्थसप्तमदशमाधिपतयो, ग्रहाः चतुर्थांशेशा भवन्ति ॥ ४२ ॥

अत्रोपपत्तिः—

प्रथमं होरेशवासना—तत्र भचक्रेषु चतुर्विंशतिमिता होरा । तत्र राशयो विषमाः समाश्च । तत्रापि होराः, विषमविषमाः, विषमसमाः, समविषमाः समसमाः, एवं पुनः पुनरिति । तत्र यत्र विभागद्वयमेव तत्र राज्ञो रविचन्द्रयोरेवाधिकारः । तत्रापि पूर्वं सूर्यस्य प्रसङ्गोपस्थितेः विषमविषमेशः सूर्यः । विषमसमेशश्चन्द्रः । समराशौ प्रथमहोरा समविषमा यैव विषमसमा सैव समविषमाऽप्यत एव विषमे द्वितीयहोरेशश्चन्द्रः । समे द्वितीयहोरा समसमा तत्र पूर्वहोरायाश्चन्द्राधिपतिकत्वात् । शेषहोराया द्वितीयाया रविरेवेति स्पष्टम् । एवं शेषेष्वपि ।

अथ द्रेष्काणेशविचारे तु राशेस्त्रिभागो द्रेष्काण इति परिभाषया राश्युपरि राशिचक्रं निवेश्यते तदा प्रत्येकत्रिभागेषु राशिचतुष्टयपतनात् , प्रथमविभागे तद्राशिपतिः, द्वितीयविभागाधिपतिः पञ्चमराशिपतिः । तृतीयविभागपतिर्नवमराशिपतिस्तत्तद्राशितो ज्ञेयः ।

चतुर्थांशेशविचारे तु राश्युपरि राशिचक्रोपवेशनेन प्रथमचतुर्थांशपतिस्तद्राशीश एव । द्वितीयचतुर्थांशपतिश्चतुर्थराशीशः । तृतीयचतुर्थांशपतिस्तु सप्तमाधिपतिः । चतुर्थचतुर्थांशेशस्तु दशमाधिपतिः, त्रिभिस्त्रिभीराशिभिरेकैकचतुष्कत्वात् सर्वथा युक्तियुक्तमेव 'स्वर्क्षजकेन्द्रनाथा' इति ।

इष्टराशेर्नवमराशिपतिरेव तृतीयद्रेष्काणपतिरिति युक्तम् । एवं विभागेन चतुर्थांशेशयुक्तिः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्र होरेशचक्रम् ।

मेष		वृष		मिथुन		कर्क		सिंह		कन्या	
प्रहो	द्विहो	प्रहो	द्विहो	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.
सू.	चं.	चं.	सू.	सू.	चं.	चं.	सू.	सू.	चं.	चं.	सू.

तुला		वृश्चिक		धनुः		मकर		कुम्भ		मीन	
प्रहो	द्विहो	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.	प्र.	द्वि.
सू.	चं.	चं.	सू.	सू.	चं.	चं.	सू.	सू.	चं.	चं.	सू.

द्रेष्काणेशचक्रम् ।

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	ख.	राशयः
मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	१०	प्रथमद्रेष्केशाः
सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बृ.	मं.	२०	द्वि. द्रे. ईशाः
बृ.	श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	३०	तृ. द्रे. ईशाः

चतुर्थांशेशचक्रम् ।

मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	खण्डाः	राशयः
मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श	बृ.	७।३०	प्र० चतुर्थांशेशाः
चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बु.	१५।००	द्वि० चतुर्थांशेशाः
शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	२२।३०	तृ० चतुर्थांशेशाः
श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	३०।००	च० चतुर्थांशेशाः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—विषम राशियोंमें पहली होरा सूर्यकी, दूसरी चन्द्रमाकी, सम राशियों में पहली चन्द्रमाकी, दूसरी सूर्यकी होरा होती है। राशिका आधा अर्थात् १५ अंश की होरा होती है॥ अब द्रेष्काणेश कहते हैं। राशिके त्रिभागको द्रेष्काण कहते हैं। जैसे हर एक राशियोंमें तीस अंश, उसके तेहाई दश दश अंश हुए, ये द्रेष्काण कहलाते हैं। उसमें १–१० अंश तक प्रथम, ११–१२ द्वितीय, २१–३० तक तृतीय समझना। वहां जिस राशिमें विचार करते हैं, उसीका स्वामी ग्रह प्रथम द्रेष्काणेश, तथा उस राशिसे पञ्चम राशिके स्वामी द्वितीय द्रेष्काणका स्वामी, तथा उस राशि से नवमराशिके स्वामी तृतीय द्रेष्काणेश होता है॥ ४२॥

उदाहरण—जैसे मेषका प्रथमद्रेष्काणेश मङ्गल, द्वितीय द्रेष्काणेश सूर्य, तृतीय द्रेष्काणेश धनूराशीश (गुरु) होते हैं। वृष राशिमें प्रथम द्रेष्काणेश, वृषेश (शुक्र), द्वि० द्रे० पति, कन्येश (बुध), तृतीय द्रेष्काणेश मकरेश (शनि) होते हैं। ऐसे ही और राशियोंमें समझना।

अथवा लाघवार्थ चक्रमें देखकर समझना। लेकिन चक्र मात्र पर अवलम्बित रहनेसे विषयतत्त्व आदमी भूल जाते हैं। इस लिये दोनों समझना।

अब चतुर्थांशेश विचार लिखते हैं—

जिस राशिमें चतुर्थांश विचार करना हो, उसका स्वामी प्रथम चतुर्थांशेश, उसी राशिके चौथे राशिका स्वामी द्वितीय चतुर्थांशेश, उस राशिसे सप्तम राशिके स्वामी तृतीय चतुर्थांशेश, उस राशिसे दशमेश चतुर्थ चतुर्थांशेश होते हैं।

जैसे—मेषके प्रथम चतुर्थांशेश मङ्गल, द्वितीय चतुर्थांशेश चन्द्रमा, तृतीय चतुर्थांशेश शुक्र, चतुर्थ चतुर्थांशेश शनि, इस प्रकार सब राशियोंमें समझना। लाघवार्थ चक्र को देखना। यहां

(१) ७।३०
(२) १५।००
(३) २२।३०
(४) ३०।००

ऐसी खण्डायें समझनीं चाहिये।

अथ पञ्चमांशेशद्वादशांशेशानाह—

ओजर्क्षे पञ्चमांशेशा कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः।
समभे व्यत्ययाज्ज्ञेया द्वादशांशाः स्वभात्स्मृताः॥ ४३॥

ओजर्क्षे = विषमराशिसमुदाये, कुजार्कीज्यज्ञभार्गवाः = मङ्गलशनिगुरुबुधशुक्राः, पञ्चमांशेशाः, भवन्ति = समभे = समराशिसमुदाये, व्यत्ययात् = विलोमात, अर्थात् शुक्रबुधगुरुशनिमङ्गलाः पञ्चमांशेशा भवन्ति। अत्र प्रत्येकपञ्चमांशमानं षडंशाः॥ ४३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तत्र चक्रप्रदर्शनम् ।

समभे		विषमभे	
१–६	शु.	१–६	मं.
७–१२	बु.	७–१२	श.
१३–१८	बृ.	१३–१८	बृ.
१९–२४	श.	१९–२४	बु.
२५–३०	मं.	२५–३०	शु.

अथ द्वादशांशकथनम्—

स्वभात् = स्वराशेः सकाशात् द्वादशांशेशाः = सार्धद्व्यांशमितविभागेशाः स्मृताः = कथिताः । यथा मेषराशौ मेषात्, वृषराशौ वृषात्, मिथुने मिथुनादेवं क्रमेण, तत्र खण्डाप्रमाणानि ।

(१)	...	२।३०
(२)	...	५।००
(३)	...	७।३०
(४)	...	१०।००
(५)	...	१२।३०
(६)	...	१५।००
(७)	...	१७।३०
(८)	...	२०।००
(९)	...	२२।३०
(१०)	...	२५।००
(११)	...	२७।३०
(१२)	...	३०।००

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ द्वादशांशचक्रम् ।

राशयः	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	राशयः
२।३०	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	प्र. द्वादशांशेशाः
५।००	वृ.	मि	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	मे.	द्वि. द्वादशांशेशाः
७।३०	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	मे.	वृ.	
१०।००	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी	मे.	वृ.	मि.	
१२।३०	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	मे.	वृ.	मि	क.	
१५।००	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	
१७।३०	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	
२०।००	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी	मे.	वृ.	मि	क.	सिं	क.	तु.	
२२।३०	ध.	म.	कु.	मी.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	
२५।००	म.	कु.	मी.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	
२७।३०	कु.	मी	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	
३०।००	मी.	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	

भाषा—विषम राशियों में प्रथम पञ्चमांशेश मङ्गल, द्वितीय पञ्चमांशेश शनि, तृतीय पञ्चमांशेश बृहस्पति, चतुर्थ पञ्चमांशेश बुध, पञ्चम पञ्चमांशेश शुक्र होते हैं। सम राशियोंमें उत्क्रमसे जानना, जैसे प्रथम पञ्चमांशेश शुक्र, द्वितीय पञ्चमांशेश बुध, तृतीय पञ्चमांशेश गुरु, चतुर्थ पञ्चमांशेश शनि, पञ्चम पञ्चमांशेश मङ्गल होते हैं। और हर एक राशियोंमें उसी राशिसे द्वादशांश समझना चाहिये, जैसे मेषमें मेषसे, वृषमें वृषसे, इसी प्रकार, विशेष सफाई चक्रसे समझना चाहिये ॥ ४३ ॥

अथ षडादि० एकादशांशेशानाह—

लवीकृतो व्योमचरोऽङ्गशैलवस्वङ्कदिग्रुद्रगुणः खरामैः ।
भक्तो गतास्तर्कनगाष्टनन्ददिग्रुद्रभागाः कुयुताः क्रियात् स्युः ॥४४॥

व्योमचरः = राश्यादिको ग्रहः, लवीकृतः=अंशीकृतः, 'राशिस्थानीयाङ्कं त्रिंशता संगुण्य अंशस्थानीयाङ्कैः संयोज्य, तदधः कलादिकोऽविकृत एव स्थापनीयः एवं ग्रहो लवीकृतो भवति । अथ तादृशो ग्रहः, वस्वङ्कदिग्रुद्रगुणः=अष्टनवदशैकादशगुणितः, खरामैः=त्रिंशद्भिर्विभक्तः, तदा गताः=अतीताः, तर्कनगाष्टनन्द-

५ ता० नी०

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दिग्रुद्रभागाः = षष्ठसप्तमाष्टमनवमदशमैकादशभागाः भवन्ति । ते कुयुताः=एकयुक्ताः, तदा क्रियात्=मेषात् , ते भागाः स्युरिति ॥ ४४ ॥

अत्रोपपत्तिः—

यस्मिन्कस्मिन्नपि राशौ वर्त्तमानो ग्रहः कस्मिन् षष्ठांशे कस्मिन् सप्तमांशे कस्मिन्नष्टमांशे च पतितः इति ज्ञानायायमुपायः । तत्रांशवशादनुपातः कर्त्तव्योऽस्त्यतो ग्रहोंऽशात्मकः कार्यः–अथ त्रिंशद्भिरंशैर्यदि षट् षट् षष्ठांशास्तदेष्टग्रहांशैः के ? इत्यनुपातेनेष्टषष्ठांशमानम् $= \frac{६ \times इग्रअं}{३०}$,अत्र पूर्णलब्धिसंख्यकः = षष्ठांशो गतो ज्ञेयः । शेषं तु वर्त्तमानषष्ठांशावयवमानम् । एवं त्रिंशद्भिरंशैर्यदि सप्तसंख्यकाः सप्तांशास्तदा इष्टग्रहस्येष्टांशादिमानैः के ? इति त्रैराशिकेन लब्धितुल्या गतसप्तमांशास्तत्र वर्त्तमानसप्तमांशज्ञानाय सा लब्धिः सैका कर्त्तव्या । परन्तु मेषादित एव षष्ठांशादिगणनात् ग्रहराश्यादेरपि मेषादितः परिगणनात् कस्य राशेरयं षष्ठांशो वा सप्तमांश इति जिज्ञासायां मेषात्तत्सैकलब्धिसंख्यके राशौ विज्ञेयम् । अत्र द्वादशवर्गेशविचारे क्रियमाणे प्रथमं "भौमोशनःसौम्यशशीनवित्सिता" इत्यनेन राशीशाः । होरेशविचारस्तु "ओजे रवीन्द्वोः सम·इन्दुरव्योर्होरे गृहार्धप्रमिते विचिन्त्ये" इत्यनेन कृता । द्रेष्काणेशचतुर्थांशयोर्विचारस्तदुक्तश्लोकोत्तरार्धेन कृतः । "ओजर्क्षे पञ्चमांशेशा" इत्यनेन पञ्चमांशेशविचारः कृतः । "द्वादशांशाः स्वभात् स्मृताः" इत्यनेन द्वादशांशेशविचारः । अत्रावशिष्टाः षष्ठांशेशादयो ये तेषां ज्ञानार्थमस्मिन् श्लोके विचारः प्रतिपादित इत्यलम् ।

भाषा—राश्यादिक ग्रहों के राशि स्थानको तीससे गुणाकर अगिले अंश जोड़ना, अब उस अंशादिक ग्रहको सात जगह अलग २ छ, सात, आठ, नौ, दस, ग्यारह, इन अङ्कों से गुण देना, और तीस से भाग देना, जो लब्धि हो वह गत षष्ठांश, गत सप्तमांशादि होंगे, उसमें १ एक जोड़नेसे मेषसे वर्त्तमान षष्ठांश, सप्तांश, अष्टमांश आदि होंगे ॥ ४४ ॥

यथा सूर्य का अंश १२।५७।५०, इसको आठसे गुणा किया और सठिआया भी १०३।४२।४० इसमें तीससे भाग दिया तो लब्धि ३, इसमें एक जोड़ने पर ४ अतः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्थ ही अष्टमांशमें पड़ा, मेषसे चौथा कर्क, उसका स्वामी चन्द्रमा, इसलिये अष्टमांशेश भी चन्द्रमा ही हुआ।

अब नवांशा बनाते हैं—सूर्यका अंश १२।५७।५० इसको ९ से गुणा कर सठिआया तो—११६।४०।३० तीससे भाग दिया तो लब्धि ३ एक जोड़ा तो ४, अतः चौथे नवांशामें पड़ा, मेषसे चौथा कर्क, उसका स्वामी चन्द्रमा, इसलिये, चन्द्रमा ही के नवांशामें पड़ा।

अब दशमांशाका विचार करते हैं, सुर्यांश १२।५७।५० को दशसे गुणा किया, सठिआया, तो १२९।३८।२० इसमें तीससे भाग देने पर लब्धि ४ आई, इसमें जोड़ने पर ५, अर्थात् पाँचवें दशमांशामें पड़ा, मेषसे पांचवां सिंह, उसका स्वामी सूर्य इस लिये अपने ही दशमांशामें पड़ा।

अब एकादशांशाका विचार—अंशात्मक सूर्य १२।५७।५० इसको ११ से गुणा किया और सठिआया भी १४२।३६।१० इसमें तीससे भाग दिया लब्धि ४, एक जोड़ा तो ५ अतः पञ्चम एकादशांशमें पड़ा, अर्थात् मेषसे पञ्चम सिंह, अतः स्वकीय एकादशांशही में पड़ा।

उदाहरणसे दृढ़ता होनेके लिये चन्द्रमाका भी द्वादशवर्गीका विचार लिखते हैं। यथा चन्द्रमा ८।५।३९।३३, अंशात्मक किया तो २४५।३९।३३ इसको छैसे गुणा कर सठिआया तो १४७३ ।५७।१८ तीससे भाग देने पर लब्धि ४९, एक जोड़ा ५० यहां १२ से जादे राशि नहीं होती, इसलिये मेषसे जो फिर २ गिनेंगे, यह गौरव देखकर १२ से भाग देनेपर, २, मेषसे दूसरा वृष, उसका स्वामी शुक्र हुआ।

फिर लवीकृत चन्द्रमा २४५।३९।३३ को ७ से गुणा किया सठिआया भी तो १७१९।३६।५१ तीस से भाग देनेपर लब्धि ५७ सैक किया ५८, इसमें १२ से भाग देने पर १० इसलिये मेषसे दशवें (मकर) के स्वामी शनिके सप्तमांशमें पड़ा।

फिर लवीकृत चन्द्रमा २४५।३९।३३ को ८ से गुणाकर सठियानेपरभी १९६५।१६।२४ तीससे भाग देनेपर लब्धि ६५ सक करने पर ६६, बारहसे भाग देनेपर शेष ६, मेषसे ६ ठा कन्या राशि, उसका स्वामी बुध, अतः बुधके अष्टमांशमें पड़ा।

फिर लवीकृत चन्द्रमा २४५।३९।३३ को नवसे गुणा किया, सठिआया भी २२०५।५५।५७ तीससे भाग दिया तो लब्धि ७३ एक जोड़ा ७४ बारहसे भागदिया शेष २, अतः वृषका नवांश, उसका स्वामी शुक्र है, अतः शुक्रके नवांशामें पड़ा।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फिर लवीकृत चन्द्रमा २४५।२९।२२ को १० से गुणाकर, सठिआया भी २४५६। ३५।२० इसमें तीससे भाग देनेपर लब्धि ८१, एक जोड़ा ८२, बारह से भाग दिया शेष १० अतः मकरका दशमांश, अर्थात् शनि दशमांशेश हुआ।

फिर लवीकृत चन्द्रमा २४५।२९।२२ को ११ से गुणाकर सठिआया २७०२।११।२ तीससे भाग देनेपर लब्धि ९० एकजोड़ा ९१, बारहसे भाग दिया शेष ७ अतः तुला-राशिके स्वामी शुक्रका एकादशांश हुआ।

एवं लवीकृत चन्द्रमा २४५।२९।२२ को बारह से गुणाकर सठियाने पर २९४७।५४। ३६ तीससे भाग देनेपर लब्धि ९८ सैक किया तो ९९ बारह से भाग दिया ३ शेष अर्थात् मिथुन राशिकी द्वादशांशा में पड़ा अर्थात् बुध द्वादशांशेश हुआ। ऐसेही और ग्रहों के भी द्वादशवर्गीका विचार करना चाहिये।

उदाहरण—यथा सूर्य ००।१२।५७।५० यहां राशिको ३० से गुणा करके अंश जोड़ने पर लवीकृत होता है। सूर्यका राशिस्थान शून्य है, इसलिये लवीकृत सूर्य १२।५७।५० इतनाही हुआ। यहां राशिस्वामीचक्र देखनेसे मेषका स्वामी मङ्गल राशीश हुआ। सूर्य का वर्त्तमान अंश १२ है, अतः १५के अन्दर होनेसे विषमराशि-की प्रथम होरा हुई, इसलिये होरेशचक्रसे या 'ओजे रवीन्द्वोः' इससे सूर्य स्वयं होरेश हुए।

दूसरे द्रेष्काण में पड़नेके कारण मेषसे पञ्चम (सिंह) का स्वामी सूर्य ही, अतः स्वकीय द्रेष्काणमें पड़े।

चतुर्थांश खण्डा चक्र देखनेसे १२° अंश दूसरे चतुर्थांशमें पड़े, अतः 'तुर्यांशपाः स्वर्क्षजकेन्द्रनाथाः' इससे या चक्र देखनेसे चन्द्रमाके चतुर्थांशमें पड़े।

पञ्चमांश खण्डा चक्र देखनेसे १२° अंश तीसरे पञ्चमांशमें पड़े, क्यों कि यहाँ छै छै अंशका एक एक पञ्चमांश समान माना है, अतः बृहस्पति पञ्चमांशेश हुए।

द्वादशांश खण्डा चक्र देखनेसे सूर्य छठे द्वादशांशामें पड़े, स्वगृहीसे द्वादशांशाकी गणना होती है। अतः मेषसे छठी कन्या, उसका स्वामी बुध, इसलिये बुधकी द्वाद-शांशामें सूर्य पड़े।

नोट-षष्ठांशेश, सप्तांशेश, अष्टमांशेश, नवांशेश, दशमांशेश और एकादशांशेशका विचार 'लवीकृतो व्योमचरः' इस श्लोक से किया जाता है, सो बता चुका हूं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ ग्रहाणां द्वादशवर्गीचक्रम् ।

ग्रहाः	सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.
गृहेशाः	मं.	बृ.	शु.	बृ.	मं.	शु.	मं.
होरेशाः	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.	सू.
द्रेष्काणेशाः	सू.	बृ.	श.	मं.	मं.	श.	सू.
चतुर्थांशेशाः	चं.	बृ.	मं.	बृ.	मं.	श.	चं.
पञ्चमांशेशाः	बृ.	मं.	श.	श.	मं.	मं.	श.
षष्ठांशेशाः	बु.	शु.	श.	श.	मं.	बृ.	बु.
सप्तमांशेशाः	चं.	श.	मं.	श.	मं.	शु.	बु.
अष्टमांशेशाः	चं.	बु.	शु.	श.	मं.	चं.	बु.
नवमांशेशाः	चं.	शु.	चं.	श.	मं.	बु.	चं.
दशमांशेशाः	सू.	श.	बु.	श.	मं.	मं.	चं.
एकादशांशेशाः	सू.	शु.	मं.	श.	शु.	श.	सू.
द्वादशांशेशाः	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	मं.	सू.

यथा सूर्य लवीकृत १२।५७।५० है, इसको छैसे गुणाकर सठिआया ७७।४०।०० तीससे भाग देनेपर लब्धि २, एक जोडनेपर ३ अर्थात् मेषसे गिनने पर तीसरा राशि मिथुन हुआ, उसका स्वामी बुध हुआ, इसलिये सूर्यका षष्ठांशेश बुध हुआ ।

अब सप्तमांशेशका विचार करता हूं। यहां लवीकृत सूर्य १२।५७।५० इसको सात से गुणा किया और सठिआया भी तो ९०।४४।५० इसमें तीससे भागदेनेपर लब्धि३

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एक जोड़नेपर ४ मेषसे चौथा राशि कर्क, उसका स्वामी चन्द्रमा है, इसलिये चन्द्रमा सप्तमांशेश हुआ।

अथ द्वादशवर्ग्युपसंहारं तत्फलं चाह—

एवं द्वादशवर्गी स्याद् ग्रहाणां बलसिद्धये।
स्वोच्चमित्रशुभाः श्रेष्ठा नीचारिक्रूरतोऽशुभाः ॥ ४५ ॥

एवम्=अमुना प्रकारेण, ग्रहाणां, बलसिद्धये=न्यूनाधिकबलज्ञानाय, द्वादशवर्गी स्यात्। तासु द्वादशवर्गीषु स्वोच्चमित्रशुभा वर्गा यदि पतितास्तदा श्रेष्ठाः=शुभाः स्युः। नीचारिक्रूरतः=नीचगृहशत्रुगृहपापगृहपतनात्, अशुभाः स्युः ॥ ४५ ॥

भाषा-इस प्रकार ग्रहोंके बल सिद्धिके लिये यह द्वादशवर्गी बल कहा है। उन वर्गोंमें यदि उच्च, मित्रगृह, शुभक्षेत्र पड़े तो शुभ, नीच, शत्रु, पापग्रह, इन सबोंके वर्ग पड़े तो अशुभ कहना चाहिये ॥ ४५ ॥

अथ ग्रहफलनिर्णयमाह—

एवं ग्रहाणां शुभपापवर्गपङ्क्तिद्वयं वीक्ष्य शुभाधिकत्वे।
दशाफलं भावफलं च वाच्यं शुभं त्वनिष्टं ह्यशुभाधिकत्वे ॥४६॥

एवम्=अनया दिशा, ग्रहाणां=रव्यादीनां, शुभपापवर्गपङ्क्तिद्वयं वीक्ष्य, शुभाधिकत्वे शुभग्रहवर्गाधिकत्वे, दशाफलम् वा भावफलं शुभं वाच्यम्। अशुभाधिकत्वे=अशुभग्रहवर्गाधिकत्वे तत् फलम् अनिष्टं वाच्यम् ॥ ४६ ॥

भाषा-इसप्रकार सब ग्रहोंके वर्ग बनाकर उसमें शुभग्रहके वर्ग कितने हैं? पाप ग्रहके वर्ग कितने हैं? यह दोनों पङ्क्तियोंको अच्छी तरह विचारकर यदि शुभग्रह ही का वर्ग अधिक है तो शुभ कहना। यदि पापग्रहोंके वर्ग अधिक होंतो अनिष्ट कहना ॥ ४६ ॥

अथ क्षेत्रभेदेन ग्रहस्य शुभपापत्वमाह—

क्रूरोऽपि सौम्याधिकवर्गशाली शुभोऽतिसौम्यः शुभखेचरश्चेत्।
सौम्योऽपि पापाधिकवर्गयोगान्नेष्टोऽतिनिन्द्यः खलु पापखेटः ॥४७॥

क्रूरः=पापग्रहः, अपि, चेत, सौम्याधिकवर्गशाली=शुभग्रहविशेषवर्गयुक्तः, भवेत् तदा शुभः=शुभफलजनकः, स्यात्। यदि शुभखेचरः=शुभग्रहः, सौम्याधिकवर्गशाली भवेत्तदाऽतिसौम्यः=परमशुभः=विशेषशुभफलदाता स्यादित्यर्थः। सौम्यः= शुभग्रहः, अपि, पापाधिकवर्गयोगात्, नेष्टः=अनिष्टफलदः स्यात् तथा पापखेटः=

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पापग्रहः, पापाधिकवर्गयोगात्=पापग्रहविशेषवर्गसंयोगात्, अतिनिन्द्यः=परमानिष्टफलजनकः, स्यादित्यर्थः ॥ ४७ ॥

अत्र युक्तिः स्पष्टैव। शुभग्रहस्य शुभवर्गाधिकत्वे परमशुभफलजनकत्वम्। अशुभग्रहस्य पापग्रहवर्गाधिकत्वे परमाशुभफलजनकत्वम्। शुभस्य पापग्रहवर्गाधिकत्वे अशुभफलजनकत्वम्। अशुभस्य शुभवर्गाधिकत्वे शुभफलजनकत्वमिति वर्गाश्रयानुरोधेन शुभपापफलजनकत्वं युक्तियुक्तं स्वीकृतमिति।

भाषा—पापग्रह भी यदि अधिक शुभग्रहोंके वर्ग वाले हों, तो शुभ होते हैं। एवं शुभग्रह भी अधिक शुभग्रहोंके वर्गवाले हों, तो अति शुभ होते हैं। यदि शुभग्रह भी अधिक पापग्रहोंके वर्गशाली हों, तो अशुभ होते हैं। यदि पापग्रह भी अधिक पापग्रहोंके वर्गशाली हों, तो अत्यन्त अशुभ होते हैं॥ ४७ ॥

अथ द्वादशभावानां शुभाशुभफलमाह—

राशीशमित्रोच्चरिपुक्रमेण चिन्त्यं तनोरप्यनयैव रीत्या।
भावेषु सर्वेष्वपि वर्गचक्रं विलोक्य तत्तत्फलमूहनीयम् ॥४८॥

तनोः=लग्नस्य, अपि, अनया रीत्या, राशीशमित्रोच्चरिपुक्रमेण=लग्नेशमित्रोच्चशत्रुशुभपापवर्गशालित्वेन, शुभाशुभफलं चिन्त्यम्। यथा "क्रूरोऽपि सौम्याधिकवर्गशाली"त्यनेन ग्रहस्य शुभाशुभत्वं निश्चितम्, तथा सर्वेषु भावेषु, वर्गचक्रम्=द्वादशवर्गचक्रं शुभाशुभवर्गरूपं विलोक्य, किं शुभाधिकवर्गयुक्तत्वं? किमुत पापाधिकवर्गत्वं?, तद्विविच्य तत्तत्फलं=तत्तद्भावफलम्, ऊहनीयम्=विवेचनीयम् ॥४८॥

भाषा—लग्नका भी उसीप्रकार, लग्नेश और उसके मित्र, उच्च, शत्रुस्थान आदि क्रमसे शुभ या अशुभ का विचार करना चाहिये। जैसे–"क्रूरोऽपि सौम्याधिकवर्गशाली" इत्यादि श्लोकमें ग्रहोंके अशुभ शुभ कहे हैं, वैसे ही यहां सब भावोंमें वर्ग, चक्रको विचारकर, उससे, भावका शुभ या अशुभ फल तर्क करना चाहिये न कि केवल पुस्तकोंमें लिखे हुये भावस्थ ग्रह फलही को लिखकर ज्यौतिषी पाक होजाय। कुछ स्थिर बुद्धि से शास्त्रकी मर्यादा रखते हुये ग्रहोंके भी द्वादशवर्गको विचार कर शुभाधिक वर्गमें शुभ, पापाधिकवर्गमें अशुभ समझना चाहिये। वराहमिहिर भी लिखते हैं—

"तन्त्रे सुपरिज्ञाते लग्ने छायाऽम्बुयन्त्रसंविदिते।
होरार्थे च सुरूढे नादेष्टुर्भारती वन्ध्या" ॥ ४८ ॥

उदाहरण—लग्न राश्यादि ३।२७।७।२ लवीकृत करनेसे ११७।७।२ छैसे गुणा करने पर ७०२।४२।१८ तीस से भाग देने पर लब्धि २३ एक जोड़ने पर २४, बारहसे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अधिक है इसलिये बारह से भागदेने पर शेष ०, इसलिये १२ ही शेष माना तो मीनराशि के स्वामी बृहस्पतिके षष्ठांशमें लग्न पड़ा।

ऐसे ही सब वर्गेश बनाकर चक्र लिखा है।

अथ तन्वादिद्वादशभावानां द्वादशवर्गीयचक्रम्।

भावनामानि	त.	ध.	स.	सु.	सु.	रि.	जा	मृ.	ध.	क.	आ	व्य
राशीशाः	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.	मं.	शु.	बु.
होरेशाः	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.	सू.	चं.
द्रेष्काणेशाः	बृ.	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.
चतुर्थांशेशाः	मं.	शु.	बु.	चं.	सू.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	श.	बृ.
पञ्चमांशेशाः	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.	मं.	शु.
षष्ठांशेशाः	बृ.	बु.	बृ.	सू.	बृ.	बु.	बृ.	बु.	बृ.	सू.	बृ.	बु.
सप्तमांशेशाः	चं.	श.	सू.	बृ.	शु.	बु.	श.	सू.	श.	बु.	मं.	बृ.
अष्टमांशेशाः	मं.	चं.	श.	शु.	बु.	बृ.	मं.	चं.	सू.	शु.	शु.	बृ.
नवमांशेशाः	बृ.	मं.	सू.	शु.	श.	मं.	बु.	शु.	श.	मं.	सू.	शु.
दशमांशेशाः	बु.	मं.	श.	श.	शु.	सू.	चं.	मं.	श.	बृ.	शु.	सू.
एकादशांशेशाः	मं.	बु.	.	चं.	बु.	शु.	शु.	बृ.	श.	श.	बृ.	मं.
द्वादशांशेशाः	शु.	बु.	चं.	चं.	बु.	शु.	मं.	बृ.	श.	बृ.	बृ.	मं.

अथ लग्नात् किं विचार्यमित्याह—

शरीरवर्णचिह्नायुर्वयोमानं सुखासुखम्।
जातिः शीलं च मतिमाँल्लग्नात्सर्वं विचिन्तयेत् ॥ ४९ ॥

लग्नात् = प्रथमभावात्, शरीरवर्णचिह्नायुर्वयोमानं, सुखासुखम् = सुखदुःखं, जातिः = ब्राह्मणादिः, शीलं = स्वभावः, एतत्सर्वं विचिन्तयेत्।

भाषा—नष्टबल शनि की दशा लोगों को अनेक प्रकार के दुःख को देती, या त्रिदोष के प्रकोप से क्लेश देती है । स्त्री पुत्र मित्र परिजनों से विरोध, रोग की वृद्धि, और मरण के तुल्य कष्ट को देती है ॥ ४२ ॥

अथ विशेषफलमाह—

त्रिषष्ठलाभोपगतो मन्दो निन्द्योऽर्धसत्फलः ।
मध्यो हीनः शुभो मध्यः शुभोऽत्यन्तं शुभावहः ॥ ४३ ॥

त्रिषष्ठलाभोपगतः = ३।६।११ एतदन्यतमस्थानस्थितः, मन्दः = शनिः, निन्द्यः अपि अर्धसत्फलः = अर्धशुभफलदः । हीनोऽपि मध्यः = मध्यफलदः । मध्यः अपि शुभः । शुभः अपि अत्यन्तशुभफलदः भवतीति ॥ ४३ ॥

भाषा—३।६।११ इन स्थानों में स्थित शनि यदि निन्द्य अर्थात् हीन बली भी हों, तो शुभफल देते हैं । यदि हीन वीर्य भी हों, तो मध्य, मध्य भी हों, तो शुभ, शुभ भी हों तो अत्यन्त शुभफल होता है ॥ ४३ ॥

अथ लग्नदशाफलमाह—

दशा तनोः स्वामिबलेन तुल्यं फलं ददातीत्यपरो विशेषः ।
चरे शुभा मध्यफलाऽधमा च द्विमूर्तिभेऽस्माद्विपरीतमूह्यम् ॥ ४४ ॥

तनोः = लग्नस्य, दशा स्वामिबलेन तुल्यं फलं ददाति, यदि लग्नेशः पूर्णबली तदा शुभं फलं पूर्णम् । यदि लग्नेशो मध्यबली तदा शुभं फलं मध्यमं, यदि हीनबली तदा शुभं फलं स्वल्पमेवं स्वामिबलानुसारं लग्नदशाफलं ज्ञेयम् । तत्र अपरोऽपि=अन्योऽपि विशेषोऽस्ति । चरे=चरराशौ, मेषकर्कतुलामकरेषु प्रथम-द्वितीय-तृतीय-द्रेष्काणभेदेन शुभा, मध्यफला, अधमा च लग्नदशा भवति । यथा चरराशौ प्रथमद्रेष्काणान्तर्गते लग्ने लग्नदशा शुभा भवति । चरराशौ द्वितीयद्रेष्काणान्तर्गते लग्ने तद्दशा मध्यफला स्यात्तथा तत्रैव तृतीयद्रेष्काणलग्ने लग्नदशा अधमा=अशुभफला भवति । एवं द्विमूर्तिभे=द्विस्वभावराशौ प्रथम-द्वितीय-द्रेष्काणभेदवशेन

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लग्नदशाफलं, अस्माच्चरलग्नदशाफलात् विपरीतं = विलोमम् ऊह्यम् । यथा द्वितनौ प्रथमद्रेष्काणेऽधमा, द्वितीये मध्यमा, तृतीये शुभा भवतीति ॥ ४४ ॥

भाषा—लग्न की दशा अपने स्वामी के बलानुसार फल को देती है, और यहाँ कुछ और विशेष है-चर लग्न में द्रेष्काण भेद से शुभ मध्य अनिष्ट फल होता है। द्विःस्वभाव राशि के द्रेष्काण भेद से इस से विपरीत अर्थात् अशुभ, मध्य, शुभ फल होते हैं। विशेष स्पष्टता के लिये चक्र लिखता हूं। यहाँ यह भी युक्ति है कि-

राशिः	चर	स्थिर	द्विःस्वभाव
प्रथमद्रेष्काण	शुभा	अनिष्टा	अधमा
द्वितीयद्रेष्काण	मध्या	शुभा	मध्यमा
तृतीयद्रेष्काण	अशुभा	समा	शुभा

"वर्गोत्तमा नवांशाश्चरादिषु प्रथममध्यान्त्याः।" इस लघुजातक के वचन से चरराशि का प्रथमनवांश, स्थिर का मध्यनवांश, द्विःस्वभाव का अन्त्यनवांश ये वर्गोत्तम हैं। ऐसे ही चरमें प्रथम, स्थिरमें द्वितीय, द्विःस्वभाव में अन्तिम नवांश ये वर्गोत्तम द्रेष्काण हैं। इस लिये इन द्रेष्काणों की लग्नदशा अच्छी होती है ॥ ४४ ॥

अनिष्टमिष्टं च समं स्थिरर्क्षे क्रमाद्दृकाणैः फलमुक्तमाद्यैः ।
सत्स्वामियोगेक्षणतः शुभं स्यात्पापेक्षणात्कष्टफलं च वाच्यम् ॥ ४५ ॥

स्थिरर्क्षे = स्थिरराशौ, द्रेष्काणभेदेन अनिष्टं, इष्टं = शुभं, समं च फलं भवति, एवं क्रमाद्दृकाणैः = प्रथम-द्वितीय-तृतीयैः फलं=शुभाशुभं, आद्यैः=पूर्वाचार्यैरुक्तम् , तत्र सत्स्वामियोगेक्षणतः = शुभस्वामिसंयोगदृष्टितः शुभं लग्नदशाफलं भवति, पापेक्षणात्=पापग्रहदृष्टियोगात् कष्टफलं वाच्यम् ॥ ४५ ॥

भाषा—स्थिरराशि में द्रेष्काण भेद से अशुभ शुभ समान फल होता है, इस प्रकार द्रेष्काणों के भेद से शुभाशुभ फल प्राचीनाचार्य कहे हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यहां शुभग्रह और स्वामी के योग दृष्टि से शुभ और पापग्रहों की दृष्टि और योग से अशुभ लग्नदशाफल समझना चाहिये ॥ ४५ ॥

अथान्तर्दशासाधनं तच्छुभाशुभफलं चाह—

दशामानं समामानं प्रकल्प्योक्तेन वर्त्मना।
अन्तर्दशाः साधनीयाः प्राक्पात्यांशवशेन तु ॥ ४६ ॥
आदावन्तर्दशा पाकपतेस्तत्क्रमतोऽपराः।
शुभेक्षणान्वयान्मैत्र्यात्तत्फलं परिचिन्तयेत् ॥ ४७ ॥
चन्द्रारजीवाः सौम्येज्यशुक्रा रविविधू तथा।
मन्देज्यशुक्राः सूर्येन्दुभौमाः सौम्येज्यसूर्यजाः ॥ ४८ ॥
जीवज्ञशुक्राः सूर्यादेः शुभा अन्तर्दशा इमाः।
अन्येषामशुभा ज्ञेया इति वामनभाषितम् ॥ ४९ ॥

इति ग्रहदशाफलानि।

दशामानं = पात्यायिनीदशामानं यस्य ग्रहस्य यदागतं तत् समामानं=दशावर्षमानं प्रकल्प्य, उक्तेन = कथितेन, वर्त्मना=मार्गेण, अन्तर्दशासाधनरीत्या प्राक्पात्यांशवशेन अन्तर्दशाः = दिनादिकाः साधनीयाः। यथा सकलपात्यायनीदशादिनादियोगेन यदि पृथक् पृथक् तत्तद्ग्रहस्य दिनादिदशा लभ्यते तदा इष्टग्रहदशायां केत्यनुपातेनान्तर्दशा सिद्ध्यति। तत्र आदौ पूर्वं पाकपतेर्महादशाधीशस्य अन्तर्दशा भवति। ततो यत्क्रमेण दशाधीशाः सन्ति तत्क्रमेणैव अपराः अन्तर्दशाः बोध्याः। तत्र शुभेक्षणान्वयात्=शुभग्रहदृष्टिसंयोगात्, मैत्र्यात् = मित्रग्रहयोगदृष्टितः तत्फलं=तदन्तर्दशाफलं, परिचिन्तयेत्=विचार्य लिखेत्! तत्र सूर्यादेः सूर्यमारभ्य ततः सूर्यादीनां दशासु क्रमेण चन्द्रारजीवाः, सौम्येज्यशुक्राः, तथा रविविधू, मन्देज्यशुक्राः, सूर्येन्दुभौमाः, सौम्येज्यसूर्यजाः, जीवज्ञशुक्राः इमा अन्तर्दशाः, शुभाः= शुभफला उक्ताः। अर्थात् सूर्यदशायां चन्द्रकुजगुरूणामन्तर्दशाः शुभाः। चन्द्रदशायां बुधगुरुशुक्राणामन्तर्दशाः शुभाः। कुजदशायां रविचन्द्रयोरन्तर्दशे शुभे। एवं सर्वत्र बोध्यम्। अन्येषामुक्तभिन्नानां दशाः अशुभा ज्ञेयाः। इति वामनभाषितम् = वामननामाचार्यस्य कथनमस्तीति ॥ ४६–४९ ॥

भाषा—जिस ग्रह का जो दशामान आया है उस को महादशा मान कर विंशोत्तरी अष्टोत्तरी में जैसे अन्तर्दशा साधन करते हैं, वैसे यहां भी अन्तर्दशा साधन

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

करना। जैसे-सब ग्रहों के दशामान योग में यदि पृथक् २ सब ग्रहों के दशामान पाते हैं, तो एक किसी ग्रह के (जिस दशा में अन्तर्दशा साधन इष्ट है) दशामान में क्या ? इस प्रकार 'दशा दशाहता कार्या' इसी तरह पहले पात्यांशाओं के वश से अन्तर्दश साधन करना। उसमें पहली अन्तर्दशा दशेश की होगी। उसके बाद जिस क्रम से ग्रहों की दशा है, उसी क्रम से अन्तर्दशा का भी क्रम समझना चाहिये। वहां शुभ ग्रहों के योग दृष्टि से शुभ, पाप ग्रहों के योग दृष्टि से अशुभ कहना। अब किसकी दशा में साधारणतः किसकी अन्तर्दशा अच्छी है सो कहते हैं। रविकी दशा में चन्द्र कुज और गुरु इनकी अन्तर्दशा अच्छी है। चन्द्रमा की दशा में बुध गुरु और शुक्र की अन्तर्दशा, मङ्गल की दशा में रवि और चन्द्रमा की अन्तर्दशा, बुध की दशा में शनि गुरु और शुक्र की अन्तर्दशा, गुरु की दशा में सूर्य चन्द्र कुज ग्रहों की अन्तर्दशा, शुक्रदशा में बुध गुरु शनि की अन्तर्दशा, शनि की दशा में बृहस्पति बुध शुक्र की अन्तर्दशा अच्छी होती है। औरों की अन्तर्दशा अच्छी नहीं होती है। यह वामनाचार्य ने कहा है। यह साधारण रूप से कहा है, यथार्थतः हरेक ग्रह किस राशि में किस से देखा जाता है। वर्ष में किसका कैसा बल है, किस भाव का स्वामी, किस भाव में बैठा है किस से देखा जाता है। किस से संयुक्त है। किससे इत्थशाल आदि योग करता है,ये सब विचार कर शुभ या अशुभ कहना। न कि केवल साधारण रूप से रवि की दशामें चन्द्रमा की अन्तर्दशा अच्छी होगी। यदि चन्द्रमा नीच का और ६।८।१२ स्थानों में हो, ईसराफ आदि योग होता हो, तो कभी नहीं शुभ फल होगा। ऐसेही सब को विचारना ॥ ४६-४९ ॥

॥ इति ग्रहाणां दशाफलानि ॥

अथ लग्नस्थग्रहाणां फलानि—

सूर्यारमन्दास्तनुगा ज्वरार्तिं धनक्षयं पापयुगिन्दुरित्थम् ।
शुभान्वितः पुष्टतनुश्च सौख्यं जीवज्ञशुक्रा धनधान्यलाभम् ॥ ५० ॥

सूर्यारमन्दाः=रविकुजशनयः, तनुगाः=लग्नस्थाः, एषु प्रत्येको ग्रहो वा द्वौ ग्रहौ, वा सकला ग्रहा इति बोध्यम् । तदा ज्वरार्त्ति=ज्वरपीडां, धनक्षयं च कुर्वन्ति । इत्थं लग्नस्थः पापयुक् इन्दुश्चन्द्रः ज्वरार्त्तिं धनक्षयं च करोति । तत्रायं तर्कः करणीयः-यदि लग्नगः सूर्यस्तदा पित्तज्वरः । चन्द्रः सपापो लग्नस्थस्तदा कफज्वरः । भौमो लग्नस्थस्तदा शीतलाज्वररोगः । यदि त्रयो लग्नस्थास्तदा त्रिदोषज्वर इति । अथ शुभान्वितः=शुभयुतः, पुष्टतनुः = पूर्णविम्बः, चकाराच्छुभदृष्टश्च भूत्वा लग्नस्थस्तदा सौख्यं ददाति, जीवज्ञशुक्रा लग्नस्थास्तदा धनधान्यलाभं कुर्वन्ति ॥ ५० ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—सूर्य मंगल शनि ये तीनों या हर एक ग्रह लग्न में हों तो ज्वर की पीड़ा हो, और धनक्षय हो । यहाँ सूर्य लग्न में रहने से पित्तज्वर, मङ्गल लग्न में रहने से रक्तपित्त शीतला ज्वर हो । यदि शनि लग्न में हो तो वायुमूलक ज्वर हो, तीनों हों तो त्रिदोषमूलक ज्वर हो । यदि पापयुत दृष्ट क्षीण चन्द्रमा लग्न में हों, तो ज्वर कफ हो, धनक्षय हो । यदि शुभयुत शुभदृष्ट पूर्णबिम्ब चन्द्रमा लग्न में हों तो सुख देते हैं । और बृहस्पति बुध, शुक्र ये तीनों या हर एक लग्न में हों, तो धन लाभ धान्य लाभ को करते हैं ॥ ५० ॥

अथ धनभावस्थितसकलग्रहफलम्—

चन्द्रज्ञजीवास्फुजितो धनस्था धनागमं राज्यसुखं च दद्युः ।
पापा धनस्था धनहानिदाः स्युर्नृपाद्भयं कार्यविघातमार्किः ॥ ५१ ॥

चन्द्रज्ञजीवास्फुजितः = चन्द्रबुधगुरुशुक्राः, धनस्थाः = द्वितीयभावस्थाः, धनागमं, राज्यसुखं च दद्युः । पापाः=रविकुजशनयः राहुकेतू च धनस्थाः सन्तः, धनहानिदाः स्युः । धनस्थः आर्किः = शनिः, नृपाद्भयं = राजतो भयं, कार्यविघातं च करोति ॥ ५१ ॥

भाषा—चन्द्रमा बुध शुक्र ये द्वितीयभाव में हों तो धनलाभ, राज्यसुख करत हैं । और सूर्य कुज शनि, राहुकेतु ये सब द्वितीयभाव में हों, तो धनहानि करने वाले होते हैं । शनि यदि दूसरे भाव में हों तो राजा से भय और कार्यहानि को करते हैं ५१

अथ तृतीयभावस्थितसकलग्रहफलम्—

दुश्चिक्यगाः खलखगा धनधर्मराज्य-
लाभप्रदा बलयुताः क्षितिलाभदाः स्युः ।
सौम्याः सुखार्थसुतमानयशोविलास-
लाभाय हर्षमतुलं किल तत्र चन्द्रः ॥ ५२ ॥

खलखगाः = पापग्रहाः, रविकुजशनयः, दुश्चिक्यगाः = तृतीयभावगतास्तदा धनधर्मराज्यलाभप्रदा भवन्ति । यदि ते बलयुतास्तदा क्षितिलाभदाः = भूमिक्षेत्रप्राप्तिकरा भवन्तीति । यदि सौम्याः = शुभाः बुधगुरुशुक्राः तृतीयस्थानगतास्तदा सुखार्थसुतमानयशोविलासलाभाय भवन्ति । यदि चन्द्रः तत्र = तृतीये स्थितस्तदा अतुलं = पूर्णं, हर्षं = विनोदं ददाति ॥ ५२ ॥

भाषा—यदि रवि शनि और मङ्गल तीसरे भाव में हों, तो धनलाभ, धर्मलाभ, राज्यलाभ होते हैं । यदि वे पापग्रह बलयुक्त हों, तो भूमिलाभ होता है । यदि शुभ ग्रह (बुध, गुरु, शुक्र) ये सब तीसरे भाव में हों तो सुख धन पुत्र संमान यश और

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विनोद लाभ के लिये होते हैं। और यदि चन्द्रमा तीसरे स्थान में हों तो पूर्ण हर्ष को देते हैं ॥ ५२ ॥

अथ चतुर्थभावस्थसकलग्रहफलम्—

चन्द्रः सुखे खलयुतो व्यसनं रुजं च पुष्टः शुभेन सहितः सुखमातनोति।
सौम्याः सुखं विविधमत्र खलाः सुखार्थनाशं रुजं व्यसनमप्यतुलं भयं च ५३

खलयुतः = पापयुतदृष्टश्चन्द्रः सुखे = चतुर्थभावे स्थितस्तदा व्यसनं, रुजं = रोगं च दत्ते। यदि पुष्टः, शुभेन युतदृष्टश्चन्द्रश्चतुर्थे स्थितस्तदा सुखम् आतनोति=सर्वतोभावेन ददाति। सौम्याः = शुभाः चतुर्थस्थानस्थिताः, तदा विविधं सुखं दद्युः। खलाः = रविकुजशनयः अत्र = चतुर्थे स्थितास्तदा सुखार्थनाशं, रुजं = रोगं, अतुलम् = असीमं, व्यसनं = क्लेशं, अतुलं भयं च दद्युः ॥ ५३ ॥

भाषा—पाप युत दृष्ट दुर्बल चन्द्रमा यदि चौथे भाव में हो तो क्लेश, रोग को देता है। यदि पुष्टशरीर शुभ-युत-दृष्ट चन्द्रमा चतुर्थभाव में हो तो सुख को देता है। यदि शुभग्रह (बुध, गुरु, शुक्र) चौथे स्थान में हों, तो नाना प्रकार के सुख को देते हैं। यदि पापग्रह (रवि शनि कुज) चतुर्थस्थान में हों, तो सुखनाश, धननाश, रोग, झंझट, अधिक भय को करते हैं ॥ ५३ ॥

अथ पञ्चमभावस्थसकलग्रहफलम्—

पुत्रवित्तसुखसञ्चयं शुभाः पुत्रगा भृगुसुतोऽतिहर्षदः।
पुत्रवित्तधनबुद्धिहारकास्तस्करामयकलिप्रदाः खलाः ॥ ५४ ॥

शुभाः = बुधगुरुशुक्राः पूर्णबलश्चन्द्रश्चैते पुत्रगाः = पञ्चमभावगतास्तदा पुत्रवित्तसुखसंचयं=पुत्रसुखं, वित्तसञ्चयं=धनसंग्रहं च दिशन्ति। भृगुसुतः पञ्चमगतस्तदाऽतिहर्षदः भवति। यदि खलाः = पापाः रविकुजशनयः क्षीणचन्द्रश्चैते पञ्चमभावगतास्तदा पुत्रवित्तधनबुद्धिहारकाः = पुत्रहारकाः, धनहारकाः, धनधान्यहारकाः, बुद्धिहारकाश्च भवन्ति। तस्करामयकलिप्रदाः=चौरोपद्रवरोगागमकलहकराश्च भवन्ति।

भाषा—यदि शुभग्रह (बु० गु० शु० पूर्णबलीचन्द्र) पञ्चम भाव में स्थित हों, तो पुत्र सुख, धनलाभ करते हैं, और आनन्द को भी देते हैं। यदि पापग्रह (र० श० मं० क्षीणबली चन्द्र) पञ्चमभाव में हों, तो पुत्रनाश, धनधान्य नाश, बुद्धिनाश और चौर का उपद्रव रोगका प्रचार लोगों से विरोध को करते हैं ॥ ५४ ॥

अथ षष्ठभावस्थसकलग्रहफलम्—

षष्ठे पापा वित्तलाभं सुखाप्ति भौमोऽत्यन्तं हर्षदः शत्रुनाशम्।
सौम्या भीतिं वित्तनाशं कलिं च चन्द्रो रोगं पापयुक्तः करोति ॥५५॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षष्ठे = षष्ठभावे स्थिताः पापाः (र० मं० श० क्षी० चं०) वित्तलाभं=धनप्राप्तिं सुखाप्तिं=सुखलाभं कुर्वन्ति । षष्ठस्थः भौमः अत्यन्तं हर्षदः, शत्रुनाशं च करोति । षष्ठस्थिताः सौम्याः = शुभग्रहाः भीतिं=भयं, वित्तनाशं = धनक्षतिं, कलिं = कलहं च कुर्वन्ति । पापयुक्तः क्षीणश्चन्द्रः रोगं = कफज्वरादि करोति ॥ ५५ ॥

भाषा—यदि पापग्रह षष्ठस्थान में हों, तो धनलाभ, सुखलाभ करते हैं उस में मङ्गल षष्ठस्थान में हों, तो अत्यन्त हर्ष को और शत्रुनाश को करता है। शुभग्रह षष्ठस्थान में होने से भय, धननाश, कलह को करते हैं। उसमे क्षीणचन्द्र यदि छठे स्थान में हो तो कफ, ज्वर खांसी को करता है ॥ ५५ ॥

अथ सप्तमभावस्थसकलग्रहफलम्—

सपापः शशी सप्तमो व्याधिभीतिं खलाः स्त्रीविनाशं कलिं भृत्यभीतिम् ।
शुभाः कुर्वते वित्तलाभं सुखाप्तिं यशो राजमानोदयं बन्धुसौख्यम् ॥५६॥

सपापः = पापयुतदृष्टः शशी = चन्द्रः सप्तमस्थस्तदा व्याधिभीतिं=रोगभयं करोति । खलाः = पापाः सप्तमे स्थितास्तदा स्त्रीविनाशं, कलिं, भृत्यभीतिं = सेवकभयं च कुर्वन्ति । सप्तमगताः शुभाः वित्तलाभं, सुखाप्तिं यशः राजमानोदयं, बन्धुसौख्यं कुर्वन्ति ।

भाषा—यदि पाप-युक्त-दृष्ट चन्द्रमा सप्तम में हों, तो रोग भय करता है। यदि पापग्रह (र-मं-श) सप्तम में हों, तो स्त्रीनाश (स्त्रीकष्ट) कलह, नोकर से भय करते हैं। शुभग्रह यदि सप्तम में हों, तो धनलाभ, सुखलाभ, यश, राजसंमान परिवार सुख करते हैं ॥ ५६ ॥

अथाष्टमभावस्थसकलग्रहफलम्—

चन्द्रोऽष्टमे निधनदः खलखेटयुक्तः पपाश्च तत्र मृतितुल्यफलं च विद्यात् ।
सौम्याः स्वधातुवशतो रुजमर्थहानिं मानक्षयं मुथशिले शुभजे शुभञ्च ॥५७॥

खलखेटयुक्तः = पापयुतः चन्द्रः अष्टमे स्थितस्तदा निधनदः=मरणकरः, पापाः अष्टमगतास्तदा मृतितुल्यफलं विद्यात् = जानीयात् । अष्टमस्थाः सौम्याः=शुभग्रहाः स्वधातुवशतः रुजं=रोगं, अर्थहानिं=धनक्षयं मानहानिं च कुर्वन्ति । तत्र शुभजे मुथशिले सति शुभं = शुभफलं भवति ॥ ५७ ॥

भाषा—पापयुत चन्द्रमा अष्टम में हों तो मरण करता है। पापग्रह अष्टम में हो तो मरण समान कष्ट होता है और शुभग्रह अष्टम में हो, तो अपने धातुवश जिस ग्रह के जो धातु हैं, उस मूलक रोग होता है, धननाश, संमान का नाश होता है। वहां यदि शुभग्रह से इत्थशाल हो, तो शुभ होता है ॥ ५७ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नवमभावगतसकलग्रहफलम्—

तपसि सोदरभीः पशुपीडनं खलखगेऽतिमुदा रविरत्र चेत् ।
शुभखगा धनधर्मविवृद्धिदाः खलखगेऽपि शुभेत्यपरे जगुः ॥ ५८ ॥

खलखगे = पापग्रहे, तपसि = नवमस्थानगते सति सोदरभीः=सहोदरभयं पशुपीडनं = पालिताश्वगोमहिष्यादिनाशं भवति । यदि अत्र=नवमे, रविस्तदाऽतिमुदः= अधिकहर्षाणि, भवन्ति । शुभग्रहाः नवमे स्थिताः धनधर्मविवृद्धिदाः भवन्ति । अपरे आचार्याः खलखगे नवमस्थे सति दशा शुभा इति जगुः ॥ ५८ ॥

भाषा—पापग्रह नवम स्थान में रहने से सहोदर को भय, पशुओं की पीड़ा, होती है । यदि वहां रवि नवम में हों, तो अत्यन्त हर्ष को देते हैं । यदि शुभग्रह नवम स्थान में हों, तो धन धर्म को बढ़ाते हैं । और आचार्य कहते हैं कि नवम में पाप रहने से शुभ ही होता है ॥ ५८ ॥

अथ दशमस्थानस्थितसकलग्रहफलम्—

गगनगो रविजः पशुवित्तहा रविकुजौ व्यवसायपराक्रमौ ।
धनसुखानि परे च धनात्मजावनिपसङ्गसुखानि वितन्वते ॥ ५९ ॥

गगनगः = दशमस्थानस्थितः, रविजः = शनिः, पशुवित्तहा=पशुधनक्षतिकरो भवति । गगनगौ रविकुजौ, व्यवसायपराक्रमौ कुरुतः । परे = शुभाः, धनसुखानि, धनात्मजावनिपसङ्गसुखानि=धनपुत्रराजसङ्गसुखानि च वितन्वते=दिशन्ति ॥ ५९ ॥

भाषा—दसवें स्थान में शनि हो, तो पशु धन नाशक होता है । और रवि मङ्गल दशम स्थान में हों, तो व्यापार उद्योग को करते हैं । और शुभ ग्रह यदि दशम में हों तो धनसुख, पुत्रसुख, राजसमागम सुख करते हैं ॥ ५९ ॥

अथ लाभभावस्थसकलग्रहफलम्—

लाभे धनोपचयसौख्ययशोऽभिवृद्धि सन्मित्रसङ्गबलपुष्टिकराश्च सर्वे ।
क्रूरा बलेन रहिताः सुतवित्तबुद्धिनाशं शुभास्तु तनुतां स्वफलस्य कुर्युः॥६०

सर्वे = पापाः शुभाश्च सबला भूत्वा लाभे = एकादशस्थाने स्थितास्तदा धनोपचयसौख्ययशोऽभिवृद्धिं, सन्मित्रसङ्गबलपुष्टिकराश्च भवन्ति । बलेन रहिताः क्रूराः = पापाः सुतवित्तबुद्धिनाशं कुर्वन्ति । बलेन रहिताः शुभाः स्वफलस्य शुभस्य तनुतां= अल्पतां कुर्युः ॥ ६० ॥

भाषा—सकल पापग्रह या शुभग्रह लाभ (एकादश) स्थान में हों, तो धनवृद्धि, यशोवृद्धि, अच्छे मित्रों के सङ्ग, बलपुष्टि को करते हैं । बल हीन पापग्रह यदि लाभ

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थान में हों, तो पुत्रनाश, धननाश, बुद्धिनाश को करते हैं। और बलहीन शुभग्रह अपने शुभफल को कुछ कमती करते हैं ॥ ६० ॥

अथ व्ययभावस्थसकलग्रहफलम्—

पापा व्यये नेत्ररुजं विवादं हानिं धनानां नृपतस्करादेः ।
सौम्या व्ययं सद्व्यवहारमार्गे कुर्युः शनिर्हर्षविवृद्धिमत्र ॥ ६१ ॥

पापाः=पापग्रहाः यदि व्यये=द्वादशभावे स्थितास्तदा नेत्ररुजं=नयनरोगं, विवादं=शुष्ककलहं, धनानां नृपतस्करादेः सकाशाद्धानिं कुर्वन्ति । व्ययभावगताः शुभाश्च सद्व्यवहारमार्गे व्ययं कुर्युः, व्ययगः शनिस्तु हर्षविवृद्धिं करोतीति शनिफलमन्यग्रन्थाद्विरुद्धं वर्त्तते ॥ ६१ ॥

भाषा—यदि व्ययभाव में पापग्रह हों तो नेत्ररोग, विवाद, राजा से चोर से धनों की हानि करते हैं। और व्ययभाव में यदि शुभग्रह हों, तो अच्छे कार्यों में खर्चा हो। शनि व्ययभाव में रहने से हर्षवृद्धि करते हैं ॥ ६१ ॥

श्रीगर्गान्वयभूषणं गणितविच्चिन्तामणिस्तत्सुतो-
ऽनन्तोऽनन्तमतिर्व्यधात्खलमतिध्वस्त्यै जनुःपद्धतिम् ।
तत्सूनुः खलु नीलकण्ठविबुधो विद्वच्छिवानुज्ञया
भावस्थग्रहपाकदौःस्थ्यसुखतायुक्तं फलं सोऽभ्यधात् ॥ ६२ ॥

चरणत्रयं व्याख्यातमेव केवलं चतुर्थचरणो व्याख्यायते । स नीलकण्ठदैवज्ञः भावस्थग्रहपाकदौःस्थ्यसुखतायुक्तं=द्वादशभावगतग्रहजनितक्लेशशुभत्वसहितं फलं अभ्यधात् उक्तवानिति ॥ ६२ ॥

भाषा—इस श्लोकका अर्थ पहले लिख चुका हूं। यहां ४ थे चरण का अर्थ यह है-नीलकण्ठ दैवज्ञ बारहों भावमें ग्रहोंके शुभाशुभ फलों को कहे ॥ ६२ ॥

इति दशाफलाध्यायः ।

अथ मासादिनफलाध्यायः ।

तत्रादौ मासप्रवेशवेलासाधनमाह—

मासार्कस्य तदासन्नपङ्क्तिस्थेन सहान्तरम् ।
कलीकृत्यार्कगत्याऽऽप्तदिनाद्येन युतोनितम् ॥ १ ॥
तत्पङ्क्तिस्थं वारपूर्वं मासार्केऽधिकहीनके ।
तद्वाराद्यं मासवेशो द्युवेशाऽप्येवमेव हि ॥ २ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मासार्कस्य=एकद्वित्रिराशियुक्तस्य सूर्यस्य, तदासन्नपंक्तिस्थेन सूर्येण सह अन्तरं कार्यम् । तत्र प्रथममासप्रवेशे वर्षप्रवेशकालसिद्धा एव सर्वे विषया बोध्याः । द्वितीयमासे तु वर्षकालिकसूर्यराश्यादावेकराशिं संयोज्य मासार्कः । तृतीयमासे राशिद्वयाधिको वर्षकालिकसूर्यो मासार्कः । अथवा एकराशियुक्तो द्वितीयमासप्रवेशकालिकसूर्यो मासार्को भवति । अतएव संज्ञातन्त्रे— 'एकैकराशिवृद्ध्या चेत्तुल्योऽशाद्यैर्यदा रविः । तदा मासप्रवेशः" इत्युक्तम् । तस्य मासार्कस्य, तदासन्नपङ्क्तिस्थेन=तत्समीपतर-मिश्रमानकालिकसूर्येण यदन्तरं, तत्कलीकृत्य=कलात्मकं कृत्वा, अर्कगत्याऽऽप्तदिनाद्येन अधिकहीनके मासार्के सति वारपूर्वं तत्पङ्क्तिस्थं युतोनितं कार्यम् । यदि मासार्कादधिकः पङ्क्तिस्थः सूर्यस्तदा ऋणं, तथा मासार्कादूनः पङ्क्तिस्थसूर्यस्तदा धनमिति बोध्यम् । तत्र मासकालपङ्क्तिकालयोरन्तरज्ञानार्थमनुपातः यदि रविगत्या एकं दिनं तदा मासार्कपङ्क्तिस्थार्कान्तरकलाभिः किमिति दिनादिकं फलं जातं तद्धनचालने पङ्क्तिकाले दिनादिके धनमृणचालने ऋणं कार्यम् तदा मासप्रवेशकालः स्यात् । एवमेव द्युप्रवेशकालः साध्यः । यथा मासार्के एकांशयोजनेन द्वितीयदिनप्रवेशार्कः, अंशद्वययोजनेन तृतीयदिनप्रवेशार्क एवं, यद्दिने दिनप्रवेशकालः साध्यते, तद्दिवसीयदिनप्रवेशार्कस्य तथा तद्दिवसीयसूर्यांशानां च यदन्तरं तत्कलात्मकं विधाय रविगतिकलया एकं दिनं षष्टिघटिकात्मकं लभ्यते तदा तदन्तरकलाभिः किमिति यल्लब्धं समयमानं तेन मिश्रमानकालस्याधिकत्वे शोध्यं, न्यूनत्वे योज्यं तदा दिनप्रवेशकालः सिद्ध्यति ॥ १-२ ॥

भाषा—वर्षप्रवेश कालिक सूर्य में एक राशि जोड़ने से दूसरे मास प्रवेश का सूर्य, दो राशि जोड़ने से तीसरे मास के सूर्य, इस प्रकार जिस मास का मासप्रवेश साधन करना हो, उस मास का जो मासार्क हो और उसके पूर्व पर जो पंक्ति नजदीक हो, उस पंक्ति का जो सूर्य उन दोनों सूर्यों का अन्तर करके कलात्मक बनावे, उसमें रविगतिकला से भाग देने पर जो लब्धि हो, वह यदि पंक्तिस्थार्क से मासार्क अधिक हो, तो पंक्ति के वारादि काल में जोड़ना, यदि पंक्तिस्थार्क से मासार्क न्यून हो, तो पंक्ति के वारादि में घटाना तो मासप्रवेशकाल होगा । इसी प्रकार दिनप्रवेश भी साधन करना । जैसे प्रथमदिनप्रवेश वर्षप्रवेश काल ही में हुआ । दूसरा दिनप्रवेश जानने के लिये वर्षप्रवेशकालिकसूर्य में १ अंश जोड़ा, तो दूसरे दिनप्रवेश का सूर्य हुआ, इसका और उसी दिन के मिश्रमान कालिक सूर्य का अन्तर करना, उसकी कला बनाना, उसमें रविगतिकला से भाग देकर पहले घटी बाद में शेष को साठ से गुणाकर फिर गतिकला से भाग देने पर पल आवेंगे यह

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

घटी पल मिश्रमान काल में जोड़ना घटाना, अर्थात् दिनार्क से मिश्रमानकालार्क अधिक है तो घटाना यदि न्यून है, तो जोडना तब दिनप्रवेशकाल हो जायगा ॥ १–२ ॥

उदाहरण—

किसीका मासप्रवेशार्क—३।१२।२०।५२ है। उसके समीपकी पंक्ति श्रा० शु० २ शनि ४७।२९ के समय का सूर्य=३।१०।१०।३६ है। इन दोनों के अन्तर=०।२।५१।१६ की कला=१७१'।१६" में सूर्यकी गतिकला=५७'।९" से भागदेने पर २।५९।५७ दिनादि हुये। यहां पंक्तिस्थ सूर्यसे मासार्क अधिक है इसलिये पंक्तिके वारादि ६।४२।२९ में २।५९।५७ के जोड़ने से २।४७।२६ याने श्रा० शु० ५ मं० को ४७।२६ इष्टकालमें मासप्रवेश होगा। इसीतरह दिनप्रवेश भी समझना चाहिये ॥

अथ मासप्रवेशे मासेशसाधनमाह—

मासप्रवेशकाले ज्ञो ग्रहान्भावांश्च साधयेत् ।
तत्र मासतनोर्नाथो मुथहा जन्मपस्तथा ॥ ३ ॥
त्रिराशिपो दिननिशो रवीन्दुभपतिस्तथा ।
अब्दप्रवेशलग्नेश एषां वीर्याधिकस्तनुम् ॥ ४ ॥
पश्यन्मासपतिर्ज्ञेयस्ततो वाच्यं शुभाशुभम् ।
अपरे मासलग्नेशं मासाधिपतिमूचिरे ॥ ५ ॥
दिनेशं दिनलग्नेशं तथा प्रोचुर्विचक्षणाः ।
मासघस्रेशयोर्वाच्यं फलं वर्षेशवद्बुधैः ॥ ६ ॥

मासप्रवेशकाले, ज्ञः = दैवज्ञः, ग्रहान् भावांश्च साधयेत् । तत्र मासतनोः=मासप्रवेशकालीनलग्नस्य नाथः=स्वामी तथा मासप्रवेशकालीनमुथहेशो ग्रहः, जन्मलग्नपतिः, तथा त्रिराशीशः = मासप्रवेशकालिकलग्नत्रिराशीशः, दिननिशोर्मासप्रवेशे क्रमेण रवीन्दुभपतिः = रविचन्द्रराश्यधिपो ग्रहः । दिने सूर्यराशीशः । रात्रौ चन्द्रराशीशः । तथा अब्दप्रवेशलग्नेशः = वर्षलग्नपतिश्च एषां षड्ग्रहाणां मध्ये वीर्याधिकः=बलाधिकः, तनुं = मासप्रवेशलग्नं पश्यन् सन् मासपतिर्ज्ञेयः । ततो बलवशेन वर्षं शुभाशुभं वाच्यम् । अपरे=अन्ये विचक्षणाः पण्डिताः, मासलग्नेशं मासाधिपतिं=मासेश्वरम् ऊचिरे = उक्तवन्तः । तथा दिनप्रवेशलग्नेशमेव दिनेशं कथयामासुः । तत्र बुधैः मासघस्रेशयोः फलं वर्षेशवद्वाच्यम् ॥ ३–६ ॥

भाषा—मासप्रवेश काल में भी ज्यौतिषी सूर्यादिग्रह, तन्वादि द्वादश भाव को बनावें। अब मासप्रवेश काल में जो लग्नपति तथा मासप्रवेशकालिक मुथहेश, (यहां एकवर्ष तक जब एक ही राशि चलती है, तो वर्षकालिक मुथेश ही मासप्रवेशकालिक

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुथहेश होगा, तब क्यों मास प्रवेश काल में फिर भिन्न मुथहेश कहा? ठीक है—क्योंकि, यदि पूर्वमासप्रवेश कालिक मुथहा राश्यादि २।२८।२०।४० इतने हैं—इसमें मुथहेश बुध है, लेकिन एक मास में "सार्धमंशद्वयं मासे" इससे २।३०' इतने २।२८। २०।४० इसमें जोड़ने से ३।००।५०।४० हुए। अब मुथहा कर्कराशि में चली गयी-अतः मुथहेश चन्द्रमा हुआ; इसलिये किसी किसी अवस्था में यह भिन्न होता है सो स्वयं समझना। और जन्मलग्नेश त्रिराशीश, दिन में मासप्रवेश होने से रविराशीश रात में चन्द्रराशीश, और वर्षलग्नेश इन छै ग्रहों में जो सबसे बलवान् होकर मास प्रवेश कालिक लग्न को देखे, वही मासेश होगा। यदि बली भी होकर लग्न को नहीं देखे तो वह मासेश नहीं होगा इत्यादि विषय वर्ष प्रवेशवत् ही समझना। केवल इतना ही भेद है कि वहां पांच अधिकारी, यहां छै ग्रह अधिकारी हैं। कोई २ आचार्य मासप्रवेश कालिक लग्न ही के स्वामी को मासेश तथा दिनप्रवेश लग्न के स्वामी ही को दिनेश कहते हैं। मासेश दिनेशों के फल बलाबलविचारपूर्वक वर्षेशफलवत् ही कहना॥ ३–६॥

अथ मासफलमाह—

लग्नांशाधिपतिर्विलग्नपनवांशेशेन मैत्रीदृशा
दृष्टो वा सहितः शशी च यदि तौ मैत्रीदृशाऽऽलोकते।
तस्मिन्मासि तनौ सुखं बहुविधं नैरुज्यमित्थं फलं
तावद्यावदिमे स्युरित्थमथ तान्सञ्चार्य वाच्यं फलम्॥ ७॥

लग्नांशाधिपतिः = मासप्रवेशलग्ननवांशेशः, विलग्नपनवांशेशेन = मासप्रवेश-लग्नेशनवांशाधिपेन अर्थान्मासप्रवेशकाले लग्ननवांशपतिर्लग्नपतिनवांशाधिपेन, मैत्रीदृशा = (३।५।९।११) दृष्ट्या दृष्टः = विलोकितः, वा सहितः = युतः स्यात्तत्र शशी = चन्द्रः, यदि तौ = लग्ननवांशेशलग्नपतिनवांशनाथौ मैत्रीदृशा (३।५।९।११) आलोकते = वीक्षते, तदा. तस्मिन् मासि, तनौ=शरीरे, बहुविधं सुखं, नैरुज्यम्=आरोग्यं च भवति। इत्थममुना प्रकारेण फलं = मासफलं, तावदेव वाच्यं, यावत् इमे ग्रहा इत्थम्=ईदृशाः स्युः। अर्थात् तेषां ग्रहाणां प्रतिदिनचलन-वशेन नवांशभेदात् तत्पतिग्रहभेदाद् दृष्टिभेदात्फलपरिवर्त्तनं जायते। अतः तान् ग्रहान् सञ्चार्य=सञ्चाल्य फलं वाच्यम्॥ ७॥

भाषा—मासप्रवेश काल में यदि लग्ननवांशेश, और लग्नेश के नवांशेश से ३।५। ९।११ दृष्टि से देखा जाय, या एक साथ हो, तथा उन दोनों को चन्द्रमा मित्रदृष्टि (३।५।९।११) से देखे, तो उस महीने में शरीर में नाना प्रकार के सुख हों, आरोग्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रहै इस प्रकार फल तब तक ही कहना जब ये तीनो (लग्ननवांशेश, लग्नपतिनवांशेश, चन्द्र) ऐसे रहैं, बाद में उनका संचार देख कर भिन्न अवस्था में भी वैसे विचार करना। उसके अनुसार फल कहना ॥ ७ ॥

अथानिष्टफलम्––

तौ तेच्छत्रुदृशा मिथश्च शशिना दृष्टौ मनोदुःखदौ
रोगाधिक्यकरौ च कश्चिदनयोर्नीचोऽस्तगो वा यदि ।
कष्टात्सौख्यमिह द्वयं यदि पुनर्नीचास्तगं स्यान्मृतिः
सूत्यब्दोद्भवरिष्टतो मृतिसमं स्यादन्यथेत्यूचिरे ॥ ८ ॥

तौ लग्ननवांशेश–लग्नपतिनवांशेशौ मिथः = परस्परं, शशिना = चन्द्रेण च दृष्टौ = वीक्षितौ, तदा मनोदुःखदौ, रोगाधिक्यकरौ च भवतः । अथ यदि वा अनयोर्लग्नलवेश - लग्नपतिलवेशयोर्ग्रहयोर्मध्ये एको नीचगतोऽन्योऽस्तगो भवेत्तदा कष्टात्=प्रयासात् सौख्यं स्यात् । इह वा यदि द्वयं = तदुक्तग्रहद्वयमपि पुनर्नीचास्तगं= नीचगतं, वाऽस्तगतमेव स्यात् तदा मृतिः स्यात् । अथान्यथा सूत्यब्दोद्भवरिष्टतः = जन्मवर्षकालघटितानिष्टयोगतः, मृतिसमं = मरणतुल्यं कष्ट स्यात् । इति फलम् आचार्या ऊचिरे = कथितवन्तः ॥ ८ ॥

भाषा—यदि लग्ननवांशेश, लग्नपतिनवांशेश, ये दोनों परस्पर एक दूसरे को देखें, या चन्द्रमा से देखे जांय, तो मनोदुःखको और अधिकरोग को देते हैं। यदि उन दोनों में एक नीच में दूसरा अस्त हो तो कष्ट से कुछ सुख हो। यदि दोनों नीच ही में, या दोनों अस्त ही हों, तो मरण होता है। अथवा जन्मकाल, वर्षकाल में भी कष्ट सिद्ध होने से मरणसमान फल होता है। ऐसा आचार्य लोग कहे हैं ॥ ८ ॥

भावांशाधिपतिः स्वभावपनवांशेशेन मैत्रीदृशा
दृष्टो वा सहितः शशी च यदि तौ मैत्रीदृशाऽऽलोकते ।
तद्भावोत्थसुखं त्रिलोक्यमथतद्व्यत्यासतः कीर्तितं
नीचास्तादि फलं च लग्नवदिदं विद्वद्भिरूह्यं धिया ॥ ९ ॥

भावांशाधिपतिः = कस्यापि भावस्य नवांशपतिः, स्वभावपनवांशेशेन = निजभावेशलवेशेन मैत्रीदृशा दृष्टः, वा सहितः, वा शशी चन्द्रश्च तौ भावनवांशेश—भावेशनवांशेशौ ग्रहौ मैत्रीदृशाऽऽलोकते तदा तद्भावोत्थसुखं वाच्यम् । तद्व्यत्यासतः = तदुक्तविलोमात् शत्रुदृष्ट्या विलोमं फलं कीर्तितं = कथितम् । नीचास्तादिफलं च लग्नवत् = यथा इतः पूर्वश्लोके (द्वयं यदि पुनर्नीचास्तगम्) उक्तं तथैव विद्वद्भिः = पण्डितैः, धिया = स्वबुद्धया ऊह्यं = ज्ञातव्यम् ॥ ९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—किसी भाव का नवांशेश, उस भाव के स्वामी के नवांशेश की मित्र-दृष्टि से देखा जाय, या चन्द्रमा उन दोनों को मित्रदृष्टि से देखे, तो उस भाव से उत्पन्न सुख कहना। यदि नहीं देखे, तो नहीं कहना। एवं लग्ननवांशेश, और लग्नेशनवांशेश के बीच में अस्त में रहने से जैसा पहले श्लोक में फल कहा है, वैसा ही यहाँ भावनवांशेश भावेशनवांशेश के वश से भी फल कहना ॥ ९ ॥

लग्नेशमासेशसमेश्वरांशनाथा यदंशाधिपमित्रदृष्ट्या।
दृष्टा युता वा शशिना च तत्तद्भावोत्थसौख्याय न चेदनिष्टम् ॥१०॥

लग्नेशः = वर्षलग्नेशः, मासेशः = मासस्वामी, समेश्वरः=वर्षेशः, अंशस्वामी= मासप्रवेशलग्नेशः, एते ग्रहा यदंशाधिपमित्रदृष्ट्या = यद्भावनवांशेशस्य मित्रदृष्ट्या दृष्टाः, वा युताः वा शशिना युतदृष्टास्तदा तद्भावोत्थसौख्याय भवन्ति। इत्थं न चेत्तदाऽनिष्टं वाच्यम् ॥ १० ॥

भाषा—वर्षलग्नेश, मासेश, वर्षेश, मासप्रवेश–लग्नेश ये चारो ग्रह जिस भावके नवांशेश की मित्रदृष्टि से दृष्ट युत हो, या चन्द्रमासे युतदृष्ट हो, तो उस भाव से जिन चीजों के विचार होते हैं, उन विषयों के सुख होते हैं। अन्यथा अशुभ जानना ॥१०॥

निर्बला व्ययषष्ठाष्टांशपा सत्फलदायकाः।
अन्ये सवीर्याः शुभदा व्यत्यये व्यत्ययः स्मृतः ॥ ११ ॥

व्ययषष्टाष्टांशपाः = व्ययषष्ठाष्टमभावनवांशस्वामिनः, निर्बलाः = बलहीनास्तदा सत्फलदायकाः भवन्ति। एते तु अनिष्टफलदा एव, तेन यदि ते सबलास्तदाऽनिष्ट-फलपोषकाः, दुर्बलास्तदाऽल्पानिष्टफलदा अत एव शुभफलदायकाः। अन्ये = तनु-धनसहजदुःखसुतजायाधर्मकर्मायभावेशाः सवीर्याः = बलयुक्तास्तदा शुभदा भवन्ति। व्यत्ययेऽर्थात् १२।६।८ एतद्भावेशाः सबलास्तदाऽशुभदाः, १।२।३।४।५।७।९। १०।११ एतद्भावेशास्तत्तलवेशाः दुर्बलास्तदाऽनिष्टफलदाः। एतेनानिष्टभावा दुर्बलाः शुभदाः शुभभावाः सबलास्तदा शुभदा इति सिद्धम् ॥ ११ ॥

भाषा—१२।६।८ इन भावोंके नवांशेश निर्बल हों, तो शुभफल को देते हैं। और यदि शेष (१।२।३।४।५।७।९।१०।११) भावों के नवांशेश सबल हों, तो शुभ फल देते हैं। यदि १२।६।८ इन भावों के नवांशेश सबल हों, तो अशुभफल देते हैं। यदि १। २।३।४।५।७।९।१०।११ भावों के नवांशेश दुर्बल हों, तो अशुभ फल होते हैं ॥ ११ ॥

लग्नेशमासेशसमेशमुंथाधीशाः षडष्टोपगताः सपापाः।
दृष्टाः खलैः शत्रुदृशाऽत्र मासे व्याध्यादिविड्डिम्भयदुःखदाः स्युः ॥१२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लग्नेश-मासेश-समेश-मुन्थाधीशाः, षडष्टोपगताः=षष्ठाष्टमस्थानगताः, अत्र छन्दोभङ्गानुरोधेन व्ययोपादानं न कृतं, तेन ६।८।१२ समानफलदातृत्वात्समत्वाद्द्वयोर्ग्रहयोः तृतीयस्यापि ग्रहणं, तथा ते सपापाः=पापग्रहसंयुताः, खलैः=पापैः शत्रुदृशा (१ ४।७.१०) दृष्टास्तदा अत्र मासे ते ग्रहाः व्याध्यादिविद्विड्भयदुःखदाः = व्याधिरोगभय-शत्रुभय-दुःखदा भवन्ति ॥ १२ ॥

भाषा—वर्षलग्नेश, मासेश, वर्षेश, मुथहेश ये ग्रह यदि ६।८।१२ इन स्थानों में हों, और पापग्रह से संयुत हो, या पापों की शत्रु (१।४।७।१०) दृष्टि से दृष्ट हो, तो उस मास में वे ग्रह सब व्याधिभय, रोगभय, शत्रुभय और दुःखों को देते हैं ॥ १२ ॥

केन्द्रत्रिकोणायगतास्तु लग्नमासाब्दपा वीर्ययुता नराणाम् ।
नैरुज्यशत्रुक्षयराज्यलाभमानोदयात्यद्भुतकीर्तिदाः स्युः ॥ १३ ॥

वीर्ययुताः=बलयुक्ताः, लग्नमासाब्दपाः=लग्नेश-मासेश-वर्षेशाः, केन्द्रत्रिकोणायगताः=१ ४।७।१०।९ ५।११ एतत्स्थानगतास्तदा नराणां=मनुष्याणां नैरुज्यं—शत्रुक्षय-राज्यलाभ-मानोदयात्यद्भुतकीर्त्तिदाः स्युः ॥ १३ ॥

भाषा—बलयुक्त वर्षलग्नेश, मासेश, वर्षेश यदि १।४।७।१०।५।९।११ इन स्थानों में हों, तो आरोग्य, शत्रुनाश, राज्यलाभ संमान, विशेष यश प्रतिष्ठा को देते हैं ॥१३॥

इन्थिहालग्नपा राशियों बली तत्र हद्दपाः ।
दशेशाः स्वांशतुल्याहैरित्युक्तं कैश्चिदागमात् ॥ १४ ॥

इन्थिहालग्नपोः=मुथहेश-मासलग्नेशयोः, ग्रहयोः यो राशिर्बली तत्र राशौ हद्दपाः=हद्देशा ये ग्रहास्ते ग्रहाः स्वांशतुल्यांशैः दशेशा भवन्तीति आगमात् कैश्चिदुक्तम् ॥ १४ ॥

भाषा—मुथहेश, मासलग्नेश इन दोनो में जिसकी राशि बली हो, उसकी हद्दा का जो स्वामीग्रह, सो अपने अंशों से दशेश होता है ॥ १४ ॥

रवीन्द्वोरसमावेशान्नैतद्युक्तं परे जगुः ।
दशान्तरदशाच्छेदे फलमाब्दं तु युज्यते ॥ १५ ॥

पूर्वोक्तयोगे रवीन्द्वोः=सूर्यचन्द्रयोः असमावेशादेतद्युक्तं नेति परे आचार्या जगुः । दशान्तरदशाच्छेदे=पात्यायिनीदशायां योऽन्तरदशाच्छेदः=अन्तर्दशाखण्डम् , तस्मिन् , आब्दं=वर्षोक्तं फलं वक्तुं युज्यते ॥ १५ ॥

भाषा—पहले के योग में रवि और चन्द्र के सम्बन्ध न होने से यह ठीक नहीं यह एक दूसरे आचार्य कह गये हैं। वर्षकाल में पात्यायिनी दशा की अन्तर्दशा बनाने से उस (अन्तर्दशा) में वर्षसम्बन्धि फल कहना युक्त होता है ॥ १५ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ दिनेशफलमाह—

दिनप्रवेशकालेऽपि खेटान्भावांश्च साधयेत् ।
चन्द्रलग्नांशकाभ्यां तु फलं तत्र वदेद्बुधः ॥ १६ ॥

दिनप्रवेशकाले अपि खेटान्=सूर्यादिकान् ग्रहान्, भावान् लग्नादिकांश्च साधयेत् तत्र = दिनप्रवेशे, चन्द्रलग्नांशकाभ्यां = चन्द्रलग्नयोर्नवांशाभ्यां तु फलं बुधः वदेत् ॥ १६ ॥

भाषा—दिनप्रवेश काल में रव्यादि नव ग्रह, तन्वादि द्वादश भावों का साधन करे, और चन्द्रमा लग्न इन दोनों के नवांश से वहां फल कहना चाहिये ॥ १६ ॥

अथ दिनस्वामिनिर्णयमाह—

चतुष्कमिथिहेशादि दिनमासाब्दलग्नपाः ।
एषां बली तनुं पश्यन्दिनेशः परिकीर्तितः ॥ १७ ॥

इन्थिहेशादिचतुष्कं=मुथहेशादिग्रहचतुष्कं = मुथहेश–जन्मलग्नेश–त्रिराशीश-दिनरात्रिचन्द्रराशीशेति ग्रहचतुष्टयं, दिनमासाब्दलग्नपाः=दिनलग्नेश–मासलग्नेश–वर्षलग्नेशा एवं सप्ताधिकारिणः । एषां मध्ये बली = सर्वाधिकबलवान् ग्रहः यदि तनुं = दिनप्रवेशतनुं पश्यन्, सन्, दिनेशः परिकीर्त्तितः । वर्षे पञ्चाधिकारिणः । मासे षडधिकारिणः । दिने सप्ताधिकारिणः । एकसहिता बोध्याः ॥ १७ ॥

भाषा—मुथहेश, जन्मलग्नेश, त्रिराशीश, दिन में सूर्यराशीश, रात में चन्द्रराशीश, दिनप्रवेशलग्नपति, मासप्रवेशलग्नपति और वर्षलग्नपति इन सात अधिकारियों में जो सबसे बली और लग्न को देखे, वही दिनेश होगा ॥ १७ ॥

अथ फलमाह—

त्रिकोणकेन्द्रायगताः शुभाश्चेच्चन्द्रात्तनोर्वा बलिनः खलास्तु ।
षट्त्र्यायगास्तत्र दिने सुखानि विलासमानार्थयशोयुतानि ॥ १८ ॥

दिने = दिनप्रवेशे चन्द्रात् = चन्द्राश्रितराशितः, वा तनोः = लग्नाश्रितराशितः, शुभाः=शुभग्रहाः त्रिकोणकेन्द्रायगताः=५।९।१।४।७।१०।११ एतेषु स्थितास्तथा च बलिनस्तदा विलासमानार्थयशोयुतानि सुखानि, एवं तत्र खलाः = पापाः, षट्त्र्यायगाः = ६।३।११ एतेषु गतास्तदापि पूर्वोक्तमेव शुभफलानि दद्युः ॥ १८ ॥

भाषा—शुभग्रह बलयुक्त होकर यदि लग्न से या चन्द्रमासे ५।९।१।४।७।१०।११ इन स्थानों में हों, तथा पापग्रह ३।६।११ इन स्थानों में हो, तो मनोविनोद, संमान, धन लाभ, यश प्रतिष्ठा से युत सुख होता है ॥ १८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

षडष्टरिःफोपगता दिनाब्दमासेन्थिहेशाः खलखेटयुक्ताः।
गदप्रदा मानयशोहराश्च केन्द्रत्रिकोणायगताः सुखाप्त्यै ॥ १६ ॥

चेत् = यदि दिनाब्दमासेन्थिहेशाः षडष्टरिःफोपगताः = ६।८।१२ एषु स्थिताः, खलखेटयुक्ताः = पापग्रहयुक्ताः तदा गदप्रदाः = रोगकराः, मानयशोहराः=अपमान-दुर्यशकरा भवन्ति। यदि केन्द्रत्रिकोणायगतास्तदा सुखाप्त्यै भवन्ति ॥ १९ ॥

भाषा—यदि दिनेश, वर्षेश, मासेश, मुथहेश ये चारों ग्रह ६।८।१२ इन स्थानों में हों, पापग्रहसे युत दृष्ट हों तो रोगप्रद, माननाश और यश हानि को करते हैं। यदि केन्द्र १।४।७।१० त्रिकोण ५।९। में गत हों, तो सुखलाभ के लिये होते हैं ॥ १९ ॥

लग्नांशकः सौम्यखगैः समेतो दृष्टोऽपि वा मित्रदृशेन्दुनाऽपि।
नैरुज्यराज्यादिशरीरपुष्टिर्मासोक्तिवद्दुःखमतोऽन्यथात्वे ॥ २० ॥

लग्नांशकः=दिनलग्ननवांशेशः, सौम्यखगैः = शुभग्रहैः, समेतः = युतः, वा मित्रदृशा दृष्टः, वा इन्दुना मित्रदृशा दृष्टः, तदा नैरुज्यराज्यादिशरीरपुष्टिः भवति। अत उक्तादन्यथात्वे = भिन्नत्वेऽर्थात् पापैः युतो दृष्टः तदा मासोक्तिवत् = यथा मास-प्रवेशे सुखदुःखविचारः कृतस्तद्वद्दुःखं बोध्यम् ॥ २० ॥

भाषा—दिनप्रवेश कालिक लग्ननवांशेश यदि शुभग्रहों से युत दृष्ट हो, वा चन्द्रमा से मित्र दृष्टया दृष्ट हो, तो आरोग्य, राज्यादि सुख, शरीर पुष्टि होती है। इससे अन्यथा मासप्रवेशोक्तवत् अशुभफल जानना ॥ २० ॥

यदंशपः सौम्ययुतेक्षितो वा स्निग्धेक्षणाद्भावजसौख्यकृत्स्नः।
दुःखप्रदः प्रोक्तवदन्यथात्वे सर्वेषु भावेष्वियमेव रीतिः ॥ २१ ॥

यदंशपः=यद्भावनवांशराशिपतिः, स्निग्धेक्षणात् = मित्रदृष्टया सौम्ययुतेक्षितः= शुभग्रहयुतदृष्टः, तदा सः तद्भावजसौख्यकृत् स्यात्। अन्यथात्वे = उक्तभिन्नत्वे, प्रोक्तवद्दुःखप्रदः स्यात्। सर्वेषु भावेषु इयमेव रीतिः बोध्येति ॥ २१ ॥

भाषा—जिस भाव का नवांशेश शुभग्रहोंसे युत हो, मित्रदृष्टि से दृष्ट हो, तो उस भाव से उत्पन्न सुख को करता है। इसके विपरीत में अर्थात् जिस भाव के नवांशेश पापग्रहों से युत हो, या शत्रुदृष्टि से पाप से दृष्ट हो, तो दुःख देता है। ऐसे सब भावों में समझना चाहिये ॥ २१ ॥

षष्ठांशकः सौम्ययुतो रोगदः पापयुक् पुनः।
व्ययांशे शुभयुग्दृष्टे सद्व्ययः पापतस्त्वसत् ॥ २२ ॥

षष्ठांशकः = रिपुभावनवांशराशिः, सौम्ययुतः = शुभग्रहयुतः, पुनः पापयुक्तस्तदा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रोगदो भवति । वा व्ययांशे = व्ययभावनवांशे, शुभयुतदृष्टे, तदा सद्व्ययः=सन्मार्गे व्ययः । पापतः=पापयुतदृष्टितः, असत् = असद्व्ययः भवति ॥ २२ ॥

भाषा—छठे भाव का नवांशपति, शुभग्रह से युत हो, फिर पापग्रह से युत हो, तो रोग को देता है । या व्ययभाव के नवांशराशि में शुभग्रह से युत दृष्ट हो, तो सन्मार्ग में व्यय हो, पापग्रह से युत दृष्ट हो, तो असद्व्यय होता है ॥ २२ ॥

जायांशः सौम्ययुग्दृष्टः स्वस्त्रीसौख्यविलासकृत् ।
पापैर्गृहकलिर्दुःखं पापांतःस्थे मृतिं वदेत् ॥ २३ ॥

जायांशः = सप्तमभावनवांशराशिः, सौम्ययुग्दृष्टः, तदा स्वस्त्रीसौख्यविलासकृत् स्यात् । वा जायांशः पापैः, युतदृष्टः, तदा गृहकलिः=गृहिणीकलहादि, दुःखं=मनोदुःखं च स्यात् । जायांशे पापान्तःस्थे सति मृतिं वदेत् ॥ २३ ॥

भाषा—सप्तमभाव नवांशराशि यदि शुभग्रह से युत दृष्ट हो, तो अपनी स्त्री का सुख विलास को करता है । यदि पापग्रहों से युत दृष्ट हो, तो घर में स्त्रीकलह, मनोदुःख हो । और यदि दो पापग्रहोंके बीचमें सप्तमभावनवांश राशि पड़े, तो मरण कहना२३

शुभमध्यस्थिते स्त्र्यंशे बहुलं कामिनीसुखम् ।
स्वस्यां रतिर्गुरावन्यखगेऽन्यासु रतिं वदेत् ॥ २४ ॥

स्त्र्यंशे = जायांशे=सप्तमभावनवांशराशौ, शुभमध्यस्थिते=शुभग्रहयोर्मध्यस्थिते, सति कामिनीसुखं = स्त्रीसुखं, बहुलं = अधिकं, भवति । तत्र गुरौ=जीवे, स्त्र्यंशे सति स्वस्यां = स्वकीयस्त्रियां, रतिः = आसक्तिः, अन्यखगे=गुरुभिन्नग्रहे जायांशे सति, अन्यासु = परस्त्रीषु रतिं = प्रेम वदेत् = कथयेत् ॥ २४ ॥

भाषा—सप्तम भाव का नवांश राशि यदि दो शुभ ग्रहोंके बीच में हो, तो स्त्रीसुख पूर्ण हो । वहां सप्तमभाव के नवांश में यदि बृहस्पति हो, तो अपनी स्त्री से प्रेम हो वा सङ्ग हो । गुरु से भिन्न ग्रहों से सप्तमभाव नवांश युत हो तो परकीया स्त्री में आसक्त हो ॥ २४ ॥

अथाष्टमभावफलमाह—

मृत्यंशे मृत्युगैः सौम्यैर्युग्दृष्टे मरणं रणे ।
मिश्रैर्मिश्रं खलैः सौख्यं वर्षलग्नानुसारतः ॥ २५ ॥

मृत्यंशे=अष्टमभावनवांशराशौ, मृत्युगैः=अष्टमभावगतैः शुभग्रहैर्युग्दृष्टे, तदा रणे=संग्रामे मरणं भवति । मिश्रैः=पापशुभैर्युतदृष्टेऽष्टमभावनवांशराशौ सति मिश्रं= पापं शुभं च फलं वाच्यम् । खलैः = पापैर्युतदृष्टे सौख्यं स्यात् । शेषं वर्षलग्नानुसारतो ज्ञेयम् ॥ २५ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—यदि अष्टमभाव का नवांशेश, अष्टमभावस्थ ग्रहों से युत दृष्ट हो, तो लड़ाई में मरण हो। यदि पाप शुभ दोनों से युत दृष्ट हो, तो शुभ अशुभ दोनों प्रकार फल कहना। यदि पापग्रहों से युत दृष्ट हो तो सुख होता है। शेष वर्षलग्न के अनुसार समझना ॥ २५ ॥

अथ कर्त्तरीयोगमाह—

द्विर्द्वादशे खला हानिं व्यये सौम्याः शुभव्ययम् ।
कर्त्तरी पापजा रोगं करोति शुभजा शुभम् ॥ २६ ॥

खलाः=पापग्रहाः, द्विर्द्वादशे=द्वितीये द्वादशे च स्थिताः, तदा हानिं = सकलविधक्षतिं कुर्वन्ति । सौम्याः=शुभग्रहाः व्यये स्थितास्तदा शुभव्ययं कुर्वन्ति । पापजा कर्त्तरी रोगं करोति । शुभजा कर्त्तरी शुभं करोति । अत्र स्पष्टार्थं बालावबोधाय युक्तिर्विलिख्यते-कर्त्तरी भाषायां 'कैंची' उच्यते, तत्र यथा लोहपत्रद्वयं भवति, तत्र कस्यापि वस्त्रादेः कर्त्तनाय यदा कर्त्तरी उपयुज्यते तदा पूर्वलोहपत्रमग्रतो याति अपरलोहपत्रं पृष्ठतो याति, एवं तयोस्तीक्ष्णधारयोर्योगेन तन्मध्यगतं वस्त्रादि कर्त्तितं भवति, एवमेव व्ययस्थमार्गी पापो लग्नाभिमुखं याति धनस्थवक्री पापः पृष्ठतो याति अतः लग्नस्य = शरीररूपपत्रस्य ताभ्यां पापाभ्यां कर्त्तनं जायते ॥ २६ ॥

भाषा—दूसरे और बारहवें में पापग्रह हों, तो हानि होती है। शुभग्रह यदि दूसरे बारहवें में हों, तो शुभमार्ग में खर्चा होता है। पापग्रह से कर्त्तरी योग हो, तो रोग को करती है। शुभग्रह से कर्त्तरी होती हो, तो शुभ करती है ॥ २६ ॥

अथ चन्द्रकृतानिष्टमाह—

लग्नेऽष्टमे वा क्षीणेन्दुर्मृत्युदः पापदृग्युतः ।
रोगी वा ग्रहणं वापि रिपुतः शत्रुभीरपि ॥ २७ ॥

पापदृग्युतः=पापग्रहदृष्टयुतः क्षीणेन्दुः=क्षीणचन्द्रः, लग्ने, वाऽष्टमे स्थाने स्थितस्तदा मृत्युदः भवति । वा जन्मपत्रे आयुःपूर्णत्वे रोगः, वा रिपुतः=शत्रुतः, ग्रहणं=वशगतत्वं भवति । शत्रुभीः = शत्रुभयमपि भवति ॥ २७ ॥

भाषा—पापग्रह से युत दृष्ट क्षीणबली चन्द्रमा यदि लग्न में या अष्टम भाव में हों, तो मरण को देता है। यदि अन्य योग उत्तम हों और जन्म कुण्डली में आयुर्दाय पूरा हो, तो रोग होता है, वा शत्रु से पकड़े जाने का सम्भव होता है। वा शत्रु भय होता है ॥ २७ ॥

अथान्यदरिष्टयोगमाह—

चन्द्रे सभौमे निधनारिसंस्थे नृणां भयं शस्त्रकृतं रिपोर्वा ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पापैर्मुखस्थैः पतनं गजाश्वयानात्तनौ स्याद्बहुला च पीडा ॥ २८ ॥

सभौमे = कुजयुक्ते, चन्द्रे, निधनारिसंस्थे = अष्टमषष्ठस्थानस्थिते सति नृणां= मनुष्याणां शस्त्रकृतं भयं वा रिपोः = शत्रोः, भयं वाच्यम् । पापैः=पापग्रहैः=रविकुज-शनिक्षीणचन्द्रैः, मुखस्थैः गजाश्वयानात् = हस्तिघोटकवाहनात् पतनम्=अधःपातः, तनौ=शरीरे, बहुला =अधिका, पीड़ा भवति ॥ २८ ॥

भाषा—मङ्गल चन्द्रमा ये दोनों आठवें छठे स्थान में हों, तो मनुष्यों को शस्त्रभय या शत्रुभय कहना । यदि पापग्रह मुख में स्थित हो तो हाथी घोड़ा आदि सवारी परसे पतन और देह में ज्यादे पीड़ा हो ॥ २८ ॥

अथ शुभफलमाह—

शुभा द्यूने विजयदा द्यूतादर्थे सुखावहाः ।
नवमे धर्मभाग्यार्थराजगौरवकीर्तिदाः ॥ २९ ॥

शुभाः = शुभग्रहा द्यूने = सप्तमस्थाने स्थिताः तदा द्यूतात् = अक्षादिक्रीडनतः, विजयदाः स्युः । तथा शुभा अर्थे = द्वितीये स्थाने स्थितास्तदा सुखावहाः = हर्ष-प्रदाः स्युः । शुभा नवमे स्थितास्तदा धर्मभाग्यार्थराजगौरवकीर्तिदाः=धर्मलाभः, भाग्योदयः, अर्थलाभः, राजगौरवं =भूपसत्कारः, कीर्तिदा =यशःप्रतिष्ठालाभश्च च भवति ॥ २९ ॥

भाषा—शुभग्रह सातवें स्थान में हों, तो जूआ से जय को देते हैं । यदि शुभग्रह द्वितीय स्थान में हों, तो सुख को देते हैं । यदि शुभग्रह नवम स्थान में हों, तो धर्म, भाग्य, धन, राजसम्मान, यश को देते हैं ॥ २९ ॥

अथ दिनप्रवेशे चन्द्रावस्थावशेन फलमाह—

दिनप्रवेशेऽस्ति विधुर्यवस्थायां तु यादृशि ।
तदवस्थातुल्यमसौ फलं दत्ते न संशयः ॥ ३० ॥

दिनप्रवेशे विधुः=चन्द्रः, यादृशि अवस्थायां = दशायां, अस्ति, असौ चन्द्रः त-दवस्थातुल्यमेव फलं = शुभाशुभ, दत्ते, अत्र संशयः न अस्ति ॥ ३० ॥

भाषा—दिनप्रवेश काल में चन्द्रमा जैसी अवस्था में रहता है, उस अवस्था समान ही फल को देता है । इसमें सन्देह नहीं है ॥ ३० ॥

अथ चन्द्रावस्थासाधनमाह—

विहाय राशिं चन्द्रस्य भागा द्विघ्नाः शरोद्धृताः ।
लब्धं गता अवस्थाः स्युर्भोग्यायाः फलमादिशेत् ॥ ३१ ॥

चन्द्रस्य = चन्द्रस्पष्टराश्यादेः, राशिं-राशिस्थानाङ्कं, विहाय=त्यक्त्वा, येऽवशि-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द्याः भागाः = अंशाः, ते द्विघ्नाः=द्विगुणाः, शरोद्धृताः=पञ्चभक्ताः, तदा लब्धं गताः= व्यतीताः, अवस्थाः, स्युः, तत्र भोग्यायाः = गताग्रिमावस्थायाः फलं=शुभाशुभं, आदिशेत् = कथयेत् ॥ ३१ ॥

भाषा—राश्यादिक चन्द्रमा में राशिस्थान को छोड़ कर अंशादिक जो अवयव हो उसको दो से गुणा करे, पांच से भाग दे, तो लब्धि तुल्य गत अवस्था होगी। उसके अग्रिम अवस्था का फल कहना। अवस्था के नाम—प्रवास, नाश, मरण, जय, हास्य, रति, क्रीडित, सुप्त, भुक्त, ज्वर, कम्प, और स्थिरता ॥ ३१ ॥

उदाहरण—जैसे चन्द्रमा २।४।२९।४० वहां २ राशिको छोड़ कर बांकी अंशादि ४।२९।४० इसको दो से गुणा किया ८।५९।२० इसमें पांच से भाग दिया, तो लब्धि १ हुई, तो पहली अवस्था प्रवास, सो तो गत हो गयी, उसके आगे वाली नष्ट (नाश) नामकी अवस्था हुई।

हर एक राशि में चन्द्रमा की बारह अवस्थायें होती हैं। इस लिये राशिस्थान का प्रयोजन नहीं है। बांकी जो अंशादि उस पर से वर्तमान अवस्था का विचार करना चाहिये, जैसे ३० अंश में १२ अवस्था, तो इष्ट अंश में क्या $\frac{१२ \times इअं}{३०} = \frac{२}{५} \times$ इष्ट अंश यहां जो लब्धी हुई उतनी तो गत अवस्था हुई उसके आगे वाली जो अवस्था सो वर्तमान अवस्था होगी ॥ ३१ ॥

अथावस्थाफलमाह—

प्रवासः प्रवासोपगे रात्रिनाथेऽर्थनाशस्तुनष्टोपगे मृत्युर्भीतिः।
मृतावस्थिते स्याज्जयायां जयस्तु विलासस्तु हास्योपगे कामिनीभिः॥३२॥
रतौ स्याद्रतिः, क्रीडिता सौख्यदात्री, प्रसुप्ताऽपि निद्रां कलिं देहपीडाम्।
भयं तापहानी सुखं स्याच्च भुक्ताज्वराकम्पितासुस्थितासु क्रमेण ॥३३॥

प्रवासोपगे=प्रवाससञ्ज्ञकप्रथमावस्थां गते, रात्रिनाथे = चन्द्रे, प्रवासः = परदेशवासः भवति। नष्टोपगे = नष्टसञ्ज्ञकद्वितीयावस्थांगते चन्द्रे सति अर्थनाशः = धननाशः। मृतावस्थिते = मृत्युसञ्ज्ञतृतीयावस्थां गते चन्द्रे सति, मृत्युर्भीतिः = मरणभयम् भवति। जयायां = जयावस्थायां चतुर्थ्यां जयः। हास्योपगे = हास्यावस्थां गते चन्द्रे विलासः = चित्तोल्लासव्यापारः। रतौ = सुरतावस्थायां, कामिनीभिः=स्त्रीभिर्विलासवतीभिः रतिः = मैथुनं स्यात्, क्रीडतावस्था तु सौख्यदात्री, प्रसुप्ताऽवस्था तु निद्रां = शयनं, कलिं = कलहं, ददाति। अथ भुक्ताज्वराकम्पितासुस्थितासु क्रमेण देहपीडा, भयं, तापहानी, सुखं स्यात्। अर्थात् भुक्तावस्थायां देहपीडा। ज्वरावस्थायां

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भयम् । कम्पितावस्थायां तापहानी भवतः । सुस्थितावस्थायां सुखं स्यात् ॥३२-३३॥

भाषा—चन्द्रमा प्रवास अवस्था में हों, तो परदेश रहना होता है । नाश नाम की अवस्था में धननाश, मरण अवस्था में मरणभय, जय अवस्था में जय, हास्यावस्था में विलास, रति अवस्था में स्त्रियों से संग, क्रीडित अवस्था में सुख, प्रसुप्ता में निद्रा, कलह, भुक्ता में देहपीड़ा, ज्वरावस्था में भय, कम्पित अवस्था में ताप हानि, सुस्थित अवस्था में सुख होता है ॥ ३२-३३ ॥

अच्छी तरह समझने के लिये चक्र लिखते हैं ।

अवस्थानाम	१ प्रवास	२ नाश	३ मरण	४ जय	५ हास्य	६ रति
अवस्थाफल	प्रवास	धननाश	मरणभय	जय	विलास	स्त्रीसङ्ग
अवस्थानाम	७ क्रीडित	८ सुप्त	९ भुक्त	१० ज्वर	११ कम्पिता	१२ स्थिरता
अवस्था फल	सुखलाभ	निद्रा कलह	देहपीडा	भय	ताप धनहानि	सुख

इति मासप्रवेशदिनप्रवेशादिफलविचारः ।

अथ मृगयाविचारमाह—

सवीर्यौ कुजज्ञौ नृपाखेटसिद्ध्यै न सिद्धिर्यदा वीर्यहीनाविमौ स्तः ।
जलाखेटमाहुः सवीर्यैर्ग्रहर्क्षैर्जलाख्यैर्नगाख्यैर्नगाखेटमाहुः ॥ ३४ ॥

सवीर्यौ = सबलौ, बलयुक्तौ कुजज्ञौ=भौमबुधौ तु नृपाखेटसिद्ध्यै=नरेशमृगयासफलाय भवतः । अर्थान्ममाद्य मृगया सफला भविष्यति नवेति प्रश्ने यदि तात्कालिकौ मङ्गलबुधौ बलयुक्तौ भवतस्तदाऽवश्यं मृगया सफला वाच्या । यदा इमौ = कुजबुधौ विबलौ स्तस्तदा मृगयासिद्धिर्न वाच्या । तत्र सवीर्यैः = बलयुक्तैः, ग्रहर्क्षैः = योगकर्तृग्रहराशिभिः, जलाख्यैः = जलचरसञ्ज्ञकैः=कर्कवृश्चिकमीनसञ्ज्ञैः, जलाखेटं= जलचरमीनगोधाकच्छपादिजीवानामाखेटम् आहुः । नगाख्यैः = वनचरसञ्ज्ञकैः = मेषसिंहधनुःसञ्ज्ञकैः, नगाखेटं = पर्वतवनचरजीवहननक्रीडनम् , आहुः ॥ ३४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—यदि मृगयाप्रश्नकाल में मंगल, बुध पूर्णबली हों तो राजा या शिकारियों की शिकार सफल होने के लिये होते हैं। यदि वे दोनों दुर्बल होते हैं, तो शिकार करना बेकार होता है। यदि उन दोनों के राशि जलचर हो, बलवान् भी हो, तो जलचरजीवों का शिकार कहना। यदि उन दोनों के राशि पर्वतचारी वनचारी हों, तो वनचर पर्वतचर जीवों के शिकार होते हैं। दोनों में एक जलचर दूसरा वनचर हो तो दोनों होते हैं ॥ ३४ ॥

अथान्यदाह—

लग्नास्तनाथौ केन्द्रस्थौ निर्बलौ क्लेशदायिनी ।
मृगयोक्ता शुभफला वीर्याढ्यौ यदि तौ पुनः ॥ ३५ ॥

लग्नास्तनाथौ = मृगयाप्रश्नकालिकलग्नसप्तमस्थानस्वामिनौ ग्रहौ केन्द्रस्थौ (१।४।७।१०) एतत्स्थानगतौ, निर्बलौ=पञ्चाल्पबलौ तदा मृगया=आखेटः, क्लेशदायिनी उक्ता। यदि पुनस्तौ लग्नेशसप्तमेशौ बलाढ्यौ भवतस्तदा शुभफला विनाऽऽयासेन झटिति सफला मृगया वाच्येति ॥ ३५ ॥

भाषा—यदि शिकार के प्रश्नकाल में लग्नेश, सप्तमेश ये दोनों केन्द्र (१।४।७।१०) में हों, बलहीन हों, तो मृगया क्लेशदायिनी होती है। यदि वे दोनों ग्रह सबल हों, तो मृगया शुभ फल देने वाली होती है।

अथ भोजनचिन्ताविचारमाह—

लग्नाधिपो भोज्यदाता, सुखेशो भोज्यमीरितम् ।
बुभुक्षा मदपः, कर्मपतिर्भोक्तेति चिन्तयेत् ॥ ३६ ॥

अद्य मया किच भुक्तं, वा किं किमहं भोक्ष्यामीति प्रश्ने-तत्कालप्रश्नलग्नाधिपः= लग्नेशो ग्रहः, भोज्यदाता = भोजयिता, सुखेशः = चतुर्थेशः, भोज्यं = भोजनवस्तु भवेत्। मदपः=सप्तमेशः, बुभुक्षा=भोक्तुमिच्छा क्षुधा भवति। कर्मपतिः = दशमेशः भोक्ता — भोजनकर्त्ता इति चिन्तयेत् ॥ ३६ ॥

भाषा—मैं आज क्या खाया, अथवा क्या क्या खाऊंगा ? इस प्रश्नकाल का जो लग्नेश, वह खिलाने वाला, अर्थात् वह यदि दुर्बल हो, तो खिलाने वाला गरीब हो। वह यदि सबल हो, तो खिलाने वाला धनी सुखी हो। वह यदि दिनस्वामी हो तो राजा के घर में निमन्त्रण होता है। यदि पुरुष ग्रह हो तो पुरुषप्रधान घरमें, स्त्री हो तो स्त्री प्रधान घर में, यह ग्रह जिस रस का स्वामी, हो उस रस का प्राधान्य भोजन में कहना इत्यादि तर्क करना। और चतुर्थेश भोजन होता है, चतुर्थ स्थान की जैसी प्रकृति गुण तदनुसार भोजनीय चीजों में रस, गुण सब कुछ कहना। और सप्तमेश भूख होती

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

है। यह बलिष्ठ हो, तो अधिक भूख, दुर्बल हो, तो थोड़ी भूख, यदि अस्तंगत हो, तो मन्दाग्नि हो। यह सप्तमेश यदि सूर्य कुज हो यदि अग्नितत्त्वराशि में हो, तो जठराग्नि अत्यन्त तीव्र हो। जो खाय सब स्वाहा हो जाय। यदि चन्द्रमा हो, तो खीर वा दही दूध प्रधान भोजन हो। यदि रवि कुज हो, तो सूखा–पूरी कचौड़ी वा तली हुई तरकारी वगैरह कहना। यदि शनि हो, तो तीत नीम, करैला आदि चीज हो। ऐसे सप्तमेश ग्रह भूख होती है। दशमेश खाने वाला होता है। इस पर से ग्रहों के वल प्रकृति, स्वरूप आश्रित राशि के नवांश आदि के वश से फल विचारना॥ ३६॥

अथ भोजनविवरणमेवाह—

लग्ने लाभे च सत्खेटयुतदृष्टे सुभोजनम्।
जीवे लग्ने सिते वापि सुभोज्यं दुःस्थितावपि॥ ३७॥
मन्दे तमसि वा लग्ने सूर्येणालोकिते युते।
लभ्यते भोजनं नात्र शत्रुभीतिस्तदा क्वचित्॥ ३८॥
रविदृष्टं युतं नापि लग्नं न यदि तत्र हि।
उपवासस्तदा वाच्यो नक्तं वा विरसाशनम्॥ ३९॥
चन्द्रे कर्मगते भोज्यमुष्णं शीतं सुखे कुजे।
तुर्ये खेटस्य वसतो भोज्यान्ने रसमादिशेत्॥ ४०॥
स्निग्धमन्नं सिते तुर्ये तैलसंस्कृतमर्कजे।
नीचोपगे कदशनं विरसं न च संस्कृतम्॥ ४१॥

लग्ने, लाभे = एकादशे च स्थाने, सत्खेटयुते = शुभग्रहयुक्ते तदा सुभोजनम् = सरसोत्तमवस्तु भोजनीयं वाच्यम्। जीवे = गुरौ, वा सिते = शुक्रे, लग्ने सति, तदा दुःस्थितौ = सद्वस्तुभोजनासम्भवेऽपि सुभोजनं ईरितम् = उक्तम्।

अथ मन्दे = शनौ, वा तमसि = राहौ, लग्ने सति, तथा सूर्येण = रविणा आलोकिते = दृष्टे, युते वा सति भोजनं नैव लभ्यते, प्रत्युत तदा क्वचित् शत्रुभीतिः भवेत्। यदि तत्र = उक्तयोगे अर्थात् शनिराहुयुतलग्नं रविदृष्टं न वा युतं न तदा उपवासः वाच्यः। वा दिने उपवासः, नक्तं = रात्रौ विरसाशनं = नीरस-वासि-कदन्नभोजनं वाच्यम्। चन्द्रे कर्मगते = दशमस्थे भोज्यं वस्तु उष्णं = तप्तमेव वाच्यं, कुजे सुखे = चतुर्थे सति शीतं = पर्युषितं, चिरकालरन्धितं, वा दधि–चिपिटान्नं वाच्यम्। तुर्ये = चतुर्थे, वसतः = वर्त्तमानस्य, खेटस्य = ग्रहस्य, वशतः, भोज्यान्ने रसमादिशेत्। तत्र सिते = शुक्रे, तुर्ये = चतुर्थे सति स्निग्धं = चिक्कणं, दधिदुग्धपायसादि भोजनं वाच्यम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुखे चार्कजे=शनौ सति, तैलसंस्कृतम्=तैलतलितं व्यञ्जनादि वाच्यम्। सुखेशे, वा सुखस्थे ग्रहे नीचे=नीचराशौ सति कदशनं=कुत्सितान्नभोजनं, विरसं=रसहीनं, संस्कृतं न च, भर्जिततण्डुलचणकयवादि भोजनं वाच्यम्॥ ३७-४१॥

भाषा—लग्न, एकादश स्थान यदि शुभग्रह से युत दृष्ट हो, तो अच्छा भोजन हो। बृहस्पति या शुक्र लग्न में हों, तो दुःस्थिति (उत्तम भोजन के असम्भव समय) में भी अच्छा भोजन कहना। शनि या राहु यदि लग्न में हों, और रवि से दृष्ट युत हों, तो भोजन नहीं मिलता, बल्कि कहीं शस्त्रों का भी डर हो। यदि लग्न, शनि, राहु को सूर्य नहीं देखे तो उपवास (बिना भोजन के रह जाना) होता है। या दिन भर कुछ नहीं, रात में कुछ नीरस भोजन मिल जाता है। चन्द्र दशम में हों, तो गर्म खाना मिले। मङ्गल हो तो ठण्डा अन्न खाने को मिले। चतुर्थस्थान में स्थित ग्रह के अनुसार भोज्य अन्न में रस स्वाद कहना। जैसे शुक्र यदि चौथे में हो, तो चिकना कोमल अन्न, शनि चौथे में रहने से तेल का बनाया हुआ अन्न कहना, चतुर्थेश, या चतुर्थ स्थान स्थित ग्रह यदि नीच में हों तो कुत्सित अन्न (भूंजा, होरहा, भाजा आदि) भोजन कहना, सिद्ध अन्न नहीं कहना॥ ३७-४१॥

सूर्यादिभिर्लग्नगतैः सवीर्यै राजादिगेहे भुजिमामनन्ति।
सुखे सुखेशे सबले सुभोज्यं चरादिके स्यादसकृत्सकृद्धि॥ ४२॥

सवीर्यैः=सबलैःसूर्यादिभिर्ग्रहैः लग्नगतैः सद्भिः राजादिगेहे भुजिं आमनन्ति=कथयन्ति। सूर्ये चन्द्रे च बलवति राजगृहे, कुजे बलयुते नेतृगृहे बुधे बलिनि राजकुमारगृहे एवं ज्ञेयम्। सुखे-चतुर्थस्थाने, सुखेशे सबले तदा सुभोज्यं वाच्यं, दुर्बले कुभोज्यं वाच्यम्। सुखे चरादिके तदा असकृत् सकृत् भोजनं वाच्यम्। चरे सुखेऽनेकवारं, स्थिरे सुखे एकवारं, द्विःस्वभावे द्विवारं भोजनं वाच्यम्॥ ४२॥

भाषा—सूर्यादिक ग्रह बलवान् होकर लग्न में हों तो राजा आदि के घर भोजन कहना। चौथे स्थान या चतुर्थेश सबल हो, तो सुन्दर भोजन, चौथे में चर हो तो अनेक बार, स्थिर हो, तो एक बार, द्विःस्वभाव हो, तो दो बार भोजन कहना॥ ४२॥

मूलत्रिकोणगे खेटे लग्ने पितृगृहेऽशनम्।
मित्रालये मित्रभस्थे शत्रुगेहेऽरिगेहगे॥ ४३॥

मूलत्रिकोणगे खेटे=ग्रहे लग्ने सति, पितृगृहे=पैतृकस्थानेऽशनं=भोजनं भवति। मूलत्रिकोणं तु 'सिंहवृषाजप्रमदाकार्मुकभृत्तौलिककुम्भधराः' इति लघुजातकाच्चिन्त्यम्। अथ लग्नस्थे खेटे मित्रभस्थे=स्वमित्रराशौ, गतवति मित्रालये भोजनं वाच्यम्। अथ लग्नस्थे ग्रहे शत्रुभस्थे=शत्रुराशौ, सति शत्रुगेहे भोजनं वाच्यम्॥ ४३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—लग्नस्थ ग्रह यदि मूलत्रिकोण में हों, तो पिता के घर में, यदि मित्र के राशि में हो, तो मित्र के घर में, यदि शत्रु के राशि में हो, तो शत्रु के घर में भोजन कहना ॥ ४३ ॥

शुभेक्षितयुते लग्ने बलाढ्ये स्वगृहे भुजिः ।
गृहराशिस्वभावेन यत्नादन्यत्र चिन्तयेत् ॥ ४४ ॥

शुभेक्षितयुते लग्ने बलाढ्ये सति स्वगृहे भुजिर्भोजनं भवति । अन्यत्र राशौ गृहराशिस्वभावेन, तत्तद्राशिरस-पदार्थ-काल-स्थान-प्रकृतितारतम्यवशेन भोजन-विचारः कर्त्तव्यः ॥ ४४ ॥

भाषा—शुभग्रह से दृष्ट युत लग्न हो, तो अपने घर में भोजन कहना । और राशियों में राशि के स्वभाव के अनुसार भोजन विषय यत्न से विचारना ॥ ४४ ॥

अथ ग्रहभेदेन भोजनपदार्थभेदमाह—

तिलान्नमर्के हिमगौ सुतण्डुलान्भौमे मसूरांश्चणकांश्च भोज्यम् ।
बुधे समुद्गः खलु राजमाषा गुरौ सगोधूमभुजिः सवीर्ये ॥ ४५ ॥
शुक्रे यवा बाजरिका युगन्धराः शनौ कुलित्थादि समाषमन्नम् ।
भोज्यं तृणान्नं शिखिराहुवीर्याच्छुभेक्षणालोकनतः सहर्षम् ॥ ४६ ॥
सूर्ये मूलं पुष्पमिन्दौ कुजे स्यात्पत्रं शाखा चापि शाकं सवीर्ये ।
शुक्रेज्यज्ञैर्व्यंजनं भूरिभेदं मन्देनेत्थं सामिषं राहुकेत्वोः ॥ ४७ ॥

अर्के=सूर्ये बलयुक्ते तिलान्नं=तिलयुक्तान्नं, हिमगौ=चन्द्रे बलयुते सुतण्डुलान्, भौमे=कुजे बलयुते मसूरान्, चणकान्=भोज्यान्नम् । बुधे=बलिनि समुद्गः=मुद्गयुदलसहितः राजमाषा=बोड़ा, गुरौ=जीवे बलयुते सगोधूमभुजिः=गोधूमचूर्ण-निर्मितभोज्यम् । शुक्रे सवीर्ये सति यवाः=शिशिरर्तुजातशूकधान्यविशेषाः, बाज-रिकाः=बाजरेति विख्याताः । युगन्धराः=देशभेदेन जोनहरी, मकई, जनेरा, इत्यादि नामकाः । शनौ सवीर्ये सति कुलित्थादि समाषं [कुरथी उरीद] अन्नम् । शिखिराहुवीर्या-त्=केतुराह्वोर्बलाधिक्यात्, तृणान्न=खोंभिया, रामदाना, ओइरी आदि, भोज्यं वाच्यम् । सर्वत्र शुभेक्षणालोकनतः=शुभग्रहदर्शनयोगतः, सहर्षं=विनोदयुक्तं भोजनं ज्ञेयम् । पापयोगेक्षणात् कलहयुक्तं भोजनं वाच्यमिति शेषः । अथ व्यञ्जनभेदमाह । सूर्ये बलाधिके मूलं=आलू, कन्दा, शालगम, मूली, बम्हार आदि, व्यञ्जनं ज्ञेयम् । इन्दौ=चन्द्रे बलाधिके, पुष्पं=गोभी प्रभृति, शाकं वाच्यम्, कुजे=भौमे, सवीर्ये पत्रं, बथुआ, गेन्हारी, चौराई, कचु, पालक आदि शाकं व्यञ्जनं ज्ञेयम् । अपि वा शा-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—यह कुमारी लड़की पवित्र चरित्र की है, या नहीं ? इस प्रश्न में लग्न में स्थिर राशि हो, और लग्नेश चन्द्रमा भी स्थिर राशि में हों तो लड़की शुद्ध चरित्र वाली समझना। यदि लग्न, लग्नेश, चन्द्रमा ये तीनों चरराशि में हों, तो बिना विवाही भी बदचलन होती है। यदि चन्द्रमा द्विःस्वभावराशि में हो, लग्न में चरराशि हो तो थोड़ा दोष वाली होती है। यदि चन्द्रमा मङ्गल चर और द्विस्वभाव में हों तो गुप्त रूप सेदूसरे से भोग करती है। यदि शनि और चन्द्रमा लग्न में हो तो

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रकट रूप से दूसरे से व्यभिचार करती है। यदि मङ्गल और शनि केन्द्र में हों और शुक्र पर चन्द्रमा की दृष्टि पड़ती हो, और शुक्र चन्द्रमा के द्रेष्काण में हों तो निश्चय सबके जान पहचान में दुश्चरित्रा हो ॥ ७३-७६ ॥

अथ स्वपरप्रसूतिपरीक्षाप्रश्नः—

एषा किल प्रसूता सिते घटे ज्ञे हरौ च नो सूता।
अनयोरलिवृषगतयोः सुता नारी परिज्ञेया ॥ ७७ ॥

एषा स्त्री किल प्रसूता = उत्पन्नसन्ताना, अस्ति न वा ? इति प्रश्ने, सिते = शुक्रे, घटे = कुम्भे, ज्ञे = बुधे, हरौ = सिंहे च सति नो सूता वाच्या। अत्र बुध-शुक्रयोरराश्यन्तरता सर्वथा असम्भवा। अतः घटे = इत्यत्र 'धट' इति विज्ञेयम्। एवमनयोः शुक्रबुधयोः, अलिवृषगतयोः सतोः नारी प्रसूता विज्ञेया। अत्रापि तयोः सप्तराश्यन्तरस्थितत्वमसम्भवम् तेन तौ वृषे वा वृश्चिकराशौ भवेतां तदा योगोऽयं घटते। अन्यथा असम्भवः ॥ ७७ ॥

भाषा—इसको सन्तान हुआ है या नहीं ? इस प्रश्न में शुक्र कुम्भ में हो, बुध सिंह में हो तो सन्तान होना नहीं कहना। यदि वे दोनों वृश्चिक ही में या वृष ही में हों तो प्रसूती कहना ॥ ७७ ॥

भौमबुधशुक्रचन्द्रा द्विशरीरे चापवर्जिते चेत्स्युः।
अग्रेऽस्ति तत्प्रसूतिश्चापे नाग्रे न पृष्ठतः सूता ॥ ७८ ॥
क्रूरश्चेच्चरराशौ परतः सूता स्थिरे तु निजपत्युः।
मिश्रे तु मिश्रमूह्यं जातकसन्देहपृच्छायाम् ॥ ७९ ॥

चेत् = यदि भौमबुधशुक्रचन्द्राः, चापवर्जिते = धनूरहिते द्विशरीरे=द्विःस्वभावे स्युः, तदा अग्रे प्रसूतिरस्ति। यदि चापे ते स्युस्तदा अग्रे न प्रसूतिः न पृष्ठतः प्रसूतिः वाच्या। वा क्रूरः = पापग्रहः, चरराशौ भवेत्, तदा परतः = स्वामिभिन्न-जनात् सूता। यदि क्रूरः स्थिरे भवेत् तदा निजपत्युः प्रसूता वाच्या। मिश्रे = पाप-शुभे, मिश्रेचरस्थिरद्विःस्वभावे सति, मिश्रम् = उभयम्। जातकसन्देहपृच्छायां = अयं जातः परजातो वा पितृजात इति सन्देह प्रश्ने वाच्यम् ॥ ७८-७९ ॥

भाषा—यदि मङ्गल, बुध, शुक्र, चन्द्रमा ये सब धनु को छोड़ कर शेष द्विःस्व-भावराशि में मिथुन कन्या मीन में हों, तो आगे प्रसव कहना। यदि वे धनु में हो, तो आगे पीछे भी नहीं प्रसव कहना। यदि पापग्रह चरराशि में हों तो पराये पुरुष

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से सन्तान कहना। यदि पापग्रह स्थिरराशि में हों तो अपने स्वामी से उत्पन्न प्रसव कहना। यदि पाप शुभ और चर, स्थिर, द्विःस्वभाव में हों तो दोनों कहना। यह सन्तान के सन्देह में विचारना ॥ ७८ ७९ ॥

अथ गर्भसन्देहपृच्छामाह—

गुर्विण्येषा पत्युः परपुरुषाद्वेति लग्नसुतपत्योः।
शुभयुतिदृग्भ्यां स्वपतेः शनिभौमदृशाऽन्यतो गुर्वी ॥ ८० ॥

एषा स्त्री पत्युः सङ्गेन गुर्विणी, वा परपुरुषाद्गुर्विणी अस्तीति प्रश्ने लग्नसुतपत्योः = लग्नेशपञ्चमेशयोः शुभयुतिदृग्भ्यां=शुभग्रहयोगदृष्टिभ्यां, स्वपतेः=निजस्वामिनो गर्भो बोध्यः। लग्नेशपञ्चमेशयोः शनिभौमदृशा सता अन्यतः = परपुरुषात्, गुर्विणी वाच्येति ॥ ८० ॥

भाषा—यह स्त्री अपने स्वामी से गर्भवती है ? या दूसरे पुरुष के सङ्ग से ? इस प्रश्न में लग्नेश पञ्चमेश को शुभग्रहों के संयोग, दृष्टि होने से अपने स्वामी से और शनि मङ्गल की दृष्टि उन दोनों पर पड़ने से पराये पुरुष के सङ्ग से गर्भ कहना ॥८०॥

अथ पातिव्रत्यपरीक्षा—

कुलटा सतीयमथवा लग्नपतिश्चन्द्रमाश्च भौमेन।
एकांशे मुथशिलकृत्तदैव भवने भजत्यन्यम् ॥ ८१ ॥
यदि निजगृहगो भौमस्तदाऽन्यदेशं प्रयाति जारकृते।
रविणेति मुथशिले सत्युपभुक्ता सा तु राजपुरुषेण ॥ ८२ ॥
सौम्येन लेखकवणिङ्निजसमे शुक्रेण योषयैव स्त्री।
एतैर्योगैरसती विपरीते सुचरित्रेति विज्ञेयम् ॥ ८३ ॥
लग्नपतिनाऽथ शशिना मूसरिफे भूसुते भवेज्जारः।
युक्तः पुनर्गुरुदृशा पुत्रभयाद्रविदृशा च राजभयात् ॥ ८४ ॥
सितदृष्ट्या परनारी भयात्सितशंकराशिगतदृष्ट्या।
जारस्य स्थविरत्वाल्लज्जितास्पतति जारं सा ॥ ८५ ॥

इयं स्त्री कुलटा = व्यभिचारिणी, अथ वा सती = पतिव्रता अस्ति ?, इति प्रश्ने लग्नपतिः = तत्काललग्नेशः, चन्द्रमाः, च भौमेन = कुजेन, एकांशे कृतमुथशिलः = कृतेत्थशालः, तदैव भवने = स्वगृहे, अन्यं = जारपुरुषं, भजति। अर्थाद्व्यभिचारिणी वाच्येति।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि भौमः = कुजः, निजगृहगः = मेषवृश्चिकयोरन्यतरराशिगतः तदा सा स्त्री जारकृते = परपुरुषसङ्गाय, अन्यदेशम् = स्वगृहाद्बहिः क्वापि सङ्केतितगृहे, प्रयाति = गच्छति। यदि निजगृहगस्य भौमस्य, रविणा = सूर्येण, मुथशिले सति, तदा सा स्त्री राजपुरुषेण उपभुक्ता = रमिता वाच्या। यदि तादृशभौमस्य सौम्येन मुथशिले तदा सङ्गकर्त्ता लेखकवणिग् जनः स्यात्। यदि निजभे = स्वगृहगे भौमे शुक्रेण कृतमुथशिले तदा स्त्री स्त्रियैव रमते। काष्ठादिकृत्रिमलिङ्गं स्वकट्यां बद्ध्वा रमते। यथा बृहज्जातके स्त्रीजातकाध्याये, 'अन्योन्यांशगयोः सितावनिजयोः' इत्यादिश्लोके योगेऽस्ति।

एतैः = उक्तैः, योगैः, असती = असच्चरित्रा स्त्री वाच्या। अस्मात्, विपरीते सुचरिता = पवित्रचरित्रा, इति विज्ञेयम्। अथ पूर्वोक्तयोगेषु भूसुते = कुजे लग्नपतिना = लग्नेशेन, वा शशिना मूसरिफयोगे सति, जारः = कृतमैथुनः परपुरुषः, युक्तः = सौन्दर्यधनशीलादियुक्तो वाच्यः। यदि गुरुदृशा दृष्टे भौमे तदा पुत्रभयाद्व्यभिचारिणी, रविदृशा दृष्टे भूमिजे राजभयात् परपुरुषसङ्गिनी वाच्या, सितदृष्ट्या भौमे दृष्टे तदा परनारीभयात् व्यभिचारनिरता स्यात्। सितज्ञैकराशिगतदृष्ट्या = शुक्रबुधयोरेकर्क्षभवदृष्ट्या दृष्टे सति जारस्य = पतिभिन्नप्रियपुरुषस्य स्थविरत्वात् = वृद्धत्वात्, लज्जिता सा जारं अनुतप्ता पतति = गच्छति॥ ८१–८५॥

भाषा—यह स्त्री कुलटा है, या सती? इस प्रश्न में यदि लग्नेश और चन्द्रमा मङ्गलसे एक ही अंश में इत्थशाल करता हो, तो अपने मकान ही पर परपुरुष से भोग करे।

यदि मङ्गल मेष या वृश्चिक में हो तो स्त्री परपुरुष के सङ्ग के लिये घर से बाहर निकल कर किसी स्थल में जाय। यदि निजगृही में वर्त्तमान मङ्गल को रवि से इत्थशाल योग हो तो राजसम्बन्धी पुरुष से भोग कहना। यदि वैसे मङ्गल को बुधसे मुथशिल होता हो तो लेखक (बही खाता लिखने वाले कायस्थ आदि जाति से) या वणिक् (बनिया) से सङ्ग कहना। यदि वैसे मङ्गल शुक्र से मुथशिल करता हो तो स्त्री ही से संग कहना।

इन कहे हुए योगों से स्त्री को कुलटा समझना। इन योगों से भिन्न लक्षण में पतिव्रता कहना। पहले के भी योग में यदि मङ्गल लग्नेश से या चन्द्रमा से मूसरीफ योग करता हो तो जार पुरुष उपयुक्त हो [अर्थात् जैसे पुरुष को देख कर मन विचलित होने की निश्चय संभावना हो, वैसा अर्थात् सुन्दर सुभग चतुर सुशील मीठी मीठी बात बोलने वाला, आंख भौंह चलाने वाला, समय २ पर बालबच्चे को खिलाने वाला, कुछ २ तरकारी, भाजी, जलपान देने वाला हो]। यदि वैसे मङ्गल

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बृहस्पति से दृष्ट हो तो लड़के के भय से व्यभिचारिणी हो। यदि रवि से दृष्ट हो तो राज पुरुष के भय [ऐसे नहीं करोगी तो जान माल खतरा में पड़ेगा, इस प्रकार के भय] से कुलटा हो। यदि मङ्गल शुक्र से देखा जाय तो दूसरी स्त्री के दबाव से, यदि एक राशिगत शुक्र बुध की दृष्टि मङ्गल पर पड़े तो जार पुरुष बूढ़ा होने के कारण लज्जित होकर जार पुरुष के यहां जाय ॥ ८१-८५ ॥

इति सप्तमस्थानपृच्छाविचारः।

अथाष्टमस्थानपृच्छायां तावन्नृपसंग्रामप्रश्नमाह——

नृपसंग्रामप्रश्ने विलग्नलग्नेशसंस्थितात्खेटात्।

शशिमूसरिफातप्रष्टाऽस्तास्तपसंस्थेन्दुमुथशिलाच्छत्रुः ॥ ८६ ॥

नृपसंग्रामप्रश्ने = राज्ञोर्युद्धप्रश्ने, विलग्नलग्नेशसंस्थितात् खेटात् = लग्नस्थितग्रहात्, वा लग्नेशाक्रान्तराशिस्थितादन्यग्रहात् शशिमूसरिफात् = चन्द्रकृतमूसरिफयोगात् प्रष्टा = प्रच्छकराजा जयशीलः, वा सप्तलग्नेशस्थितग्रहात् अस्तास्तपसंस्थेन्दुमुथशिलात् = सप्तम-सप्तमेशाक्रान्तराशिस्थचन्द्रकृतेत्थशालात्, शत्रुः = प्रच्छकन्नृपप्रतिपादी राजा जययुक्तः स्यात् ॥ ८६ ॥

भाषा—राजाओं की लड़ाई के प्रश्न में लग्नस्थित ग्रह को, या लग्नेश जिस राशि में हो उस राशि में स्थित और ग्रह को चन्द्रमा से मूसरिफ योग हो, तो पूछने वाले राजा की जय होती है।

अथवा उन दोनों को सप्तमस्थ चन्द्रमा से या सप्तमेश युक्त चन्द्रमा से यदि मुथशिलयोग होता हो तो पूछने वाले राजा के शत्रु की जय होती है ॥ ८६ ॥

अथवा शनिकुजजीवाः शीघ्रेभ्यो बलयुता उपरिचराः।

बुधसितचन्द्रास्तेभ्यश्च दुर्बलाश्चधराश्च संविस्याः ॥ ८७ ॥

अथवा शनिकुजजीवा ग्रहाः शीघ्रेभ्यः = शीघ्रगतिभ्यः बुधशुक्रचन्द्रेभ्यः, बलयुताः = अधिकबलशालिनः, तथा च उपरिचराः = अग्रेचराः, अथ बुधसितचन्द्राः, तेभ्यः=शनिकुजजीवेभ्यः दुर्बलाः, अधश्चराः = राश्यादिना न्यूनास्तदा प्रष्टुर्जय इति शेषः ॥ ८७ ॥

भाषा—शनि, मङ्गल, गुरु ये सब यदि बुध, शुक्र, चन्द्रमा से अधिक बल युक्त हों, और राश्यादि से अधिक हों तो पूछने वाले की जय होती है, या बुध, शुक्र, चन्द्रमा, दुर्बल हों और शनि मंगल गुरु इनसे न्यून हों तो प्रश्न कर्ता की जय होती है। यहां ये दोनों एक ही बात हुई ॥ ८७ ॥

अथ युद्धयतो राज्ञोर्जयादियोगमाह——

लग्नपतावस्तपतेः षट्त्रिदशायमुथशिले द्वयोः स्नेहः।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वर्गद्वयमध्येऽधः पतितः सोऽन्येन वध्यः स्यात् ॥ ८८ ॥
वर्गद्वयाधिपानां मूसरिफेऽस्तंगतेन रणदैर्घ्यम्।
लग्नस्वामिनि मन्दे कम्बूले उपरिगे जयः प्रष्टुः ॥ ८९ ॥
एवं गुणे तु तस्मिन्विप्रविनष्टेऽस्तपतिनीचस्थे।
केन्द्रेऽस्ते वाऽस्तपतौ प्रष्टुर्हानिः प्रवक्तव्या ॥ ९० ॥
लग्नादधः शुभे सति उपरि च मन्दे शुभः सहायः स्यात्।
लग्नपतौ रन्ध्रस्थे रन्ध्रपतिमुथशिले मृतिः प्रष्टुः ॥ ९१ ॥
सप्तेशे धनसंस्थे धनेशकृतमुथशिले रिपोर्नाशः।
लग्नेशदशमपत्योर्मुथशिलतः पृच्छकस्य जयवीर्ये ॥ ९२ ॥
तुर्यास्तपयोरेवं शत्रोर्योगे जयो ज्ञेयः।
उभयवर्गेऽपि केन्द्रे तत्पतिकृतमुथशिले वलं ज्ञेयम् ॥ ९३ ॥
चरराशौ सबलत्वं जित्वा प्रान्ते विनाशस्तु।
लग्नपतावन्त्यस्थे प्रष्टा नश्यति परोऽस्तपे षष्ठे ॥ ९४ ॥
खपतौ लग्ने प्रष्टुस्तुर्यशेऽस्ते रिपोः सहायबलम्।
यन्मुथशिलो रवीन्दू तस्य वलं मुसरिफे हानिः ॥ ९५ ॥

लग्नपतौ=लग्नेशे, अस्तपतेः = सप्तमेशात् षट्त्रिदशायमुथशिले = ६।३।१०।११ एतदन्यतमस्थाने सप्तमेशेन मुथशिले सति द्वयोः = युद्धयतो राज्ञोः स्नेहः = सन्धिः स्यात्। यदि लग्नपतौ तद्वर्गद्वयस्य मध्यगतः स्यात्तदा स = प्रष्टा नृपः युद्धे अधः पतितः = भूमौ निपतितः सन् अन्येन = रिपुणा नृपेण वध्यः स्यात्। लग्नस्वामिनि मन्दे = मन्दगतिग्रहे वा शनौ कम्बूले, उपरिगे = पुरःस्थिते, तदा प्रष्टुर्जयः स्यात्। एवं गुणे तस्मिन् लग्नेशे विप्रविनष्टे = अस्तङ्गते, वा अस्तपतिनीचस्थे = सप्तमेशग्रहनीचराशिगते, वा अस्तपतौ=सप्तमेशे केन्द्रे=१।४।७।१० स्थानस्थे, वा अस्ते तथा प्रष्टुः राज्ञः हानिः=क्षतिः प्रवक्तव्या = वाच्या। लग्नात् = लग्नराशितः, अधः = पूर्वराश्यादौ शुभे = शुभग्रहे सति, मन्दे = मन्दगतिग्रहे च उपरि=लग्नात्पुरतः स्थिते सति प्रष्टुः शुभः=सत्पुरुषः, सहायः स्यात्। लग्नपतौ=लग्नेशे, रन्ध्रस्थे=अष्टमस्थे, रन्ध्रपतिमुथशिले=अष्टमेशेत्थशाले सति प्रष्टुः मृतिः = प्राणघातः स्यात्। वा सप्तेशे=सप्तमेशे, धनसंस्थे=द्वितीयस्थानगते, धनेशकृतमुथशिले = द्वितीयेशग्रहेत्थशाले सति रिपोः=शत्रोः, प्रतिपक्षिणः, नाशः=क्षयः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्यात् । वा लग्नेशदशमपत्योः = लग्नेशकर्मेशयोः मुथशिलतः = इत्थशालतः सकाशात्, पृच्छकस्य जयवीर्यं वाच्ये । एवं तुर्यास्तपयोः=चतुर्थेशसप्तमेशयोर्योगे शत्रोः जयः ज्ञेयः । अत्र उभयवर्गे=वादिप्रतिवादिनोरपि वर्गे केन्द्रे, तत्पतिकृतमुथशिले = स्वस्वामिग्रहेत्थशाले, तयोर्बलं चिन्त्यं, यस्य वर्गेशस्य बलाधिक्यं, तस्य जय इत्यूहः कार्यं ।

चरराशौ यदि पूर्वोक्तयोगस्य सबलत्वं स्यात् तदा पूर्वं जित्वाऽपि प्रान्ते विनाशः = पराजयः, स्यात्, वा लग्नपतौ = लग्नेशे, अन्त्यस्थे = द्वादशस्थानस्थे सति प्रष्टा जनः नश्यति, अस्तपे = सप्तमेशे, षष्ठे सति परः = शत्रुः, नश्यति, खपतौ = दशमेशे लग्ने, तदा प्रष्टुर्जयः स्यात् । वा तुर्येशे = चतुर्थेशे अस्ते = सप्तमे सति, रिपोः = शत्रोः सहायबलं भवेत् । वा रवीन्दू यन्मुथशिलौ = येन ग्रहेण कृतमुथशिलौ, तस्य बलं ज्ञेयम्, मुसरिफे योगे तु हानिर्वाच्या ॥ ८८-९५ ॥

भाषा – लग्नेश यदि सप्तमेशसे ६।३।१०।११ इन स्थानों में सप्तमेश के साथ मुथशिल योग करता हो तो युद्ध में दोनों में सन्धि होती है । यदि लग्नेश दोनों के मध्यमें हो, तो पूछने वाला युद्ध में नीचे गिर कर शत्रु से वध्य होता है। लग्नेश मन्दगति ग्रह हो और चन्द्रमा से कबूल योग करता हो, और शीघ्र गतिग्रह से आगे हो तो पूछने वाले की जय होती है । इस तरह लक्षण युक्त लग्नेश यदि अस्तंगत हो, सप्तमेश के नीच राशि में स्थित हो, वा सप्तमेश केन्द्र में हो, सप्तममें हो, तो पूछने वाले की हानि कहनी चाहिये । वा लग्न से पीछे शुभ ग्रह हो मन्दगति ग्रह लग्न से आगे हो, तो अच्छा भला आदमी सहायक होता है । यदि लग्नेश आठवें स्थान में हो, अष्टमेश से इत्थशाल करता हो, तो पूछने वाले की मौत होती है । यदि सप्तमेश दूसरे स्थान में हो, द्वितीयेश से इत्थशाल करता हो, तो शत्रु का नाश होता है । यदि लग्नेश दशमेश में मुथशिल योग हो, तो पूछने वाले की जय और बल कहना चाहिये ॥ ८८-९२ ॥

इस प्रकार चतुर्थेश सप्तमेश के संयोग में शत्रु की जय कहना । दोनों के वर्ग यदि केन्द्र में हो, और अपने स्वामी ग्रहसे इत्थशाल करता हो, तो वहां दोनों के बल विचार कर जिसका विशेष हो, उसकी जय कहना ॥ ९३ ॥

चरराशि में यदि पूर्वोक्त योग होता हो, तो पहले जीत कर पीछे पराजय हो । या लग्नेश बारहवें में हो, तो पूछने वालेका नाश हो। यदि सप्तमेश छठे स्थान में हो, तो शत्रु मरता है। दशमेश यदि लग्न में हो तो पूछने वाले की जय होती है । यदि चतुर्थेश सप्तम में हो, तो शत्रु को सहायता होती है । रवि चन्द्रमा जिस ग्रहसे इत्थशाल करता हो, उस ग्रह का बल जानना, वहां मूसरिफ योग होता हो तो, पूछने वाले की हानि होती है ॥ ९४-९५ ॥

इत्यष्टमस्थानपृच्छाविचारः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ नवमस्थानपृच्छायां गमनप्रश्नमाह—

मम गमनं भविता किं नवेति लग्नेश्वरे न वा केन्द्रे।
नवमेशमुथशिले सति नवमेशे वा भवेद्गमनम् ॥ ९६ ॥
लग्नस्थे नवमपतौ लग्नाधिपमुथशिले च सञ्चारात्।
रहितो याति पुनर्ना नवमदृशा वर्जिते योगे ॥ ९७ ॥
लग्नपतौ केन्द्रस्थे सहजग्रहमुथशिले च विक्रूरे।
गमनं स्यादस्मिन्वा केन्द्रे क्रूरे च नास्ति गतिः ॥ ९८ ॥
अस्ते क्रूरेऽपि च यत्कार्यं निर्याति विघ्नमत एव।
आकाशस्थे पापे राजकुलाज्ज्येष्ठतो निजाद्वाऽपि ॥ ९९ ॥
नवमेशे मुथशिलगे लग्नाधीशेन पापरिपुदृष्टे।
गमनेऽवसानतः स्यात्प्रष्टुः कष्टं क्षयोऽर्थस्य ॥ १०० ॥
लग्नेशे नवमेशे मुथशिलकृति रन्ध्रसप्तमे कष्टम्।
उदये यस्मिन्यायाद्विनिःसृतिः स्यात्सुखकरः पन्थाः ॥१०१॥

कस्यापि कार्यस्य कृते मम गमनं भविता? वा किं न भविता? इति प्रश्ने लग्नेश्वरे = लग्नेशे केन्द्रे = १।४।७।१० एतदन्यतमस्थानस्थे, नवमेशमुथशिले = नवमेशेत्थशाले सति, नवमेशे केन्द्रे लग्नेशमुथशिले सति गमनं भवेत्। वा नवमपतौ लग्नस्थे लग्नाधिपमुथशिले=लग्नेशेत्थशाले सति, सञ्चारात्=चलनात्, रहितः याति = गमनं न स्यादित्यर्थः। वा तादृशे योगे नवमदृशा वर्जिते सति ना= पुरुषः पुनः गमनं न याति। लग्नपतौ=लग्नेशे, केन्द्रस्थे, सहजग्रहमुथशिले=सहज-भावस्थग्रहेत्थशाले, सति, तथा विक्रूरे=पापरहिते, तदा गमनं स्यात्। वा अस्मिन् एव योगे क्रूरे=पापे, केन्द्रे सति गतिः=गमनं न अस्ति। वा क्रूरे पापे अस्ते=सप्तम-स्थे, तदा यत्कार्यं, निर्याति = निर्गच्छति तत्कार्यं अत एव विघ्नं स्यात्। वा पापे आकाशस्थे=दशमस्थे, सति तदा राजकुलात्=राजवंशात् ज्येष्ठतः = ज्येष्ठबन्धुवर्गात् वा निजात् = स्वकीयाज्जनात् विघ्नं स्यात्।

नवमेशे लग्नाधीशेन मुथशिले, पापरिपुदृष्टे सति तदा गमने = यात्रायां, प्रष्टुः प्रश्नकर्तुः, अवसानतः कष्टं = शरीरक्लेशः, अर्थस्य = धनस्य, क्षयः=नाशः स्यात्। वा नवमेशे लग्नस्थे, मुथशिलकृति = इत्थशालयोगकारके रन्ध्रसप्तमे = अष्टमसप्तमे

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सति कष्टं वाच्यम् । यस्मिन् उदये यायात् = गच्छेत् , तत्र विनिःसृतिः = पियोपेण निःसरणं तथा पन्थाः = मार्गः, सुखकरः स्यात् ॥ ९८-१०१ ॥

भाषा—मेरी यात्रा होगी या नहीं ? इस प्रश्न में लग्नेश यदि केन्द्र में हो और नवमेश से इत्थशाल होता हो, तो यात्रा कहना। या नवमेश लग्नमें हो, लग्नेश से इत्थशाल होता हो तो यात्रा नहीं होती है। या वैसे योग में नवम दृष्टि से रहित हो, तो यात्रा नहीं होती है। या लग्नेश केन्द्र में हो. और तृतीय स्थान स्थित ग्रह से इत्थशाल होता हो, और पाप ग्रह से रहित हो, तो यात्रा होती है। वा इस योग में पापग्रह केन्द्र में हो तो यात्रा नहीं होती। या पापग्रह सप्तम में हो, तो जिस काम काज के लिये चले उस काम में विघ्न हो जाय। या पापग्रह दशम में हो, तो राज कुल से तथा बड़े आदमी से, अपने बन्धुवर्गों से कार्य में बाधा पहुँचे ॥ ९८-१०१ ॥

लग्नान्मार्गानुभवो व्योम्नः कार्यं स्मराद्गतिस्थानम् ।
भूमेः कार्यं परिणतिरेवं लग्ने शरीरसुखम् ॥ १०२ ॥

लग्नात् = लग्नराशिवशात् , मार्गानुभवः = मार्गसुखदुःखानुभवः, व्योम्नः = दशमात् स्थानात् कार्यं=कर्तव्यकृत्यविचारः स्यात् । स्मरात्=सप्तमस्थानात् , गतिस्थानं=गन्तव्यस्थलज्ञानं भवति । भूमेः = चतुर्थस्थानात् , परिणतिः = कर्तव्यकार्यपरिणामः, स्यात् । एवं लग्ने शरीरसुखं चिन्त्यम् ॥ १०२ ॥

भाषा—लग्न से रास्ता का सुखदुःखानुभव होता है। दशवें स्थान से कर्तव्य कार्य का विचार होता है। सातवें से जाने की जगह का विचार होता है। चौथे स्थान से परिणाम का ज्ञान होता है। और लग्न से शरीर सुख का विचार होता है ॥ १०२ ॥

अथ कार्यसिद्ध्यसिद्धियोगमाह—

दशमे शुभे च सिद्धिः कार्यस्यास्ते प्रयाति यत्स्थाने ।
तत्र शुभं च चतुर्थे परिणामः सुन्दरः कार्ये ॥ १०३ ॥

दशमे शुभे सति कार्यस्य सिद्धिः स्यात् , अस्ते = सप्तमे शुभे सति यत्स्थाने प्रयाति तत्र = तत्स्थाने शुभं वाच्यम् । चतुर्थे शुभग्रहे सति कार्ये सुन्दरः = शोभनः परिणामः भवति ॥ १०३ ॥

भाषा—दशमस्थान में शुभग्रह हो, तो कार्य की सिद्धि होती है सप्तमस्थान में शुभग्रह हो, तो जिस स्थान में जाता है, वहां शुभ होता है। चौथे स्थान में शुभग्रह हो, तो कार्य का नतीजा अच्छा होता है ॥ १०३ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ कार्ये कृतः कुतो भयसम्भवस्तदाह—

लग्नेशं शशिनं वा यः क्रूरस्तुदति तत्र मनुजर्क्षे ।
मनुजत्रिराशिके वा तदा भयं द्विपदतो गन्तुः ॥ १०४ ॥
जलराशौ वारिभयं चतुष्पदर्क्षे तथाऽश्वादेः ।
घटचापे द्रुमकंटकभयं हरौ व्याघ्रसिंहादेः ॥ १०५ ॥

यः क्रूरः = पापग्रहः, यत्र राशौ लग्नेशं = लग्नस्वामिनं वा शशिनं = चन्द्रं, तुदति = पीडयति, तत्र राशौ मनुजर्क्षे = द्विपदराशौ = मिथुनकन्यातुलेषु, वा मनुजत्रिराशिके = द्विपदराशित्रिराशिके च सति गन्तुः = प्रस्थातुः द्विपदतः = मानवात् भयं वाच्यम् । अथ तत्र जलराशौ = जलचरराशौ सति वारिभय = जलचरनक्रमकरजीवभयं, वा जलनिमज्जनभयं वाच्यम् । अथ तत्र चतुष्पदर्क्षे = मेषवृषराशौ सति अश्वादेः = घोटकादेः पशोर्भयम् । घटचापे = कुम्भधनुषोरन्यतरे द्रुमकण्टकभयं = वृक्षपतनकण्टकवेधनपीडनं वाच्यम् । हरौ = सिंहे, व्याघ्रसिंहादेः भयं वाच्यम् ॥१०४-१०५

भाषा—जो पाप ग्रह लग्नेश या चन्द्रमा को पीड़ित करे, वहां जो राशि हो, सो यदि द्विपद (मिथुन कन्या तुला) हो, या द्विपदराशि के त्रैराशिक हो, तो मनुष्य से भय हो, वहां यदि जलचरराशि हो, तो गोह, मगर जलचर जीव से, या जल ही में डूबने का भय हो । वहां यदि चतुष्पद राशि हो, तो घोड़ा आदि पशुओं से डर हो । यदि कुम्भ, धनु में हो, तो पेड़ से कांटे से भय हो, सिंह हो तो व्याघ्र से सिंह से भय हो ॥ १०४–१०५ ॥

अथ नगरप्रवेशे लाभालाभप्रश्नः—

नगरप्रवेशतोऽस्मात् फलमस्ति न वा प्रवेशलग्नमिह ।
तस्मिन्धनपे वक्रे नो हरणं कार्यसिद्धिर्वा ॥ १०६ ॥
अतिचरिते बहुदिवसं हरणं नो कार्यसिद्धिरीषदपि ।
नवमतृतीयगतेऽस्मिन्कार्यं कृत्वाऽऽशु निजपुरं याति ॥ १०७ ॥
लग्ने कर्मण्याये धनपयुते शोभनं ज्ञेयम् ।
सक्रूरसप्तमस्थे पथि विघ्नाङ्भकटकश्चतुर्थस्थे ॥ १०८ ॥

अस्मात् नगरप्रवेशतः फलं = लाभादिकं फलं अस्ति, न वा ? इति प्रश्ने इह प्रवेशलग्नं साध्यं तत् प्रवेशपुरं ज्ञेयम् । तस्मिन् लग्ने धनपे = धनेशे सति, वा वक्रे सति हरणं = अवस्थानं, वा कार्यसिद्धिर्न स्यात् । लग्नस्थे धनपे अतिचरिते = अतीचारे, सति बहुदिवसं = चिरकालं, हरणं = स्थितिः, नो भवति, कार्यसिद्धिरपि

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ईषत् = स्वल्पा भवति। यदि अस्मिन् = धनेशे नवमतृतीयगते तदा कार्यं = स्वार्थसिद्धिं कृत्वा आशु = शीघ्रं निजपुरं = स्वनिवासस्थानं, याति। वा धनपयुते = धनेशयुते लग्ने सति, वा धनपयुते कर्मणि = दशमे सति, वा धनपयुते आये = एकादशे सति कार्यं शोभनं ज्ञेयम्। वा धनपे सक्रूरसप्तमस्थे = पापाक्रान्तसप्तमराशिगते सति विघ्नान् = मार्गे बाधाबहुलान् वदेत्। वा धनपे सक्रूरचतुर्थस्थे तदा मार्गे कण्टकं कलहः वाच्यम् ॥ १०६-१०८ ॥

भाषा—इस नगर (शहर) में जाने से मुझे लाभ होगा या नुकसान होगा? इस प्रश्न में द्वितीयेश लग्न में हो, वक्री हो, तो वहां ठहरना नहीं होता है। या लग्नस्थ धनेश अतिचारी हो, तो जादे दिन तक वहां न ठहरे, कार्यसिद्धि भी थोड़ी हो। यदि धनेश नव में तीसरे में हो, तो कार्य सिद्ध करके अपने घर जाय। या धनेश लग्न में दशम में या एकादश में हो, तो काम कार्य अच्छा कहना। यदि धनेश पापग्रह से युक्त सप्तमराशि में हो तो रास्ता में विघ्न बाधा हो। यदि चौथे स्थान में पापयुक्त धनेश हो, तो रास्ता में किसी से झगड़ा हो ॥ १०६-१०८ ॥

इति नवमस्थानपृच्छाविचारः।

अथ दशमस्थानपृच्छायां तत्रराज्याप्तिप्रश्नमाह—

राज्याप्तिप्रश्नलग्ने लग्नेशे शशिनि वा नभःपतिना।
कृतमुथशिलेऽम्बरदृशा राज्यं रूपक्रमाद्भवति ॥ १०९ ॥
अन्योन्यभवनगमनात्क्रूराभावेऽथ चिन्तितप्राप्तिः।
लग्नस्थे वाऽन्येन च सौम्येनाम्बरस्य मुथशिलेऽप्येवम्।
पापार्दिते तु मन्दे निकृष्टाभूयोत्तरत्यधो राज्यम् ॥ ११० ॥
भूमिस्थे क्रूरदृशा त्वपवादः शुभदृशा कीर्तिः।
मन्दग्रहे बलवति क्रूरवियुक्ते यदा शशी विबलः ॥ १११ ॥
मन्दे बलेन भ्रमणात् राज्यप्राप्तिर्भवेत्प्रभुः।
लग्नाधिपतौ स्वगृहे लाभे राज्यस्य तुंगगे भौमे ॥ ११२ ॥
लग्नाम्बराधिपौ यदि कंबूलौ केन्द्रगेन्दुमुथशिलतः।
उत्तमराज्याप्राप्तिः स्वर्क्षस्थे चेन्दुतो विपुला ॥ ११३ ॥

राज्याप्तिप्रश्नलग्ने, लग्नेशे=लग्नपतौ वा शशिनि = चन्द्रे नभःपतिना= दशमेशेन, कृतमुथशिले सति अम्बरदृशा दृष्टे तदा रूपक्रमात्=स्ववंशानुसारेण राज्यं भवतीति ॥ १०९ ॥

तयोर्लग्नेशदशमेशयोः अन्योन्यभवनगमनात् = परस्परराशिस्थितत्वात्,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यथा लग्नेशः कर्मणि, कर्मेशो लग्ने सति तथा च तयोः स्थाने क्रूराभावे = पाप-युतिदृष्टिसम्बन्धवर्जिते, तदा तु अचिन्तितप्राप्तिः = अप्रयासेन राज्यलाभः, स्यात् । वा लग्नस्थे अम्बरस्य = दशमस्य नाथे अन्येन सौम्येन = शुभेन मुथशिले सत्यप्येवं फलं वाच्यम् । उक्तयोगे मन्दे = मन्दगतिग्रहे, पापार्दिते = पापाक्रान्ते सति राज्यं निकटीभूय, अधुना लब्धं लब्धमिति सम्भवं दृष्ट्वाऽपि परिणामेऽप उत्तरति अथाद्राज्यस्य अप्राप्तिः भवेत् ॥ ११० ॥

तत्र भूमिस्थे = चतुर्थस्थानस्थिते बलवति मन्दग्रहे, क्रूरदृशा = क्षुतदृष्ट्या = १।४।७।१० दृशा मुथशिले सति, अपवादः = लोके अपकीर्त्तिः सम्भवेत् । तादृशे मन्दग्रहे शुभदृशा मुथशिले सति कीर्त्तिः स्यात् । वा मन्दग्रहे बलवति सति क्रूर-वियुक्ते = पापसंयोगदृष्टिरहिते, तदाऽपि कीर्त्तिः स्यात् । तदा तु शशी = चन्द्रः विबलः, मन्दे = मन्दगतिग्रहे, अबले = बलहीने, न = नहि, सति अर्थाद्बलयुक्ते सति, तदा प्रभुः भ्रमणात् = अनेकस्थलसञ्चारात्, राज्यप्राप्तिः भवेत् । वा लग्नाधिपतौ स्वगृहे = लग्ने, (एवं कर्कसिंहलग्नयोरेव, रविचन्द्रयोरेकराश्यधिपत्वात् । कर्कसिंह-भिन्नलग्ने तु कुजादीनां तन्नाथानां राशिद्वयाधिपत्वाल्लग्नभिन्नं स्थानमपि स्वगृहं भवति । यथा वृषलग्ने लग्नेशः शुक्रो यदि तुलायां, वा मिथुनलग्ने लग्नेशो बुधः कन्यायां, तदा लग्नेशो लग्नभिन्ने निजगृहे भवतीति ज्ञेयम्) । अर्थात् लग्नेशे स्वराशिगते, भौमे = कुजे, तुङ्गगे = स्वोच्चराशिगते, तदा राज्यस्य लाभः वाच्यः ॥ १११–११२ ॥

यदि लग्नाम्बराधिपौ = लग्नेशदशमेशौ केन्द्रगेन्दुमुथशिलतः = केन्द्रस्थचन्द्रे इत्थशालयोगतः सतः कम्बूलौ, तदा उत्तमराज्यावाप्तिः स्यात् । वा लग्नेशदश-मेशौ स्वर्क्षस्थे = कर्के स्थितात् इन्दुतः = चन्द्रात् , मुथशिले, विपुला राज्यप्राप्तिः भवति ॥ ११३ ॥

भाषा—मुझे राज्य मिलेगा, या नहीं ? इस प्रश्न में लग्नेश या चन्द्रमा दशमेश के साथ इत्थशाल करें, और दशम दृष्टि से दृष्ट हों, तो अपने वंश के अनुसार राज्य मिलता है ॥ १०९ ॥

यदि लग्नेश दशम में दशमेश लग्न में, हों, उन दोनों (लग्न दशम) स्थान में यदि पाप-सम्बन्ध नहीं हो, तो एकाएक विना प्रयास से ही राज्य लाभ होता है । वा दशमेश लग्न में हो, किसी एक शुभग्रह से इत्थशाल करता हो तो भी अचिन्तित राज्यलाभ कहना । और यदि उक्तयोग में मन्दगति ग्रह पापग्रह

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

से आक्रान्त हो तो राज्य (अब मिला अब मिला ऐसे) नजदीक आकर भी नहीं मिले ॥ ११० ॥

वहां यदि बलवान् मन्दगतिग्रह चौथे स्थान में हो, और पापदृष्टि या युतदृष्टि से देखा जाय, तो लोगों में अपवाद फैलता है। और यदि वैसे मन्दगतिग्रह शुभग्रह से इत्थशाल करता हो, तो लोगों में यश होता है। या बलवान् मन्दगतिग्रह पाप ग्रह के संयोग या दृष्टि से वञ्चित हो, तो भी कीर्त्ति ही होती है। यदि चन्द्रमा दुर्बल हो मन्दगति ग्रह भी बल हीन नहीं हो, तो पूछने वाले को अनेक स्थान में जाकर प्रयास करने से राज्यलाभ होता है।

या लग्नेश अपने घर में हो, मङ्गल अपने उच्च (मकर) में हों, तो राज्य का लाभ होता है ॥ १११–११२ ॥

यदि लग्नेश और दशमेश को केन्द्रस्थान स्थित चन्द्रमा से इत्थशाल होने से कम्बूल योग होता हो, तो उत्तम राज्य की प्राप्ति होती है। या लग्नेश दशमेश को अपने राशिस्थित चन्द्रमा से इत्थशाल होता हो, तो पूर्ण राज्य (विस्तृत राज्य) का लाभ होता है ॥ ११३ ॥

अथ कार्यसिद्धिप्रश्नमाह—

यत्रर्क्षे लग्नेशस्तत्पतिरशुभे गृहे तदा कार्यम् ।
न स्यादस्ते कष्टाद्दशमदृशा कटुकता कार्ये ॥ ११४ ॥

लग्नेशः यत्र = यस्मिन् ऋक्षे = राशौ भवेत्, तत्पतिः=तत्स्थाननाथः अशुभे= अशुभप्रदे = (६।८।१२) गृहे भवेत् तदा कार्यं न स्यात्। वा लग्नेशे अस्ते= सूर्यकराक्रान्ते, तदा कष्टात् = क्लेशात्, अत्यन्तप्रयासात् कार्यं वाच्यम्। यदि तादृशे योगे दशमदृशा दृष्टे, तदा, कार्ये कटुकता = कलहः स्यात् ॥ ११४ ॥

भाषा—लग्नेश जिस राशि में हो उसका स्वामी यदि अनिष्ट (६।८।१२) स्थान में हों तो कार्य नहीं होता है। वा लग्नेश अस्तंगत हो तो अत्यन्त क्लेश से कार्य कहना। यदि वैसे योग में दशमदृष्टि से देखे तो कार्यमें झगड़ा हो जाता है ॥११४॥

अथैतद्राज्यलाभेन मम कीदृशः परिणामः स्यादिति प्रश्ने विचारमाह—

राज्यप्राप्तौ सत्यां यदि चेच्छति कोऽपि परिणतिं च तदा ।
लग्नं शरीरकार्यं गृहकर्मास्तं नभश्च राज्यार्थम् ॥ ११५ ॥
लाभो मित्रस्यार्थे चतुर्थकं कर्मणोऽवसितये च ।
द्रव्यं धनाय सहजं भृत्येभ्यो रिपुकृतेश्च वैरिभ्यः ॥ ११६ ॥
एतैः शुभैः शुभं स्यादशुभे वामं च सर्वकार्याणाम् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वित्तस्वामिनि भौमे नीचस्थे पारदारिके व्ययकृत् ॥ ११७ ॥
जीवे धर्मायरिपौ गुरुपूजायै सिते विलासाय ।
वाणिज्याय ज्ञे पुनरिन्दौ मुथशिलिनि चान्यथाऽन्यर्थम् ॥११८॥
लग्नपतौ पतितस्थे विबले राज्यात्ययस्तु कम्बूले ।
कोऽपि गुणः स्यात्पापाक्रांतैरशुभं च्युतौ भवति ॥ ११९ ॥

राज्यप्राप्तौ = राज्यलाभे सति यदि कः अपि राजा तस्य = राज्यलाभस्य परिणतिं=परिणामं ज्ञातुम् च इच्छति=अभिलषति, तदा लग्नं शरीरकार्यं बोध्यं, अस्तम् = सप्तमभवनं गृहकर्म ज्ञेयम् , नभः=दशमस्थानं राज्यार्थम् , बोध्यम् । चतुर्थकं स्थानं मित्रस्यार्थे लाभः इति चिन्त्यम् । तथा कर्मणः = कार्यस्य अवसितये=परिणामाय च ज्ञेयम् । तथा द्रव्यं = द्वितीयस्थानं धनाय = धनलाभाय, चिन्त्यं, सहजं = तृतीयस्थानं, भृत्येभ्यः = सेवकेभ्यः, वैरिभ्यः=शत्रुभ्यः = षष्टस्थानेभ्यः, रिपुकृतेः = शत्रुहेतोश्चिन्त्यम् । एतैः स्थानैः शुभैः=शुभस्वामिकैः शुभयुतदृष्टैः सद्भिः शुभं स्यात् , तथा एतैरशुभैः पापसम्बन्धैः = सर्वकार्याणां वामं= विलोमं बोध्यम् । वित्तस्वामिनि = धनेशे, भौमे नीचस्थे सति तदा पारदारिके=परस्त्रीविषयके कार्ये व्ययकृत् स्यात् ॥ ११५-११७ ॥

वा धनेशे जीवे धर्मायरिपौ=९।११।६ सति, गुरुपूजायै व्ययकृत् । द्वितीयेशे सित=शुक्रे धर्मायरिपौ सति विलासाय=मनोविनोदाय व्ययकृत् । द्वितीयेशे ज्ञे=बुधे धर्मायरिपौ सति तदा वाणिज्याय व्ययकृद् भवति । पुनस्तादृशे योगे इन्दौ = चन्द्रे, मुथशिलिनि सति अन्यथा अर्थम् , बोध्यम् , अर्थात् दुर्भावं विहाय सद्भावेन व्ययं करोति ॥ ११८ ॥

लग्नपतौ=लग्नेशे, पतितस्थे = पापग्रहस्थानगते, वा अनिष्टस्थानस्थिते, विबले = बलहीने सति राज्यात्ययः=राज्यनाशः स्यात् । तत्र कम्बूले सति = चन्द्रकृतेत्थशालपूर्वककम्बूलयोगे च सति कोऽपि = विशेषः, गुणः स्यात् । पापाक्रान्तैः=पापयुतदृष्टैर्योगकारकैर्ग्रहैः च्युतौ = राज्यत्यागे अशुभं भवति ॥ ११९ ॥

भाषा—मुझे राज्य मिलने पर क्या नतीजा होगा? इस प्रश्न में लग्न को शरीर सम्बन्धी कार्य समझना । सप्तमस्थान को घरेलू काम काज समझना । दशमस्थान को राज्य का प्रयोजन समझना । चतुर्थस्थान को मित्र के लिये लाभ समझना । और कार्य के परिणाम भी जानने के लिये समझना । और दूसरा स्थान धन लाभ के

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

लिये समझना। तीसरा स्थान सेवक नोकर के लिये, और षष्ठ स्थान शत्रुओं के लिये समझना ॥ ११५-११६ ॥

इन स्थानों को शुभ (शुभस्वामिक, शुभस्थानस्थित, शुभ-युत-दृष्ट) होने से सब कामों में शुभ कहना। और उन स्थानों को अशुभ (अशुभस्वामिक, अशुभस्थान स्थित, अशुभ-युत-दृष्ट) होने से सब काम काजों में अशुभ कहना। यदि द्वितीयस्थान का स्वामी मङ्गल होकर नीच में हो, अर्थात् मीन तुला राशि प्रश्न लग्न हो, तो परस्त्री के बारे में खर्च करने वाला होता है ॥ ११७ ॥

यदि द्वितीयेश बृहस्पति होकर ९।११।६ इन स्थानों में हो, तो गुरुसेवा में धन लगावे। यदि द्वितीयेश शुक्र होकर ९।११।६ इन स्थानों में हो तो भोग विलास में खर्चा करे। यदि द्वितीयेश बुध ९।११।६ इन स्थानों में हो, तो व्यापार में धन लगावे फिर भी उक्त योगों में चन्द्रमा से इत्थशाल होता हो तो दुर्भाव बदल कर सद्भाव में खर्चा करे ॥ ११८ ॥

यदि लग्नेश पाप के राशि में हो, या पाप-दूषित स्थान में हो और दुर्बल हो तो राज्यनाश होता है। वहां यदि चन्द्रमा से कंबूल योग होता हो, तो राज्य त्याग के समय पर भी विशेष कोई गुण ही होता है। यदि उक्त योगकारक ग्रह पापों से आक्रान्त हो, इत्थशाल संयोग आदि सम्बन्ध करता हो, तो राज्यत्याग के समय अशुभ ही कहना ॥ ११९ ॥

अथ मन्त्रिविषयकपृच्छायामाह—

नरपतिसचिवस्नेहप्रश्ने कम्बूललग्नसप्तमयोः।
मुथशिलयोः शुभदृष्ट्या शुभता राज्ये मिथः स्नेहः ॥ १२० ॥

नरपतिसचिवस्नेहप्रश्ने नरपतेः=राज्ञः, सचिवस्य=मन्त्रिणः, परस्परं स्नेहस्य=प्रेम्ण. प्रश्ने, भूपमन्त्रिणोर्मिथो प्रेम स्थास्यति न वेति प्रश्ने, कम्बूललग्नसप्तमयोः=कम्बूलयोगघटनपूर्वकलग्नसप्तमयोः स्थानयोः शुभदृष्ट्या मुथशिलयोः = घटितेत्थशालयोगयोः सतोः राज्ये तयोर्भूपमन्त्रिणोर्मिथः स्नेहः स्यात् ॥ १२० ॥

भाषा—राजा और मन्त्री में परस्पर एक से दूसरे को प्रेम बना रहेगा या नहीं? इस प्रश्न में लग्न को राजा, सप्तम को मन्त्री जान कर लग्न और सप्तमस्थान में कम्बूल योग होता हो, और दोनों स्थान को शुभ ग्रह से इत्थशाल होता हो, तो राज्य में राजा मन्त्री को परस्पर प्रेम कहना ॥ १२० ॥

अथैतद्राज्यं चरं स्थिरं वा भवेदिति प्रश्ने विचारः—

राज्यं चरं वा लग्नपगगनेशयोः सहयोः।
यद्येको मन्दः स्यात्केन्द्रे तत्स्थिरमतोऽन्यथा वाच्यम् ॥१२१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

यदि वा स वामभागे भूमौ वा प्रच्युतिर्भवेत् पूर्वम्।
कम्बूले सति लभते शीघ्रन्त्वथ मुसरिफे न पुनः ॥ १२२ ॥

इदं मम राज्यं चरम्=अचिरस्थायि, वा स्थिरम्=अचलम्, भविष्यति ? एवं प्रश्ने लग्नपगगनेशयोः=लग्नेशदशमेशयोः ग्रहयोः मध्ये यदि एकः ग्रहः मन्दः=मन्दगतिः केन्द्रे १।४।७।१० स्यात्तदा तद्राज्यं स्थिरं=अचलं वाच्यम्, अन्यथा केन्द्रभिन्नस्थाने स्यात्तदा चलं वाच्यम्।

यदि वा स मन्दगतिग्रहः वामभागे=वक्रे, भवेत्, वा भूमौ=चतुर्थे तदा पूर्वं प्रच्युतिः भवेत्। पश्चात् कम्बूले सति शीघ्रं लभते। अथ मूसरीफयोगसम्भवे जाते तु पुनर्न लभते ॥ १२१-१२२ ॥

भाषा—यह राज्य स्थिर रहेगा ? या अस्थिर रहेगा ? इस प्रश्न में लग्नेश और दशमेश में जो मन्दगति ग्रह हो, वह केन्द्र में हो, तो राज्य अचल कहना। यदि केन्द्र से भिन्न स्थान में हो, तो चल कहना ॥ १२१ ॥

यदि मन्दगति ग्रह वक्री हो, या चतुर्थस्थान में हो, तो पहले राज्य का त्याग हो जाय, पीछे चन्द्रमा से कम्बूल योग होने पर जल्दी राज्य मिलता है। यदि मूसरीफ योग हो, तो फिर राज्य नहीं मिलता है ॥ १२२ ॥

इति दशमस्थानपृच्छाविचारः।

अथैकादशस्थानपृच्छा—

नृपतेर्गौरवलाभाशादि मम स्यान्न वेति चप्रश्ने।
आयेशलग्नपत्योः स्नेहदृशा मुथशिले द्रुतं भवति ॥ १२३ ॥
रिपुदृष्ट्या बहुदिवसैः केन्द्रे चायेशचन्द्रकम्बूले।
वाच्या पूर्णाशा चरस्थिरद्विःस्वभावगे स्वनामफलम् ॥ १२४ ॥
मन्दे क्रूरोपहते भूत्वाऽऽशाऽऽशु प्रणाशमुपयाति।
क्रूरायुक्ते च शुभयुज्यधिकारवशेन लब्ध्याशा ॥ १२५ ॥

नृपतेः=राज्ञः, सकाशात् मम गौरवलाभाशादि=संमानप्राप्त्यभिलाषप्रभृति फलं स्यान्न वा ? इति प्रश्ने आयेशलग्नपत्योः=लाभेशलग्नेशयोः स्नेहदृशा=(३।५।९।११) एतत्स्थानदृष्ट्या मुथशिले=इत्थशाले सति द्रुतं=झटिति, तद्राजगौरवलाभादि फलं भवतीति ॥ १२३ ॥

अथ लग्नेशलाभेशयोः रिपुदृष्ट्या=शत्रुदृष्ट्या (१।४।७।१०) मुथशिले सति बहुदिवसैः=विशेषदिनैः राजसंमानसौभाग्यलाभः सम्भवेत्। यदि च केन्द्रे आयेशचन्द्रकम्बूले सति तदा पूर्णा=सम्पूर्णा इव आशा वाच्या, अर्थात् सत्वरमेव सफला

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आशा स्यात् । चरस्थिरद्विःस्वभावगे आयेशचन्द्रकम्बूले सति, स्वनामफलम् = स्वनामानुसारं फलं बोध्यम् । यथा चरराशौ नृपगौरवप्राप्तिर्न स्थिरा । भूत्वाऽपि पुनर्नष्टा स्यात् । स्थिरे तु नृपगौरवं स्थिरं, द्विःस्वभावे तूभयात्मकं वाच्यम् ॥१२४॥

मन्दे = मन्दगतिग्रहे, क्रूरोपहते = पापाक्रान्ते, सति आशा = राजगौरवाशा, आशु=शीघ्रं, भूत्वा पश्चात् प्रणाशं विनाशं, उपयाति=गच्छति । अथ मन्दे क्रूरायुक्ते= पापसम्बन्धरहिते, शुभयुजि=शुभसंयोगदृष्टियुक्ते च सति लब्धाशा = तद्राजगौरवप्राप्तिसम्भवः स्यात् ॥ १२५ ॥

भाषा—राजा से मुझे सम्मानकी आशा होगी या नहीं ? इस प्रश्न में एकादशेश और लग्नेश को मित्रदृष्टिसे इत्थशाल होता हो, तो जल्दी वह आशा फलती है ॥

यदि उन दोनों में शत्रुदृष्टि से इत्थशाल होता हो, तो जादे दिनों में राजा से संमान लाभ की आशा होती है । यदि केन्द्रस्थान में लाभेश को चन्द्रमा से कंबूल योग होता हो, तो जल्दी वह आशा पूरी होती है । चर, स्थिर, द्विःस्वभाव राशि में अपने नाम के अनुसार फल कहना । अर्थात् चरराशि में कुछ ही दिनों के लिये, स्थिरराशि में सदा के लिये, द्विःस्वभाव राशि में अनियत रूप से राजगौरव प्राप्ति कहनी चाहिये ।

यदि मन्दगति ग्रह पापग्रह से पीडित हो, तो आशा शीघ्र पूरी होकर पीछे नाश भी हो जाय । और मन्दगति ग्रह यदि पापग्रहसे युत दृष्ट नहीं हो, प्रत्युत शुभग्रह से युतदृष्ट हो, तो राज गौरव लाभ की आशा पूरी होती है ॥ १२३-१२५ ॥

मम मित्रेण समं प्रीतिर्भविष्यति न वा ? इति प्रश्ने विचारः—

मित्रेण सह प्रीतिर्भविता लग्नेश्वरायपत्योश्च ।
प्रियदृष्ट्या मुथशिलतः प्रीतिर्वाऽन्योन्यगृहयानात् ॥ १२६ ॥
केन्द्रे स्थितयोरनयोर्मैत्री किल पूर्वजातैव ।
पणफरगतौ पुरस्तादापोक्लिमतो महाप्रीतिः ॥ १२७ ॥

मम मित्रेण सह प्रीतिः = प्रेम, भविता = भविष्यति, न वेति प्रश्ने लग्नेश्वरायपत्योः = लग्नेशलाभेशयोः प्रियदृष्ट्या = स्नेहदृष्ट्या (३।५।९।११) दशा मुथशिलतः = इत्थशालतः अन्योन्यगृहयानात् = मिथो गृहगमनात् प्रीतिः वाच्या । केन्द्रस्थितयोः अनयोर्लग्नेशलाभेशयोर्मुथशिलतः पूर्वजाता एव मैत्री वाच्या । पणफरगतौ तौ लग्नेशलाभेशौ तदा पुरस्तात् = अग्रे प्रेम वाच्यम् , परतो न च प्रीतिः । तयोर्लग्नेशलाभेशयोः, आपोक्लिमतः = ३।६।९।१२ एतत्स्थानगतत्वात् , महाप्रीतिः स्यात् ॥ १२६-१२७ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—मुझे मित्र के साथ प्रीति होगी, या नहीं ? इस प्रश्न में लग्नेश लाभेश में परस्पर प्रम दृष्टि से इत्थशाल होने से परस्पर एक को दूसरे के घर जाने से मित्रता कहना। यदि केन्द्र में लग्नेश लाभेश को इत्थशाल होता हो तो पहले ही की मैत्री कहना। यदि ये लग्नेश लाभेश पणफर में रहकर इत्थशाल करते हों, तो आगे मैत्री हो, यदि आपोक्लिम में होकर वे दोनों इत्थशाल करते हों तो अधिक प्रेम कहना ॥ १२६–१२७ ॥

अथ गुप्तकार्यसिद्धिपृच्छामाह—

गुप्तं कार्यमिदं मे सिद्ध्यति लग्नेश्वरेऽथ चन्द्रमसि।
शुभमुथशिलगे केन्द्रे तन्निकटे वाऽथ सिद्धिः स्यात् ॥ १२८ ॥

मे=मम, इदं=मनोगतं, गुप्तं=अप्रकटं, कार्यं सिद्ध्यति नवा ? इति प्रश्ने लग्नेश्वरे अथवा चन्द्रमसि = चन्द्रे, केन्द्रे स्थिते, शुभमुथशिलगे=शुभैरथशाले, सति वा केन्द्रस्थित्यभावे तन्निकटे=केन्द्रसमीपे अर्थात् पणफरे सति सिद्धिः=कार्यस्य सिद्धिः स्यात्। आपोक्लिमस्थे नहि सिद्धिरित्यर्थाज्ज्ञायते ॥ १२८ ॥

भाषा—मेरा यह गुप्त कार्य सिद्ध होगा या नहीं ? इस प्रश्न में लग्नेश या चन्द्रमा शुभग्रह से इत्थशाल करते हुए केन्द्र में हों, वा पणफर में हों, तो कार्य की सिद्धि होती है। अन्यथा नहीं ॥ १२८ ॥

इति लाभस्थानपृच्छाविचारः।

अथ द्वादशस्थानपृच्छाविचारः—

रिपुविग्रहपृच्छायां बलवति षष्ठे रिपुः सबलः।
द्वादशपे शुभदृष्टे बलवति वाच्यं बलं प्रष्टुः ॥ १२९ ॥
रिपुविग्रहपृच्छायां नामोच्चारे रिपोर्बलिन्यस्ते।
गुप्ते च द्वादशपे बलवति वाच्यं बलं प्रष्टुः ॥ १३० ॥

रिपुणा=शत्रुणा सह विग्रहो विरोधस्तत्सम्बन्धिन्यां पृच्छायां बलवति षष्ठे=षष्ठ भावे, वा षष्ठेशे सति रिपुः=शत्रुः, सबलः, निजापेक्षया प्रबलः स्यात्। द्वादशपे= द्वादशेशे बलवति च शुभदृष्टे सति प्रष्टुः = पृच्छकस्य बलं वाच्यम् ॥ १२९ ॥

नामोच्चारे=प्रश्ने, अस्ते=सप्तमे बलिनि सति रिपोः=शत्रोः बलं वाच्यम्, बलवति द्वादशपे गुप्ते=अस्ते सति प्रष्टुः बलं वाच्यम् ॥ १३० ॥

भाषा—शत्रु से विरोध के प्रश्न में षष्ठ भाव या षष्ठेश बलवान् होने से शत्रु

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रबल होता है। द्वादशेश या द्वादशस्थान बलवान् होने से प्रश्नकर्त्ता बलवान् होता है। शत्रु विग्रह प्रश्न में नाम के निकालने में सप्तम भाव या सप्तमेश बली हो तो शत्रु का बल कहना। द्वादशेश या द्वादश स्थान बलवान् हो तो प्रश्नकर्त्ता बलवान् होता है॥ १२९-१३० ॥

अथ व्ययविषयपृच्छा—

शुभयुतदृष्टे सद्व्ययमशुभेक्षणयोगतो व्ययमनर्थात्।
एवं भावेष्वखिलेषूह्यं सदसत्फलं सुधिया॥ १३१ ॥

व्ययभावे शुभयुतदृष्टे सति सद्व्ययम्, अशुभेक्षणयोगतः=पापदृष्टियोगतः अनर्थाद् व्ययं भवति। एवम् अखिलेषु = सर्वेषु भावेषु सुधिया सदसत्फलं = शुभाशुभफलम् ऊह्यं=तर्क्यम्। अर्थाद्यद्भावपे यद्भावे च शुभयुतदृष्टे तद्भावगं शुभफलम्। यद्भावपे यद्भावे चाशुभयुतदृष्टे च सति तद्भावजम्, अशुभफलं वाच्यम् ॥ १३१ ॥

भाषा—व्ययभाव या व्ययभावेश शुभग्रह से युत दृष्ट हो, तो सद्व्यय होता है। पापदृष्ट युत होने से अपव्यय होता है। इस प्रकार सब भावों के शुभाशुभ फल विद्वान् तर्क करें॥ १३१ ॥

इति संक्षेपतो द्वादशभावप्रश्ननिरूपणम्।

अथ विशेषप्रश्नाध्यायः।

तत्र पथिकागमनमाह, ताजिके समरसिंहेन—

आगमने पृच्छायां लग्नेशे लग्नमध्यसंस्थेन।
कृतमुथशिले समेति हि सुखमस्ततुर्यगे कष्टात्॥ १ ॥
स्थानाच्चलितः प्रश्ने लग्नपतौ सहजनवमगृहसंस्थे।
लग्नस्थेन मुथशिले पन्थानं वहति पथिकोऽयम्॥ २ ॥
रन्ध्रेऽथ धने तस्मिन्नाकाशस्थेन मुथशिलेऽप्येवम्।
केन्द्रस्थितेरथशाले लग्नेक्षणवर्ज्यमेति न कदापि॥ ३ ॥
लग्नाधिपतौ वक्रे लग्नं पश्यत्यमुत्र चन्द्रे वा।
वक्रगमुथशिले सति समेति पथिकः सुखं शीघ्रम्॥ ४ ॥
अन्त्यस्थितलग्नपतौ शशिना कृतमुथशिले द्रुतमुपैति।
लग्नाद्याऽपि चतुर्थाच्छुभाद्द्वितीयतृतीयगा वाऽपि॥ ५ ॥
कथयन्ति नष्टलाभं प्रवासिनश्चागमं त्वरितम्॥ ५३ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

आगमने = पथिकागमने, पृच्छायां यत्र कुत्रापि स्थाने स्थिते लग्नेशे लग्नमध्य-संस्थेन = प्रथमदशमस्थानस्थितेन ग्रहेण तत्रापि हाष्टार्थं सप्तमेशेन कृतमुथशिले सति सुखम् = अक्लेशम् समेति = समायाति। वा लग्नेशे अस्ततुरीयगे=सप्तमचतुर्थस्थिते, सप्तमेशेन कृतमुथशिले सति कष्टात् प्रयासात् समेति। अत्र लग्नं = पथिकः। सप्तमराशिः = मार्गः। चतुर्थस्थानं = तस्य सुखम्। वित्तम्। द्वितीयन्तु धनमेव सर्वतः प्रसिद्धम्। तेषां बलाबलविवेकेन परदेशागमनशीलस्य सर्वं विचार्यम्। एतदेव मूलग्रंथोक्तविचारापेक्षया सूक्ष्मम् ॥ १ ॥

स्थानात् = इष्टस्थानात्, अमुको जनश्चलितो न वेति प्रश्ने लग्नपतौ = लग्नेशे सहजनवमगृहसंस्थे = तृतीयनवमस्थे, लग्नस्थेन ग्रहेण मुथशिले = इत्थशाले सति, अयं पथिकः पन्थानं वहति = मार्गे वर्त्तते ॥ २ ॥

वा तस्मिन् = लग्नपतौ रन्ध्रे = अष्टमे, वा धने = द्वितीये स्थिते, आकाशस्थेन= दशमस्थेन ग्रहेण मुथशिले सति अपि, एवं फलं = अर्थात् पथिकः पन्थानं वहति। यदि तादृशे लग्नेशे केन्द्रस्थितेत्थशाले लग्नेक्षणवर्ज्ये = लग्नदृष्टिरहिते च सति तदा कदाऽपि न पथिकः एति = आयाति ॥ ३ ॥

वा लग्नाधिपतौ वक्रे, वा अमुत्र = लग्ने, चन्द्रे सति, वक्रगमूथशिले = वक्रीग्रहेत्थशाले सति, पथिकः सुखम् = अक्लेशं शीघ्रम् = सत्वरं, समेति=समागच्छति ॥

वा अन्त्यस्थितलग्नपतौ = द्वादशस्थानस्थिते लग्नेशे, शशिना = चन्द्रेण, कृतमुथशिले सति, पथिकः=मार्गवर्त्ती, द्रुतं = शीघ्रम् उपैति=आगच्छति। लग्नात्, अपि वा चतुर्थात्, शुभात्=शुभग्रहाधिष्ठितस्थानात् द्वितीयतृतीयगाः शुभग्रहाः नष्टलाभं, प्रवासिनः = पथिकस्य त्वरितम् आगमनम् = समागमं कथयन्ति ॥ ५ ॥

भाषा—परदेशी के आने के प्रश्न में जिस किसी स्थान स्थित लग्नेश को, लग्न या दशम स्थान स्थित किसी ग्रह से इत्थशाल होता हो, तो सकुशल पथिक घर आता है, अथवा लग्नेश सप्तम चतुर्थ में स्थित हो, सप्तमेश से इत्थशाल करता हो तो कष्ट से आता है ॥ १ ॥

किसी इष्ट स्थल से अमुक व्यक्ति चला है या नहीं? इस प्रश्न में लग्नेश तृतीय नवम में हो, लग्न स्थित ग्रह से इत्थशाल करता हो, तो वह पथिक रास्ता में है, यह कहना ॥ २ ॥

या लग्नेश अष्टम, द्वितीय स्थान में हो, दशम स्थान स्थित ग्रह से इत्थशाल होता हो तो भी पथिक रास्ता में है, यह कहना। यदि वैसे ही लग्नेश केन्द्र

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थित ग्रह से इत्थशाल करता हो, तथा लग्न के ऊपर किसी की दृष्टि न हो, तो परदेशी कभी भी नहीं आता है ॥ ३ ॥

वा लग्नेश वक्री हो, वा लग्न में चन्द्रमा हो, वक्री ग्रह से इत्थशाल करता हो तो परदेशी सकुशल शीघ्र आता है ॥ ४ ॥

वा लग्नेश बारहवें स्थान में हो चन्द्रमा से इत्थशाल करता हो, तो पथिक शीघ्र आता है। लग्न से वा चतुर्थस्थान से अथवा शुभग्रह से द्वितीय, तृतीय स्थान में शुभग्रह नष्ट द्रव्य का लाभ और परदेशी का समागमन को करते हैं ॥ ५ ॥

अथ प्रश्नचिन्तामणौ पथिकागमनप्रश्नः—

ग्रहः षष्ठेऽथ जामित्रे वाक्पतिः कंटके स्थितः।
पथिकागमनं ब्रूते सिते ज्ञे वा त्रिकोणगे ॥ ६ ॥

कोऽपि, ग्रहः षष्ठेऽथ जामित्रे=सप्तमे, स्थितः, वाक्पतिः = बृहस्पतिः, कण्टके= केन्द्रे, स्थितः, वा = अथवा सिते = शुक्रे, वा ज्ञे=बुधे त्रिकोणगे = नवमपञ्चमस्था- नस्थे, तदा पथिकागमनं = परदेशिनः आगमनं, ब्रूते = आचार्यः कथयति ॥ ६ ॥

भाषा—यदि छठे और सातवें में कोई ग्रह हो, बृहस्पति केन्द्र (१।४।७।१०) में हो, अथवा शुक्र वा बुध ९।५ में हो तो परदेशी का आगमन कहते हैं ॥ ६ ॥

पृष्ठोदये पापदृष्टे शुभदृग्वर्जिते बुधः।
लग्नात्षष्ठे यदा पापा यातुश्च निधनं वदेत् ॥ ७ ॥

पृष्ठोदये = पृष्ठोदयराशौ लग्ने, पापदृष्टे, शुभदृग्वर्जिते=शुभग्रहदृष्टिरहिते, तथा लग्नात् षष्ठे पापाः स्थिताः स्युस्तदा यातुः = गन्तुः निधनं=मरणं वदेत् ॥ ७ ॥

भाषा—पृष्ठोदय राशि यदि लग्न हो, उस पर पाप ग्रह की दृष्टि हो, शुभग्रह की दृष्टि नहीं हो, और लग्न से छठे स्थान में पापग्रह सब हों, तो परदेशी का मरण कहना॥७॥

यदा क्रूरास्तृतीयस्था देशाद्देशान्तरं गतः।
चौरेणैव हृतस्वश्च पथिकः केन्द्रगा यदि ॥ ८ ॥

यदा क्रूराः = पापाः लग्नात् षष्ठे स्थाने स्थितास्तदा पथिकः देशात्=एकस्मात् परदेशाद्देशान्तरमन्यदेशं गतः वाच्यः। यदि क्रूराः केन्द्रगाः = १।४।७।१० स्थान- स्थिताः, तदा पथिकः, चौरेण = तस्करेण हृतस्वः=अपहृतधनः वाच्यः ॥ ८ ॥

भाषा—यदि पापग्रह तीसरे स्थान में हो, तो एक देश से दूसरे देश (प्रान्त) चला जाना कहना। यदि पाप ग्रह केन्द्र (१।४।७।१०) में हो, तो पथिक का सब धन चोर हर लिया है ऐसा कहना ॥ ८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पापैः षष्ठत्रिलाभस्थैः कंटकस्थैः शुभग्रहैः ।
प्रवासी सुखमायाति दूरस्थोऽपि सुनिश्चतम् ॥ ९ ॥

पापैः=पापग्रहैः, षष्ठत्रिलाभस्थैः=६।३।११ गतैः, शुभग्रहैः कण्टकस्थैः=केन्द्रस्थैः तदा, दूरस्थः=दूरदेशस्थितोऽपि, प्रवासी=परदेशी सुनिश्चितं = ध्रुवं, सुखं=सकुशलम् , आयाति = गृहं प्रत्यायाति ॥ ९ ॥

भाषा—यदि सब पापग्रह ६।३।११ स्थानों में हों, शुभग्रह केन्द्र में हो, तो दूर में रहता हुआ भी पथिक जरूर सुख से लौटता है ॥ ९ ॥

चतुरस्रे त्रिकोणे वा पापगेहस्थितः शनिः ।
पापदृष्टश्च नियतं बन्धनं यातुरादिशेत् ॥ १० ॥

शनिः, चतुरस्रे, केन्द्रे, वा त्रिकोणे=नवपञ्चमे वा पापगेहस्थितः पापदृष्टश्च भवेत् तदा यातुः =पथिकस्य नियतं = निश्चितं बन्धनम् = कारागारनिवासात्मकम् आदिशेत् = कथयेत् ॥ १० ॥

भाषा—शनि यदि केन्द्र में वा त्रिकोण में पापग्रह के राशि में हो और पाप ग्रह से दृष्ट भी हो, तो परदेशी का जरूर बन्धन होता है ॥ १० ॥

शुभयुक्ते स्थिरे लग्ने स्थिरो बन्धश्चरेऽन्यथा ।
द्वितनौ सौम्यसंयुक्ते बन्धमोक्षौ क्रमेण तु ॥ ११ ॥

तत्र विशेषमाह—शुभयुक्ते स्थिरे लग्ने प्रश्नश्चेत्तदा बन्धः स्थिरः = चिरसमयावधिकः स्यात् । शुभयुक्ते चरे लग्ने प्रश्नश्चेत्तदा बन्धः = कारागारवासः अन्यथा= चलः अचिरकालात्मकः स्यात् । द्वितनौ द्विःस्वभावे = प्रश्नलग्ने, सौम्यसंयुक्ते क्रमेण बन्धमोक्षौ भवतः ॥ ११ ॥

भाषा—यदि वहाँ स्थिर लग्न हो, वह शुभग्रह से युक्त हो, तो बन्धन स्थिर कहना, यदि चरराशि लग्न हो, शुभग्रह से युक्त हो, तो कुछ दिनों के लिये बन्धन कहना, यदि द्विःस्वभाव राशि लग्न हो, शुभग्रह से युक्त हो, तो बन्धन, मोक्ष भी क्रम से होता है ॥

पापास्त्रिकोणजामित्रे विलग्ने पृष्ठकोदये ।
शत्रुभिर्वीक्ष्यमाणाश्च यातुः कष्टं वदेत्सुधीः ॥ १२ ॥

पापाः=पापग्रहाः, त्रिकोणजामित्रे=५।७।९ स्थाने स्थिताः, वा विलग्ने, पृष्ठकोदये=पृष्ठोदयराशौ लग्ने वा स्थिताः, शत्रुभिः=शत्रुग्रहैः, वीक्ष्यमाणाः, तदा सुधीः = विद्वान् , यातुः =पथिकस्य, कष्टं=क्लेशं, वदेत् ॥ १२ ॥

भाषा—पापग्रह ५।७।९ में हों, या लग्न में हों, या छठे स्थान में हों, और शत्रुओं से देखे जाँय तो पण्डित परदेशी को कष्ट बतावे ॥ १२ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मार्गस्थानगतैः सौम्यैर्मार्गे तस्य शुभं भवेत् ।
क्रूरैर्दुःखं विलग्नस्थैः पापैः क्लेशमवाप्नुयात् ॥ १३ ॥

सौम्यैः = शुभैः मार्गस्थानगतैः = सप्तमस्थानस्थितैस्तदा तस्य = पथिकस्य शुभं वदेत् । क्रूरैः = पापैः = शनिरविकुजैः विलग्नस्थैः सद्भिः, (पथिकः) दुःखं=क्लेशम् अवाप्नुयात = प्राप्नुयात् ॥ १३ ॥

भाषा—शुभग्रह यदि सप्तम में हों, तो रास्ते में पथिक को आराम मिलता है । पापग्रह यदि सप्तम में हों और लग्न में हों तो रास्ते में क्लेश को पाता है ॥ १३ ॥

चरलग्ने चरांशे वा चतुर्थे चन्द्रमाः स्थितः ।
प्रवासी सुखमायाति कृतकार्यश्च वेश्मनि ॥ १४ ॥

चरलग्ने वा चरांशे वा चतुर्थे यदि चन्द्रमाः स्थितः स्यात्, तदा प्रवासी पथिकः, कृतकार्यः सन् वेश्मनि = गृहे, सुखं = सकुशलम्, आयाति ॥ १४ ॥

भाषा—चरलग्न में या चरनवांश में, या चतुर्थस्थान में चन्द्रमा हों, तो परदेशी सकुशल कार्यसिद्धि करके घर लौटता है ॥ १४ ॥

कंटकैः सौम्यसंयुक्तैः पापग्रहविवर्जितैः ।
प्रवासी सुखमायाति निधनस्थे सुधाकरे ॥ १५ ॥

कण्टकैः = १।४।७।१० स्थानैः शुभसंयुक्तैः, पापग्रहवर्जितैः=पापशून्यैः । अर्थात् शुभाः केन्द्रगताः, पापाः केन्द्रेतरस्थानगतास्तदा प्रवासी = पथिकः, सुखं = सकुशलं, आयाति । अथवा सुधाकरे = चन्द्रे, निधनस्थे = अष्टमस्थे तदा पथिकः सकुशलं, आयाति ॥ १५ ॥

भाषा—केन्द्र में शुभग्रह हों, पाप ग्रह से रहित हों, अथवा चन्द्रमा अष्टम स्थान में हो तो परदेशी सुखपूर्वक आता है ॥ १५ ॥

गमागमौ तु न स्यातां योगे दुरुधुराकृते ।
शुभैः शुभकृतो रोधः पापैस्तस्करतो भयम् ॥ १६ ॥

अथ शुभैः = शुभग्रहैः, दुरुधुराकृते योगे = दुरुधुरायोगे, शुभकृतः=शुभकार्येण देवाराधनतीर्थसेवनशास्त्राध्यापनादि कार्येण कृतः रोधः = गमननिरोधः स्यात् । पापैः कृते दुरुधुरायोगे, पापकृतः=व्यभिचारादिदुःखकर्मकृतः, रोध =यात्रानिषेधो वाच्यः । तथा तस्करतः = चौरात्, भयं भवेत् ॥ १६ ॥

भाषा—यदि चन्द्रमा के एक स्थान आगे एकस्थान पीछे ग्रह हो तो दुरुधुरा योग होता है, वैसा योग होने से परदेशी का आना जाना नहीं होता। वहां यदि शुभग्रहों से

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

उक्त योग होता हो, तो अच्छे काम होने के कारण यात्रा में रुकावट हो। पाप ग्रहोंसे उक्त योग होता हो तो शत्रुओं के कारण आने में बाधा हो ॥ १६ ॥

गमागमौ हि न स्यातां स्थिरराशौ विलग्नगे।
न रोगोपशमो नाशो द्रव्याणां च पराभवः ॥ १७ ॥

स्थिरराशौ विलग्नगे सति पथिकस्य गमागमौ न स्याताम् । रोगोपशमो न, तथा द्रव्याणां नाशः, च = पुनः पराभवो भवति ॥ १७ ॥

भाषा—यदि लग्नमें स्थिर (वृष, सिंह, वृश्चिक कुम्भ) राशि हो, तो परदेशी का आना जाना नहीं होता है। यदि रोग हुआ हो, तो वह भी नहीं छूटता है। धन का नाश, और पराभव भी होता है ॥ १७ ॥

विपरीतं चरे वाच्यं फलं मिश्रं द्विमूर्तिषु।
स्थिरवत्प्रथमे खण्डे परार्धे चरराशिवत् ॥ १८ ॥

चरे = चरे लग्ने, विपरीतं फलं=गमागमौ स्यातां, रोगोपशमः, द्रव्याणां लाभः, इति फलं वाच्यम् । द्विमूर्त्तिषु = द्विःस्वभावलग्नेषु मिश्रम्=उभयात्मकं फलं वाच्यम् । तत्र द्विःस्वभावलग्ने प्रथमे खण्डे = प्रथमहोरायां, स्थिरवत् फलम् । परार्धे=द्वितीय-होरायां, चरराशिवत् फलं बोध्यम् ॥ १८ ॥

भाषा—यदि चरराशि लग्न हो, तो परदेशी आता है, रोग नाश होता है, धन मिलता है, सुख भी होता है। द्विःस्वभाव राशि लग्न हो, उसमें भी पहली होरा हो तो स्थिर राशि के फल के समान फल कहना। और दूसरी होरा होने से चरराशि के ऐसे फल कहना ॥ १८ ॥

प्रवासी शीघ्रमायाति गुरुशुक्रौ त्रिवित्तगौ।
चतुर्थस्थानगावेतौ शीघ्रमायाति कार्यकृत् ॥ १९ ॥

यदि गुरुशुक्रौ त्रिवित्तगौ = तृतीयद्वितीयगौ, तदा प्रवासी = पथिकः, शीघ्रम् आयाति । वा एतौ गुरुशुक्रौ = चतुर्थस्थानगौ, तदा कार्यकृत् = कार्यकर्त्ता शीघ्रम् आयाति, गृहमिति शेषः ॥ १९ ॥

भाषा—यदि बृहस्पति, शुक्र तृतीय, द्वितीय स्थान में हों तो परदेशी शीघ्र आता है। यदि बृ० शु० चतुर्थस्थान में हों, तो काम काज करके जल्दी लौटता है ॥ १९ ॥

इन्दुः सप्तमगो लग्नात् पथिकं वक्ति मार्गगम्।
मार्गाधिपश्च राश्यर्धात्परभागे व्यवस्थितः ॥ २० ॥

इन्दुः = चन्द्रः, लग्नात् सप्तमगः, तदा पथिकं मार्गगं=पथिगतं वक्ति=कथयति।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वा मार्गाधिपः = सप्तमेशः, राश्यर्धात् परभागे = द्वितीयद्रेष्काणे व्यवस्थितः, तदाऽपि पथिकं मार्गगं वक्ति ॥ २० ॥

भाषा-चन्द्रमा यदि लग्न से सातवें स्थान में हो, तो पथिक को रास्ते में कहना। यदि सप्तमेश किसी राशिके दूसरी होरा में हो, तो भी रास्ते में पथिक है; यह कहना ॥२०॥

शुक्रार्कजीवसौम्यानामेकोऽपि स्याद्धरायगः।
तदाऽऽशु गमनं ब्रूयात्प्रष्टुर्न गमनं व्यये ॥ २१ ॥

शुक्रार्कजीवसौम्यानां=शुक्ररविगुरुबुधानां मध्ये एकोऽपि यदि ग्रहः धरायगः= चतुर्थलाभस्थानगतः, तदा प्रष्टुः, आशु = शीघ्रं गमनं = प्रत्यागमनं, वाच्यम् । यदि तेषामेकतमो ग्रहो व्यये = द्वादशस्थाने स्यात्तदा गमनं = प्रत्यावर्तनं न वाच्यम् ॥२१॥

भाषा—शुक्र, सूर्य, गुरु, बुध, इन ग्रहों में कोई एक भी यदि ४।११ में हो, तो शीघ्र ही परदेशी का आगमन कहना। यदि उन में से एक बारहवें में हो, तो पथिक का लौटना नहीं कहना ॥ २१ ॥

लग्नाद्यावतिथे स्थाने बली खेटो व्यवस्थितः।
ब्रूयात्तावतिथे मासे पथिकस्य निवर्तनम् ॥ २२ ॥

लग्नाद् यावतिथे = यत्संख्यके स्थाने बली खेटः=बली ग्रहः व्यवस्थितः, तावतिथे मासे पथिकस्य = विदेशिनः निवर्त्तनं = प्रत्यागमनं ब्रूयात्=कथयेत् ॥ २२ ॥

भाषा—लग्न से जितने स्थान में बली ग्रह स्थित हो उतने मास में पथिक का आगमन कहना ॥ २२ ॥

एवं कालं चरांशस्थे द्विगुणं च स्थिरांशके।
द्विःस्वभावांशगे खेटे त्रिगुणं चिन्तयेत्सुधीः ॥ २३ ॥

एवमनेन प्रकारेण यः कालः सिद्धस्तं कालं चरांशस्थे ग्रहे जानीयात् । स्थिरांशस्थे ग्रहे द्विगुणं कुर्यात् । द्विःस्वभावांशगे ग्रहे त्रिगुणं सुधीश्चिन्तयेत् ॥ २३ ॥

भाषा—इस प्रकार चरराशि में जो काल आया वही समझना। स्थिरराशि में उसे दूना करना। द्विःस्वभाव में ग्रह हो तो उस काल को त्रिगुण करना ॥ २३ ॥

यातुर्विलग्नाज्जामित्रभवनाधिपतिर्यदा।
करोति वक्रमावृत्तेः कालं तु ब्रुवते परे ॥ २४ ॥

यातुः = पथिकस्य, विलग्नाज्जामित्रभवनाधिपतिः=सप्तमाधिपः, यदा वक्रं=विलोमगमनं करोति, तदा एव आवृत्तेः=आवृत्त्या द्वित्र्यादिगुणनया कालं परे जगुः॥२४॥

भाषा—लग्न से सप्तमेश ग्रह यदि वक्री हो, तो उस प्रकार उस समय को दुगुना तिगुना करना दूसरे आचार्य कहते हैं ॥ २४ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

चतुर्थे दशमे वाऽपि यदि सौम्यग्रहो भवेत् ।
तदा न गमनं क्रूरैस्तत्रस्थैर्गमनं भवेत् ॥ २५ ॥

चतुर्थे दशमे स्थाने यदि सौम्यग्रहः = शुभग्रहः भवेत, तदा पथिकस्य गमनं= प्रत्यावर्त्तनं न भवति । अर्थात् परदेशवास एव वाच्यः । यदि क्रूरैः = पापैः तत्रस्थैः = चतुर्थदशमस्थैः, तदा पथिकस्य गमनं भवति ॥ २५ ॥

भाषा—यदि चौथे या दशवें में शुभग्रह हो, तो लौटना नहीं होता । यदि पापग्रह चौथे दशवें में हों, तो आना होता है ॥ २५ ॥

लग्नाद्वा लग्ननाथाद्वा यत्सख्याः क्रूरखेचराः ।
नवमे द्वादशे वाऽपि तत्संख्याः स्युरुपद्रवाः ॥ २६ ॥

लग्नात् , वा लग्ननाथात् = लग्नेशात्, यत्सङ्ख्यकाः = यन्मिताः, क्रूरखेचराः = पापग्रहाः, नवमे, अपिवा द्वादशे स्थाने स्थिताः, तावन्तः उपद्रवाः = क्लेशाः स्युः ॥ २६ ॥

भाषा—यदि लग्न से या लग्नेश से जितने पापग्रह नवम या द्वादश में हों, उतने उपद्रव रास्ते में होते हैं ॥ २६ ॥

लग्नाद्वा लग्ननाथाद्वा यावंतः सौम्यखेचराः ॥
मार्गे तत्रोदया वाच्याः स्थाने स्थाने विचक्षणैः ॥ २७ ॥

एवं लग्नात् वा लग्ननाथात्=लग्नेशाक्रान्तराशितः, यावन्तः सौम्यखेचराः = शुभग्रहाः स्थिताः, तावत्सङ्ख्यकाः मार्गे=पथि स्थाने विचक्षणैः उदयाः = अभ्युदयाः इष्टलाभाः वाच्याः ॥ २७ ॥

भाषा—लग्न से या लग्नेश से जितने शुभग्रह सप्तम, नवम, द्वादश में हों, उतने जगह पर रास्ता में अभ्युदय होते हैं ॥ २७ ॥

क्रूरयुक्तेक्षितो मन्दः शुभदृग्योगवर्जितः ।
धर्मस्थस्तनुते व्याधिं प्रोषितस्याष्टगो मृतिम् ॥ २८ ॥

क्रूरयुक्तेक्षितः=पापयुतदृष्टः, शुभदृग्योगवर्जितः, मन्दः=शनिः धर्मस्थः = नवमस्थानस्थितः, तदा व्याधिं = रोगं तनुते । यदि तादृशः शनिः अष्टगः=अष्टमस्थः, तदा प्रोषितस्य = प्रस्थितस्य, विदेशिनः मृतिं = मरणं, तनुते = दिशति ॥ २८ ॥

भाषा—यदि शनि पापग्रह से युत दृष्ट हो, लेकिन शुभग्रह की दृष्टि योग से वर्जित हो और नवम स्थान में हों, तो रोग होता है । यदि पापयुत दृष्ट, शुभ योग दृष्टि रहित शनि आठवें में हो, तो मरण होता है ॥ २८ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जामित्रस्य शुभोत्थे याता नायाति दुरुधुरायोगे ।
मित्रस्वामिनिषेधात्पापोत्थे शत्रुरुक्चौरात् ॥ २९ ॥

जामित्रस्य = सप्तमस्य, शुभोत्थे=शुभग्रहजनिते, दुरुधुरायोगे, सप्तमभावे यदि चन्द्रः षष्ठाष्टमगतौ शुभौ च भवत इत्यर्थः, तदा याता = प्रस्थितो जनः मित्रस्वामिनिषेधात् न आयाति । एवं पापोत्थे दुरुधुरायोगे शत्रुरुक्चौरात्=वैरिरोगतस्करोपद्रवपतनात् , न आयाति ॥ २९ ॥

भाषा—यदि चन्द्रमा सप्तम में हो, उसके आगे पीछे शुभग्रह हों, तो पथिक मित्र या मालिक के रोकने से, वहां यदि सप्तमस्थ चन्द्रमा से आगे पीछे पापग्रह हो, तो शत्रु और रोग के कारण परदेशी नहीं आता है ॥ २९ ॥

चन्द्रार्कयोश्छिद्रगयोर्यमेन संदृष्टयोः स्यात्परशस्त्रभीतिः ।
रन्ध्रे सिते ज्ञे च सुखाप्तिरारे मन्दे भयं पापयुगीक्षितेऽध्वनि॥३०॥

यदि पुत्रालये = पञ्चमभावे, सिंहवृषालिकन्याः राशयः स्युः, तथा प्रश्नोदयात्= प्रश्नलग्नात्, जन्मभतः = जन्मलग्नात्, इन्दोश्चद्राक्रान्तराशितः च सुतर्क्षे = पुत्रभावे = पञ्चमस्थाने, पापैः = पापग्रहैः = शनिरविकुजैः, सहितेक्षिते = युतेक्षिते तदा सन्ततिपृच्छकः जनः अल्पप्रजः = परिमितापत्यवान् स्यात् ॥ ११८ ॥

यमार्कौ = शनिरवी, स्वर्क्षस्थितौ = स्वराशिगतौ, छिद्रगतौ = अष्टमस्थानगतौ भवतः, तदा प्रष्टुः = प्रश्नकर्तुः, स्त्रियं = भार्यां वन्ध्यां = अपत्योत्पत्तिसम्भवशून्यां सन्दिशतः = कथयतः। वा चन्द्रबुधौ छिद्रस्थितौ=अष्टमस्थितौ भवतस्तदा सद्दोषां= प्रदरादिरजोदोषयुक्तां कुरुतः। वा काकवन्ध्यां = एकापत्यां, वा तनयाप्रसूतिम् = कन्याजननीम्, कुरुतः ॥ ११९ ॥

सितेज्ययोः = शुक्रजीवयोः, छिद्रगयोः = अष्टमस्थयोः प्रष्टुः स्त्री मृतप्रजा = नष्टापत्या भवति। वा अष्टमर्क्षं गते भूमिसुते = भूमिजे सति गर्भस्रवा भवति। अतिवीर्ये, छिद्रेश्वरे = अष्टमेशे छिद्रगते तदा अबला = स्त्री, सुतप्रदं = पुत्रप्रदं पुष्पं = रजः, न विन्दति = धारयति ॥ १२० ॥

शुक्रार्कयोः = शुक्रसूर्ययोः, अष्टमसंस्थयोः, वा क्रूरैः=पापैः, धनान्त्याष्टमराशिसंस्थितैः = द्वितीयद्वादशाष्टमस्थानस्थैः सद्भिः, तदा पुरस्तात् = अग्रे जाता प्रजा = सन्ततिः म्रियते, प्रष्टुः = प्रच्छकस्य अग्रे शुभसन्ततिः - चिरायुरपत्यं च न स्यात् ॥

रिष्फेश्वरे = द्वादशेशे केन्द्रगते, सौम्यैः = शुभैः, युतेक्षिते, तदा बालकः जीवति। आपूर्यमाणे = परिपूर्णे, शुभयुक्ते इन्दौ = चन्द्रे, केन्द्रगते, सौम्यैः=शुभैः, युतेक्षिते, तदा शिशुः = बालः, दीर्घकालं = चिरं जीवति ॥ १२२ ॥

भाषा—यदि पञ्चमेश शुभ ग्रह हो, और लग्नेश या चन्द्रमा से इत्थशाल करता हो, शुभ ग्रहों से युत दृष्ट हो, तो यह पञ्चमेश प्रश्न करने वाले को सन्तान देता है ११६

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जितने बलवान् पुरुष ग्रह, या स्त्रीग्रह लग्न से पञ्चमभाव को देखें, उतने लड़के या लड़कियां होती हैं। अथवा पञ्चमभाव को या पञ्चमेश को शुभग्रह से या अपने स्वामी से संयोग होने से पुत्र भाव के नवांश के संख्या समान पुत्र कन्या कहना ॥ ११६ ॥

लग्नेश और पञ्चमेश ये दोनों यदि परस्पर नहीं देखें, या लग्न को तथा पञ्चम भाव को नहीं देखें, अथवा पञ्चमेश को पापग्रह से इत्थशाल होता हो, तो प्रश्नकर्त्ता को सन्तान नहीं कहै ॥ ११७ ॥

यदि पञ्चमभाव में सिंह, वृष, वृश्चिक, कन्या इन राशियों में से कोई राशि हो, तथा प्रश्नलग्न से तथा जन्मलग्न से तथा चन्द्रमा से पञ्चमभाव में पापग्रह सब हों या पापग्रहों से युत हो, या दृष्ट हो, तो प्रश्नकर्त्ता थोड़े सन्तान वाला होता है ॥ ११८ ॥

यदि शनि और रवि अपने राशि में हों, और लग्न से अष्टम भाव में हों तो प्रश्नकर्त्ता की स्त्री वन्ध्या कहना। वा यदि चन्द्रमा और बुध अष्टम स्थान में हों, तो काक वन्ध्या होती है, या लड़की ही लड़की होती है ॥ ११९ ॥

शुक्र और बृहस्पति ये अष्टम में हों, तो स्त्री मृतप्रजा होती है। मङ्गल अष्टम में हो, तो गर्भ स्राव हो जाया करे। या अष्टमेश अष्टम स्थान में हो, अत्यन्त बलवान् भी हो तो प्रश्नकर्त्ता की स्त्री पुत्रप्रद रज को नहीं धारण करती है ॥ १२० ॥

शुक्र तथा सूर्य अष्टम स्थान में हों, और पापग्रह २।१२।८ इन स्थानों में हों तो पहले उत्पन्न सन्तान मरती है। पीछे भी अच्छी सन्तान नहीं होती हैं ॥ १२१ ॥

द्वादशेश केन्द्र (१।४।७।१०) में गत हो शुभ ग्रहों से युत दृष्ट हो, तो बालक नहीं जीता है। पूर्णबली पुष्टचन्द्र शुभग्रह से युक्त होकर केन्द्र में हो तो बालक दीर्घजीवी होता है ॥ १२२ ॥

तथाच पुत्रविचारः प्रश्नचिन्तमणौ—

पञ्चमेशोऽथ लग्नेशो विषमर्क्षगतो यदा ।
पुत्रजन्मप्रदो ज्ञेयो कन्यानां समराशिगो ॥ १२३ ॥
सुताधिपे नृराशिस्थे पुंराशिस्थोऽपि लग्नपः ।
वीक्ष्यते पत्रदः प्रोक्तो युग्मराशौ च दारिकाः ॥१२४॥
युग्मराशिगते लग्ने यदा तत्र शुभग्रहाः ।
गर्भेऽपत्यद्वयं वाच्यं दैवज्ञेन विपश्चिता ॥ १२५ ॥
विषमोपगतो लग्नाच्छनिः पुत्रसुखप्रदः ।
समभे योषितां जन्म विशेषो जातकोक्तिवत् ॥ १२६ ॥

यदा पञ्चमेशः, तथा लग्नेशः एतौ विषमर्क्षगतौ = विषमराशिगतौ भवतः,

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदा पुत्रजन्मप्रदौ भवतः । यदि तौ लग्नेशपञ्चमेशौ समराशिगौ, तदा कन्यानां जन्मप्रदौ भवतः ॥ १२३ ॥

सुताधिपे = पञ्चमेशे नरराशिस्थे = पुरुषराशिस्थे सति लग्नपः = लग्नेशः पुंराशिस्थः = पुरुषराशिगतः, पुंग्रहेण वीक्ष्यते च तदा पुत्रदः प्रोक्तः । वा सुताधिपे समराशिस्थे, लग्नेशे अपि समराशिगते, स्त्रीग्रहेण वीक्षिते तदा दारिकाः = कन्यकाः उत्पद्यन्ते ॥ १२४ ॥

लग्ने युग्मराशिगते = समराशिगते, यदा शुभग्रहाः तत्र = लग्ने स्थिताः, तदा विपश्चिता = विदुषा, दैवज्ञेन = ज्योतिर्विदा गर्भे अपत्यद्वयं = यमलं वाच्यम् ॥१२५॥

वा लग्नात् शनिः विषमोपगतः = विषमसङ्ख्यकस्थाने स्थितः, पुत्रजन्मप्रदः भवति । तथा लग्नात् शनिः समभे = समसङ्ख्यकस्थाने स्थितः, तदा योषितां = कन्यानां जन्म भवति । अतो विशेषः = अधिकविचारः, जातकोक्तिवत् = जातकीयपञ्चमभावविचार इव बोध्यः ॥ १२६ ॥

भाषा—पञ्चमेश लग्नेश ये दोनों विषम राशि में हों, तो पुत्रजन्म को करते हैं। यदि वे दोनों समराशि में हों, तो कन्या का जन्म करते हैं ॥ १२३ ॥

पञ्चमेश और लग्नेश भी पुरुष राशि में हों, पुरुषग्रह से देखे जांय, तो पुत्र को देते हैं, समराशि में हों, तो कन्या का जन्म देते हैं ॥ १२४ ॥

समराशि लग्न हो, वहां यदि शुभग्रह स्थित हों, तो गर्भमें दो बच्चे हों। ऐसा पण्डितों को कहना चाहिये ॥ १२५ ॥

लग्न से विषम राशि में शनि हो, तो पुत्र सुख हो । लग्न से समराशि में यदि शनि हो, तो लड़की का जन्म होता है। इससे विशेष विचार जातक ग्रन्थों के विचार के समान समझना॥ १२६ ॥

अथ भोजनचिन्ता (प्रश्नचिन्तामणौ)—

कटुको लवणस्तिक्तो मिश्रितो मधुरो रसः।
अम्लः कषायः कथिता रव्यादीनां रसा बुधैः ॥ १२७ ॥

रव्यादीनां ग्रहाणां क्रमेण कटुकः = मरीचस्वादुवत्, लवणः = क्षारः, तिक्तः = निम्बपत्रस्वादुवत्, मिश्रितः = सकलरसयोगः, मधुरः = मधुवत्, अम्लः = तिन्तिणीस्वादुवत्, कषायः = धात्रीवत्, एते रसाः बुधैः कथिताः ॥ १२७ ॥

भाषा—रव्यादिक ग्रहों के क्रमसे कटु, लवण, तीता, षड्रस मिला हुआ, मधुर, खट्टा, कषाय, ये रस होते हैं । कै एक देशों में तीता से कटु, कटु से

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तीता समझते हैं । जैसे मरीच के स्वाद को तीता, नीम के स्वाद को कडुआ कहते हैं ॥ १२७ ॥

ग्रहाः	सूर्य	चन्द	कुज	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
रसाः	कटु	लवण	तीता	मिश्रित	मधुर	खट्टा	कषाय

लग्नं पश्यति यः खेटस्तस्य यः कथितो रसः ।
भोजनेऽसौ रसो वीर्यक्रमाद्वाच्याः परे रसाः ॥ १२८ ॥
चन्द्रो यस्य मुथशिलस्तस्य विशेषं वदेद्भुक्तौ ।
लग्ने राहौ मन्दे रविदृष्टे भोजनाभावः ॥ १२९ ॥

यः खेटः = ग्रहः, लग्नं पश्यति तस्य यः रसः कथितः, असौ रसः, भोजने = अशने वाच्यः । तत्र वीर्यक्रमात् परे अपि रसाः वाच्याः ॥ १२८ ॥

चन्द्रः यस्य मुथशिलः, तस्य ग्रहस्य विशेषं = अधिकं रसं भुक्तौ=भोजने वदेत् । अत्र चन्द्रस्य येन मुथशिलमिति पाठः साधीयान् । राहौ, मन्दे = शनौ वा लग्ने सति तथा रविदृष्टे सति भोजनाभावः = उपवासः स्यात् ॥ १२९ ॥

भाषा—जो ग्रह लग्न को देखे उस ग्रह का जो रस हो, वही भोजन में कहना । यदि बहुत ग्रह लग्न को देखें तो बल के क्रमसे रसों का भी क्रम कहना । जिसके बल जादे हों, या अधिक दृष्टिसे लग्न को देखे, उसका रस विशेष कहना । ऐसे बल और दृष्टिके तारतम्य से रसोंका तारतम्य करना ॥ १२८ ॥

या चन्द्रमा को जिस ग्रह से इत्थशाल होता हो उस के रस भोजन में विशेष कहना । लग्न में राहु शनि हों रवि से देखें जांय तो भोजन नहीं मिलता है ॥ १२९ ॥

प्रश्नतन्त्रे भोजनचिन्ता—

कीदृङ्मयाऽद्य भुक्तं ? पृच्छायां यदि भवेत्स्थिरं लग्नम् ।
तद्भुक्तमेकवेलं, द्व्यात्मनि वेलद्वयं, चरे त्वसकृत् ॥ १३० ॥
चन्द्रे लग्नगते स्यात्क्षारं, भौमे च कटुकमम्लगुरौ ।
मधुरं दिनकृति तिक्तं शुक्रे स्निग्धं बुधे च सर्वरसम् ॥ १३१ ॥
मन्दे कषायमशुभान्मुसरिफे शशिनि मुथशिले शुभेऽरिदृशा ।
उह्वाद्दाप्रियदृष्ट्या प्रायश्चिकत्वात्समागतं भोज्यम् ॥ १३२ ॥

अद्य मया कीदृग्, अन्नं भुक्तम् ? इत्येवं पृच्छायां यदि स्थिरं (वृष-सिंह-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वृश्चिक-कुम्भानामन्यतमं) लग्नं भवेत् तदा एकवेलं=एकवारम् , एवं भुक्तं=भोजनं वाच्यम् । द्व्यात्मनि=द्विःस्वभावलग्ने वेलद्वयं = द्विवारं भोजनम् , चरे=चरे लग्ने, असकृत् = अनेकवारं भोजनं वाच्यम् ॥ १३० ॥

चन्द्रे लग्नगते सति क्षारं=क्षाररसप्रधानम् , भौमे = कुजे लग्ने सति कटुकं = कटुकरसात्मकं भोजनं वाच्यम् । अम्लगुरौ=गुरौ लग्ने अम्लं=अम्लरसप्रधानं भोजनं, दिनकृति=सूर्ये लग्ने सति मधुररसप्रधानं, शुक्रे लग्नगते तिक्तं, बुधे लग्नगते स्निग्धं=चिक्कणं सर्वरसं च भोजनं वाच्यम् ॥ १३१ ॥

मन्दे=शनौ लग्नगते, सति कषायं = कषायरसात्मकं, भोजनं वाच्यम् । शशिनि=चन्द्रे अशुभान्मूसरिफे, अरिदृशा = शत्रुदृशा शुभे मुथशिले सति, उद्वाहात् = विवाहात् प्रियदृष्ट्या प्रायणिकत्वात्=उपायनरूपतः, समागतं वस्तु भोजनं भवति॥१३२॥

भाषा—आज मैं क्या क्या खाया है ? इस प्रश्न में यदि स्थिर लग्न हो, तो एक बार ही भोजन कहना । यदि द्विस्वभाव लग्न हो तो दो बार, यदि चरलग्न हो, तो अनेक बार भोजन कहना ॥ १३० ॥

यदि चन्द्रमा लग्नमें गत हो, तो खार रस, मङ्गल लग्न में हो, तो कटुरस, बृहस्पति लग्न में हो, तो खट्टारस, सूर्य लग्न में हो तो मधुर रस, शुक्र लग्न में हो, तो तीता, बुध लग्न में हो, तो चिकना सब रस भोजन कहना ॥ १३१ ॥

शनि लग्न में हो तो कसैला रस भोजन कहना, चन्द्रमा पापग्रह से मूसरिफ योग करता हो शुभग्रह से शत्रुदृष्टिसे इत्थशाल हो, तो विवाह में आया हुआ और मित्रदृष्टि या, हो तो मित्रों के यहां से आया हुआ सौगात सन्देश भोजन कहना ॥ १३२ ॥

अथ भोजनचिन्तामेवाह—

चन्द्रस्य चेत्स्याच्छुभजेत्थशाले पापेसराफे च तदेतदुक्तम् ।
पापेसराफे च शुभेत्थशाले चन्द्रे तु भुक्तं शुभमन्नमीदृशम् ॥ १३३ ॥
शुभेसराफे त्वशुभेत्थशाले चन्द्रे कदन्नं मधुसर्पिषौ विना ।
पापेत्थशालेऽथ खलेसराफे शक्यं न भोक्तुं परतोऽपि लब्धम्॥१३४॥
चन्द्रे स्वनाथदृष्टे सुखभोजनमन्यथा कष्टात् ।
गुरुमुथशिले सगौरवमर्केण मुथशिलेऽतिशुचि तोदनम् ॥ १३५ ॥
शुक्रे सुस्वादुरसं सहास्यगीतं बुधे जनाकीर्णम् ।
शास्त्रकथाढ्यं शनिना कुस्थानगतं कुजे त्वोष्णम् ॥ १३६ ॥

चेत् चन्द्रस्य शुभजेत्थशाले = शुभग्रहकृतेत्थशाले, पापग्रहकृतेसराफे च सति एतत् वक्ष्यमाण शुभं फलम् उक्तम् । चन्द्रे पापेसराफे शुभेत्थशाले सति शुभं=प्रश-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्तम्, ईशम् = धनिभोगयोग्यं अन्नं भुक्तं वाच्यम् ॥ १३३ ॥

चन्द्रे शुभेसराफे, अशुभेत्थशाले मधुसर्पिषी=मधुघृते विना कदन्नं=कुत्सितमन्नं भुक्तं वाच्यम्। पापेत्थशाले, अथ खलेसराफे = पापेसराफे सति परतः = अन्यतः लब्धं=प्राप्तम् अपि भोज्यं भोक्तुं शक्यं न भवेत् ॥ १३४ ॥

चन्द्रे, स्वनाथदृष्टे=यद्राशौ चन्द्रस्तिष्ठति तत्स्वामिना विलोकिते तदा सुखभोजनं = आनन्दपूर्वकं भोजनं वाच्यम्। अन्यथा कष्टात् भोजनं वाच्यम्। चन्द्रे गुरुमुथशिले = जीवेत्थशाले सगौरवं भोजनं वाच्यम्। चन्द्रे अर्केण मुथशिले सति अतिशुचि = अतिपवित्रं तीक्ष्णं = कट्वम्लरसोपेतं भोजनं वाच्यम् ॥ १३५ ॥

शुक्रे=शुक्रकृतेत्थशाले चन्द्रे सुस्वादुरसं भोजनम्, बुधे=बुधकृते चन्द्रस्येत्थशाले जनाकीर्णं=बहुललोकपरिवृतं सहास्यगीतम्, भोजनं श्वशुरालयभोजनं शास्त्रकथाढ्यं च भवति। शनिना कृतेत्थशाले चन्द्रे कुस्थानगतं भोजनम्, कुजे=कुजकृतेत्थशाले चन्द्रे सति उष्णं भोजनं वाच्यम् ॥ १३६ ॥

भाषा—यदि चन्द्रमाको शुभग्रहसे इत्थशाल, पापग्रहसे ईसराफ योग होता हो, तो अच्छा भोजन कहना। ऐसे चन्द्रमाको पापग्रहसे ईसराफयोग, शुभग्रहसे इत्थशाल योग होता हो, तो अच्छा ही अन्न भोजन में कहना ॥ १३३ ॥

चन्द्रमाके शुभग्रहसे ईसराफयोग, और पापग्रहसे इत्थशालयोग होते हों, तो घृतमधुर विना ही कुत्सित अन्न भोजन हो। पापग्रहसे इत्थशाल हो, पापग्रह ही से ईसराफ योग भी होता हो, तो दूसरी जगहसे भी मिला हुआ अन्न भोज्य नहीं होता है॥

चन्द्रमा यदि अपने स्थान के स्वामी से देखे जांय, तो सुखसे (विना प्रयाससे) भोजन होता है। इस से अन्यथा कष्टसे भोजन कहना। यदि चन्द्रमाको बृहस्पति से इत्थशाल होता हो, तो सम्मानपूर्वक भोजन कहना। चन्द्रमा सूर्यसे इत्थशाल करें तो अत्यन्त पवित्र तीखरस भोजन कहना ॥ १३५ ॥

शुक्र से चन्द्रमाको इत्थशाल होता हो तो स्वादिष्ट भोजन कहना। बुधसे इत्थशाल होता हो, तो बहुत से लोगों से सम्मिलित स्थानमें हँसी गीतसे सहित, शास्त्र की कथा इतिहासके साथ सुन्दर भोजन कहना। शनिसे चन्द्रमाको इत्थशाल होता हो तो खराब जगह में भोजन कहना। मङ्गलसे चन्द्रमाको इत्थशाल होता हो, तो गर्म अन्न भोजन में मिले ॥ १३६ ॥

यदि वदति भोजनार्थं निमन्त्रितो यामि ? शशिमहीसुतयोः।
एकस्थितयोः केन्द्रे मुथशिलयोर्वाऽपि पूर्णता भवति ॥ १३७ ॥
विधिनाऽनेन शनेः स्यात्कुभोजनं हसितयोरभीष्टान्नम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

जीवस्य तुष्टिजनकं होरेशे तनुखगे स्वयमुपैति ॥ १३८ ॥
यश्चन्द्रेण मुथशिली तस्मिन्नीशे तनोः स्वगृहभोज्यम्।
वित्तेशे भृत्यगृहे भ्रातॄणां सहजपे तथाऽन्यत्र ॥ १३९ ॥

यदि कश्चिज्जनः 'भोजनार्थं निमन्त्रितो भूत्वा यामि' इति वदति, तदा शशि-महीसुतयोः = चन्द्रकुजयोः, केन्द्रे एकस्थितयोः, अपि वा मुथशिलयोश्च सतोः भोजने पूर्णता = पर्याप्तता भवति ॥ १३७ ॥

अनेन विधिना शनेः सकाशात् कुभोजनं भवति। एवं इत्थितयोः=बुधशुक्रयोः वशेन अभीष्टान्नं लभ्यते। वा जीवस्य = गुरोः, होरेशे = होरानाथे तनुखगे = प्रथमदशमगते सति, स्वयम् = अप्रयत्नकृतमेव तुष्टिजनकं = तृप्तिसम्पादकं भोजनं भवति ॥ १३८ ॥

चन्द्रेण सार्कं यः ग्रहः मुथशिली, तस्मिन् ग्रहे तनोर्लग्नस्य ईशे = स्वामिनि सति तदा स्वगृहभोज्यं भवति। अथ वित्तेशे=द्वितीयेशे, चन्द्रेत्थशालकरे भृत्यगृहे= दासगृहे भोजनम्, तथा यदि सहजपे=तृतीयेशे, चन्द्रेत्थशालकरे तदा भ्रातॄणां गृहे तथा अन्यत्र भोजनं वाच्यम् ॥ १३९ ॥

भाषा—मैं निमन्त्रण खाने को जाता हूं, क्या भोजन मिलेगा? ऐसा यदि पूछे तो चन्द्रमा मङ्गल यदि केन्द्रमें एक किसी स्थान में हों, इत्थशाल योग भी होता हो, तो भोजन में पूर्णता होती है ॥ १३७ ॥

इस प्रकार यदि चन्द्रमा के साथ शनि केन्द्रमें हो, इत्थशाल भी करता हो तो कदन्न भोजन मिलता है। ऐसे बुध और शुक्रमें मनमाना भोजन मिलता है। बृहस्पति जिस होरामें हों, उसका स्वामी ग्रह यदि लग्नमें या दशम में हो, तो विना प्रयास के सन्तोषकर भोजन मिलता है ॥ १३८ ॥

या चन्द्रमा को जिस ग्रहसे इत्थशाल होता हो, वही ग्रह यदि लग्न का स्वामी हो, तो अपने घरका ही भोजन कहना। यदि द्वितीयेश से इत्थशाल होता हो, तो नौकर के घर में, तथा तृतीयेशसे इत्थशाल हो, तो भाईके घर में और अन्यत्र कहना ॥१३९॥

लग्नस्थिते सूर्यसुतेऽथ राहौ सूर्येक्षिते वैरिनिमन्त्रितस्य।
स्याच्छस्त्रघातः शशिभौमयोश्च लग्नस्थयोः सौरिदृशाऽस्ति घातः ॥१४०॥
जीवे सिते लग्नगते बलाढ्ये चन्द्रे बुधे लग्नगते शुभान्विते।
त्रिलाभषष्ठारुपदगैश्च पापैः स्यात्प्रेमनिर्वैरकरं सुभोजनम् ॥ १४१ ॥
भोज्यं बुभुक्षा भोक्ता च सुखाप्ताङ्गबलक्रमात्।
लग्नपो भोज्यदस्तेषां बलेन फलमादिशेत् ॥ १४२ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तुर्यैशलाभाधिपतीत्थशाले शुभग्रहेक्षायुतितः सुभोज्यम् ।
इत्थं खलग्नास्तपतीत्थशाले लाभेश्वरे तत्सुखलाभ ऊह्यः ॥ १४३ ॥

सूर्यसुते = शनौ, अथवा राहौ लग्नस्थिते सति, तथा च सूर्येक्षिते = रविदृष्टे, तथा वैरिनिमन्त्रितस्य = शत्रुजनामन्त्रितस्य जनस्य शस्त्रघातः स्यात् । एवं शशि-भौमयोः = चन्द्रकुजयोः लग्नस्थयोः, सौरिदृशा = शनिदृष्टया दृष्टयोः सतोः प्रच्छ-कस्य घातः = शस्त्राघातः स्यात् ॥ १४० ॥

एवं जीवे=गुरौ, सिते=शुक्रे लग्नगते, बलाढ्ये च सति वा चन्द्रे बुधे च लग्न-गते, तथा शुभान्विते = शुभयुक्ते च सति, तथा पापैः=शनिरविकुजैः त्रिषष्ठलाभा-स्पदगैः=३।६।१०।११ एतत्स्थानगतैः, तदा प्रेमनिर्वैरकरं सुभोजनं स्यात् ॥१४१॥

सुखभावबलेन भोज्यम्, आयभावबलेन बुभुक्षा, लग्नबलेन भोक्ता = खादकः, भवति । तथा लग्नपः = लग्नेशः भोजयदः = भोजयिता भवति । एतेषां बलेन फलं शुभाशुभम् आदिशेत् = कथयेत् ॥ १४२ ॥

तुर्यैशलाभाधिपतीत्थशाले=चतुर्थेशलाभेशयोर्मुथशिले शुभग्रहेक्षायुतितः=शुभ-दृष्टियोगात्, सुभोजनं मिलति । इत्थम् = अमुना प्रकारेण, लाभेश्वरे = एकादशभा-वेशे, खलग्नास्तपतीत्थशाले=दशमेशलग्नेशसप्तमेशग्रहकृतेत्थशाले सति तत्सुख-लाभः = भोजनविनोदप्राप्तिर्भवति ॥ १४३ ॥

भाषा—शनि वा राहु लग्नमें हो, और रविसे दृष्ट हो, तो शत्रुसे निमन्त्रण पाकर शस्त्रके आघातको भोगता है। इस प्रकार चन्द्रमा और मङ्गल लग्नमें हों, शनिसे देखें जांय, तो शस्त्रका घात होता है ॥ १४० ॥

इस प्रकार बृहस्पति और शुक्र बलसे युक्त होकर लग्नमें हों, वा चन्द्रमा और बुध लग्नमें हों, शुभग्रहसे युक्त हों, और पापग्रह ३।६।१०।११ इन स्थानोंमें हों, तो प्रेम आनन्द विनोद पूर्वक अच्छा पदार्थ भोजन मिलता है ॥ १४१ ॥

चौथे भावसे भोजनीय पदार्थ, एकादश भावके वशसे भूख, लग्नसे खानेवाला, लग्नेश खिलानेवाला होता है। इन सबोंके बल देखकर शुभ अशुभ भोजन कहना चाहिये ॥ १४२ ॥

यदि चतुर्थेश और एकादशेश आपसमें इत्थशाल करते हों, शुभग्रहकी दृष्टि और योग भी होता हो, तो अच्छा भोजन मिलता है। इस प्रकार एकादशेश, दशमेश लग्नेश और सप्तमेश से इत्थशाल करता हो तो भोजनका सुख मिलता है ॥ १४३ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथ स्वप्नविचारः—

लग्नेऽर्के नृपतिं वह्निं शस्त्रं पश्यति लोहितम्।
श्वेतं पुष्पं सितं वस्त्रं गन्धं नारीं च शीतगौ ॥ १४४ ॥
रक्तमांसप्रवालं च सुवर्णं धरणीसुते।
बुधे खे गमनं जीवे धनं बन्धुसमागमम् ॥ १४५ ॥
जलावगाहनं शुक्रे शनौ तुङ्गावरोहणम्।
लग्ने लग्नांशपवशात्स्वप्नो वाच्योऽथ वा बुधैः ॥ १४६ ॥
सर्वोत्तमबलाद्वाऽपि खेटाद्बुद्ध्या विचिन्तयेत्।
बलसाम्ये फलं मिश्रं दुःस्वप्नो निर्बलैः खगैः ॥ १४७ ॥

अर्के = सूर्ये लग्ने सति नृपतिं=राजानं, वह्निं = अग्निं, शस्त्रम् = आयुधम्, लोहितम्=रुधिरं पश्यति। शीतगौ = चन्द्रे लग्ने सति, श्वेतं पुष्पं, सितं = स्वच्छं, वस्त्रं, गन्धं, नारीं = स्त्रियं च पश्यति ॥ १४४ ॥

धरणीसुते = कुजे लग्नगते सति रक्तमांसप्रवालं—रक्तं = शोणितं, मांसं, प्रवालम् = विद्रुमं, सुवर्णं च पश्यति। बुधे लग्नगते, खे = आकाशे गमनं = भ्रमणं दृश्यते। जीवे = गुरौ लग्नगते धनं = रूप्यकादि बन्धुसमागमश्च दृश्यते ॥१४५॥

शुक्रे लग्नगते सति जलावगाहनं=नदीतडागादौ स्नानं, शनौ लग्ने सति तुङ्गावरोहणम् = उच्चभवनवृक्षपर्वतादिषु गमनम्। अथवा लग्ने लग्नांशपवशात् बुधैः= प्राश्निकैर्गणकैः स्वप्नः वाच्यः ॥ १४६ ॥

वा सर्वोत्तमबलात्=सकलग्रहेषु यो हि विशेषबलवान्, तस्मात्, वा बुद्ध्या= स्वधिया स्वप्नं विचिन्तयेत्। अथ ग्रहाणां बलसाम्ये मिश्रं = सम्मिलितं फलं वाच्यम्। सकलैः खगैः = ग्रहैः निर्बलैः सद्भिः दुःस्वप्नो वाच्यः ॥ १४७ ॥

भाषा—रवि लग्नमें हो, तो राजाको, आगको, हथियारको और शोणित (खून) को आदमी देखता है। चन्द्रमा लग्नमें हो, तो सफेद फूल, सफेद वस्त्र, गन्ध, स्त्री को देखता है ॥ १४४ ॥

यदि मङ्गल लग्नमें हो, तो शोणित, मांस, मूंगा, सोना इन सबों को स्वप्नमें देखता है। बुध लग्नमें हो, तो आकाशमें उड़ना देखे। बृहस्पति यदि लग्नमें हो, तो रुपये धन दौलत और बन्धु बान्धवका समागमन देखता है ॥ १४५ ॥

शुक्र लग्नमें हो, तो नदी, पोखरे में स्नान करना देखता है। शनि लग्नमें हो, तो ऊंचे मकान, पेड़, पर्वत आदि पर चढ़नेको देखता है। अथवा लग्नगतनवांशके अनुसार पण्डितों को स्वप्न का विचार करना चाहिये ॥ १४६ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथवा सबसे बली ग्रहके अनुसार अपनी बुद्धिसे स्वप्नका विचार करना चाहिये जहां बहुतेरे ग्रहोंके बल समान हों, वहां मिले जुले स्वप्न होते हैं, । जहां सभी ग्रह निर्बल हों, वहां खराब स्वप्न कहना चाहिये ॥ १४७ ॥

अत्रोत्पलः—

रविलग्ने शशिदृष्टे रविशशिसमेतलग्नाद्वा ।
स्वप्नं दुष्टं प्रवदेत्प्रष्टुर्लग्नान्तरात्कालः ॥ १४८ ॥

रविलग्ने = रविगतलग्नस्थाने, शशिदृष्टे=चन्द्रदृष्टे सति, वा रविशशिसमेतलग्नात्=रविचन्द्रयुक्तलग्नात् प्रष्टुः = प्रच्छकस्य दुष्टं स्वप्नं प्रवदेत् । लग्नान्तरात् कालः=समयः, स्यात् ॥ १४८ ॥

भाषा—रवि लग्नमें हो, उसपर चन्द्रमाकी दृष्टि हो, तो खराब स्वप्न देखता है। वा रवि और चन्द्रमासे युक्त लग्नसे भी दुष्ट स्वप्न होता है। लग्नके अन्तरसे कालका ज्ञान होता है ॥ १४८ ॥

अथाखेटकविचारः—

लग्नेशजामित्रपतीत्थशाले सुस्नेहदृष्ट्या त्वनयोर्द्वयोश्च ।
आखेटकः स्यात्सफलोऽरिदृष्ट्या स्यान्निष्फलो वाऽल्पफलोऽतिकष्टात् १४९
लग्नेश्वरे द्यूनगते विलग्ने जायेश्वरे स्यान्मृगया प्रभूता ।
जामित्रनाथे हिबुके नभःस्थे चाखेटकः स्वल्पतरोऽपि न स्यात् ॥ १५० ॥

ज्ञभौमौ सबलौ सिद्धिरस्तांशे मृगयाच्युतिः ।
लग्नाद्द्यूने तत्पती च हेतुस्तैर्जलराशिगैः ॥ १५१ ॥
जलजं खेटकं ब्रूयाद्वन्यर्क्षैर्वनसंभवः ।
क्रूराक्रान्तानि यावन्ति मध्ये भानीन्दुलग्नयोः ।
तावन्तः प्राणिनो वाच्या द्वित्रिघ्नाः स्वांशकादिषु ॥ १५२ ॥

लग्नेशः प्रसिद्धः, जामित्रपतिः=सप्तमेशः, अनयोरित्थशाले सति, अनयोर्द्वयोः लग्नेशसप्तमेशयोः सुस्नेहदृष्ट्या आखेटकः = मृगया = वन्यपशुमारणार्थं विनोदः सफलः स्यात्। तयोररिदृष्ट्या = शत्रुदृष्ट्या निष्फलः स्याद्वाऽतिकष्टादल्पफलः स्यात् १४९

लग्नेश्वरे = लग्नेशे द्यूनगते = सप्तमगते, जायेश्वरे विलग्ने सति मृगया प्रभूता = बहुला भवति । वा जामित्रनाथे = सप्तमेशे हिबुके = चतुर्थे, नभःस्थे = दशमस्थे सति, स्वल्पतरः अपि आखेटकः = मृगया न स्यात् ॥ १५० ॥

ज्ञभौमौ = बुधकुजौ सबलौ सन्तौ सिद्धिः = मृगयासाफल्यं स्यात् । तौ अस्तांशे=

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कालांशान्तर्गते सति मृगयाच्युतिः = आखेटकत्यागः स्यात् । वा लग्नात् सकाशात् तत्पती = चतुर्थदशमयोः स्वामिनौ धूने = सप्तमे, स्थितौ, तदा हेतुः = आखेटक-कारणं भवति । तैर्जलराशिगैः = जलचरराशिगैः जलजं = जलचरजीवः, खेटकं = आखेटकं स्यात् । वा तैर्ग्रहैः, वन्यराशिस्थैः = सिंहादिस्थैस्तदा वनसम्भवः = शूकरहरिणादिजीवः वाच्यः । इन्दुलग्नयोर्मध्ये यावन्ति भानि = भवनानि, क्रूराक्रान्तानि = पापाधिष्ठितानि, भवेयुः तावन्तः प्राणिनः वाच्याः । यदि ते पापाः स्वांशकादिषु = स्वकीय नवांश, द्रेष्काणादिषु स्थितास्तदा द्वित्रिनिघ्नाः प्राणिनः वाच्याः ॥

भाषा—लग्नेश और सप्तमेशको इत्थशाल होता हो. और वे दोनों प्रेम दृष्टिसे एक दूसरे को देखे, तो शिकार करना सफल होता है। यदि वे शत्रुदृष्टिसे देखें, तो व्यर्थ होता है, या अत्यन्त कष्टसे थोड़ा बहुत कुछ हो जाता है ॥ १४९ ॥

लग्नेश सप्तम में हो, या सप्तमेश लग्न में हो, तो बहुत से शिकार होते हैं। यदि सप्तमेश चौथे, या दशमें हों, तो थोड़ा भी शिकार नहीं होता है ॥ १५० ॥

बुध और मङ्गल सबल हों, तो शिकार मिलता है। यदि वे दोनों अस्त हो, या सप्तम भाव के नवांश में हों, तो शिकार छूट जाता है। लग्न से सप्तम में यदि चतुर्थेश और दशमेश हों, तो शिकार का कारण होता है। यदि वे ग्रह जलचरराशि में हों, तो वनैले पशु का शिकार कहना। चन्द्रमा से लग्न पर्यन्त राशियों में जितने स्थानों में पापग्रह हों, उतने जीव शिकार में मिलें। यदि ग्रह अपने नवांश आदि में हों, तो द्विगुणित त्रिगुणित शिकार की संख्या कहनी चाहिये ॥ १५१-१५२ ॥

अथ कलहविचारः-भुवनदीपके—

क्रूरः खचरो लग्ने विवादपृच्छासु जयति विवाद तम् ।
सर्वावस्थासु परं नीचेऽस्ते जयति न द्विषतः ॥१५३॥
लग्नद्यूने मुक्त्वा परस्परं क्रूरयोर्भकटदृष्टौ ।
विवदद्वादियुग तच्छुरिकाभ्यां प्रहरति तदैवम् ॥ १५४ ॥
लग्ने द्यूने च यदि क्रूरः खचरो विवादिनोर्न तदा ।
कलहनिवृत्तिः काले जयति हि वलवान् गतवलन्तु ॥ १५५ ॥
लग्नेशसुतदः सौम्याः केन्द्रे सन्धिर्न वाऽन्यथा ।
लग्नद्यूनेशषष्ठेशारित्वेऽप्यन्योन्यविग्रहः ॥ १५६ ॥

विवादपृच्छासु = विवादे मम जयो भविष्यति न वा ? एवं पृच्छासु = प्रश्नेषु.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्रूरः = पापः खचरः = ग्रहः, लग्ने स्थितस्तदा सर्वावस्थासु तं विवादं जयति । परंतु लग्नेशे नीचे वा अस्ते = अस्तंगते सति द्विषतः शत्रून् न जयति ॥ १५३ ॥

लग्नद्यूने = प्रथमसप्तमे, मुक्त्वा = त्यक्त्वा, अन्यत्र स्थितयोः क्रूरयोः = पापग्रहयोः, परस्परम् = अन्योन्यं क्रूरदृशौ = शत्रुदृष्टौ सत्यां विवदत् = विवादं कुर्वत्, वादियुगं = वादिद्वयं कर्तृ छुरिकाभ्यां तदा एवं प्रहरति ॥ १५४ ॥

यदि क्रूरः खचरः = पापग्रहः, लग्ने वा द्यूने = सप्तमे भवेत् । तदा विवादिनोः = विवादं कुर्वतोः अनयोः कलहनिवृत्तिः = विरोधशान्तिः न भवति । परन्तु काले = समये उपस्थिते बलवान् वादी गतयत्नं विवादिनं जयति ॥ १५५ ॥

लग्नेशसुतदः = लग्नपतिग्रहः पुत्रप्रदश्च ग्रहः तथा सौम्याः = शुभग्रहाः, केन्द्रे स्थिताः, तदा सन्धिः स्यात् । अन्यथा न सन्धिः । लग्नद्यूनेशषष्ठेशारित्वे = लग्नाद्यो द्यूनेशः तथा षष्ठेशः, अनयोररित्वे = शत्रुत्वे सति, अन्योन्यविग्रहः = परस्परविरोधः स्यादेव ॥ १५६ ॥

भाषा—विवाद के प्रश्नमें पापग्रह लग्नमें हो, तो सब अवस्थामें वादी को जीतता है । यदि लग्नेश नीच में या अस्तंगत हो तो शत्रु को नहीं जीतता है ॥ १५३ ॥

लग्न और सप्तम स्थान को छोड़ कर यदि दो पापग्रहों की परस्पर शत्रुदृष्टि हो, तो एक दूसरे से वकवाद करते हुवे छूरा से एक दूसरे को मारता है ॥ १५४ ॥

यदि पापग्रह लग्न में या सप्तम में हो, तो वादी प्रतिवादी की कलह शान्ति नहीं होती । समय आने पर बलवान वादी निर्बल प्रतिवादी को जीतता है ॥ १५५ ॥

लग्नेश और पुत्र प्रद ग्रह और शुभग्रह ये सब केन्द्र में हों, तो सन्धि होती है । अन्यथा अर्थात् केन्द्रसे अन्यत्र हो, तो सन्धि नहीं होती है । लग्न से सप्तमेश, और षष्ठेश में शत्रुता हो, तो परस्पर विरोध रहता ही है ॥ १५६ ॥

अथ प्रवासिस्थितिविचारः–मु० दी०—

गृहमागतो न यदसौ किं बद्धः किमथवा हतः ? इति प्रश्ने ।
मूर्तौ क्रूरो यदि तन्न हतो बद्धोऽथवा पुरुषः ॥ १५७ ॥
त्रिकोणचतुरस्रास्तस्थितः पापग्रहो यदि ।
ग्रहैर्निरीक्षितः पापैर्नूनं बन्धनमादिशेत् ॥ १५८ ॥
सप्तमगोऽष्टमगो वा चेत् क्रूरस्तद्धतोपि वा बद्ध. ।
मूर्तौ च सप्तमे वा यद्वा लग्नेऽष्टमेऽपि भवेत् ।
क्रूरस्तदसौ पुरुषो बद्धश्च हतश्च मुच्यते च परम् ॥ १५९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

बद्धः सप्ताष्टमे क्रूरे मूर्त्यस्ते चाष्टलग्नगे।
बद्धो विमुच्यतेऽत्याशु क्रूरः श्रेयांस्तनौ तदा ॥ १६० ॥

यत् = यस्मात्। असौ परदेशगतो मम जनः गृहम्, न आगतः, अत एव किं स बद्धः=कारागारे यन्त्रितः? अथवा किं कुत्रापि केनापि जनेन हतः=मारितः?, इति प्रश्ने यदि क्रूरः=पापः मूर्तौ = लग्ने, भवेत्, तदा स हतो न अथवा स पुरुषः बद्धोऽपि न वाच्यः॥ १५७॥

यदि पापग्रहः, त्रिकोणचतुरस्रास्तस्थितः = ९।५।४।८।७ स्थाने स्थितः, पापैः ग्रहैः निरीक्षितः = दृष्टः, तदा नूनं = निश्चितं बन्धनम् आदिशेत्॥ १५८॥

चेत् = यदि, क्रूरः=पापग्रहः सप्तमगः वा अष्टमगः भवेत्, तदा हतेऽपि बद्धः। वा पापग्रहः मूर्तौ = लग्ने, वा सप्तमे, यद्वा लग्ने वा अष्टमे पापग्रहः स्यात् तदाऽसौ पुरुषः = परदेशी, बद्धः, हतः = ताडितः, परं मुच्यते च॥ १५९॥

क्रूरे = पापग्रहे सप्ताष्टमे, वा मूर्त्यस्ते = लग्ने सप्तमे च, वा अष्टमे भवेत्, तदा आशु = शीघ्रं विमुच्यते = कारागारमुक्तो भवति। यदि क्रूरः = पापग्रहः तनौ लग्ने, तदा श्रेयान् = कल्याणं भवति॥ १६०॥

भाषा—मेरा आदमी परदेश गया, लेकिन लौटकर घर नहीं आया, क्या वह कहीं जेलमें बांधा तो नहीं गया? या मर तो नहीं गया? इस प्रश्नमें पापग्रह लग्नमें हो, तो मारा नहीं गया है, या बन्धनमें भी नहीं है। यह कहना॥ १५७॥

यदि पाप ग्रह ९।५।४।८।७ में हों, पापग्रहोंसे देखें भी जांय, तो निश्चय बन्धन कहना॥ १५८॥

यदि पापग्रह सातवें आठवें स्थानमें हो तो मारने पर बाधा गया कहना। यदि पापग्रह लग्नमें या सप्तममें या अष्टममें हो तो वह परदेशी बांध कर पीटा गया हो लेकिन छूटता है॥ १५९॥

यदि पापग्रह ७।८ या १।७ वें में या ८।१ में हो, तो बन्धनमें पड़ा हुआ जल्दी छुटकारा पाता है। पाप ग्रह यदि लग्नमें हो, तो कल्याण कहना॥ १६०॥

अथ बद्धमोक्षप्रश्नः प्रश्नदीपके—

बद्धोऽस्ति तत्किं भवितेति प्रश्ने विमुच्यतेऽसौ खलु मृत्युयोगे।
कदा विमुच्येदिति पृच्छमाने शुभं कदा भावि च तैर्मृतः स्यात॥१६१।

मुक्तिप्रश्ने यदा केन्द्रे केन्द्रेशाः स्युर्न मोक्षदाः।
तस्मिन्वर्षेऽथ लग्नेशः पतितः केन्द्रगेन च॥ १६२॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संबन्धेप्सुः स चेत्क्रूरो मृतीशः स्यात्तदा मृतिः ।
लग्नेशेऽस्तमितेऽम्बुस्थे कुजदृष्टे तदा मृतिः ॥ १६३ ॥
चन्द्रश्चास्तुगपापेन मृत्युनाथेन योगकृत् ।
तदा गुप्त्यां मृतिश्चन्द्रः केन्द्रे मन्दयुगीक्षितः ॥ १६४ ॥
दीर्घपीडा च भौमेन युग्दृष्टे बन्धताडने ।
दृश्यार्धे लग्नपश्चेत्स्याद्व्ययपेनेत्थशालवान् ॥ १६५ ॥
पलायते तदा बद्धो व्ययगे लग्नगेऽपि वा ।
तृतीयनवमस्वामी व्ययगो लग्नपेन च ॥ १६६ ॥
यदीत्थशालयोगेप्सुस्तदाऽपि च पलायते ।
दृश्यार्धे ह्युपचारेण चन्द्रो मुथशिलो तदा ॥ १६७ ॥
बन्धमोक्षस्त्रिधर्मेशः सद्ग्रहः शीघ्रमोक्षकृत् ।
पतितेन्दुस्त्रिधर्मस्थग्रहसम्बन्धकृत्तदा ॥ १६८ ॥
केन्द्रस्थत्रिभवेशेन योगेप्सुश्चेत्तदाऽचिरात् ।
यावच्छुक्रो बली लग्ने तावत्कर्त्ता बलाधिकः ॥ १६९ ॥
अस्तंगते शनौ शुक्रे बद्धमोक्षादिसम्भवः ।
म्रियते येन योगेन तेन योगेन मुच्यते ॥ १७० ॥
मेषे तुले च शीघ्रं स्यात्कर्के नक्रे सकष्टता ।
स्थिरेऽचिराद्द्विदेहस्थे मोक्षो मध्यमकालतः ॥ १७१ ॥

यः जनः बद्धः = राजगृहीतः अस्ति, तद्विषये किं भविता = किं भविष्यति ? इति प्रश्ने मृत्युयोगे = जातकोक्तमृत्युयोगे सति असौ निगडबद्धः खलु विमुच्यते = मुक्तो भवति । अथ कदा स विमुच्येत् ? इति पृच्छमाने सति, वा कदा शुभं भावि इति प्रश्ने तैः पापयोगैः मृतिः = मरणं स्यात् ॥ १६१ ॥

मुक्तिप्रश्ने = बन्धनाच्च्युतिप्रश्ने यदा केन्द्रेशाः = केन्द्रस्थानस्वामिनः, केन्द्रे १।४।७।१० स्थाने स्थिताः स्युस्तदा मोक्षदाः = बन्धनमुक्तिकराः न = नहि स्युः । तस्मिन् वर्षे = वर्षप्रवेशकुण्डल्यां, लग्नेशः = वर्षलग्नस्वामी ग्रहः पतितः = पापयुतदृष्टः केन्द्रगेन = केन्द्रस्थानगतेन ग्रहेण सह सम्बन्धेप्सुः = संयोगेच्छुः चेद् = यदि स मृतीशः = अष्टमेशः क्रूरः = पापग्रहः, तदा मृतिः = मरणं स्यात् । लग्नेशे = लग्नपतौ, अस्तमिते = अस्तंगते, अम्बुस्थे = चतुर्थस्थानस्थे, कुजदृष्टे = भौमदृष्टे तदा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृतिः स्यात् ॥ १६२–१६३ ॥

चन्द्रः, अम्बुगपापेन = चतुर्थस्थानगतपापग्रहेण, मृत्युनाथेन = अष्टमेशेन च योगकृत् = संयोगकृत्, तदा गुप्त्यां = कारागारे मृतिः स्यात्। चन्द्रः केन्द्रे स्थितः मन्दयुगीक्षितः = शनियुतवीक्षितः, तदा दीर्घपीडा = चिरकालवेदना वाच्या। वा केन्द्रस्थचन्द्रे भौमेन युगदृष्टे सति बन्धताडने भवतः। वा लग्नपः = लग्नेशः इत्थार्धे = लग्नतः पूर्वषड्राश्यन्तरे भवेद्यथा मेषलग्ने वृषिकादिषड्राश्यन्तरे भवेत्, व्ययपेन = व्ययेशेन इत्थशालवान्, तथा बद्धः = कारागारवासी जनः पलायते, वा लग्नेशे, व्ययगे अपि वा लग्नगे वा तृतीयनवमस्वामी व्ययगः लग्नपेन यदि इत्थशालयोगेप्सुः = इत्थशालयोगाभिलाषी भवेत् तदा अपि बद्धः पलायते = कारागाराद् बहिर्निर्गच्छति। यदि च चन्द्रः उपचारेण = संचारवशेन इत्थार्धे स्थितः केनापि ग्रहेण मुथशिली तदा बन्धमोक्षः स्यात्।

त्रिधर्मेशः = तृतीयनवमेशः, सद्ग्रहः = शुभग्रहः स्याद् तदाऽपि शीघ्रमोक्षकृद् भवति। पतितेन्दुः नीचशत्रुभगश्चन्द्रः त्रिधर्मस्थग्रहसम्बन्धकृत् = तृतीयनवमस्थानस्थग्रहेण सम्बन्धकर्त्ता स्यात्, तदा शीघ्रमोक्षकृत् स्यात् ॥ १६४–१६८ ॥

यदा पतितेन्दुः केन्द्रस्थत्रिभनेशेन = केन्द्रगततृतीयैकादशपतिना योगेप्सुः = इत्थशालाभिलाषी स्यात्तदा अचिरात् बन्धमोक्षकृत् स्यात्। यावत्कालं बली शुक्रः लग्ने स्यात्तावत् कर्त्ता = बन्धनदाता, बलाधिकः भवति ॥ १६९ ॥

अथ शनौ शुक्रे अस्तगते = रविसान्निध्याल्लुप्तकिरणे सति बन्धमोक्षादिसम्भवः भवति। येन एव योगेन लोकः म्रियते, तेनैव योगेन मुच्यते = बन्धनाद् त्यज्यते १७०

शुक्रे शनौ वा मेषे तुले सति शीघ्रं बन्धनान्मुक्तिः स्यात्। शुक्रे शनौ वा कर्के नक्रे = मकरे सति सकष्टता = मुक्तौ क्लेशः स्यादित्यर्थः। स्थिरे शुक्रे शनौ वा सति अचिरान्मुक्तिः, द्विदेहस्थे = द्विःस्वभावराशिस्थे शुक्रे शनौ वा सति मध्यमफलतः = न चिरात् न शीघ्रात्, अर्थाच्चिरशीघ्रकालयोर्मध्यमकालेन मोक्षः स्यात् ॥ १७१ ॥

भाषा—जो कोई बन्धनमें है, उसको क्या होने वाला है?, इस प्रश्नमें यदि मृत्युयोग हो, अर्थात् जातकमें जिन २ योगों में जन्मलेनेसे जातक मर जाता है। ऐसे योग हों, तो बन्धनमें रहनेवाला छुटकारा पाता है। अब फिर दूसरा प्रश्न होता है कि वह कब छूटेगा? इस प्रश्न में, और कब उसको अच्छा होने वाला है? इस प्रश्न में भी मृत्युयोग होने से मरण कहना ॥ १६१ ॥

 Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मुक्ति (छूटने) के प्रश्नमें यदि केन्द्रेश केन्द्रमें हों, तो छुटकारा नहीं करते। उस वर्ष की वर्षकुण्डली में यदि लग्नेश, पापस्थान में पापयुत दृष्ट हो, और केन्द्र-स्थित पापग्रह से सम्बन्ध करने वाला हो और वहां अष्टमेश पापग्रह हो, तो मरण कहना। यदि लग्नेश अस्तंगत हो, चतुर्थ स्थान में स्थित हो, मङ्गल से दृष्ट हो, तो मरण होता है ॥ १६२–१६३ ॥

यदि चन्द्रमा चतुर्थस्थानस्थित पापग्रहसे या अष्टमेश से इत्थशाल करता हो तो जेल ही में मरण कहना। यदि चन्द्रमा केन्द्र में हो, शनि से युत दृष्ट हो, तो लम्बे समय तक पीड़ा कहनी चाहिये, यदि केन्द्र स्थित चन्द्रमा मङ्गल से युत दृष्ट हो, तो बन्धन और ताडन–मार लगना भी सम्भव होता है।

यदि लग्नेश लग्न से पीछे छ राशियों में हो, और व्ययेश से इत्थशाल भी करता हो, तो जेल में रहने वाला भाग जाता है। या यदि व्ययेश लग्न में हो, या तृतीयेश और नवमेश व्ययस्थान में हों, लग्नेश से यदि इत्थशाल करने वाला हो, तो भी जेल से भाग जाता है। यदि चन्द्रमा संचारसे दृश्यार्धं (लग्न से पीछे छै राशि के अन्दर) में हो, इत्थशाल भी करता हो, तो बन्धन से छुटकारा होता है। यदि तृतीयेश या नवमेश शुभग्रह हो, तो जल्दी ही छुड़ाने वाला होता है॥ यदि पापग्रह के राशि में स्थित पापग्रहसे युत दृष्ट चन्द्रमा हो, और तृतीय नवम स्थान में स्थित ग्रहों से सम्बन्ध करता हो, तो भी जेल से छुड़ाता है। यदि वैसे चन्द्रमा केन्द्रस्थित तृतीयेश या नवमेश से इत्थशाल करता हो, तो जल्द ही छुड़ाता है। जबतक बली शुक्र लग्नमें हों, तबतक बन्धन योग करने वाला प्रबल रहता है। शनि या शुक्र यदि अस्तंगत हो तो बन्धन से छूटजाने का सम्भव होता है॥ जिन २ योगों से जातक मरता है, उन्हीं योगों से जेली मनुष्य छूटता है ॥ शुक्र या शनि यदि मेष में या तुला में हों, तो जल्दी छूटता है, यदि कर्क में या मकर में हो, तो कष्ट के साथ छूटता है। यदि स्थिर राशि में हो, तो देर में छूटता है। यदि द्विःस्वभाव राशि में हो, तो न जल्दे, न तो जल्दी बीच बीचों के काल में छूटता है॥ १६४–१७१ ॥

अथ नौकाप्रश्नः—

क्षेमायतं वहित्रस्य मज्जनं वपनं जले।
पण्यव्यवहृतौ लाभो वाऽपि प्रश्नचतुष्टयम् ॥ १७२ ॥

वहित्रस्य = नौकायाः क्षेमायतं, वा क्षेमाय = कुशलाय तं ब्रूहि, वा तस्य जले मज्जनं, = जलमध्ये प्रब्रूडनम् , वपनं = स्खलनं वा पण्यव्यवहृतौ = क्रयविक्रयव्यवहारे, लाभः। एतत् प्रश्नचतुष्टयं भवति ॥ १७२ ॥

भाषा—नौकाका कुशल, या जलमें उसका डूबना, तथा नौकाका वपन (टूटना-फटना) तथा खरीद विक्रीमें लाभ, ये ही नौका सम्बन्धी चार प्रश्न होते हैं ॥ १७२ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

नौर्लाभदा स्यान्मम नेति पृष्टे केन्द्रे शुभाश्चेदितरेषु पापाः ।
बलोज्झिताः क्षेमधनार्थदा नौर्भावीति वाच्यं विदुषा विमृश्य ॥ १७३ ॥
लग्नाधिपे वक्रिणि चांशनाथे व्यावृत्य नौरेति च मार्गतः सा ।
चेत्सौम्यदृष्टः कुशलेन पापैर्दृष्टस्तदा वस्तु विनैति वाच्यम् ॥ १७४ ॥
विलग्नरन्ध्राधिपती स्वगेहे प्रवेक्ष्यतश्चेद्व्यवहारलाभः ।
यदाऽष्टमे सौम्यखगा बलाढ्यास्तदा तरी लाभसुखप्रदा स्यात् ॥ १७५ ॥

नौः = नौका, मम लाभाय=व्यापारे प्राप्तिदात्री स्यान्न वा ? इति पृष्टे सति शुभाः=शुभग्रहाः केन्द्रेषु स्थिताः, पापाः=शनिरविकुजाः, इतरेषु=त्रिषडायेषु स्थितास्तथा बलोज्झिताः = बलहीनाः स्युस्तदा नौः=नौका, क्षेमधनार्थदा = कुशल-मनोविनोद-धनलाभदा, भावी=भविष्यति, इति विमृश्य=विचार्य, वाच्यम्=वक्तव्यम् ॥ १७३ ॥

लग्नाधिपे=लग्नेशे, च=पुनः अंशनाथे=लग्ननवांशनाथे वक्रिणि सति तदा सा नौः=नौका, मार्गतः = वाटतः, व्यावृत्य=परावर्त्य, एति = आयाति । चेत् वक्री लग्नेशः, वा वक्री लग्नवांशेशः सौम्यदृष्टः तदा कुशलेन नौकाऽऽगमनम् । चेत्तादृशो लग्नेशो वा लग्ननवांशेशः पापैः दृष्टः, तदा वस्तु=वाणिज्यपदार्थं विनैव नौका एति, इति वाच्यम् ॥ १७४ ॥

यदि विलग्नरन्ध्राधिपती = लग्नेशाष्टमेशौ स्वगेहे=स्वराशौ प्रवेक्ष्यतः=प्रवेष्टुमभिलषन्तौ भवतः, तदा व्यवहारतो लाभः स्यात् । यदा वा बलाढ्याः सौम्यखगाः = शुभग्रहाः अष्टमे स्थाने स्युः, तदा तरी = नौका लाभसुखप्रदा=सकुशलप्राप्तिदायिनी स्यात् ॥ १७५ ॥

भाषा—नाव मुझे नफा करावेगी या नहीं ? इस प्रश्न में शुभग्रह यदि केन्द्र में हो, और पापग्रह उससे भिन्न (३।६।११) में हों, और बलहीन हो, तो नाव सकुशल धनलाभ को करती है, यह विचार कर कहना ॥ १७३ ॥

लग्नेश या उसका नवांशेश वक्री हो, शुभ ग्रह से दृष्ट हो तो सकुशल नाव का आना कहना । यदि वक्री लग्नेश या नवांशेश पापग्रह से दृष्ट हो तो नाव खाली ही आती है ॥ १७४ ॥

यदि लग्नेश, और अष्टमेश अपने राशि में जाने वाले हों, तो व्यापार से लाभ होता है । यदि बलयुक्त शुभग्रह अष्टम स्थान में हों, तो नाव लाभ सुख को देती है ॥ १७५ ॥

कुशलाऽऽयाति पृच्छायां मृत्युयोगे समागते ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तदा नौरेति शीघ्रेण लाभाद्यं चान्ययोगतः ॥ १७६ ॥
लग्नेशं चन्द्रनाथं वा चन्द्रं वा मृत्युपो यदि ।
पश्येत्क्रूरदृशा नावा समं नश्यति नौपतिः ॥ १७७ ॥
लग्नेशोऽष्टपतिः स्वस्वगेहं नालोकते यदि ।
तदा यानेऽस्य वक्तव्यं निश्चितं मज्जनं बुधैः ॥ १७८ ॥
तावुभौ सप्तमस्थौ चेज्जले वापनिकां वदेत् ॥ १७८½ ॥

नौका कुशला = सकुशला, आयाति न वा ?, इति पृच्छायां = प्रश्ने मृत्युयोगे अनागते वर्तिते, इति तदा नौः=तरिः, शीघ्रेण एति = आयाति, परन्तु लाभाद्यं तु अन्ययोगतः विचार्यम् ॥ १७६ ॥

यदि मृत्युपः=अष्टमेशः, लग्नेशं, वा चन्द्रनाथं = चन्द्राश्रयराशिपतिं, वा चन्द्रं क्रूरदृशा=शत्रुदृष्ट्या पश्येत्, तदा नावा=नौकया समं = सह एव, नौपतिः=नौकानाथः, नश्यति = जले मज्जतीति भावः । "इदानीं नौकया सार्धं कथं सोऽभूदलक्षितः" इतिवत् ॥ १७७ ॥

यदि लग्नेशः वा अष्टपतिः =अष्टमेशः, स्वस्वगेहम्=लग्नं, अष्टमं च क्रमेण न आलोकते=न पश्यति, तदा अस्य याने=प्रस्थाने बुधैः निश्चितं मज्जनं वक्तव्यं= वाच्यम् ॥ १७८ ॥

तौ उभौ = लग्नेशाष्टमेशौ सप्तमस्थौ, तदा जलेवापनिकां = वस्तुमात्रनिमज्जनं वदेत् ॥ १७८½ ॥

भाषा—मेरी नाव सकुशल आती है, या नहीं ? इस प्रश्न में यदि मृत्युयोग हो, तो नाव शीघ्र आती है, लेकिन लाभ का विचार दूसरे योग से करना ॥ १७६ ॥

यदि अष्टमेश लग्नेश को या चन्द्रराशीश को, वा चन्द्रमा को शत्रु दृष्टि से देखे, तो नौका के साथ नौका का मालिक जल में डूब जाता है ॥ १७७ ॥

यदि लग्नेश लग्न को, अष्टमेश अष्टम स्थान को नहीं देखे, तो जरूर जल में नाव का डूबना होता है ॥ १७८ ॥

यदि वे लग्नेश और अष्टमेश सप्तममें हों तो जल में नौका डूब जाय, प्राणमात्र बच जाय ॥ १७८-½ ॥

तथाचोक्तं यवनाचार्यैः—

द्यूने वापनिकां कृत्वा यानमायाति मन्दिरम् ॥ १७९ ॥

लग्नेशाष्टमेशौ द्यूने = सप्तमे स्थितौ तदा वापनिकां कृत्वा यानं सत्वरं मन्दि-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रम् आयाति ॥ १७९ ॥

भाषा—लग्नेश और अष्टमेश यदि सप्तम में हों, तो वस्तु मात्र डूब जाता है और नाव लेकर शीघ्र घर आता है ॥ १७९ ॥

लग्नचन्द्रपती क्रूरदृष्ट्याऽन्योन्यं यदेक्षितौ।
तदा पोतजनानां च मिथः कलहमादिशेत् ॥ १८० ॥

लग्नेशः, चन्द्रपतिः = चन्द्राश्रयराशीशः, एतौ यदि क्रूरदृष्ट्या = शत्रुदृष्ट्या, अन्योन्यं = परस्परं, लग्नेशश्चन्द्रराशीशं, चन्द्रेशो लग्नेशं एवम् ईक्षितौ=दृष्टौ, तदा पोतजनानां=नाविकानां, मिथः=परस्परं, कलहं=झकटकम् आदिशेत्=कथयेत् ॥१८०॥

भाषा—यदि लग्नेश चन्द्रराशीश को, चन्द्रराशीश लग्नेश को शत्रु दृष्टि से देखें तो नौका वाले लोगों में एक को दूसरे से झगड़ा कहना ॥ १८० ॥

अथ किंवदन्ती (जनश्रुतिः) किं सत्या भवति ? न वा ? इति प्रश्ने—

लग्नन्तु लग्नेश्वरशीतगूद्यैः शुभान्वितैः केन्द्रगतैस्तु सत्या।
शुभदृग्योगतः सौम्यां वार्तां सत्यां विनिर्दिशेत् ॥ १८१ ॥
पापदृग्योगतो दुष्टा वार्ता सत्येति कीर्त्यते।
लग्नेश्वरे भाविवक्रे मिथ्या वार्ता भविष्यति ॥ १८२ ॥

लग्नं शुभान्वितदृष्टम्, तथा लग्नेश्वरशीतगूद्यैः=लग्नेशचन्द्रलग्नैः शुभान्वितैः= शुभग्रहयुक्तैः, केन्द्रगतैः सद्भिः, वार्ता = परदेशिनः कुशलाकुशलवार्त्ता सत्या वाच्या। तथा शुभदृग्योगतः वार्त्ता सौम्याम्=अनुकूलां सत्यां च विनिर्दिशेत्=कथयेत्। पापदृग्योगतः वार्त्ता दुष्टा = प्रतिकूला, असत्या च इति कीर्त्यते=कथ्यते। लग्नेश्वरे भाविवक्रे=प्रश्नकाले वक्रसम्भवे सति वार्त्ता मिथ्या=असत्या भविष्यति ॥१८१-१८२॥

भाषा—लग्न यदि शुभ-युत-दृष्ट हो, और लग्नेश, चन्द्रमा, लग्न, ये सब शुभ ग्रहों से युत दृष्ट हों, केन्द्रगत हों, तो समाचार सत्य निकला है, यह कहना। ग्रह की दृष्टि और संयोग से वार्ता सत्य और अनुकूल होती है। पापग्रह के योग दृष्टि से अशुभ और झूठी भी होती है। यदि लग्नेश वक्री होनहार हो, तो वार्ता झूठी होती है ॥ १८१-१८२ ॥

अथ क्रयविक्रयिणोर्विचारः—

क्रेता लग्नपतिर्ज्ञेयो विक्रेताऽस्तपतिः स्मृतः।
गृह्णाम्यहमिदं वस्तु प्रश्न एवंविधे सति ॥ १८३ ॥
बलशालि विलग्नं चेद् गृह्यते तत्क्रयाणकम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्मात्क्रयाणकाल्लाभः प्रष्टुर्भवति निश्चितम् ॥ १८४ ॥
विक्रीणाम्यमुकं वस्तु प्रश्न एवंविधे सति ।
आयस्थाने बलवति विक्रेतव्यं क्रयाणकम् ॥ १८५ ॥

मम क्रयविक्रये क्रियमाणे लाभो भविष्यति न वा ? इति प्रश्ने लग्नपतिः = तात्कालिकलग्नेशः क्रेता = क्रयकारकः, अम्बुपतिः = द्वितीयेशः, लाभेशो वा, विक्रेता = विक्रयकारकः, स्मृतः = कथितः । अहम्, इदं वस्तु गृह्णामि ?, एवंविधे प्रश्ने सति विलग्नं बलशालि = बलयुक्तं, चेत् स्यात् तदा क्रयाणकं गृह्यते । तस्मात् – क्रयाणकात् प्रष्टुः = प्रच्छकस्य निश्चितं लाभः भवति ॥ १८३–१८४ ॥

अहम्, अमुकं वस्तु विक्रीणामि ? एवंविधे प्रश्ने सति, यदि आयस्थाने = एकादशस्थाने बलवति ग्रहे सति क्रयाणकं = क्रय्यं वस्तु विक्रेतव्यम्, मूल्यमादाय ग्राहकाय वस्तु दातव्यमिति ॥ १८५ ॥

भाषा—मुझे क्रय विक्रय में लाभ होगा या नहीं ? इस प्रश्न में लग्नेश खरीदने वाला, अम्बुपति धनेश या लाभेश, बेचने वाला होता है । उस पर से फल विचारना । मैं इस चीज को लूँगा ? इस प्रश्न में लग्न यदि बलयुक्त हो, तो चीज खरीदना चाहिये । उस से प्रश्न कर्ता को जरूर लाभ होता है ॥ १८३–१८४ ॥

मैं अमुक चीज को बेचूँगा ? इस प्रश्न में एकादश स्थान में यदि बली ग्रह हो तो बेचने वाले को लाभ होगा । अतः बेचना चाहिये ॥ १८५ ॥

अथ सस्यनिष्पत्तिविचारः—

दिशि कस्यां भवेत्सस्यनिष्पत्तिः क च सा नहि ।
पूर्वं देशस्य भङ्गो हि क दिशि कतमे नहि ॥ १८६ ॥
चतुर्णामपि केन्द्राणां मध्ये यत्र शुभग्रहः ।
तस्यां च सस्यनिष्पत्तिः स्वस्थं चैव भविष्यति ॥ १८७ ॥
यस्यां दिशि शनिः पापैर्युतो वाऽप्यवलोकितः ।
दिशि तस्यां च तत्स्वास्थ्यं दुर्भिक्षं च भविष्यति ॥ १८८ ॥
दिशि यस्यां रविस्तत्र धान्यनाशो नृपाद्भवेत् ।
यत्रापि मङ्गलस्तत्र धान्यनाशोऽग्निभीस्तथा ॥ १८९ ॥
यस्यां दिशि शुभाः खेटाः समस्तबलशालिनः ।
निष्पन्ना सैव विज्ञेया सस्यस्वास्थ्यं च तत्र हि ॥ १९० ॥
केन्द्रेषु सर्वतः पापाः समस्तबलसंयुताः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

देशस्तदा विनष्टोऽसौ ज्ञातव्यः शास्त्रकोविदैः ॥ १९१ ॥

कस्यां दिशि सस्यनिष्पत्तिः = उत्पत्तिः भवेत्, तथा कस्यां दिशि वा सस्यनिष्पत्तिः नहि भवेत् ? इति प्रश्ने तथा पूर्वं=प्रथमं क दिशि कस्य देशस्य भङ्गः= नाशः, कतमे देशे भंगः नहि ?, इति प्रश्ने च चतुर्णां केन्द्राणां मध्ये यत्र स्थाने शुभग्रहः भवेत्, तस्यां दिशि सस्यनिष्पत्तिः भवति, वा स्वस्थं=सकुशलं च भवति। यस्यां दिशि शनिः पापैः = पापग्रहैः युतः, वा अवलोकितः = दृष्टः, तस्यां दिशि तत् स्वास्थ्यं वाच्यं, दुर्भिक्षं च भविष्यति ॥ १८६–१८८ ॥

यस्यां दिशि रविः स्यात्, तत्र नृपात् = भूपात् धान्यनाशः = सस्यक्षयः स्यात्। यत्र = यस्यां दिशि मंगलः स्यात् तत्र धान्यनाशः तथा अग्निभीः = अग्निभयं च स्यात्। यस्यां दिशि समस्तबलशालिनः = पूर्णबलिनः शुभाः=शुभग्रहाः स्युः, तत्र=तस्यां दिशि सस्यनिष्पत्तिः निष्पन्ना=सम्पन्ना वाच्या। शस्यस्वास्थ्यं च जायते ॥ १८९-१९० ॥

केन्द्रेषु सर्वतः=स्थानचतुष्टयेषु यदि समस्तबलशालिनः = पूर्णबलयुक्ताः पापाः स्युः, तदा असौ देशः शास्त्रकोविदैः=पण्डितैः विनष्टः विज्ञेयः ॥ १९१ ॥

भाषा—किस दिशा में फसल अच्छी होगी, किधर नहीं ? इस प्रश्न में और पहले कहां किस देश का भङ्ग (नाश) होगा ? कहां नहीं होगा ?, इस प्रश्न में चारों केन्द्र स्थानों में जहां शुभग्रह हो, उसकी दिशा में फसल कहना। और कुशल भी वहां कहना। जिस दिशा में शनि पापग्रहों से युत हो, या दृष्ट हो तो उस दिशा में कुशल कहना और दुर्भिक्ष भी कहना ॥ १८६–१८८ ॥

जिस दिशा में सूर्य हो, उस दिशा में राजा से धान्य का नाश होता है। मङ्गल जिस दिशा में हो, उस दिशा में धान्यनाश और अग्निभय हो। जिस दिशा में पूर्ण बली शुभ ग्रह हों, उस दिशा में फसल की सम्पन्नता कहना, और फसल की स्वस्थता कहनी चाहिये। केन्द्रों के चारो स्थान में यदि पूर्णबली पापग्रह हों तो उस दिशा का देश नष्ट होता है ॥ १८९–१९१ ॥

इति विशेषप्रश्नविचारः समाप्तः।

अथ प्रकीर्णकाध्यायः।

भुवनप्रदीपे—

लग्नपो मृत्युपश्चापि मृत्यौ स्यातामुभौ यदि।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्थितौ द्रेष्काण एकस्मिन्प्रष्टुर्लाभस्तदा ध्रुवम् ॥ १ ॥
एवं द्वादशभावेषु द्रेष्काणैरेव केवलम् ।
बुधो विनिश्चयं ब्रूयाद्योगेष्वन्येषु निःस्पृहः ॥ २ ॥
प्रश्नकाले सौम्यवर्गो लग्ने यद्यधिको भवेत् ।
ग्रहभावानपेक्षेण तदाऽऽख्येयं शुभं फलम् ॥ ३ ॥
लग्नाधिपश्च लाभस्याधीशश्च दायको भवेत् ।
लग्नाधिपस्य योगो लाभाधीशेन लाभकरः ॥ ४ ॥
भवति परलाभकरस्तदैव स यदि चन्द्रदृग्लाभे ।
योगाः सर्वेऽप्यफलाश्चन्द्रमृते व्यक्तमेतच्च ॥ ५ ॥
कर्माधीशेन नवमं कर्माधीशेन च निवृत्त्यधीशेन ।
मृत्युपतिना च योगे लाभाधीशस्य वक्तव्यम् ॥ ६ ॥
तत्तत्स्थानेशगतः पुण्यविवृद्धिश्च कर्मवृद्धिश्च ।
विबुधैस्तदा निवृत्तिर्मृत्युर्भावा परेऽप्येवम् ॥ ७ ॥
लग्नेशो यदि षष्ठः स्वयमेत्य रिपुर्भवत्यात्मा ।
मृत्युकृदष्टमगोऽसौ व्ययगोऽसौ सततं व्ययं कुरुते ॥ ८ ॥
लग्नस्थं चन्द्रजं चन्द्रः क्रूरो वा यदि पश्यति ।
धनलाभो भवत्याशु किंत्वनर्थोऽपि पृच्छतः ॥ ९ ॥

लग्नपः = लग्नेशः, च=पुनः मृत्युपः = अष्टमेशः अपि यदि मृत्यौ=अष्टमभावे स्यातां, वा एकस्मिन् द्रेष्काणे स्थितौ, तदा प्रष्टुः ध्रुवं लाभः स्यात् ॥ १ ॥

एवम्=अमुना प्रकारेण द्वादशभावेषु, द्रेष्काणैः, एव केवलं विनिश्चयं = फलस्य निर्णयं ब्रूयात् । अन्येषु योगेषु निःस्पृहः=निरीहः, उपेक्षादृष्टिवान् स्यात् ॥ २ ॥

प्रश्नकाले यदि लग्ने सौम्यवर्गः अधिकः भवेत्, तदा ग्रहभावानपेक्षेण शुभं फलम् आख्येयम् ॥ ३ ॥

लग्नाधिपः = लग्नेशः, लाभस्याधिपः=एकादशेशः च दायकः=दाता भवति । लग्नाधिपस्य ग्रहस्य लाभाधीशेन योगः लाभकरः स्मृतः ॥ ४ ॥

परन्तु स लग्नेशो लाभेशश्च तदैव परलाभकरः = परमलाभकरः भवति यदि च चन्द्रदृग्लाभे, सति, अर्थात् लग्नेशो लाभेशो च चन्द्रदृष्टे विशेषलाभकरो योगः इति । चन्द्रं = चन्द्रसम्बन्धम् ऋते = विना, एते सर्वे योगा अपि अफलाः=व्यर्थाः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवन्ति। एतद्वक्तमस्ति। कर्माधीशेन नवमं युतदृष्टं तदा शुभप्रदो योगः। वा कर्माधीशेन, निवृत्त्यधीशेन = व्ययेशेन, मृत्युपतिना च लाभाधीशस्य योगे सति फलं वक्तव्यम्॥ ५-६॥

तत्तत्स्थानेक्षणतः पुण्यविवृद्धिः, कर्मवृद्धिः च = पुनः, निवृत्तिः, मृत्युश्च विबुधैः वक्तव्यः। एवं परे अपि भावाः विचार्याः॥ ७॥

लग्नेशः = लग्नपतिः, यदि षष्ठे स्थितः तदा स्वयम् आत्मा एव रिपुः = शत्रुः भवति। असौ लग्नेशः अष्टमगः, तदा मृत्युकृत्, भवति। असौ लग्नेशः व्ययगः तदा सततं व्ययं कुरुते॥ ८॥

यदि चन्द्रः वा क्रूरः = पापग्रहः लग्नस्थं चन्द्रजं=बुधं पश्यति, तदा आशु = शीघ्रं धनलाभः भवति। किन्तु पृच्छतः अनर्थः अपि भवति॥ ९॥

भाषा—यदि लग्नेश और अष्टमेश ये दोनों अष्टमस्थान में हों, और एक ही द्रेष्काण में हों, तो प्रश्नकर्त्ता को जरूर लाभ होता है॥ १॥

इसी प्रकार बारहों भाव में द्रेष्काणों से ही पण्डित फल का निश्चय करे। और योगों के प्रति निरपेक्ष हो केवल द्रेष्काण ही से फल कहना॥ २॥

प्रश्न काल में यदि लग्न में शुभग्रह के वर्ग अधिक हो, तो ग्रह के भाव के विचार के बिना ही शुभ फल कहना॥ ३॥

लग्नेश और एकादशेश ये दोनों ग्रह देने वाले होते हैं। और लाभाधीश से लग्नेश का संयोग भी लाभकारक होता है॥ ४॥

यदि लग्नेश पर या लाभेश पर चन्द्रमा की दृष्टि हो, तो विशेष लाभ होता है। चन्द्रमा के योग बिना ये सब योग निरर्थक होते हैं, यह स्पष्ट है॥ ५॥

दशमेश से नवम स्थान यदि युत, दृष्ट हो, अथवा लाभेश को दशमेश से व्ययेश से अष्टमेश से योग होने से विशेष लाभ योग होते हैं॥ ६॥

उन २ स्थानों के ऊपर शुभग्रह की दृष्टि से पुण्यवृद्धि, कर्मवृद्धि, कार्यनिवृत्ति पण्डितों को कहना चाहिये। इस प्रकार और भाव भी विचारें॥ ७॥

यदि लग्नेश छठे स्थान में हों, तो अपनी ही आत्मा शत्रु होती है। यदि लग्नेश अष्टम स्थान में हों, तो मरण करता है। यदि बारहवें भाव में हो, तो हर समय खर्चा कराता है॥ ८॥

यदि चन्द्रमा या पापग्रह लग्नस्थ बुध को देखे, तो शीघ्र धनलाभ होता है। लेकिन साथ ही पूछने वाले को पापग्रह के कारण अनर्थ भी होते हैं॥ ९॥

अथ सामान्यतो भावविचारः—

इन्दुः सर्वत्र बीजाभो लग्नं च कुसुमप्रभम्।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

फलेन सदृशोंऽशश्च भावः स्वादुसमप्रभः ॥ १० ॥

इन्दुः = चन्द्रः, सर्वत्र बीजाभः=बीजसदृशः, लग्नं च कुसुमप्रभम् – पुष्पसमम् । अंशः = लग्ननवांशः फलेन सदृशः । भावः, स्वादुसमप्रभः विज्ञेयः ॥ १० ॥

भाषा—सब जगह चन्द्रमा बीज समान, लग्न फूल के बराबर, नवांश फल के समान, भाव स्वादु के बराबर है ॥ १० ॥

लग्नपतिर्यदि लग्नं कार्याधीशश्च वीक्षते कार्यम् ।
लग्नाधीशः कार्यं कार्येशः पश्यति विलग्नम् ॥ ११ ॥
लग्नेशः कार्येशं विलोकयेल्लग्नपं च कार्येशः ।
शीतगुदृष्टौ सत्यां परिपूर्णा कार्यसंसिद्धिः ॥ १२ ॥
कथयन्ति पादयोगं पश्यति सौम्यो न यल्लग्नम् ।
लग्नाधिपं च पश्यति शुभग्रहश्चार्धयोगोऽत्र ॥ १३ ॥
एकः शुभो ग्रहो यदि पश्यति लग्नाधिपौ विलोकयति ।
पादोनयोगमाहुस्तदा बुधाः कार्यसंसिद्धिः ॥ १४ ॥

लग्नपतिः=लग्नेशः, यदि लग्नं पश्यति कार्याधीशः=दशमेशः कार्यं = दशमं वीक्षते वा लग्नाधीशः कार्यं=दशमं, कार्येशः विलग्नं पश्यति, वा लग्नेशः कार्येशं कार्येशः लग्नपं च विलोकयेत्=पश्येत्, सर्वत्र शीतगुदृष्टौ=चन्द्रदृष्टौ सत्यां कार्यसंसिद्धिः परिपूर्णा भवति ॥ ११-१२ ॥

सौम्यः = शुभग्रहः यल्लग्नं न पश्यति तं पादयोगं=चतुर्थांशयोगं कथयन्ति । यदि शुभग्रहः लग्नाधिपं पश्यति तदाऽर्धयोगः भवति । एकः शुभग्रहः यदि लग्नाधिपौ = लग्नलग्नेशौ विलोकयति तदा तं बुधाः पादोनयोगम् आहुः । तदा कार्यसंसिद्धिः स्यात् ॥ १३-१४ ॥

भाषा—यदि लग्नेश लग्न को, कार्याधीश कार्य को, वा लग्नेश कार्य को, कार्येश लग्न को देखता हो, वा लग्नेश कार्येश को, कार्येश लग्नेश को देखे, इन सब योगों में चन्द्रमा की दृष्टि हो, तो कार्यसिद्धि पूरी होती है ॥ ११-१२ ॥

यदि शुभग्रह लग्न को न देखे, तो एक चरण $\frac{1}{4}$ योग होता है। यदि शुभग्रह लग्नेश को देखे, तो आधा योग $\frac{1}{2}$ होता है। यदि शुभग्रह लग्न को देखे, तो तीन चरण $\frac{3}{4}$ योग होता है। तब कार्यसिद्धि होती है ॥ १३-१४ ॥

अथ लाभादौ कालावधिनिर्णय उक्तो भट्टोत्पलेन—

उदयोपगतं राशिं तत्र फलोकृत्य लिप्ताः गुणयेत् ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

छायाङ्गुलैश्च कुर्यात् हृत्वा मुनिभिस्ततः शेषम् ॥ १५ ॥
ग्रहगुणकारो ज्ञेयो दैवविदा पञ्च विंशतिः सैका ।
मनवोऽङ्काऽष्टौ त्रितयं भवाश्च ५।२१।१४।६।८।३।११ सूर्यादितो ज्ञेयाः॥१६॥
गुणयित्वैवं प्राग्वत् हृत्वा सौम्यस्य यदि भवेदुदयः ।
कार्यप्राप्तिः प्रष्टुर्वक्तव्या नेतरैर्ग्रहैर्भवति ॥ १७ ॥
गुणकारैक्यविभक्तः कार्यः सूर्यादिगुणकसंशुद्धः ।
यस्य न शुद्ध्यति वर्गो विज्ञेयस्तद्दशात्कालः ॥ १८ ॥
आरदिवाकरशेषे दिवसाः पक्षाश्च भृगुशशिनोः ।
गुर्ववशेषे मासा ऋतवः सौम्ये शनैश्चरेऽब्दाः स्युः ॥ १९ ॥

उदयोपगतं राशिं=राश्यादिलग्नमानम् यत्तत्कलीकृत्य, राशिस्थानीयाङ्कं त्रिंशद्भिः संगुण्य तदग्रिमावयवेन अंशेन योजनीयम्, तदङ्कमानं षष्ट्या संगुण्य कलाभिर्योज्यम्, तदा कलात्मकं जातम् । एवं लिप्तिकाः=कलाः छायाङ्गुलैः गुणयेत् ताः मुनिभिः = सप्तभिः, हृत्वा ततः शेषं कुर्यात् । तच्च शेषं ग्रहगुणकारः = ग्रहाणां रव्यादीनां गुणकारः दैवविदा = ज्योतिर्विदा ज्ञेयः । तत्र सूर्यादितः ग्रहात् क्रमेण पञ्च, सैका विंशतिः, मनवः, अङ्काः, अष्टौ, त्रितयं, भवाः एते गुणकारा ज्ञेयाः ।

यथा चक्रं बालबोधार्थं लिख्यते—

ग्रहाः	सूर्य	चन्द्र	कुज	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
गुणकाः	५	२१	१४	९	८	३	११

(अत्र अङ्काष्टौ इत्यत्र अङ्काः इत्यग्रे अष्टौ, मिलित्वा अङ्का अष्टौ,. भवन्ति । नतु 'अङ्काष्टौ' इति ज्ञेयम्) एवं गुणयित्वा प्राग्वत्=पूर्ववत् हृत्वा यदि सौम्यस्य=शुभस्य उदयः भवेत् तदा प्रष्टुः कार्यप्राप्तिः वक्तव्या । इतरैर्ग्रहैः=पापग्रहैः शुभं न भवति । गुणकारैक्यविभक्तः सूर्यादिगुणकसंशुद्धः यस्य गुणकारः न शुद्ध्यति, तस्य वर्गः विज्ञेयः । तद्दशात् कालः विज्ञेयः ॥ १५-१८ ॥

आरदिवाकरशेषे=कुजरविशेषे भृगुशशिनोः=शुक्रचन्द्रयोश्च शेषे पक्षाः=पञ्चदश दिवसाः । गुर्ववशेषे मासाः त्रिंशद्दिनात्मकाः । सौम्ये=बुधे, ऋतवः=षट्, शनैश्चरे=शनौ, अब्दाः = वर्षाणि स्युः ॥ १९ ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा—प्रश्नकालमें इष्टवश राश्यादिक लग्न जो हो, उसको कलात्मक बनावे, अथवा राशिस्थानीय अङ्कको तीससे गुणा करके अंशस्थानीय अङ्क जोड़ देवे, फिर उस अङ्कको साठसे गुणा करके कलास्थानीय अङ्क जोड़े यही कलात्मक प्रश्नलग्न हुआ। अब जिस समयमें प्रश्न हुआ है, उस कालमें द्वादशाङ्गुल शङ्कुको समतल भूमिमें लम्बरूप रखकर जो अङ्गुलात्मक छाया होगी, उस छायाङ्गुल संख्या से कलात्मकलग्न मानको गुणा करे, गुणनफलको सातसे भाग देनेपर जो शेष बचेगा, वह ग्रहका गुणकार होगा। अर्थात् भिन्न भिन्न ग्रहोंके भिन्न भिन्न गुणकार हैं, जैसे सातसे भाग देने पर यदि १ एक शेष हुआ, तो रविका गुणकार ५ हुआ। यदि २ दो शेष बचा तो चन्द्रमा हुआ, उसका गुणकार २१ है। ऐसे ३ तीन रहनेसे मङ्गल, इसका गुणकार १४ है। (यहां चक्र देखिये। ऊपरकी संस्कृत टीका में है।) ऐसे ही और ग्रहोंके समझने चाहिये॥ १५–१६॥

